# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–01–11–2025

# खुद में लाएं बदलाव, तभी सड़कों पर होगी सुरक्षा

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः पहले खुद में बदलाव लाएं, तभी सड़कों पर सुरक्षा की शुरुआत होगी। एसएसपी राजकरन नय्यर ने शुक्रवार शाम यह संदेश शास्त्री चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा तक निकले कैंडल मार्च में दिया।



यातायात जागरूकता के लिए कैंडल मार्च को हरी झंडी दिखाते एसएसपी राजकरन नय्यर • सौ. इंटरनेट मीडिया

एक नवंबर से शुरू होने वाले यातायात माह की पूर्व संध्या पर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से आयोजित कैंडल मार्च की शुरुआत एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने कहा सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सबसे पहले स्वयं को अनुशासित करना होगा। जब नागरिक खुद नियमों का पालन करेंगे, तभी समाज सुरक्षित बन सकेगा। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार काम हो रहा है, लेकिन असली सफलता तभी मिलेगी जब जनता खुद जिम्मेदारी समझेगी। कैंडल मार्च में मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब व गोजए के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं। सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। शांति और सुरक्षा के बीच कैंडल मार्च अपने गंतव्य तक पहुंचा, जहां प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। उन्होंने संकल्प लिया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, नशे में ड्राइव नहीं करेंगे और यातायात नियमों का पालन करेंगे। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष अरविंद राय, गोजए के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष रीतेश मिश्र, मानव सेवा संस्था के राजेश मणि, कर्मचारी नेता रुपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश लाल, आटो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें। भूपेंद्र द्विवेदी, पंकज श्रीवास्तव, धीरेंद्र गुप्ता, दिलीप पटवा, लालचंद जाटव, इमरान अहमद, राज श्रीवास्तव, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीजी ने जेल में बंदियों से किया संवाद

जासं, गोरखपुरः कारागार में सुरक्षा जितनी जरूरी है, संवेदनशीलता उससे कहीं ज्यादा अहम है। बंदियों को केवल कैदी मत समझिए। जेल के हर अधिकारी को यह समझना होगा कि बंदी को सजा नहीं, सुधार की राह दिखाना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। बंदी का मनोबल तोड़ना नहीं, उसे सही दिशा देना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यह बातें महानिदेशक कारागार पीसी मीणा ने शुक्रवार को जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कही।


जेल परिसर का निरीक्षण करते डीजी जेल पीसी मीणा व अन्य • सौ. जेल प्रशासन

दोपहर 12 बजे महानिदेशक कारागार व डीआइजी एसके मैत्रेय जिला कारागार पहुंचे। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के फांसी घर से की। कोठरी में प्रवेश कर बिस्मिल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।इसके बाद डीजी ने महिला बैरक का जायजा लिया। वहां बंदियों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें शाल, हाईजीन किट और फल दिए। महिला बैरक में रह रहे बच्चों को कपड़े और खिलौने भेंट किए। उन्होंने जेल की पाकशाला, अस्पताल, उच्च सुरक्षा बैरक और सामान्य बैरकों का निरीक्षण कर कहा कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता को देखा।बंदियों की दया याचिका व समयपूर्व रिहाई प्रकरणों पर बात करते हुए कहा किसी भी बंदी की फाइल लंबित नहीं रहनी चाहिए। हर योग्य बंदी को न्याय मिले यही असली सुधार की प्रक्रिया है।

निरीक्षण के दौरान डीजी पीसी मीणा ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जेल परिसर में पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।इस दौरान जेल अधीक्षक दिलीप पांडेय, जेलर अरुण कुशवाहा, डिप्टी जेलर विजय कुमार, आदित्य कुमार जायसवाल, अमिता और कृष्णा कुमारी मौजूद रहे।

# बांसगांव से किशोर का अपहरण, मैरवा छोड़कर भागे अपहर्ता

संवाद सूत्र, गजपुर बाजार : कौड़ीराम-गोला मार्ग स्थित धस्की गांव के पास से शुक्रवार की सुबह दो बाइक पर आए चार बदमाशों ने 15 वर्षीय आयुष यादव का अपहरण कर लिया। दादा-दादी के लिए गांव के घर से चाय लेकर आते समय रास्ता पूछने के बहाने अपहर्ताओं ने आयुष को तौलिया सुंघा दिया था। उसे होश आया तो वह बिहार के सीवान के मैरवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में था। शोर मचाने पर अपहर्ता उसे छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे स्वजन आयुष को लेकर घर पहुंचे। बांसगांव थाना पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। उधर, घर पहुंचा किशोर अभी सदमे में है। पुलिस की पूछताछ में अभी उसने कुछ नहीं बताया। धस्की के डढ़िया टोला निवासी आयुष का गांव के अलावा कौड़ीराम-गोला मार्ग पर भी मकान है। वहां पर उसके दादा-दादी रहते हैं, घर के अन्य सदस्यों का वहां आना-जाना रहता है। आयुष के अनुसार सुबह छह बजे वह दादा-दादी के लिए चाय लेकर आ रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उसे रोका और गोला जाने के लिए राह पूछी। इसी बीच उनमें से एक ने उसके चेहरे पर तौलिया फेंक दिया। इसके बाद उसे सुबह करीब 10 बजे होश आया तो वह सीवान स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में था। रोने-चिल्लाने पर ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने उससे कारण पूछा, तो अपहर्ता वहां से भाग निकले। यात्रियों ने स्वजन से बात कराकर आयुष को मैरवा स्टेशन पर भूजा बेचने वाले दुकानदार के पास बैठा दिया। गांव से पूर्व प्रधान राघवेन्द्र यादव, चाचा प्रेमनाथ यादव, रूचन, गोरख मैरवा स्टेशन पहुंचे और किशोर को लेकर घर पहुंचे। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी। स्वजन शाम को जब किशोर को लेकर घर पहुंचे तो स्थानीय चौकी पुलिस पर सूचना दी। पुलिस की टीम घर जाकर किशोर से पूछताछ करने की कोशिश की। लेकिन, किशोर ने अभी कुछ नहीं बताया है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरे का फुटेज पुलिस देख रही है।



मैरवा रेलवे स्टेशन पर स्वजन के साथ (लाल घेरे में) अपहृत किशोर आयुष यादव •

### शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया, मुकदमा दर्ज

उनवल : किशोरी को शादी का झांसा देकर युवक भगा ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने चिलुआताल के नीरज पर अपहरण का केस दर्ज किया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर की शाम पांच बजे उनकी बेटी घर से कुछ सामान लेने के लिए दुकान पर गई थी। इस दौरान आरोपित युवक वहां पहुंचा और शादी का झांसा देते हुए भगा ले गया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी और आरोपित की तलाश की जा रही है।

# ट्रेड आस्था इंफ्रा में निवेश के नाम पर ठगी, सीएमडी समेत छह पर केस

## शेयर बाजार, गोल्ड और रियल एस्टेट में निवेश का सपना दिखा **करोड़ों रुपये हड़पे** भरोसा जीतने के लिए निवेशकों को पहले दिया ब्याज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। ट्रेड आस्था इंफ्रा प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी संबद्ध कंपनियों ने शेयर बाजार, गोल्ड और रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये वसूल लिए। अब कंपनी के संचालक फरार हैं। निवेशक जब कार्यालय पहुंचे तो वहां ताला बंद मिला। एसएसपी के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने कंपनी के सीएमडी विश्वजीत श्रीवास्तव समेत छह लोगों पर ठगी का मुकदमा दर्ज किया है।

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, कंपनी ने 2023 के अंत में ट्रेड आस्था इंफ्रा प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से शाहपुर के नरगोवा इलाके में अपना कार्यालय खोला था। इसके साथ ही आस्था रिटेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आस्था जेम्स एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से दो और कंपनियां पंजीकृत कराई गईं। निवेशकों को जूम मीटिंग, वाट्सएप ग्रुप व सेमिनार में शेयर मार्केट और गोल्ड बिजनेस में हर महीने 10 प्रतिशत मुनाफे का भरोसा दिया गया। कंपनी के संचालकों ने लखनऊ, कुशीनगर और गोरखपुर में परियोजना चलने की फर्जी जानकारी दी। कई निवेशकों ने बताया कि कंपनी की बैठकों में दावा किया गया कि उनकी परियोजना देवा रोड (लखनऊ) और राप्तीनगर (गोरखपुर) में विकसित हो रही है। इसी विश्वास में उन्होंने अपनी जमा पूंजी लगा दी। पहले तीन महीने तक कंपनी ने निवेशकों को मुनाफा देकर भरोसा मजबूत किया गया। इसके बाद भुगतान बंद कर दिया गया। जब निवेशकों ने अपने चेक जमा किए, तो बैंक से यह कहकर लौटा दिए कि खाते में रुपये नहीं हैं। निवेशकों ने आरोप लगाया कि कंपनी के सीएमडी विश्वजीत श्रीवास्तव विदेश भागने की फिराक में हैं। उनके पासपोर्ट जब्त कर बैंक खातों को सील करने की मांग की गई है। लखनऊ के रामनरेश यादव और बेनाकत के सुनील कुमार यादव समेत 12 लोगों ने एक साथ मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि कई पीड़ित मानसिक व आर्थिक तनाव में हैं। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि कंपनी से जुड़े सभी बैंक खातों व निवेश रिकार्ड की जांच की जा रही है।

इनके विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा : शाहपुर पुलिस ने कंपनी के सीएमडी व करीमनगर रेल विहार फेज एक निवासी विश्वजीत श्रीवास्तव, कंपनी के सीईओ व बिहार के गोपालगंज जिले के महिलानिया, रुपहान निवासी राहुल कुमार, शिवपुर, मोहनपुर निवासी नवीन श्रीवास्तव, डायरेक्टर हरिकेश, कुशीनगर के पट्टी निवासी डायरेक्टर चंदन शर्मा, फाउंडर मेंबर चंद्र श्रीवास्तव के विरुद्ध धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश व रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है।

### नेटवर्क गायब कर जालसाजों ने बैंक खाते से उड़ाए एक लाख

जासं, गोला : जालसाजों ने मोबाइल फोन से नेटवर्क गायब कर बैंक खाते से एक लाख, आठ हजार, एक सौ रुपये उड़ा दिया। खदरा गांव के रहने वाले राकेश कुमार मिश्र की तहरीर पर गोला थाना पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश ने बताया कि उनके पास एचडीएफसी और यूको बैंक में अलग-अलग खाते हैं। 22 सितंबर की सुबह साढ़े नौ बजे के बाद मोबाइल में अचानक नेटवर्क चला गया और ओटीपी आने शुरू हो गए। इस दौरान मैसेज और फोन भी बंद हो गया। अगले दिन 23 सितंबर को एचडीएफसी बैंक के खाते से दो बार में क्रमशः 37 हजार 571 और 37 हजार रुपये का अनधिकृत लोन लेने का मैसेज आया। फिर 24 सितंबर को इसी खाते से 95 हजार 100 रुपये निकाल लिए गए।



उसी दिन यूको बैंक के खाते से भी दो बार में 13 हजार रुपये निकाले गए। ठगी की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

### भूमि वेचने के नाम पर 33 लाख की ठगी, पिता-पुत्र समेत तीन पर मुकदमा

संवाद सूत्र, मुंडेरा बाजार : नगर पंचायत चौरी चौरा के मुंडेरा बाजार निवासी विजय जायसवाल ने सराफा व्यवसायी पिता-पुत्र पर जमीन बेचने के नाम पर 33 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में चौरी चौरा पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय जायसवाल ने पुलिस को बताया कि नगर पंचायत चौरी चौरा निवासी प्रशांत उर्फ गोल्डेन जायसवाल पुत्र बलरामदास जायसवाल जमीन की खरीद-फरोख्त का धंधा करता है। उसने अपने सहयोगी लखनऊ निवासी रामवृक्ष निषाद के साथ मिलकर उन्हें जमीन में निवेश कर भारी मुनाफा मिलने का लालच दिया। फिर प्रशांत ने रामवृक्ष की जमीन को अपना बताकर खतौनी दिखाया और तीन बार में कुल 44 लाख रुपये ले लिए। आशंका होने पर वह तहसील में जाकर जमीन के कागजात की जांच कराई तो वे फर्जी निकले। इसके बाद रुपये मांगने पर तीनों ने सिर्फ 11 लाख रुपये वापस किए, जबकि शेष 33 लाख रुपये हड़प लिए। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रशांत जायसवाल, उसके पिता बलरामदास जायसवाल और रामवृक्ष निषाद के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। जांच और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बैनामा के नाम पर 4.49 लाख रुपये हड़पने का आरोप : संवाद सूत्र, पिपरौली : गीडा थाना के पिपरौली निवासी नीलम पत्नी पलटू ने बैनामा कराने के नाम पर 4.49 लाख रुपये से अधिक रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि एक वर्ष पूर्व उसने बांसपार निवासी दो भाइयों समेत तीन लोगों से जमीन खरीदने का सौदा तय किया था। तीनों ने चारपानी भरमा निवासी एक युवक की दो डिसमिल जमीन को तीन लाख रुपये प्रति डिसमिल की दर से बेचने की बात कही। इस संबंध में अनुबंध भी तैयार किया गया था और बैनामा करने का वादा किया गया। कई किस्त में चार लाख 49 हजार 600 रुपये तीनों के खाते में जमा कर दिए। इसके बाद से तीनों ने न जमीन बैनामा किए, न ही रुपये लौटा रहे हैं। मांगे जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसएसपी ने मामले की जांच का निर्देश दिया है।

# छात्रा ने स्कूल बस चालक से की शादी, जहर खाकर दोनों ने काटी नस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र में गुरुवार की रात को 16 वर्षीय छात्रा ने अपने स्कूल के बस चालक से मंदिर में शादी कर ली। इसके बाद दोनों ने जहर खाकर और कलाई की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। शादी का वीडियो उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर मरने की जानकारी स्वजन को दी। देर रात युवक का परिवार जब पहुंचा तो दोनों रामपुर गांव के पास सड़क किनारे अचेत पड़े मिले। उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

किशोरी हाईस्कूल की छात्रा है और करीब एक साल से अपने ही स्कूल के बस चालक से प्रेम करती थी। बताया गया कि गुरुवार की शाम दोनों घर से निकले। रामपुर गांव के पास स्थित एक मंदिर पहुंचे, जहां युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भरा और इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस दौरान युवक ने अपने परिवार को फोन पर बताया कि उसने शादी कर ली है। खबर मिलते ही दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने इस रिश्ते का विरोध किया और युवक को फटकार लगाई। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक की शादी उसके स्वजन ने दूसरी जगह तय कर दी है, जबकि छात्रा के परिवार वाले इस रिश्ते के सख्त विरोध में थे। इसी मानसिक दबाव में आकर दोनों ने देर रात जहरीला पदार्थ खाने के बाद कलाई की नसें काट लीं। रात करीब 12 बजे युवक के परिजन जब तलाश करते हुए रामपुर गांव के पास पहुंचे, तो दोनों सड़क किनारे अचेत मिले। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। डाक्टरों के अनुसार, दोनों के शरीर में जहर के लक्षण हैं। कलाई की नसें गहराई तक कटी हुई थीं। युवक की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है, जबकि छात्रा खतरे से बाहर है।



- जहर खाने से पहले युवक ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया शादी का वीडियो
- गुलरिहा क्षेत्र की घटना, बीआरडी मेडिकल कालेज में दोनों का चल रहा उपचार

> युवक व छात्रा के बीच प्रेम संबंध होने की पुष्टि हुई है। युवक की स्थिति गंभीर है। घटना की पूरी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में किसी ने तहरीर नहीं दी है।
> अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

## परिवार ने रिश्ता ठुकराया, प्रेमियों ने मौत को गले लगाया

- चार दिन के भीतर हुई तीन घटनाएं, पहले भी हो चुकी है वारदात
- पिपराइच में चार दिन पहले ट्रेन की पटरियों पर बिखरे थे अरमान
- गुलरिहा में प्रेमिका से शादी करने की जिद कर रहे युवक ने लगाई फांसी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीते चार दिन के भीतर तीन घटनाएं हुई, जिसमें तीन जिंदगियों का दर्दनाक अंत हुआ। किसी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी, किसी ने फंदे को साथी बना लिया, तो किसी ने जहर पीकर और नस काटकर खुद को खत्म करने की कोशिश की। हर कहानी में एक जैसी वेदना थी स्वजन ने रिश्ता स्वीकार नहीं किया और प्रेमी युगल ने मौत को गले लगा लिया।

सोमवार की रात पिपराइच कस्बे में रेलवे ट्रेक पर युवक और युवती का शव मिला। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे लेकिन परिवारों ने शादी के लिए मंजूरी नहीं दी। विरोध इतना बढ़ा कि दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। युवती कपड़े की दुकान में काम करती थी जबकि युवक हैदराबाद में मजदूरी करता था। दो दिन पहले वह छठ पूजा में शामिल होने के लिए घर लौटा था। उनकी मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। गुरुवार की रात गुलरिहा क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा और स्कूल बस चालक के बीच के प्रेम ने और भयावह रूप लिया। चालक की शादी किसी और जगह तय कर दी गई थी, जबकि वह छात्रा पर शादी का दबाव बना रहा था। रात में मंदिर में उसने छात्रा की मांग में सिंदूर भरा। परिवार के विरोध के बाद दोनों ने जहर खाकर और हाथ की नस काट ली। बुधवार की रात गुलरिहा क्षेत्र में ही पानी की टंकी से लटकता एक युवक का शव मिला। चर्चा थी कि युवक का दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम संबंध था। घरवालों ने जब सख्ती दिखाई तो उसने जान दे दी। चार दिन के भीतर ऐसी तीन घटनाएं हुईं। पहले भी ऐसी कई वारदात हो चुकी है।

# निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी

### ठगी के शिकार पीड़ितों की शिकायत पर कंपनी के सीएमडी समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

GORAKHPUR (31 Oct):शहर में एक बार फिर निवेश के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है. ट्रेड आस्था इन्फ्रा प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप लगा है. कंपनी के संचालकों ने लोगों को शेयर ट्रेडिंग, गोल्ड और रियल एस्टेट में 10 प्रतिशत मासिक मुनाफे का लालच देकर भारी-भरकम निवेश कराया. जब निवेशकों ने मूलधन और लाभ वापस मांगा तो कंपनी के दफ्तर बंद मिले और संचालक फरार हो गए. ठगी के शिकार लोगों ने कंपनी के सीएमडी विश्वजीत श्रीवास्तव समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है.



**10** प्रतिशत ब्याज प्रतिमाह मिलेगा और छह माह बाद पूरी मूलधन राशि चेक के माध्यम से लौटाई जाएगी.

### प्रचार कर निवेशकों को फंसाता था जाल

शिकायत के अनुसार, कंपनी के सीएमडी गुलरिहा के रेल विहार फेस-1 निवासी विश्वजीत श्रीवास्तव अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लोगों को झूठे निवेश प्रोजेक्ट्स का भरोसा दिलाया. कंपनी की बैठकें मदर टेरेसा रोड, बजरंग याम सिमराह-1 में होती थीं, जहां निवेशकों को बताया जाता था कि निवेश की गई राशि पर 10 प्रतिशत ब्याज प्रतिमाह मिलेगा और छह माह बाद पूरी मूलधन राशि चेक के माध्यम से लौटाई जाएगी. कंपनी के अन्य निदेशक शाहपुर के शिवपुर मोहनपुर निवासी नवीन श्रीवास्तव, डायरेक्टर हरिकेश, कुशीनगर के बैजू पट्टी निवासी चंदन शर्मा बिहार के गोपालगंज दुर्ग मटिहानिया रूपछाप निवासी सीईओ राहुल कुमार और फाउंडर मैंबर विश्वजीत की पत्नी चंदा श्रीवास्तव भी विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सऐप ग्रुप, जूम मीटिंग और सेमिनारों के जरिए प्रचार कर निवेशकों को जाल में फंसाते थे.

### हर माह दिया मुनाफा

आस्था समूह ने निवेशकों को यह बताया कि वह शेयर मार्केट, गोल्ड ट्रेडिंग और लखनऊ-गोरखपुर में आवासीय प्लॉट्स का कारोबार करता है. देवा रोड, लखनऊ और राप्तीनगर, गोरखपुर की कथित परियोजनाओं की फोटो, वीडियो और कागजात दिखाए गए. झांसे में आए लोगों ने अपने लाखों रुपये कंपनी में निवेश कर दिए. आरोप है कि कंपनी के निदेशकों ने शुरू में उन्हें हर माह मुनाफा दिया गया ताकि कंपनी पर विश्वास बन सके, लेकिन चार-पांच महीने बाद भुगतान बंद कर दिया गया. जब निवेशकों ने अपने दिए गए चेक बैंक में जमा किए, तो खाते में धनराशि न होने से सभी चेक बाउंस हो गए. कंपनी के संचालक मोबाइल बंद करने लगे और दफ्तर में ताले लग गए.

### बनाई थीं तीन कंपनियां

ठगी के शिकार पीड़ितों ने जालसाजों ने लोगों को झांसे में लेने के लिए तीन कंपनियां बनाई थीं. जिसमें आस्था इन्फ्रा प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, आस्था रिटेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आस्था जेम्स एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल है. इस कंपनियों के नाम पर जालसाजों ने करोड़ों रुपये की ठगी की.

### विदेश भागने का आरोप

ठगी के शिकार पीड़ितों बताया कि कंपनी के सीएमडी विश्वजीत श्रीवास्तव देश छोड़कर विदेश भागने की फिराक में हैं. निवेशकों ने मांग की है कि उनके पासपोर्ट और बैंक खातों को जब्त किया जाए. कई निवेशकों ने बैंक लोन लेकर और जीवनभर की पूंजी लगाकर निवेश किया था, जिससे अब उनका परिवार आर्थिक संकट में है.

### इन निवेशकों ने की शिकायत

लखनऊ निवासी रामनरेश यादव, जौनपुर निवासी दिनेश यादव, केराकत निवासी सुनील कुमार यादव, बलिया निवासी अरुण कुमार यादव समेत 12 लोग शामिल हैं.

> मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. कंपनी से जुड़े बैंक खातों और दस्तावेजों की जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे. अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

***

# जमानत पर छूटते ही आरोपित ने फिर की दुष्कर्म की कोशिश

GORAKHPUR (31 Oct): दो बच्चों की मां ने सद्दाम नाम के युवक पर दुष्कर्म की कोशिश, धमकी और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है. महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि एक वर्ष पहले उसके साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना में सद्दाम मुख्य आरोपित है. जमानत पर छूटने के बाद उसे फिर परेशान कर रहा है. रामगढ़ताल थाना पुलिस धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है.

## लड़कियों का किया शोषण

पीड़िता ने बताया कि आरोपी बार-बार फोन कर शारीरिक संबंधों के लिए दबाव बनाता है. मना करने पर वह धमकी देता है कि आत्महत्या करके पूरे परिवार को फंसा दूंगा. जिसकी वजह से वह अपने दो बच्चों के साथ भय के साए में जी रही है. आरोपित उसके घर के आसपास मंडराता रहता है.

## आरोपित की तलाश

जानकारी के अनुसार, आरोपित की मकान मालकिन व उसकी पत्नी भी इस खेल में शामिल हैं. उन्होंने कहा कि आरोपित पिछले वर्ष सामूहिक दुष्कर्म के मामले में जेल चुका है, जमानत पर छूटने के बाद उसकी शर्तों का उल्लंघन कर रहा है. रामगढ़ताल थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है. उसके पुराने मुकदमों की फाइल मंगाई गई है. जमानत निरस्त कराने के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है.

गोरखनाथ में एसपी सिटी व एसपी नार्थ ने गीडा और एसपी साउथ ने बेलीपार में लगाई दौड़

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़े डीआइजी, डीएम और एसएसपी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (31 Oct): लौह पुरुष और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मतिथि शुक्रवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई. इस अवसर पर जिले भर में विभिन्न स्थानों पर 'रन फार यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मुख्य कार्यक्रम थाना रामगढ़ताल क्षेत्र के नौकायन स्थल पर आयोजित हुआ, जहां पुलिस उप महानिरीक्षक डा. एस. चनप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया. इसके बाद तीनों अधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक जोश और उत्साह के साथ एकता का संदेश देते हुए दौड़े.

## पुलिस लाइन में भी हुआ आयोजन

पुलिस लाइन और एसएसपी कार्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलायी गई. पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी के नेतृत्व में थाना गोरखनाथ क्षेत्र में तथा पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना गीडा क्षेत्र में और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र के नेतृत्व में थाना बेलीपार क्षेत्र में भी 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया. गीडा क्षेत्र की दौड़ में बुद्धा इन्स्टीट्यूशन के विद्यार्थी भी शामिल हुए.

## 26वीं वाहिनी पीएसी में मनाई जयंती

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि पर 26वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक निहारिका शर्मा की उपस्थिति में 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ वाहिनी परिसर से हुआ, जो पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी स्मारक तक पहुंचकर राष्ट्रगान और देशभक्ति नारों के साथ संपन्न हुआ. इस मौके पर रिक्रूट महिला आरक्षियों व पीएमएस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए 'अनेकता में एकता' का संदेश दिया. छात्रों ने स्लोगन और ड्राइंग के माध्यम से एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का भाव प्रदर्शित किया. कार्यक्रम में सहायक सेनानायक रघुपति नाथ तिवारी, शिशिर पाल, गणेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे.



## राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

इसके अलावा जनपद के सभी थानों में पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से एकता दौड़ में हिस्सा लिया. कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाकर किया गया. पुलिस अधिकारियों ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया.

## एसपी जीआरपी ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि पर एसपी जीआरपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फार यूनिटी' कार्यक्रम का शुभारंभ किया. यह दौड़ जीआरपी पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर असुरन चौराहा होते हुए पुनः लाइन पर समाप्त हुई. प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया. अंत में एसपी रेलवे ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई. इस दौरान देश की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया गया. इसी क्रम में जीआरपी के सभी थानों और चौकियों पर भी 'रन फार यूनिटी' के कार्यक्रम आयोजित हुए.

## डीडीयू में निकली एकता पदयात्रा



भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देशभर में चल रहे "सरदार@150" राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत डीडीयू यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण के संदेश के साथ 'एकता पदयात्रा' का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने हरी झंडी दिखाकर किया. पदयात्रा यूनिवर्सिटी मुख्य द्वार से शुरू होकर परिसर के विभिन्न भागों से होती हुई एकता स्थल पर पहुंची. इसमें एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवक और सेविकाएं हाथों में तिरंगा झंडा और राष्ट्रीय एकता के संदेश लिए शामिल हुए. इस दौरान वीसी प्रो. टंडन, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे. इस अवसर पर विश्वविद्यालय में पिछले एक सप्ताह से निबंध, पोस्टर और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था.



## एक भारत, श्रेष्ठ भारत का नारा

गोरखपुर: महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ और राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ. प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया. छात्रों ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया. इसके बाद बौद्धिक परिचर्चा में डॉ. संजय सिंह ने सरदार पटेल के योगदान और अखंड भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला.



# जेल में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

**GORAKHPUR:** जिला जेल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर महानिदेशक कारागार पीसी मीना की तरफ से जेल का निरीक्षण किया. साथ ही राम्प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद महिला बैरक में महिला बंदियो को शाल, हाईजिन किट और फल का वितरित किया. वहीं, राष्ट्रीय एकता वे अखंडता दिवस लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यपर्ण किया. उन्होंने कारागार की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की. अफसरों और बंदियों के प्रति संवेदनशील व मानवीय व्यव्हार अपनाने और कारागार सुरक्षा के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए. इस दौरान जेल अधीक्षक दिलीप पांडेय, जेलर अरुण कुशवाहा, डिप्टी जेलर विजय कुमार, आदित्य जायसवाल, अमिता श्रीवास्तव, कृष्णाकुमारी, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. विनय राय मौजूद रहे.

# अधिवक्ता के घर में घुसकर तोड़फोड़ व धमकी का आरोप

**पादरी बाजार।** शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर फेज एक गणेशपुरम निवासी अधिवक्ता सुप्रभा द्विवेदी ने परिजनों पर जमीन कब्जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुप्रभा का आरोप है कि संबंधित जमीन उनके बाबा ने खरीदी थी, जिस पर उनका कब्जा है। आरोप है कि 25 अक्तूबर को दोपहर करीब 3 बजे कमलेश द्विवेदी, विनायक द्विवेदी और कुछ अज्ञात लोग घर पहुंचकर तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान उन्होंने गेट का ताला और नामपट्ट (बोर्ड) भी तोड़ दिया। 27 अक्तूबर की सुबह फिर से ऊमा द्विवेदी, कमलेश द्विवेदी, शिवा व विनायक आए और तोड़फोड़ कर हत्या की धमकी दी।

# इटौवा पुल पर मिली युवक की चप्पल और साइकिल

- घर से साइकिल लेकर निकले थे विनोद यादव, नदी में कूदने की आशंका
- पत्नी की मौत के बाद से थे अवसाद में, सुबह नदी में चलेगा तलाशी अभियान

**ब्रह्मपुर/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** झंगहा क्षेत्र के राघोपट्टी पड़री के टोला फैलहा निवासी विनोद यादव (45 वर्ष) शुक्रवार शाम से लापता हैं। देर शाम उनकी साइकिल और चप्पल गोर्रा नदी के इटौवा पुल पर मिली, जिससे हड़कंप मच गया। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने नदी में छलांग लगा दी है।

परिजनों के मुताबिक, विनोद यादव शुक्रवार दोपहर बाद साइकिल लेकर घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। रात करीब सात बजे ग्रामीणों ने पुल पर साइकिल और चप्पल देखी तो सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर झंगहा थाने की पुलिस भी पहुंच गई और देर रात तक नदी के किनारे जांच-पड़ताल की। अंधेरा बढ़ जाने के कारण तलाशी अभियान शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि विनोद यादव की पत्नी की मौत कोरोना काल में हो गई थी। पत्नी के निधन के बाद से ही वह काफी अवसादग्रस्त रहने लगे थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से उनका इलाज शहर के एक निजी डॉक्टर के यहां चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को सूचना दे दी है और शनिवार सुबह से नदी में तलाशी अभियान चलाया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# गैंगरेप मामले में छूटे युवक ने फिर की दुष्कर्म की कोशिश

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** रामगढ़ताल इलाके में रहने वाली दो बच्चों की मां ने एक युवक पर दुष्कर्म की कोशिश और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी सद्दाम उसके साथ गैंगरेप कर चुका है। वर्तमान में वह जमानत पर बाहर आया है। अब फिर से उत्पीड़न कर रहा है। संबंध न रखने पर खुदकुशी करके फंसाने की धमकी दे रहा है। महिला ने एक और गंभीर आरोप लगाया कि आरोपी कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर चुका है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

महिला ने आरोप लगाया कि इसके पहले भी उसी युवक ने उनके साथ गैंगरेप किया था, लेकिन अपनी पहुंच के चलते वह बच गया। जेल से छूटने के बाद से वह लगातार फोन और मुलाकात के जरिए धमका रहा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी की मकान मालकिन और उसकी पत्नी भी इस साजिश में शामिल हैं।

## किशोरी को दूसरी बार भगा ले गया युवक, केस दर्ज

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को घर के सामने रहने वाला युवक किशोरी को दूसरी बार बहका फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां के तहरीर पर कैंपियरगंज पुलिस ने आरोपित युवक पर केस दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव, पहचान नहीं

**पिपराइच।** पिपराइच क्षेत्र के खझंवा गांव के पास शुक्रवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव के पहचान के प्रयास में जुटी है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिपराइच-उनौला रेलवे स्टेशन के बीच खझंवा गांव के समीप पोल संख्या 378/14-15 के पास सुबह करीब सात बजे ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। गेटमैन ने तत्काल स्टेशन मास्टर उनौला को सूचना दी, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने पिपराइच पुलिस को खबर दी। पुलिस ने शव की तलाशी ली, जिसमें केवल बीड़ी और माचिस की डिब्बी मिली है।

# ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश, केस दर्ज

**दुस्साहस**



- एक पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप छह घायल
- पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज किया केस

**हाटा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** गगहा थाना क्षेत्र के सहुआकोल गांव में खेत की जुताई को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विरोध करने पर एक पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें छह लोग घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने ट्रैक्टर से कुचलने की भी कोशिश की।

पीड़ित रामहरख पासवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संजीत अपने ट्रैक्टर से उनके गाटा संख्या 389 की जुताई कर रहा था। उसके साथ लाठी-डंडों से लैस आधा दर्जन लोग मौजूद थे। जब उन्होंने विरोध किया तो ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर उनके परिजन अनिल, सुनील, अशोक, प्रिंस, गोविंद, सीमा और पूजा मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीटकर सभी को घायल कर दिया। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने महिला का कपड़े फाड़ दिए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी।

सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा भेजा, जहां से रामहरख और गोविंद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजीत, कुलदीप, रणविजय, आदित्य, रवि, ओमप्रकाश और जयप्रकाश के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी बांसगांव कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, यह विवाद लंबे समय से चल रहा था। कुछ समय पहले उपजिलाधिकारी बांसगांव के आदेश पर राजस्व टीम और पुलिस ने मौके पर जाकर सीमांकन कर कब्जा दिलाया था, लेकिन एक पक्ष असंतुष्ट था।

# बेटे की पहचान के बाद अब कब्र ही 'लापता'

- सात मई को ट्रैफिक तिराहे के पास लावारिस हाल में मिला था गुलजार
- अज्ञात में दफन करने के बाद हुई पहचान तो अब कब्र की शिनाख्त नहीं

**मुश्किल**

■ विवेक पाण्डेय

**गोरखपुर।** सिधारीपुर मोहल्ले के गुलजार के साथ कुदरत अजीब खेल खेल रही है। मई में जब उसकी लाश मिली तब पहचान का संकट था पर अब जब पहचान हो गई और लाश पिता को सौंपने का आदेश हो गया, तब उसकी कब्र ही लापता हो गई है। यह तो पता है कि उसका शव राजघाट में राप्तीनदी के किनारे दफनाई गई पर इसमें गुलजार की कब्र कौन है यह पुलिस को भी नहीं पता है। उलझन यह है कि पिता को गुलजार की लाश चाहिए और पुलिस को वह कब्र जिसमें मृत गुलजार को दफन किया गया था। दफन कराने वाले कर्मचारी की याददाश्त पर पिता शव कबूल कर ले या फिर डीएनए जांच कराई जाए। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं दिख रहा है।

कैंट थाना क्षेत्र के ट्रैफिक तिराहे पर 7 मई 2025 को एक युवक का शव मिला था। पहचान न होने पर पुलिस ने 72 घंटे के इंतजार बाद पोस्टमार्टम कराकर शव को राजघाट क्षेत्र में दफन करा दिया। बाद में पता चला कि शव सिधारीपुर निवासी मोहम्मद आलम के बेटे गुलजार का था, जो कई दिनों से लापता था। जब परिजन तलाश करते हुए गुलजार के दोस्त तक पहुंचे तो उसने बताया कि गुलजार सड़क पर नशे की हालत में गिर पड़ा था। तब पिता जहां बेटे के गिरे होने की जानकारी मिली उस इलाके में पड़ने वाले थाने पर पहुंचे और पूरी जानकारी दी। शव की फोटो और कपड़े आदि पुलिस ने दिखाया तो पिता ने गुलजार के रूप में पहचान कर ली।

**डीएनए जांट भी आसान नहीं :** जहां दर्जनों कब्रें हों, वहां एक शव की पहचान के लिए सभी से डीएनए सैंपल लेना पड़ेगा। जांच की यह प्रक्रिया लंबी और जटिल है, जिससे गुलजार की पहचान में महीनों लग सकते हैं।

## पिता ने अंतिम संस्कार के लिए मांगा शव

पिता ने पुलिस से बेटे का शव वापस दिलाने की गुहार लगाई ताकि धार्मिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया जा सके। उसके लिए उसने कानूनी अनुमति ली लेकिन जब पुलिस टीम के साथ राजघाट पहुंचे तो वहां पहले से कई अज्ञात शव दफन पाए गए। अब यह तय करना मुश्किल हो गया है कि गुलजार की कब्र कौन सी है। शव को दफन कराने वाले कर्मचारी भी सटीक जानकारी नहीं दे पाए।



"एक पिता अपने बेटे का शव चाहता है। उसके बेटे की सड़क के किनारे लाश मिली थी। पहचान न होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफन कराया गया था। कानून के मुताबिक कार्रवाई करते हुए शव को पिता को सुपुर्द करने का प्रयास किया जाएगा। – **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# 'रन फॉर यूनिटी' में गोरखपुर ने लगाई दौड़

**आयोजन**

**गोरखपुर,हिन्दुस्तान टीम।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके विभिन्न संगठनों ,सरकारी कार्यालय और स्कूलों में आयोजन किए गए। जिसमें मुख्य रूप से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

शुक्रवार की सुबह भाजपा की ओर से गोलघर काली मंदिर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता और अखंडता की प्रतिमूर्ति थे। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव एवं महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने कहा कि लौहपुरुष के बताए रास्तों पर चलकर देश मजबूत बनेगा। आयोजित दौड़ में दीपक कुमार को प्रथम और दौड़ में द्वितीय स्थान सौरभ यादव को मिला।

**राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई** : महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर साहित्य परिषद के तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह ने किया। साहित्य परिषद संयोजक संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों और छात्रों को राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई। वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, वायुसेना स्थल में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य बैरिस्टर पांडेय ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।इसके बाद विद्यालय परिसर में 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) का आयोजन हुआ।

महात्मा गांधी पीजी कॉलेज व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सरदार भाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

**गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर: 25**



शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर नौकायन केन्द्र से आयोजित रन फॉर यूनिटी में भाग लेतीं महिला रिक्रूट। • हिन्दुस्तान



शुक्रवार को सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर डीडीयू से कुलपति ने एकता पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। • हिन्दुस्तान

## नौकायन पर डीआईजी एसएसपी ने दिलाई शपथ

**गोरखपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नौकायन से पुलिस उप महानिरीक्षक एस चनप्पा, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, विद्यार्थी और आमजन शामिल हुए। गोरखनाथ, गीडा सहित विभिन्न थानों पर भी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने एकता दौड़ लगाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ के साथ किया गया।

## एकता पदयात्रा में दिया एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

गोरखपुर। डीडीयू में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एकता, अखंडता और राष्ट्रनिर्माण के संदेश को समर्पित 'एकता पदयात्रा' का आयोजन किया गया। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने एकता परेड भी किया। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने एकता पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रो. पूनम टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में एकता, अखंडता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना को सशक्त बनाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह ने एकता पदयात्रा का नेतृत्व किया। प्रोफेसर श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व कुलपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि, अमरकंटक, मध्य प्रदेश, प्रोफेसर चंद्रशेखर आदि मौजूदगी रही।

**विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत** :सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी रेस' एवं 'राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश बैजनाथ रावत ने विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

## गोरखनाथ विवि में राष्ट्रीय एकता मार्च का आयोजन

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विवि में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि सभा एवं राष्ट्रीय एकता मार्च का आयोजन किया गया। इससे पूर्व शिक्षक और छात्रों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प, अटूट देशभक्ति ने भारत का लौह पुरुष की उपाधि दिलाई। प्राचार्य डॉ. अनुराग ,डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. आयुष पाठक, डॉ. अनिल आदि उपस्थित रहे।



गोलघर काली मन्दिर से भाजपा की ओर से आयोजित रन फॉर यूनिटी के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। • हिन्दुस्तान

## मंडलायुक्त ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

गोरखपुर। मंडलायुक्त सभागार में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अधिकारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली।

**युवाओं ने किया रक्तदान:** गोरखपुर। सरदार पटेल की जयंती पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर की ओर से आयोजित शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सीआरसी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन किया गया। आईएमए के सचिव डॉ वाई सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाई।इ

**राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई:** **गोरखपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने कार्यालय परिसर में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

उधर, नगर निगम कर्मचारियों ने रन फॉर यूनिटी आयोजित किया। वहीं जीडीए के राप्ती सभागार में पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। जीडीए के सचिव पुष्पराज सिंह द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एक की शपथ भी दिलाई गई।

# आज की बालिकाएं ही कल के सशक्त समाज की नींव

गोरखपुर, निज संवाददाता। सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी क्राइम एवं प्रभारी मिशन शक्ति सुधीर जायसवाल ने छात्रों को साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा के गुर और आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112 और महिला हेल्पलाइन 181 के उपयोग के बारे में बताया। इस अवसर पर एसपी कोतवाली ओमकार दत्त तिवारी, डिप्टी एसपी दीपांशी आदि उपस्थित रहे।

## आपात स्थिति में पुलिस या हेल्पलाइन से करें संपर्क

गोरखपुर। सेंट एंड्रयूज कॉलेज के विधि विभाग में शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. ओंकार नाथ तिवारी ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और न्यायिक प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस अवसर पर सेंट एंड्रयूज कॉलेज के प्रिंसिपल एचडी राजकुमार, अतुल सिंह, तनवीर आलम आदि रहे।

# पहले खुद में लाएं बदलाव, तभी सड़कों पर होगी सुरक्षा की शुरुआत: एसएसपी

**कैंडल मार्च**

- शास्त्री चौक से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च में गूंजा 'सुरक्षा पहले' का संदेश
- पत्रकारों, समाजसेवियों और पुलिस ने एकजुट होकर जगाई जिम्मेदारी की लौ


एसएसपी राजकरन नय्यर।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। 'पहले खुद में बदलाव लाएं, तभी सड़कों पर सुरक्षा की शुरुआत होगी' शुक्रवार शाम एसएसपी राजकरन नय्यर ने शास्त्री चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा तक निकाले गए कैंडल मार्च के दौरान यह बातें कहीं। एक नवंबर से शुरू हो रहे यातायात माह की पूर्व संध्या पर यह कैंडल मार्च आयोजित हुआ।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने हरी झंडी दिखाकर मार्च की शुरुआत की और लोगों से अपील की कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए स्वयं को अनुशासित करना सबसे ज़रूरी है। कैंडल मार्च में मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब, और गोजए (गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के पदाधिकारी व सदस्य के साथ ही विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए। मार्च शांति और एकजुटता के साथ गांधी प्रतिमा तक पहुंचा, जहां सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली 'हम हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, नशे में वाहन नहीं चलाएंगे, और यातायात नियमों का पालन करेंगे।'

# युवक की हत्या का केस दर्ज न होने पर ग्रामीणों का हंगामा



युवक की मौत के मामले में ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पहुंचे विधायक।

पिपराइच। क्षेत्र के समस्तपुर मुड़िला गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों ने हत्या का केस दर्ज न होने पर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोग भटहट रोड पर चक्का जाम करने की तैयारी में थे। इसी बीच मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक महेंद्र पाल सिंह और थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

मालूम हो कि, बृहस्पतिवार सुबह अभिषेक भारती का शव पानी की टंकी से लटका मिला था। मृतक के पिता रामअशीष और मां रीता देवी ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व अभिषेक का धर्म विशेष की युवती से प्रेम संबंध था। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने दोनों को थाने बुलाया था। कानूनी प्रक्रिया के बाद अभिषेक युवती को लेकर कुछ समय बाहर रहा। इस दौरान युवती के परिजन उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। परिजनों का कहना है कि स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने युवती को उसके पिता के हवाले कर दिया, लेकिन तब भी धमकियां मिलती रहीं।

18 अक्तूबर के दिन युवती फिर से अभिषेक के घर पहुंची। विवाद बढ़ने पर परिजनों ने फिर से युवती को उसके घर भेज दिया। आरोप है कि इसके चार दिन बाद अभिषेक की हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। सीओ चौरीचौरा अनुराग सिंह ने बताया की पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows

# युवक की हत्या का केस दर्ज नहीं होने पर ग्रामीणों का हंगामा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पिपराइच क्षेत्र के समस्तपुर मुड़िला गांव में युवक की मौत का मामला**




25 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

पिपराइच। क्षेत्र के समस्तपुर मुड़िला गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में शुक्रवार को ग्रामीणों और परिजनों ने हत्या का केस दर्ज नहीं होने पर हंगामा किया। लोग भटहट रोड पर चक्का जाम करने की तैयारी में थे।

मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक महेंद्र पाल सिंह और थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव की ओर से कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। बृहस्पतिवार सुबह अभिषेक भारती का शव पानी की टंकी से लटका मिला था। मृतक के पिता रामअशीष और मां रीता देवी ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व अभिषेक का धर्म विशेष की युवती से प्रेम संबंध था।

युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने दोनों को थाने बुलाया था। कानूनी प्रक्रिया के बाद अभिषेक युवती को लेकर कुछ समय बाहर रहा। आरोप है कि इस दौरान युवती के परिजन उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे।

परिजनों का कहना है कि स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने युवती को उसके पिता के हवाले कर दिया, लेकिन तब भी धमकियां मिलती रहीं।

18 अक्तूबर के दिन युवती फिर से अभिषेक के घर पहुंची। विवाद बढ़ने पर परिजनों ने फिर से युवती को उसके घर भेज दिया। आरोप है कि इसके चार दिन बाद अभिषेक की हत्या कर दी गई। परिजनों ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में सीओ चौरीचौरा अनुराग सिंह ने बताया की पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# डेरवा उपकेंद्र में रखी मशीन से कॉपर तार चोरी, कर्मचारियों पर उठे सवाल

बड़हलगंज। थानाक्षेत्र के डेरवा विद्युत उपकेंद्र में दीपावली के दिन यानि 20 अक्तूबर को मशीन से कॉपर तार चोरी हो गया। इस मामले में बिजली निगम के ही कुछ कर्मचारियों पर संलिप्तता के आरोप लगे हैं। एसडीओ बड़हलगंज सुशील कुमार ने चोरी हुए तार की कीमत संबंधित कर्मचारियों के मानदेय से काटने का आदेश जारी किया है। इधर, एक वीडियो वायरल का हो रहा है, जिसमें एक प्रत्यक्षदर्शी युवक उपकेंद्र के तीन कर्मचारियों का नाम लेता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि अमर उजाला इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके बावजूद, एसडीओ के पत्र में चोरी की घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं भेजी गई, जिससे निगम की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण रामानंद यादव, वीर बहादुर, लाल बहादुर और विजय कुमार आदि ने आरोप लगाया है कि डेरवा उपकेंद्र में हुई चोरी में एक्सईएन से लेकर निचले स्तर तक के कर्मचारी शामिल हैं, इसलिए अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मामले में एक्सईएन कौड़ीराम संतोष तिवारी ने बताया कि जांच में पता चला कि उपकेंद्र के ही तीन निविदा कर्मियों ने कॉपर चुराया है। जेई श्याम कुमार विश्वकर्मा को तीनों निविदा कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। एक्सईएन ने चोरी किए गए कॉपर की कीमत 12 हजार रुपये से अधिक बताई है। जेई ने बड़हलगंज थाने में तहरीर दे दी है। हालांकि थाना प्रभारी बड़हलगंज चंद्रभान सिंह ने कोई तहरीर मिलने से इनकार किया है। संवाद

# जमीन बेचने के नाम पर व्यापारी से 33 लाख रुपये की ठगी, तीन पर केस

सरदारनगर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार में जमीन के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। नगर के ही एक व्यापारी से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों ने मिलकर 33 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड संख्या 15 निवासी व्यापारी विजय कुमार जायसवाल ने पुलिस को बताया कि बाजार के ही रहने वाले प्रशांत उर्फ गोल्डेन जायसवाल पुत्र बलरामदास जायसवाल ने खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताकर उन्हें अपने धंधे में पैसा लगाने का लालच दिया। उसने कहा कि निवेश करने पर बड़ा मुनाफा मिलेगा। प्रशांत ने अपने सहयोगी रामवृक्ष के साथ मिलकर चकदेइया में जमीन दिखाया और फर्जी दस्तावेज तैयार कर तीन किस्तों में कुल 44 लाख रुपये ले लिए।

व्यापारी का आरोप है कि जब वह तहसील पहुंचे और जमीन के दस्तावेज की जांच कराई तो वे फर्जी निकले। उसके बाद जब उन्होंने जालसाजों से रकम वापस मांगी तो तीन बार में केवल 11 लाख रुपये लौटाए, जबकि 33 लाख रुपये देने में आनाकानी कर रहे हैं। आरोप है कि रुपये मांगने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सीओ अनुराग सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# नीलम हत्याकांड : सवालों में उलझा तो खुद ही खोल दिया राज

## आरोपी बोला- बहन मुझसे चिढ़ती थी इसलिए हत्या का पछतावा नहीं, शव ठिकाने लगाने के बाद ससुराल पहुंचकर गुजारी थी रात

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के नया गांव में बहन नीलम निषाद की हत्या करने वाले आरोपी भाई राम आशीष निषाद ने पूछताछ के दौरान ऐसे खुलासे किए जिसने पुलिस को भी हिला दिया। करीब 110 सवालों में उलझने के बाद उसने हत्या की बात कबूल की। उसने ठंडे दिल से कहा कि नीलम मुझसे चिढ़ती थी, इसलिए उसे मारने का दुख नहीं है।



नीलम (फाइल फोटो)

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक माह से बहन की हत्या की योजना बना रहा था। छठ पूजा के दिन उसने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया। छोटी बहन नीलम की बेरहमी से हत्या करने वाले राम आशीष को कोई अफसोस नहीं है। बीते 27 अक्तूबर को उसने गला घोटकर बहन को मार डाला। फिर बोरी में भरने के लिए लाश को ऐसा मोड़ा-मरोड़ा कि गले की हड्डी तक टूट गई।




25 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

दोनों हाथों की हड्डियां भी कई जगह से टूट गईं। इस हत्या के पीछे पांच लाख रुपये का मुआवजा है, जो पिता बेटी की शादी के लिए रखे थे। पुलिस की गिरफ्त में आए राम आशीष ने बताया कि हत्या के बाद उसके भागने की कहानी गढ़नी थी। इसलिए बहन को मारकर मां के बक्से का ताला तोड़कर जेवर भी चुराए। भले ही मैं पकड़ा गया हूं, लेकिन मुझे कोई दुख नहीं है।

**भाई जेल में, बहन रास्ते से हटी, तो प्रॉपर्टी अपनी :** दरअसल, चिंकू निषाद को फोरलेन प्रोजेक्ट में जमीन आने के बाद करीब पांच लाख रुपये मुआवजा मिला था। चिंकू अपनी बेटी नीलम की शादी में इस रुपये का इस्तेमाल करना चाहते थे। उनका बड़ा बेटा राम आशीष (32) इसमें से हिस्सा मांग रहा था। इसे लेकर राम आशीष बौखलाया हुआ था। उसे लगा कि बहन नीलम (19) को रास्ते से हटा देगा तो पैसों के साथ सारी संपत्ति भी उसकी ही जाएगी। छोटा भाई तो पहले से ही जेल में बंद है।

### ससुराल में थे पत्नी और बच्चे

पूरी वारदात को अंजाम देकर राम आशीष नेबुआ नौरंगिया के अपने ससुराल पिपराइच स्थित चक जलाल छीटका टोला आया। यहां पर उसके पत्नी और बच्चे पहले से थे। वहां पूरी रात रुका। रात को उसके मोबाइल पर गोरखनाथ थाने से कॉल आई। तब उसने कहा कि वह अपने रिश्तेदारी में आया है। सुबह वह थाने आकर बात कर लेगा। इस दौरान वह नीलम के लापता होने की बात पर अनजान बन गया।



हत्यारोपी भाई राम आशीष। स्रोत: पुलिस

*आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। विवेचक ने आरोपी के खिलाफ सभी साक्ष्य भी एकत्रित कर लिए हैं। फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए अपील की जाएगी, जिससे आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिल सके। - **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी*

### गेहूं की बोरी का बयान देकर फंसा

पुलिस ने राम आशीष से पूछा कि तुम बाइक पर बोरे में क्या लेकर जा रहे थे? तब उसने जवाब दिया कि गेहूं की बोरी घर से लेकर जा रहा था। पुलिस ने भी पहले उसकी बात मान ली। इसके बाद घर जाकर इसरावती से पूछा कि घर में कहीं गेहूं रखा है क्या? इसरावती ने बताया कि घर में गेहूं कहीं नहीं रखा है, तब आखिर उसे कहां से मिल गया है। राम आशीष के दोनों कमरों में जाकर पुलिस ने देखा तो वहां भी कहीं गेहूं का एक दाना नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तब, राम आशीष ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए कुशीनगर जाकर लाश बरामद कराई।

### एक महीने से हत्या की तैयारी कर रहा था भाई

पड़ोस में रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि राम आशीष के खराब व्यवहार की वजह से कोई भी बात नहीं करता था, जबकि नीलम को सब प्यार करते थे। एक महीने पहले राम आशीष अपनी पत्नी से कह रहा था कि मैं अपनी बहन को गड़ासा से मार दूंगा। जब ऐसा करना होगा एक सप्ताह पहले परिवार को हटा दूंगा। यह बात मैंने अपने कान से सुनी थी। मैंने नीलम को बताया भी था। अपने भाई से बचकर रहना, वह ऐसी बात कह रहा था लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। इधर, नवरात्रि में राम आशीष अपनी पत्नी और बच्चों को पिपराइच स्थित मायके में छोड़कर आया था। इसके बाद उसने जो कहा था, वही किया।

---

# कौड़ीराम से किशोर का अपहरण, बिहार में छोड़ भागे

## धस्की गांव के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने तौलिया सुंघाकर किया था बेहोश

संवाद न्यूज एजेंसी

कौड़ीराम (गोरखपुर)। बांसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम-गोला मार्ग पर स्थित धस्की गांव के पास शुक्रवार की सुबह एक 15 वर्षीय किशोर का अपहरण कर लिया गया। चार बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे थे। उन्होंने किशोर को रास्ता पूछने के बहाने तौलिया सुंघाकर बेहोश कर दिया और फिर उठा ले गए।

उसे होश आया तो वह बिहार के सीवान जिले के मैरवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में था। शोर मचाने पर किडनैपर उसे छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आयुष को लेकर घर पहुंचे।



अपहृत किशोर परिजनों के साथ मैरवा रेलवे स्टेशन पर। संवाद

बांसगांव थाना पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। उधर, घर पहुंचा किशोर अभी सदमे में है। पुलिस की पूछताछ में अभी उसने कुछ नहीं बताया है। जानकारी के अनुसार, धस्की के डढ़िया टोला निवासी आयुष का गांव के अलावा कौड़ीराम-गोला मार्ग पर भी मकान है। यहां पर उसके दादा-दादी रहते हैं। घर के अन्य सदस्यों का वहां आना-जाना रहता है। आयुष के अनुसार, सुबह छह बजे वह दादा-दादी के लिए चाय लेकर आ रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उसे रोका और गोला जाने के लिए राह पूछी।

इसी बीच उनमें से एक ने उसके चेहरे पर तौलिया फेंक दिया। इसके बाद उसे सुबह करीब 10 बजे होश आया तो वह सीवान जिले के मैरवा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में था। रोने-चिल्लाने पर ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने उससे कारण पूछा, तो किडनैपर वहां से भाग निकले। यात्रियों ने परिजनों से बात कराकर आयुष को स्टेशन पर भूजा बेचने वाले दुकानदार के पास बैठा दिया। गांव से परिजन पहुंचे और किशोर को लेकर घर पहुंचे।

घटना के संबंध में पुलिस को कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी। परिजन शाम को जब किशोर को लेकर घर पहुंचे तो स्थानीय चौकी पुलिस पर सूचना दी। किशोर ने अभी कुछ नहीं बताया है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। - **जितेंद्र कुमार**, एसपी साउथ



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर नौकायन पर आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते लोग। अमर उजाला

# एकता के लिए दौड़ा शहर, ली शपथ

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बृहस्पतिवार को गोरखपुर में "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन हुआ। नौकायन से शुरू हुई इस दौड़ को डीआईजी डॉ. एस चनप्पा, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी राज करन नय्यर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने खुद भी दौड़ में शामिल होकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।

दौड़ में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएं और नागरिक शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर प्रतिभागियों ने "भारत माता की जय" और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से माहौल को देशभक्ति से भर दिया।

**ली गई शपथ :** कमिश्नर कार्यालय, कलेक्ट्रेट सभागार और पुलिस लाइन में भी सरदार पटेल की जयंती श्रद्धा से मनाई गई। कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने, देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

**केंद्रीय स्कूल में भी मनाई गई वल्लभ भाई पटेल की जयंती :** पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य बैरिस्टर पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के शिक्षक अविरल खुराना ने विद्यार्थियों को एकता की शपथ दिलाई एवं कार्यक्रम के संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन की उपलब्धियों से अवगत कराया। केंद्रीय विद्यालय से शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया।



पटेल की जयंती पर खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित। संवाद

## रन फॉर यूनिटी : दीपक और अनन्या ने मारी बाजी

**गोरखपुर।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को खेल विभाग की ओर से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौड़ के बालक वर्ग में दीपक कुमार और बालिका वर्ग में अनन्या ने बाजी मारी।

सौरभ यादव व आंचल सिंह ने दूसरा और आदित्य यादव व श्रेया मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व काली मंदिर स्थित पटेल तिराहे पर रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी खिलाड़ी, कर्मचारी और अधिकारी एकत्रित हुए। यहां सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद दौड़ की शुरुआत हुई। पटेल तिराहे से दौड़ शुरू होकर गणेश चौक, कचहरी चौक, शास्त्री चौक से वापस पटेल चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई।

दौड़ के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति आयोग बैजनाथ रावत और मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान भाजपा नेता राजेश गुप्ता, आरएसओ आले हैदर, आजाद सिंह नरवार, नफीस अहमद, अजय सिंह आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# प्रेमिका के घरवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**फालोअप**

**पोस्टमार्टम में हैंगिंग की पुष्टि पानी की टंकी से लटकता मिला था शव**

संवाद सूत्र, पिपराइच : पानी की टंकी से लटके मिले समस्तपुर मुड़िला निवासी अभिषेक भारती (22) की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पिपराइच पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के पिता रामअशीष भारती की तहरीर पर प्रेमिका के घरवालों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने, धमकी और अपशब्द का प्रयोग करने का मुकदमा दर्ज किया है।

युवक के पिता ने प्रेमिका के पिता, मां, बहन, बहनाई समेत सात लोगों को आरोपित बनाया है। तहरीर में लिखा है कि अभिषेक एक वर्ष से दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम करता था और दोनों ने साथ रहना चाहते थे। लड़की के स्वजन को जानकारी हुई तो वह जान से मारने की धमकी दे रहे थे। धनतेरस के दिन लड़की उनके घर चली आयी थी, लेकिन विवाद बढ़ने की आशंका में परिजनों ने उसे वापस भेज दिया। उसी दिन लड़की के परिवार वालों ने धमकी दी थी कि इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। विधायक महेंद्र पाल सिंह शुक्रवार को मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से लटकने की वजह से मौत होने की पुष्टि हुई है। शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़े डीआइजी, डीएम व एसएसपी

## एसपी सिटी ने गोरखनाथ, एसपी उत्तरी ने गीडा व एसपी दक्षिणी ने बेलीपार में लगाई दौड़ पुलिस कार्यालय व लाइन में हुए कार्यक्रम



नौकायन पर पुलिस विभाग द्वारा आयोजित रन फार यूनिटी के दौरान शपथ लेतीं महिला पुलिसकर्मी • जागरण



सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मतिथि पर नौकायन पर पुलिस विभाग की ओर से आयोजित रन फार यूनिटी में शामिल डीआइजी डा. एस चनप्पा (मध्य में) साथ में डीएम दीपक मीणा (दाएं) व एसएसपी राजकरन नय्यर (बाएं) • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लौह पुरुष और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मतिथि शुक्रवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिले भर में विभिन्न स्थानों पर 'रन फार यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मुख्य कार्यक्रम थाना रामगढ़ताल क्षेत्र के नौकायन स्थल पर आयोजित हुआ, जहां पुलिस उप महानिरीक्षक डा. एस चनप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। इसके बाद तीनों अधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक जोश और उत्साह के साथ एकता का संदेश देते हुए दौड़े। पुलिस लाइन और एसएसपी कार्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलायी गई। पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी के नेतृत्व में थाना गोरखनाथ क्षेत्र में तथा पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना गीडा क्षेत्र में और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र के नेतृत्व में थाना बेलीपार क्षेत्र में भी 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया। गीडा क्षेत्र की दौड़ में बुद्ध इंस्टीट्यूशन के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

इसके अलावा जनपद के सभी थानों में पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से एकता दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाकर किया गया। पुलिस अधिकारियों ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

**26वीं वाहिनी पीएसी में मनाई गई लौह पुरुष की जन्मतिथि :** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि पर 26वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक निहारिका शर्मा की उपस्थिति में 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाहिनी परिसर से हुआ, जो पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी स्मारक तक पहुंचकर राष्ट्रगान और देशभक्ति नारों के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर रिक्रूट महिला आरक्षियों व पीएमएस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए 'अनेकता में एकता' का संदेश दिया।

छात्रों ने स्लोगन और ड्राइंग के माध्यम से एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का भाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में सहायक सेनानायक संजय नाथ तिवारी, शिशिर पाल, गणेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

एसपी जीआरपी ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि पर एसपी जीआरपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फार यूनिटी' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह दौड़ जीआरपी पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर असुरन चौराहा होते हुए पुनः लाइन पर समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। अंत में एसपी रेलवे ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान देश की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में जीआरपी के सभी थानों और चौकियों पर भी 'रन फार यूनिटी' के कार्यक्रम आयोजित हुए।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–31–10–2025

# न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- यूटीआरसी कैंपेन चार के अन्तर्गत चिह्नित बंदियों से मिलकर सुनी समस्या
- विधि अनुसार कार्रवाई व निःशुल्क वकील उपलब्ध कराने को दिए निर्देश

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार तिवारी ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यूटीआरसी कैंपेन 4 के अन्तर्गत चिन्हित बंदी तथा अन्य बंदियों के प्रकरणों पर व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनके मामलों में विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया।

उन्होंने विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दंडादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, उनसे संबंधित मामलों पर भी विचार-विमर्श किया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना एवं निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने, महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर, डिप्टी जेलर व लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर करता रहा रेप, केस

**बरहज।** नगर की एक युवती से शादी का झांसा देकर चार माह से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर आरोपी मुकर गया। पीड़िता ने तहरीर दी।

नगर की एक युवती का मदनपुर थाना क्षेत्र के विश्वम्भरपुर गनियारी निवासी शिवकुमार से सम्बन्ध था। युवती का आरोप है कि शिवकुमार ने उसका परिचय छह माह पूर्व हुआ। दोनों के बीच प्यार पनपा तो शिवकुमार ने शादी करने का भरोसा देकर चार माह पूर्व पहली बार दुष्कर्म किया। बाद में भी कई बार दुष्कर्म किया। इसके बाद वह शादी से मुकर गया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश मौर्य ने बताया कि युवती की तहरीर पर शिवकुमार के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# साइबर टीम ने पीड़ित को वापस कराए रुपये

**देवरिया, निज संवाददाता।** चिकित्सक के यहां आनलाइन नम्बर लगाने के दौरान युवक के खाते से धोखाधड़ी कर उड़ाए गए 95 हजार रुपये साइबर क्राइम की टीम ने वापस करा दिया। गुरुवार को एएसपी आनन्द कुमार पांडेय ने पीड़ित को रिफंड स्लीप देकर रूपये वापस कराए जाने की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित को चेहरा खुशी से खिल उठा।

सलेमपुर कोतवाली के नदौली के रहने वाले धीरेन्द्र कुमार यादव पुत्र रमाशंकर यादव ने कुछ दिन पूर्व एक चिकित्सक के यहां ऑनलाइन नम्बर लगाए, जिसके बाद जालसाजों ने फ्रॉड कॉल कर उनके खाते से 95,500 रुपए उड़ा लिए। इसकी जानकारी होते ही उन्होंने इसकी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर की एवं साइबर क्राइम टीम को आवेदन दिया। जिसके बाद साइबर क्राइम टीम ने काफी मशक्कत कर गुरूवार को पीड़ित के खाते में उड़ाए गए रुपये वापस कराया। खाते में रुपये आते ही पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा। वहीं पीड़ित ने इसके लिए साइबर क्राइम टीम देवरिया को धन्यवाद भी दिया है।

प्रभारी दिलीप सिंह ने लोगों से अपील किया कि बैंक खाते से सम्बंधित ओ.टी.पी. या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा लुभावने ऑफर को बिना जाँचे परखे किसी लिंक या एप्लीकेशन पर भुगतान न करें, यह ऑनलाइन धोखाधड़ी का तरीका हो सकता है।

## साइबर सुरक्षा अभियान के तहत किया गया जागरूक

**देवरिया।** साइबर सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को मझगांवा स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में छात्रों एवं वहां उपस्थित स्टाफ को डिजिटल युग में साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। साइबर थाने की टीम ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग, पहचान चोरी, डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग और फर्जी कॉल से बचाव के बारे में बताया। साइबर टीम ने बताया अज्ञात लिंक व वेबसाइटों पर क्लिक न करें,कई बार साइबर अपराधी फिशिंग लिंक भेजते हैं, जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी चुरा सकते हैं। अपने ईमेल, बैंकिंग और अन्य महत्वपूर्ण खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाएं और समय-समय पर बदलते रहें। बैंक या अन्य संस्थान कभी भी ओटीपी मांगते नहीं हैं, इसलिए किसी अज्ञात व्यक्ति को यह जानकारी न दें।

# 83 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

**सख्ती**

- श्रीरामपुर के प्रतापपुर पेट्रोल पम्प के पास से दबोचा
- शराब को बिहार ले जाने की फिराक में थे तस्कर

> पुलिस ने दो चार पहिया वाहनों से 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मौके से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> –अंशुमान श्रीवास्तव, सीओ, भाटपाररानी



पुलिस के गिरफ्त में रखी गई अवैध अंग्रेजी शराब व दबोचे गए तस्कर।

देवरिया, निज संवाददाता। श्रीरामपुर क्षेत्र के प्रतापपुर इंडियन पेट्रोल पम्प के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो लग्जरी वाहनों से 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं शराब के साथ पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्कर शराब को बिहार ले जाने के फिराक में थे।

क्षेत्र के प्रतापपुर इंडियन पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार को पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी, कि उसी दौरान एक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो लग्जरी वाहनों को दबोच लिया। दोनों वाहनों में पांच लोग सवार थे। सभी को वाहन से उतारने के बाद पुलिस ने वाहन को चेक किया तो दोनों वाहनों से 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मराबद हुआ। वहीं वाहन में दो फर्जी नम्बर प्लेट भी मिले। पुलिस ने वाहन में सवार शराब तस्करों के पूछताछ किया तो उन्होने अपना नाम विकास कुमार यादव, रवि कुमार निवासी बिलासपुर थाना मैरवा, धर्मबीर कुमार सिंह पुत्र रामनाथ राम निवासी गुलरबागा थाना मैरवा, संदीप कुमार यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी गड़ेरिया थाना गुठनी जनपद सिवान एवं प्रदुम्न सिंह पुत्र मार्कण्डेय सिंह निवासी बिगह थाना उभाव जनपद बलिया बताया।

# जांच के लिए दो पुलिस कर्मी मुंबई रवाना

**अशोक गावंडे हत्याकांड**

- मेडिकल कालेज में हत्या कर केमिकल इंजीनियर का शव पानी की टंकी में डालने का मामला
- मृत इंजीनियर की संपत्ति के अलावा वहां के लोगों से जानकारी लेने के बाद वापस लौटेगी पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: महाराष्ट्र के केमिकल इंजीनियर अशोक गावंडे हत्याकांड के पर्दाफाश के लिए कोतवाली पुलिस व एसओजी पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है। केमिकल इंजीनियर की पैतृक संपत्ति के अलावा उनके बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए दो पुलिस कर्मियों को मुंबई भेजा गया है। दो दिन के अंदर यह टीम जांच कर वापस लौटेगी उसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

छह अक्टूबर को अशोक गावंडे का शव मेडिकल कालेज की पानी की टंकी से बरामद हुआ। उसके बाद मेडिकल कालेज में खलबली मच गई। पुलिस ने इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस की जांच में 27 सितंबर को अशोक मेडिकल कालेज के भूतल पर एक लगे सीसी कैमरे में दिखे हैं। उसके बाद उनके बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने मेडिकल कालेज के सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों व सफाईकर्मियों से पूछताछ की है, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो मेडिकल कालेज के सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर आंदोलन शुरू कर दिया। मांग किया कि अशोक के घर में पारिवारिक विवाद था, घटना का तार मुंबई से जुड़ा है। पुलिस इसकी जांच नहीं कर रही है। ऐसे में जांच अधिकारी प्रभारी निरीक्षक ने दो पुलिस कर्मियों को अशोक के घर मुंबई जांच के लिए भेजा है। एडिशनल एसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस साक्ष्य एकत्रित कर रही है। अशोक के घर, परिवार से भी आवश्यक जानकारी ली जा रही है।

# झुलसे युवक से सफदरगंज अस्पताल में मिले सांसद



दिल्ली के अस्पताल में भर्ती चंदन का हाल जानते सांसद रमाशंकर राजभर●

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: तेजाब अटैक से झुलसे पनिका गांव निवासी चंदन राजभर का दिल्ली के वर्धमान मेडिकल कालेज सफदरगंज हास्पिटल में उपचार चल रहा है। शुक्रवार को सलेमपुर के सांसद रमाशंकर राजभर अस्पताल में पहुंचे और स्वजन को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

मईल चौराहे पर पैसा व गहने के लेनदेन को लेकर एक सप्ताह पूर्व हुए विवाद में आभूषण दुकानदार ने पनिका निवासी चंदन पर तेजाब फेंक दिया था, जिससे चंदन और अन्य लोग झुलस गए थे, जिसमे चंदन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार कराया गया। स्थिति में सुधार न होने पर क्षेत्रीय जनता व कुछ कोचिंग सेंटर के पढ़ रहे छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों तथा ग्राम प्रधान के सहयोग से धन एकत्रित कर मौत व जिंदगी से जूझ रहे चंदन को उपचार के लिए लाखों रुपये का सहयोग कर उसे उपचार के लिए दिल्ली भेजा गया। वहां उपचार के बाद चंदन की हालत में सुधार हो रहा है।

# सड़क के किनारे खड़े दो युवकों पर पिकअप पलटी, एक की मृत्यु

## चौरीचौरा के समीप सतहवां चौराहा पर सुबह के समय हुई घटना

- घायल युवक बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती
- माता-पिता का एकलौता संतान था किशन साहनी

जागरण संवाददाता, देवरिया: देवरिया-गोरखपुर मार्ग के चौरीचौरा के समीप सतहवां चौराहा पर शुक्रवार की सुबह दो दोस्त चाय पीने के लिए बाइक के पास खड़े थे। इसी दौरान एक पिकअप अनियंत्रित होकर उन पर पलट गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई। दूसरे का बीआरडी मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है।



किशन साहनी • फाइल फोटो

गौरीबाजार के भटौली बुजुर्ग गांव के रहने वाले किशन साहनी (17 वर्ष) पुत्र राजू साहनी व दिनेश कुमार गुप्ता (17 वर्ष) पुत्र स्व. अजय गुप्ता बाइक से सतहवा चौराहा पर शुक्रवार की सुबह चाय पीने के लिए गए। दोनों सड़क के किनारे बाइक खड़ा कर चाय बनने का इंतजार कर रहे थे कि गोरखपुर की तरफ से आ रहा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों के घायल होने पर आसपास के लोग सीएचसी गौरी बाजार ले गए, जिसमें किशन को स्वजन महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज की इमरजेंसी ले आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह माता-पिता का एकलौता संतान था। इस घटना से स्वजन गम में डूब गए हैं। दिनेश को उसके स्वजन बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए।

पोस्टमार्टम हाउस पर पूर्व ग्राम प्रधान विजय बहादुर निषाद, जितेंद्र यादव, अंकित निषाद आदि स्वजन को ढांढस बंधाने में लगे रहे।

# सरदार पटेल को किया याद, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



सोहनपुर में पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिपं अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र • जागरण



थाना घाट से दौड़ते क्षेत्राधिकारी राकेश चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष दिनेश मौर्य • जागरण

जागरण टीम, देवरिया: देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर लोगों ने उन्हें याद किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया।

रामपुर कारखाना संवाद सूत्र के अनुसार, सरदार पटेल बालिका इंटर कालेज में सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, एसपी संजीव सुमन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कालेज से लेकर उपनगर तक यात्रा निकाली। प्रबंधक पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर व्यापारी नेता पुरुषोत्तम मरोदिया, शक्ति गुप्ता, राजेश पासवान, सत्यप्रकाश पांडेय, भुवनेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे। मां उर्मिला देवी महाविद्यालय में पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। प्राचार्य डा.रजनी त्रिपाठी, अमरनाथ चौरसिया आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश वर्मा व अध्यक्ष शिवकुमारी देवी के नेतृत्व में पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि कर लोगों ने उन्हें नमन किया।

मदनपुर संवाद सूत्र के अनुसार, उपनगर मदनपुर स्थित अनंत आदर्श कुंज बिहारी राव इंटर कालेज गनियारी, जनता इंटर कालेज गोला, हनुमान विद्या मंदिर इंटर कालेज बरांव में लौह पुरुष की जयंती मनाई गई। समाधीश्वर नाथ मंदिर मठिया तिवारी के परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस दौरान सदानंद सिंह, राणा प्रताप राव, चंद्रशेखर कश्यप, सुग्रीव प्रसाद, दयाशंकर मद्धेशिया, अमरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। तरकुलवा संवाद सूत्र के अनुसार, थाने परिसर में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने पुलिसकर्मियों को एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद रामचंद्र इंटर कालेज में रन फार यूनिटी के लिए दौड़ लगाई। दुष्यंत, नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, रविंद्र किशोर कौशल, ब्लाक प्रमुख राम अशीष गुप्ता, रामाश्रय गुप्ता, राजेश सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर संवाद सूत्र के अनुसार, सतासी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य बीएन कुशवाहा व जनता इंटर कालेज में प्रधानाचार्य विभारानी के नेतृत्व में पटेल की जयंती मनाई गई। रन फार यूनिटी का आयोजन भी किया गया। स्लोगन व बैनर के साथ छात्र- छात्राओं ने दौड़ लगाई।

पटेल को किया याद : सलेमपुर: भाजपा कार्यालय पर लौह पुरुष की जयंती मनाई गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पुनीत यादव, राज्यमंत्री के प्रतिनिधि राममनोहर शर्मा, राजीव मिश्र, शेषनाथ भाई, अखिलेश योगी, सोनू यादव, सिद्धार्थ गौतम, भानु मिश्र आदि मौजूद रहे। तहसील सलेमपुर में एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, तहसीलदार अलका सिंह, नायब तहसीलदार गोपालजी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सदानंद कुशवाहा ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कोतवाली में पुलिस बल के जवानों व सभासदों ने दौड़ लगाई। मईल संवाद सूत्र के अनुसार, कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल व मईल पुलिस ने रन फार यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। निदेशक वीरेंद्र कुमार चौधरी व प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

एकता की दिलाई गई शपथ : बरहज: सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती अवसर पर सीओ राजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों व लोगों ने थाने से लेकर नगरपालिका गेट तक दौड़ लगाई गई। उन्होंने सभी को निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष दिनेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे। तहसील सभागार में एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तहसीलदार अरुण कुमार, नायब तहसीलदार रविंद्र आदि मौजूद रहे। बीआरडीबीडी पीजी कालेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्राचार्य प्रो.शंभुनाथ तिवारी, डा.अरविंद पांडेय,प्रो. विनीत पांडेय, उमेश, डा.मंजू यादव आदि मौजूद रहे। कपरवार संवाद सूत्र के अनुसार, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। इस दौरान राधारमण त्रिपाठी, रमेश कुमार राव, कमलेश सिंह, शंभू पाठक, सीमा सिंह आदि मौजूद रहीं।

सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया: पंडित गिरीशचंद्र : भाटपाररानी: सरदार पटेल की जयंती सोहनपुर में मनाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष पं.गिरीशचंद्र तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। हम सभी को उनसे सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे युग पुरुषों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं। यह कार्य आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया। पूर्व सांसद सलेमपुर रविंदर कुशवाहा ने कहा कि सोहनपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा मेरे पिता स्व.हरिकेवल प्रसाद ने लगवाई। सरदार पटेल से सीख लेकर हमें समाज हित में कार्य करना चाहिए।

इस मौके पर जयनाथ कुशवाहा, बादल सिंह रघुवंशी, सीमा कुशवाहा, संतोष पटेल, सिकंदर मौर्या, नागेंद्र प्रसाद, श्याम बिहारी कुशवाहा, अवधेश सिंह पटेल आदि मौजूद रहे। खामपार थाना में थानाध्यक्ष प्रदीप आस्थाना के नेतृत्व में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। उपनगर में रन फार यूनिटी में सीओ अंशुमान श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने रतसिया मोड़ से थाना गेट के रास्ते होते हुए फुलवरिया चौराहा तक दौड़ लगाई। प्रभारी थानाध्यक्ष आहुत कुमार यादव, एसआइ जितेंद्र कुमार यादव, दुर्गेश बरनवाल आदि मौजूद रहे।

पटेल की जयंती पर पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा : लार: थाने की पुलिस व लोगों ने सरदार पटेल की जयंती पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में रन फार यूनिटी के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। थाना गेट से रावतपार अमेठिया गेट तक दौड़ लगाई व वापस थाना गेट पर समाप्त हुई। इस दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज अश्वनी प्रधान, मेहरौना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

संवाद सूत्र खुखुंदू के अनुसार थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। संवाद सूत्र भटनी के अनुसार थाना के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में रन फार यूनिटी के लिए दौड़ लगाई।

भाटपाररानी के बड़का गांव में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, सुरेश तिवारी, विशंभर पांडेय, हिमांशु कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए समर्पित रहा पटेल का जीवन

राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़े सांसद शशांक मणि समेत तमाम लोग, आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम, लोगों ने ली शपथ







[illegible]











# शादी का झांसा देकर बनाता रहा शारीरिक संबंध, भेजा गया जेल

संवाद सूत्र, बरहजः नगर की एक युवती से शादी का झांसा देकर चार माह से शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर आरोपित युवक आनाकानी करने लगा। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पीड़ित युवती का मदनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले शिवकुमार पुत्र सहावल प्रसाद से संबंध था। युवती का आरोप है कि शिवकुमार ने उसका परिचय छह माह पूर्व हुआ।

दोनों के बीच प्यार पनपा तो शिवकुमार ने शादी करने का भरोसा देकर चार माह पूर्व पहली बार दुष्कर्म किया। इसके बाद वह शादी से मुकर गया। थाना अध्यक्ष दिनेश मौर्य ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को उसे जेल भेज दिया गया है।

# दो वाहनों से बिहार ले जा रहे शराब के साथ पांच गिरफ्तार

## पुलिस को आशंका, चोरी के हो सकते हैं बरामद दोनों वाहन

- बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये
- बिहार सीमा के प्रतापपुर में पुलिस ने पकड़ी शराब की खेप

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर से पुलिस ने शराब से भरे दो लग्जरी चार पहिया वाहनों को चेकिंग के दौरान शुक्रवार की भोर में दो बजे पकड़ा। इन वाहनों में 83 पेटी अंग्रेजी शराब लदी थी। पुलिस ने दोनों वाहनों में बैठे पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें विरुद्ध आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है।

जिले में शराब तस्करी और गो तस्करी रोकने के लिए एसपी ने विशेष निगरानी टीम का गठन किया है। इसी क्रम में श्रीरामपुर थाना क्षेत्र से शराब को बिहार ले जाने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने भोर में दो बजे प्रतापपुर में घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। जब पुलिस ने दो संदिग्ध लग्जरी वाहनों को रोका, तो उनके चालक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रोक लिया और दोनों वाहनों में सवार पांच शराब तस्करों को दबोच लिया।



श्रीरामपुर थाना में पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर • जागरण

तस्करों की पहचान बिहार के सिवान जनपद के मैरवा थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव के रहने वाले विकास कुमार यादव पुत्र नंद किशोर चौधरी, रवि कुमार पुत्र स्व. रुदल, बलिया जनपद के उभाव थाना क्षेत्र के बिगह गांव के रहने वाले प्रदुम्न सिंह पुत्र मार्कंडेय सिंह, सिवान के गुठनी थाना क्षेत्र गड़ेरिया गांव के रहने वाले संदीप कुमार यादव पुत्र लल्लन यादव व सिवान के मैरवा थाना क्षेत्र के गुलरबागा गांव के रहने वाले धर्मवीर कुमार सिंह पुत्र रामनाथ के रूप में की गई। पुलिस को आशंका है कि दोनों लग्जरी वाहन भी चोरी के हैं। पुलिस जांच कर रही है। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष डा. महेंद्र कुमार, उप निरीक्षक झीनेलाल पासवान, उनि मनीष त्रिपाठी, उनि राघवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कैलाश पटेल, संजय कुशवाहा मौजूद रहे।

# केजीएमसी लखनऊ में चल रहा गोली से घायल युवक का उपचार

संवाद सूत्र, भागलपुरः नकाबपोश बदमाशों के गोली मारने से घायल अनमोल को बाबा राघवदास मेडिकल कालेज से भी डाक्टर ने रेफर कर दिया है। किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ में उपचार चल रहा है। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उधर, स्वजन के इलाज में व्यस्त होने के चलते पुलिस को किसी ने तहरीर नहीं दी है। इसके चलते इस घटना में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। फिर भी पुलिस एक युवती व कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मईल क्षेत्र के जिरासो गांव निवासी अनमोल मिश्र पुत्र रमाकांत मिश्र गुरुवार को दरवाजे पर कुछ नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने मेडिकल कालेज में एक वीडियो में पुलिस से बताया है कि हमारे ऊपर प्रेम प्रसंग के मामले में गोली चलाई गई है। पुलिस आरोपितों को दबोचने के लिए छापेमारी कर रही है। गोली चलने के पीछे प्रेम प्रसंग होने का मामला होने से पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है और उसके चाचा को भी बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि अनमोल युवती से शादी करना चाहता था। स्वजन के तैयार नहीं होने के चलते वह हमेशा परिवार को धमकाता था। दो साल पहले युवती इलाहाबाद एसएससी की तैयारी करने गई थी। अनमोल भी वहीं तैयारी करता था। वहां भी वह युवती को परेशान करने लगा। परेशान होकर युवती एक साल इलाहाबाद रहने के बाद पढ़ाई छोड़कर घर आ गई। युवती के पिता का देहांत 2002 में हो गया था। चाचा शहर में मुर्गा दाना की दुकान पर नौकरी करते हैं। दादा की पेंशन से परिवार का खर्चा चलता है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर अभी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज की जाएगी।

## मारपीट में सात नामजद समेत अज्ञात 20 लोगों पर मुकदमा

संसू, बरियारपुर: हरपुर कला गांव में मंगलवार की रात एक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में पुलिस ने गुरुवार को एक पक्ष से सात नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले में चार आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया। हरपुर कला निवासी हरिनारायण गुप्ता के घर मंगलवार की रात कोशी कार्यक्रम चल रहा था। गांव के टैंपू पुत्र डेबा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो मारपीट में बदल गई। घटना के बाद बुधवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध थाने में तहरीर दी थी।

## निर्माणाधीन पुल के पास ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक

जासं, भाटपाररानीः चनुकी-सोहगरा मार्ग पर ग्राम दीस्तौली के निकट दोन नाला पर पुल के निर्माण के कारण लोक निर्माण विभाग ने बड़े वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। शुक्रवार को दोपहर में रिमझिम बरसात के बीच एक ट्रक चालक ने मनमानी करते हुए कई बोरा गेहूं का बीज लेकर पुलिया पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिया का एप्रोच मार्ग धंस गया और ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने का आभास होते ही चालक कूद गया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। थाना प्रभारी आहूत यादव ने बताया कि घटना की जानकारी है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## तालाब में दवा से मछली मरने के मामले में दो लोगों पर मुकदमा

संवाद सूत्र, खुखुंदूः एक सप्ताह से चल रहे मछली विवाद के बाद आखिरकार पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई।

झिल्लीपार पड़री गांव निवासी प्रमिला देवी पत्नी चंद्रकेश राजभर ने आरोप लगाया कि पति के नाम से तालाब पट्टा है, तालाब में मत्स्य पालन किया गया है। छठ पर्व को लेकर तालाब के किनारे दवा छिड़काव के चलते मछलियां मरने का आरोप लगाया था, जिसको लेकर कई दिनों माथापच्ची चल रही थी, बात न बनने पर पुलिस अरविंद सिंह व लक्की राजभर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में छूट गई।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मछली मरने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# खिलाड़ियों के संग दौड़े सांसद, दिया एकता का संदेश

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई दौड़

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को जिलेभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं, विशिष्ट व्यक्तियों और आम लोगों ने एकता के लिए दौड़ लगाई।

शहर के रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में सदर सांसद शशांक मणि, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एस एन सिंह व भाजपा पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के साथ दौड़ लगाई। इससे पूर्व सांसद और जिलाध्यक्ष ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



भाटपाररानी में दौड़ लगाते सीओ अंशुमान श्रीवास्तव व अन्य। संवाद

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सदर सांसद ने कहाकि सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह दौड़ हमें सरदार पटेल की विरासत पर एकजुट होकर देश के लिए काम करने की प्रेरणा देती है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ दौड़ लगाने का उद्देश्य देश के प्रति एकजुटता और समर्पण की भावना को प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा।

प्रदेश प्रवक्ता एसएन सिंह ने कहाकि सरदार पटेल के आदर्श हमें देश के लिए काम करने और एकजुट रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अभिषेक राय अंकुर, अजय शाही, नीरज शाही, महामंत्री प्रमोद शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। रुद्रपुर संवाद के अनुसार लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर कोतवाली पुलिस ने एकता के लिए दौड़ लगाई। कोतवाल कल्याण सिंह के नेतृत्व में पुलिस और एनसीसी के कैडेडो ने नगर में मार्च किया। वहीं जनता इंटर कालेज पिपरा कछार में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विभारानी राय द्वारा छात्र और शिक्षक संकल्प दिलाने के बाद रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि सरदार ने 562 रियासतों का भारत में विलय करके भारतीय संघ का निर्माण किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार राय, विजय शुक्ल, रंजीत प्रसाद, संजय ठकुराई, राजकपूर सिंह आदि उपस्थित रहे। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र में देवरिया कसया मार्ग पर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने एकता दौड़ लगाई।

सोनूघाट संवाद के अनुसार क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य विनोद कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार तिवारी, विनोद तिवारी, आशुतोष मिश्र, स्नेहा सिंह, दीक्षा यादव, संजीव मद्धेशिया, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

देसही देवरिया संवाद के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एपीओ आलोक कुमार श्रीवास्तव, नागेन्द्र सिंह, सुधीर सिंह, प्रमोद कुमार, अमित वर्मा, रामअधार सिंह, रामवृक्ष राम, श्याम, विनोद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

भलुअनी संवाद के अनुसार श्रीकृष्ण शिक्षा संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज के पास रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी, जनप्रतिनिधि और छात्रों सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व सभी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को शिद्दत से याद किया। सुबह करीब आठ बजे अंडर ट्रेनिंग सीओ विनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभारम्भ किया। सभी ने भलुअनी से बहोर धनौती तक करीब एक किलो मीटर तक दौड़ लगाया। मईल संवाद के अनुसार स्थानीय चौराहे पर पुलिस द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन ऑफ यूनिटी का शुक्रवार को सुबह 8 बजे से आयोजन किया गया।

इसमें पुलिस, छात्र 5छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ में राष्ट्रीय गीत के साथ पुलिस व छात्र छात्राएं हाथ में तिरंगा झंडा व स्लोगन लिखे चार्ट लेकर चल रहे थे।

# एक सप्ताह बाद घर लौटीं लापता दो सगी बहनें

## 24 अक्तूबर को रहस्यमय हालात में लापता हो गईं थीं दोनों

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** रहस्यमय ढंग से लापता हुई स्कूल पढ़ने गई दोनों नाबालिग बहनें शुक्रवार को सकुशल घर लौट आई हैं। दोनों के घर लौटने से परिजनों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 और 11 वर्षीय दो बहनें बंजरिया स्थिति एक कान्वेंट स्कूल में पढ़ती हैं। 24 अक्तूबर की सुबह करीब 7:30 बजे दोनों स्कूल के वैन से पढ़ने गई थीं। स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटते समय दोनों रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थीं। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की थी। दोनों की मां ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कर लापता दोनों बहनों की तलाश में जुट गई थी। 25 अककूबर को दोनों बहनें दिल्ली रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने वहां के बाल संरक्षण गृह में भेजने के बाद स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी थी। उसी दिन पुलिस टीम के साथ परिजन दोनों को लाने दिल्ली रवाना गए थे, मगर त्योहार के चलते कोर्ट बंद था। लिहाजा उन्हें लौटना पड़ा था।

छुट्टियों के खत्म होने के बाद कोर्ट के खुलने पर पुलिस परिजनों को लेकर पुनः दिल्ली गई और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों बहनों को लेकर लौट आई। पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया।

थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि लड़कियों का बयान और मेडिकल कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# नकाबपोश शूटर बेनकाब...पर नहीं आया पुलिस के हाथ

## खुखुंदू क्षेत्र के खजुरी करौता मठकेशोराम में हुई थी कुशीनगर के युवक की हत्या, वारदात के साढ़े पांच माह बाद भी नहीं पकड़ा गया मुख्य हत्यारोपी

फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** खजुरी करौता मठकेशोराम में साढ़े पांच माह पहले आई बरात में कुशीनगर के तेज बहादुर उर्फ राजन यादव की गोली मारकर की गई हत्या में नकाबपोश शूटर को पुलिस ने बेनकाब तो कर दिया, मगर अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।

वारदात में शामिल दो नामजद हत्यारोपी जमानत पर बाहर आ चुके हैं। मुख्य हत्यारोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार डर के साए में जी रहा है। उधर, पुलिस का कहना है कि नकाबपोश सेना का जवान संदीप निषाद वारदात के बाद अब तक तैनाती स्थल पर भी नहीं पहुंचा है।

हालांकि पुलिस जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के रामपुर झुरियां निवासी दीपक गिरी के बेटे मनीष गिरी की बरात 22 मई की रात को खुखुंदू थाना क्षेत्र के खजुरी करौता के मठकेशोराम निवासी अनिल गिरी के यहां आई थी। बरात में दूल्हे के पिता के बेहद करीबी रहे गांव निवासी तेज बहादुर उर्फ राजन यादव भी पहुंचे थे।

द्वारपूजा के बाद जयमाल की तैयारी चल रही थी। इसी बीच तेज बहादुर उर्फ राजन यादव को भोजन करते समय नकाबपोश शूटर ने बरात के बीच आकर उनकी कनपटी पर असलहा सटा ताबड़तोड़ दो गोलियां दाग दी थीं। वारदात को अंजाम देने के बाद बेखौफ शूटर वहां से असलहा लहराते हुए भाग निकला था। पुलिस ने उसी समय इस मामले में राजन के गांव निवासी पप्पू भारती और रणधीर निषाद को नामजद करते हुए नकाबपोश शूटर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने नामजद पप्पू भारती और रणधीर निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया था, जबकि लंबे समय तक पुलिस नकाबपोश शूटर की पहचान सार्वजनिक नहीं की। पुलिस ने नामजद हत्यारोपियों की जमानत के बाद नकाबपोश शूटर को बेनकाब किया। इन दिनों दोनों नामजद आरोपी जमानत पर बाहर आ चुके हैं, मगर पुलिस अब तक मुख्य हत्यारोपी की गिरफ्तारी भी नहीं कर पाई है।

राजन के दोस्त दीपक गिरी का कहना है कि हाल ही में मुख्य हत्यारोपी सेना के जवान संदीप की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वह लोग देवरिया एसपी से मिलने पहुंचे थे। जब एसपी नहीं मिले तो एएसपी दक्षिणी सुनील कुमार सिंह से मुलाकात कर गिरफ्तारी की मांग की गई। मुख्य हत्यारोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से राजन का परिवार दहशत के साए में जी रहा है।

### अब भी उस मनहूस घड़ी को याद कर डर जाते हैं ग्रामीण

अब भी उस मनहूस घड़ी को याद कर मठकेशोराम गांव के ग्रामीण डर जाते हैं। वारदात के बाद पंडितजी ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में पलभर में ही दुल्हा-दुल्हन की शादी करा दी थी। दुल्हन के पिता अनिल गिरी से बृहस्पतिवार को जब बात हुई तो उन्होंने कहा कि जिले का चर्चित हत्याकांड होने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता। जबकि दोनों नामजद हत्यारोपियों की जमानत भी हो गई।

*नकाबपोश शूटर को बेनकाब करने के बाद पुलिस उसके तैनाती स्थल तक पहुंची थी। वारदात के बाद वह वहां भी गया नहीं है। एसओजी और खुखुंदू पुलिस गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। मुख्य हत्यारोपी पर एनबीडब्ल्यू की कार्रवाई की जा चुकी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।* **–सुनील कुमार सिंह, एएसपी दक्षिणी**

# 83 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने दो लग्जरी वाहन भी किए जब्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोहनपुर/प्रतापपुर।** प्रतापपुर पुलिस चौकी से महज सौ मीटर दक्षिण स्थित पेट्रोल पंप के पास से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को रात्रि गश्त के दौरान दो लग्जरी वाहनों के साथ पांच तस्करों को 83 पेटी अंग्रेजी शराब गिरफ्तार कर लिया। दोनों वाहनों पर एक ही नंबर की प्लेट लगी थी। दोनों गाड़ी चोरी की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, श्रीरामपुर पुलिस रात में रात मेंदो बजे गश्त कर रही थी। इस बीच प्रतापपुर में एक पेट्रोप पंप के पास दो लग्जरी गाड़ियां खड़ी दिखीं। गाड़ियों की जांच करने पर 83 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। मौके से पांच लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।



पकड़े गए शराब तस्कर ।

इनमें बिहार के सिवान के मैरवां थाना क्षेत्र के बिलासपुर निवासी विकास कुमार यादव और रवि कुमार, बलिया के उभांव थानाक्षेत्र के बिगह निवासी प्रदुम्न सिंह, बिहार के सिवान जिला के गुठनी थाना निवासी संदीप कुमार यादव और सिवान जिला के मैरवा थाना के गुलरबागा निवासी धर्मबीर कुमार सिंह शामिल हैं।

पुलिस ने बताया बरामद शराब व वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। तस्करों के पास से पांच मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

# पोस्टमास्टर से तीन युवकों ने 48 हजार रुपये लूटे

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** डाक विभाग के एक ब्रांच के पोस्ट मास्टर से 48 हजार रुपये की लूट का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 व थाने की पुलिस टीम ने वारदात स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत कर पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के बजर केरहिया गांव निवासी बांके बिहारी यादव सिरसिया खोहिया उप डाकघर में ग्राम डाक सेवक के साथ ही ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को ऑनलाइन शिकायत कर बताया है कि 28 अक्तूबर को उप डाकघर की शाखा से लेनदेन पूरा करने के बाद वह शाम करीब पांच बजे वह घर लौट रहे थे।

## गढ़रामपुर पुलिस चौकी के पास वारदात को दिया अंजाम

तरकुलवा थाना क्षेत्र के देवरिया-कसया मार्ग पर गढ़रामपुर पुलिस चौकी के पास पहुंचे थे। इसी बीच तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। वह कुछ समझ पाते तब तक उनसे तीनों हाथापाई करने लगे और उनके हाथ से जबरदस्ती रुपये से भरा बैग छीनकर भाग गए। पीड़ित ने बताया है कि उनके बैग में पोस्ट ऑफिस का 48 हजार रुपये रखा हुआ था।

थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की है। शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सलेमपुर।** भटनी-वाराणसी रेल मार्ग पर बरसीपार छावनी टोला गांव निवासी मनोज यादव (35) पुत्र गोपाल यादव गांव के सामने शुक्रवार शाम ट्रेन के चपेट आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार वालों के मुताबिक, वह मंद बुद्धि का था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। कोतवाल महेंद्र कुमार चतुर्वेदी नें बताया कि एक युवक ट्रेन से कट गया था। संवाद

# चाय पी रहे तीन लोगों पर बेकाबू पिकअप पलटी, किशोर की मौत

## भटौली बुजुर्ग के लोग गोरखपुर के पिपरहियां में सड़क किनारे दुकान पर पी रहे थे चाय

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरी बाजार।** भटौली बुजुर्ग गांव के तीन युवक शुक्रवार की मझना नाला पार गोरखपुर के पिपरहियां में शुक्रवार की सुबह एक दुकान पर सड़क के किनारे खड़े होकर चाय पी रहे थे।

इसी बीच गोरखपुर से देवरिया जा रही एक ओवरलोड पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। पिकअप के नीचे दबकर कृष्णा लाल(15) की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से नीचे दबे युवकों को निकाला गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम भटौली बुजुर्ग निवासी दिनेश गुप्ता (19) पुत्र अजय गुप्ता अपने दोस्त संतोष (17) पुत्र छोटेलाल व कृष्णा लाल उर्फ किशन साहनी (15) पुत्र राजू साहनी के साथ सुबह करीब 7:30 मझना नाले पार के पास गए थे। गोरखपुर-देवरिया सीमा पर पिपरहियां गांव के पास एक दुकान पर खड़े होकर चाय पी रहा था।

इसी बीच गोरखपुर से देवरिया सामान लेकर जा रही ओवरलोड पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क किनारे चाय पी रहे युवक पिकअप के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से उन्हें निकाला गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचित करते हुए तीनों घायलों को जिला अस्पताल देवरिया भेजवाया।

जहां कृष्णा लाल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दिनेश गुप्ता की गंभीर स्थिति देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। एक निजी चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा है। चौरीचौरा पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग

**गौरी बाजार।** सड़क हादसे में किशोर की मौत की सूचना से माता-पिता सदमे में है। कृष्णा लाल उर्फ किशन साहनी अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। पिता राजू साहनी सूचना मिलते ही बोझिल कदमों से सऊदी अरब से घर के लिए रवाना हो गए हैं। घर पर अकेली मां सीमा देवी को जब पुत्र के मौत की सूचना मिली तो वह बेहोश हो गई। किशन सातवीं का छात्र था। परिवार के इकलौते चिराग के बुझने से गांव में मातम पसर गया है।

# 302 और 307 गैंग की फिर धमक...पुलिस को दे रहे चुनौती

## अब शहर में सक्रिय हुआ गैंग, पुलिस पहले भी गुर्गों को भेज चुकी है जेल, भलुअनी क्षेत्र के रहने वाले एक गुर्गे ने भाजपा नेता को रंगदारी के लिए दी थी धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

*जिले में सोशल मीडिया पर जितने गैंग सक्रिय हैं, उनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस ट्रेस कर कार्रवाई कर रही है।*
*-संजीव सुमन, एसपी देवरिया*

**देवरिया।** 302 और 307 गैंग की सक्रियता जिले में फिर बढ़ गई है। गैंग के गुर्गे लूट, छिनैती, बाइक चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देने अलावा इलाके में भौकाल बनाना इनका पेशा बन गया है।

पूर्व में हुई कार्रवाई से गैंग के गुर्गे इलाका छोड़ कर भाग गए थे, मगर रंगबाजी से बाज नहीं आए। शहर के अलावा भलुअनी, तरकुलवा, लार और सलेमपुर इलाके में इस गैंग का उपद्रव अधिक है। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर इलाके में दहशत फैलाना इनका पेशा बन गया है। डर की वजह से कोई शिकायत करने के लिए सामने नहीं आता है और पुलिस शिकायत मिलने पर कार्रवाई की दलील देती है। इसका लाभ गैंग के गुर्गे उठाते हैं।

कुछ माह पहले तरकुलवा थाना क्षेत्र के रहने वाले मनबढ़ युवक रौशन शर्मा, 005 के नाम से गैंग बनाकर लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे, मगर पुलिस मुठभेड़ में दो मनबढ़ों को गोली लगने से बाद विलुप्त हो गए थे। समय बीतते ही यह गिरोह 007 और 302 के गैंग के नाम से संचालित होने लगा। थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे मनबढ़ युवाओं का गैंग पुलिस के लिए फिर दर्द बन चुका है।

तत्कालीन एसपी विक्रांत वीर की सख्ती के बाद तरकुलवा पुलिस ने 007 और 302 गैंग से जुड़े 11 गुर्गों को गिरफ्तार किया था। यह रील बनाकर इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे। लार में 302 और 307 गैंग सामने आने पर 26 जनवरी को उसके उत्पात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को इंस्टाग्राम पर भय फैलाने वाला वीडियो डालने वाले रात दबिश देकर उठा लिया था। यह बाइक में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर चलते थे। इसकी शिकायत पुलिस को काफी दिनों से मिल रही थी।

कुछ माह पहले एक कार्यक्रम में पुलिस पहले से नजर लगाई हुई थी। वहीं से 11 युवकों को थाने लाकर पूछताछ की तथा उनकी तीन बाइकों को सीज कर दिया था। लोगों के अनुसार, भलुअनी में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हत्या के दो आरोपी स्टंट व रील बनाते गैंग के गुर्गों के साथ दिख रहे थे। वहीं अन्य वीडियो में अलग-अलग गैंग में शामिल कई मनबढ़ों पर मीडिया पर अभद्र टिप्पणी सहित कई मामले दर्ज हैं।

मदनपुर क्षेत्र में 302, 307, 333 व मच्छर दर्शन बादशाह नामक गैंग बनाकर मनबढ़ों ने क्षेत्र में अराजकता फैला दी थी। मदनपुर पुलिस ने गैंग से जुड़े 14 गुर्गों को दबोच लिया था। इसी बीच भलुअनी क्षेत्र में लगातार कई वीडियो वायरल हुए थे। पुलिस ने इनके खिलाफ भी कार्रवाई की थी।

इसके अलावा लार कस्बे में 307 गैंग के गुर्गों ने मारपीट की थी। इसमें पुलिस तक मामला पहुंचा था, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। क्योंकि पंचायत में मामला सलट गया था। यह गैंग इलाके में अब भी सक्रिय है।

### नदी में कूदने जा रही महिला को बचाया

**तरकुलवा।** पटनवा पुल से छोटी गंडक नदी में कूदने जा रही एक महिला को पुलिस ने बचा लिया। पूछताछ के बाद परिवार वालों को बुलाकर उसे सौंप दिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की 45 वर्षीय महिला का शुक्रवार को किसी बात को लेकर ससुर से विवाद हो गया था। इसके बाद वह नाराज होकर पटनवा पुल पहुंच गई। वह नदी में छलांग लगाने के लिए टहल रही थी, तभी कुछ लोगों की उस पर नजर पड़ गई। इसी बीच थाने से लौट रहे हल्का दरोगा सुरेंद्र सिंह भीड़ देखकर रुक गए। उन्होंने मामला समझ लिया। एसआई महिला को थाने ले लाए परिवार वालों को सूचना देकर थाने बुलाया और समझा-बुझाकर उसे पति के साथ घर भेज दिया। संवाद

# पुलिस देती रही दबिश, पकड़ में नहीं आए आरोपी

## खुखुंदू क्षेत्र के सिसवार गांव के पास झोलाछाप पर जानलेवा हमले का मामला

**फॉलोअप**

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**खुखुंदू।** क्षेत्र के सिसवार गांव में झोलाछाप डॉक्टर पर धारदार हथियार से हुए जानलेवा हमले में पुलिस बृहस्पतिवार की रातभर धोबी और आसपास गांवों में दबिश देती रही, मगर एक भी आरोपी पकड़ में नहीं आए।

पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उधर, घायल झोलाछाप का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर और धाराएं बढ़ाने की तैयारी में है। बता दें कि खुखुंदू क्षेत्र के परसिया बंशी उर्फ भरथुआ गांव निवासी गोलू गुप्ता (27) की गांव के चौराहे पर मेडिकल स्टोर है।

बुधवार को वह क्षेत्र के सिसवार गांव निवासी रामप्यारे यादव के घर उनकी पत्नी बेइला देवी (65) को इंजेक्शन लगाने गया था, जहां धोबी गांव के युवकों ने उसपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने गोलू की तहरीर पर धोबी गांव के पांच आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देने लगी। पुलिस ने इस मामले में पांच संदिग्धों को उठाया भी था।

बृहस्पतिवार की शाम को तीन को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। दो संदिग्ध अब भी हिरासत में हैं। सूत्रों की मानें तो बृहस्पतिवार की पूरी रात पुलिस की गाड़ी धोबी समेत आसपास गांवों में दौड़ती नजर आई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुछ संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई है। अब पुलिस आरोपियों की रिश्तेदारियों में दबिश देने की तैयारी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार धोबी गांव में दौड़ती भागती नजर आ रही है। थानेदार दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि कुछ संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई है। जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अभी और धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

# मेडिकल कॉलेज कांड : अशोक के भाई से जानकारी जुटाने फिर मुंबई गई पुलिस

## गार्ड और वार्ड में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ में परिवार से जुड़ी बातें आईं थीं सामने

**फॉलोअप**

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के पानी की टंकी में महाराष्ट्र के अशोक का शव मिलने की गुत्थी सुलझने में लगी पुलिस को गार्ड और स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ में कई अहम जानकारी हाथ लगी है। इसकी पुष्टि के लिए कोतवाली पुलिस मुंबई पहुंच गई है।



अशोक। फाइल फोटो

वहां से अशोक के भाई से पुलिस ने संपर्क कर पूछताछ के दौरान मिली जानकारी की पुष्टि कराएगी। मामला कहां तक सही निकला है, यह मुंबई गई पुलिस टीम के लौटने के बाद ही पता चलेगा।

महाराष्ट्र के अशोक गावंडे (61) की लाश छह अक्तूबर को मेडिकल कॉलेज के पानी की टंकी में मिली थी। तीन दिन बाद गोरखपुर के हुमायुंपुर दक्षिणी निवासी साले प्रफुल्ल और अशोक की पत्नी ने देवरिया मोर्चरी हाउस पहुंचकर शव की पहचान की थी। साले की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है।

### जांच की कड़ी में पुलिस ने किया शामिल

पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अशोक के शरीर पर आठ से अधिक स्थानों पर चोट के निशाना मिले थे। गोरखपुर से देवरिया मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में इलाज के बाद सर्जिकल वार्ड में पैर में हुए घाव का इलाज कराने के लिए 25 और 27 सितंबर को अशोक भर्ती हुआ।

इसके बाद लापता हो गया था और उसका शव पानी की टंकी में मिला था। पुलिस सर्विलांस सेल और सीसीटीवी कैमरे से साक्ष्य जुटाने के बाद गार्ड और बेड से लापता होने के दौरान जिसकी वार्ड में ड्यूटी थी। उन कर्मचारियों से पुलिस कई राउंड पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा सफाईकर्मी समेत वार्ड में उस दिन भर्ती मरीजों को भी पुलिस कोतवाली बुलाकर उनका बयान दर्ज किया था। सभी से अलग-अलग हुई पूछताछ में कई बातों की जानकारी पुलिस के हाथ लगी है।


अशोक के भाई से जानकारी लेने मुंबई जा सकती है पुलिस

30 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

अशोक के परिवार से जुड़ी कई बातें भी कर्मचारियों ने बताया है, जो पत्नी से जुड़ा था। पुलिस इसकी पुष्टि के लिए मुंबई अशोक के भाई के पास गई है। वहीं स्वाट टीम शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में फिर पहुंची थी। परिसर में इधर-उधर घूमने के बाद चली गई।

सीओ सिटी संजय रेड्डी ने बताया कि पूछताछ के दौरान कई बातें सामने आई हैं। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस काम कर रही है। जल्द ही वारदात का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# नकाबपोशों की तलाश में रातभर दबिश

## दरवाजे पर खड़े युवक को गोली मारने का मामला, केजीएमसी लखनऊ में चल रहा इलाज

**फॉलोअप**

संवाद न्यूज एजेंसी

भागलपुर। प्रेम-प्रसंग में सीने में गोली लगने से घायल अनमोल मिश्रा (24) का इलाज लखनऊ के केजीएमसी में चल रहा है। बृहस्पतिवार को दरवाजे पर खड़े अनमोल को बाइक सवार तीन नकाबपोशों ने गोली मार दी थी।



अनमोल मिश्र।

सीने में फंसी गोली को निकालने के लिए शुक्रवार को उसका केजीएमसी में ऑपरेशन होने वाला था, मगर टल या। उधर, बृहस्पतिवार की रातभर एसओजी और पुलिस की तीन टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापा मारा, मगर कामयाबी नहीं मिल सकी।

पुलिस वारदात की तह में जाने के लिए एक युवती से भी पूछताछ कर रही है। हालांकि, पुलिस इस बात से इन्कार कर रही है। अनमोल के घर पर ताला लटक रहा है। बताया जा रहा है कि परिवार वाले लखनऊ में हैं। सूत्र बताते हैं कि जिस लड़की के लिए गोली चली है वह भी पहले प्रयागराज में रहती थी। अनमोल वहां भी उसके पीछे पड़ा था। इससे आजिज आकर लड़की के घर वालों ने उसे घर बुला लिया था। पीछे-पीछे अनमोल भी गांव आ गया था।

बताया जा रहा है कि अनमोल ने कुछ दिन पहले लड़की के घर वालों को धमकी भी दी थी।

जानकारी के अनुसार, मईल थाना क्षेत्र के जिरासो गांव निवासी अनमोल मिश्रा बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 3:30 बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी।

वह अचेत होकर गिर पड़ा था। पुलिस घायल अनमोल का बयान लेकर वारदात के पीछे का राज जानने में जुटी है। सूत्रों की मानें तो पुलिस की शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। उधर, सीओ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को दोबारा वारदात स्थल का जायजा लिया। आसपास के लोगों से वारदात की असल वजह जानने की कोशिश की।



घायल अनमोल के घर में लटक रहा ताला। संवाद

अनमोल के परिवार के लोग लखनऊ में अनमोल के साथ हैं। यही वजह है कि अनमोल के घर वालों ने अब तक तहरीर नहीं दी है। हालांकि, वारदात के बाद घायल अनमोल ने वीडियो जारी कर बताया था कि गांव के एक शख्स ने प्रेम प्रसंग में उसे गोली मरवाइ है। पुलिस टीम ने वारदात स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल नकाबपोशों की पहचान करने में जुटी हुई है।


दरवाजे पर खड़े युवक को बाइक सवार नकाबपोशों ने मारी गोली

31 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

तीन टीम नकाबपेशों की तलाश में लगी है। पुलिस नकापोशों के करीब पहुंच चुकी है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। **-राजेश कुमार चतुर्वेदी,** सीओ बरहज

इसके अलावा पुलिस की सर्विलांस, एसओजी व स्थानीय पुलिस बलिया लार, बरह मईल क्षेत्र में आरोपियों की तलाश कर रही है। एक युवती से पुलिस पूछताछ कर वारदात की कड़ियां जोड़ने में लगी है। पुलिस का कहना है तहरीर नहीं मिली है, मगर नकाबपोशों की तलाश की जा रही है।

**अनमोल की हालत अब भी गंभीर :** गोरखपुर से अनमोल बृहस्पतिवार की रात में लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज रेफर हो गया। गोली सीने से नीचे रीढ़ की हड्डी के पास फंसी है। ऑपरेशन कर गोली निकाली जाएगी।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-11-2025

# सीओ तमकुहीराज ने की रात्रि चेकिंग

**पडरौना।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देश पर जनपद में कानून एवं कानून व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रात्रि चेकिंग कराई जा रही है। गुरूवार की रात्रि पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज व दो थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों ने देर रात्रि तक जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, पीआर वी वाहनों व महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण व गहन चेकिंग की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने थाना सेवरही, तुर्कपट्टी, पटहेरवा व थाना कसया क्षेत्र में रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों चेकिंग की। इस दौरान रात्रि चेकिंग अधिकारी द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में भ्रमणशील पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया।

# 36 बैरियर से तस्करों की नाकेबंदी, रडार पर रहेंगे हाईवे के प्वाइंट

**शिकंजा**

- सीमाओं पर स्थायी बैरियरों के साथ तैनात रहेंगी पुलिस की मोबाइल टीमें
- 20 थानों के तीन दर्जन प्वाइंट पर बैरियर लगे, 24 घंटे शुरू हुई चेकिंग

■ संदीप त्रिपाठी

> पशु तस्करी समेत शराब तस्करी पर पूर्णतया रोक लगाने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिले में 36 बैरियर लगाए गए हैं। इन पर चौबीस घंटे नाकेबंदी की जा रही है। रात्रि चेकिंग अधिकारियों के अलावा तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष चौकसी बरतने का आदेश दिया गया है। इससे कि अपराधों पर पूर्णतया रोक लगाई जा सके। **केशव कुमार**, एसपी, कुशीनगर

**पडरौना**। जिले में पशु तस्करों की नाकेबंदी तथा अपराधों पर अंकुश लगाने को कुशीनगर पुलिस हाई अलर्ट मोड में काम कर रही है। एसपी कुशीनगर के रडार पर सीमावर्ती बार्डर एरिया समेत हाईवे से जुड़े संदिग्ध प्वाइंट हैं। ऐसे स्थानों का सर्वे कराकर जिले के 20 थानों के तीन दर्जन स्थानों का चिंह्नित करके उन्होंने बैरियर लगवा कर चौबीस घंटा नाकेबंदी करानी शुरू की है। बिहार सीमा से जुड़े बैरियरों पर पुलिस की निगाहबानी के साथ मोबाइल टीमों को लगाकर सबकी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रत्येक बैरियर पर एक उपनिरीक्षक समेत चार पुलिस कर्मियों को रात 10 बजे से भोर 5 बजे तक स्पेशल ड्यूटी लगाई है। इससे कि जिले से होकर होने वाली शराब, पशु तस्करी समेत अन्य अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगायी जा सके। भगवान बुद्ध की जन्म स्थली कुशीनगर में पहुंचने वाले लोगों को बैरियर के नाकेबंदी से गुजरना पड़ेगा। जनपद के 20 थाना क्षेत्र के 36 स्थानों पर चिंह्नित करके बैरियर लगाया गया है। व्यापक व सघन नाकाबंदी योजना के तहत जनपद के बिहार समेत सभी बार्डर एरिया समेत संवेदनशील मार्गो पर रात्रि चेकिंग योजना बनाकर नाकेबंदी शुरू हुई है। जनपद के मुख्य प्रवेश व निकास मार्ग पर स्थायी व अस्थायी नाके बैरियर के रूप में लगाए गए हैं। वहां पर वाहनों की सघन जांच की जायेगी। वहीं गो तस्करी समेत शराब तस्करी से जुड़े संदिग्ध नेटवर्क पर खुफिया सूचनाओं के आधार पर लगातार निगरानी की जायेगी। प्रत्येक बैरियर पर एक उपनिरीक्षक व तीन कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्र में 24 घंटे नाकेबंदी चलेगी। सीमाओं पर स्थायी बैरियर के अलावा मोबाइल टीमों को लगाया गया है। इन बैरियरों पर तैनात पुलिस कर्मी समेत मोबाइल टीमों की जवाबदेही तय की गई है। एसपी ने इस बैरियर पर तैनाती के लिए कुछ दिन पूर्व 58 उपनिरीक्षक व निरीक्षक समेत करीब ढाई सौ कांस्टेबलों का तबदला किया था। इसमें पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों को भी थानों पर ड्यूटी लगाई गई थी। इससे कि जांच के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत पैदा न हो सके।

**रास्ते से गुजरने वाले पिकअप पर विशेष निगरानी, तैयार होगी कुंडली:** जिले के बार्डर एरिया व हाइवे से जुड़े बैरियरों पर निगाहबानी के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनको रास्ते से गुजरने वाली पिकअप पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान उनकी पूरी कुंडली तैयार करने तथा किसी प्रकार की कमी मिलने पर तत्काल पिक अप को सीज करते हुए वाहन में सवार के खिलाफ कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया गया है। एसपी ने बैरियरों पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष चौकसी बरतने का आदेश दिया है। इसमें पशु तस्करों से जुड़े वाहनों में शामिल पिकअप को विशेष जांच करने का आदेश दिया है। इसके लिए प्रत्येक बैरियर पर एक रजिस्टर रखने तथा रास्ते से गुजरने वाले पिकअप का उसमें पूरा ब्यौरा रखने का आदेश है।

**किस थाना क्षेत्र में कितना लगा बैरियर:** तरयासुजान थाना क्षेत्र में दो, पटहेरवा, चौराखास, सेवरही, बरवांपट्टी में एक-एक बैरियर, तमकुहीराज में दो, विशुनपुरा में तीन, कसया में दो, कप्तानगंज में तीन, हाटा में एक, अहिरौली बाजार में तीन, खड्डा में दो, नेबुआ नौरंगिया में एक, हनुमानगंज में दो, रामकोला में दो, पडरौना में चार, तुर्कपट्टी, कुबेरस्थान व रवींद्रनगरधूस में एक-एक, जटहां बाजार में दो बैरियर लगा है।



सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पडरौना के बावली चौक से सुभाष चौक तक यूनिटी मार्च में शामिल राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह व अन्य भाजपाई। • हिन्दुस्तान



पडरौना में यूनिटी मार्च समापन अवसर पर राष्ट्रीय एकता का संकल्प लेते भाजपाई।



सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते डीएम।

## जिले में धूमधाम से मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, पडरौना में बारिश में भीगकर निकाली रन फॉर यूनिटी रैली

# पटेल जयंती पर एकता -अखंडता का लिया संकल्प

**कार्यक्रम**

- जिला प्रशासन सहित कुर्मी व पटेल समाज ने निकाली रैली, जीवनी पर चर्चा की
- सरदार पटेल की जयंती पर भव्य पदयात्रा का हुआ आयोजन

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती शुक्रवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई। इस दिन मेरा युवा भारत के तहत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की तरफ से भव्य पदयात्रा निकाली गई। इसमें राज्यसभा सांसद सहित डीएम, एसपी, सीडीओ सहित कई अधिकारियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न संगठनों और विद्यालयों की तरफ से भी सरदार पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सदर विधायक मनीष जायसवाल, बीज विकास निगम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी केशव कुमार, सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम वैभव मिश्रा, एसडीएम सदर ऋषभ देवराज पुंडीर, जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार सहित अन्य अधिकारियों का भी स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि आरपीएन सिंह ने आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने पदयात्रा को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस उदित नारायण पीजी कॉलेज, उत्तर प्रदेश पुलिस जवान, मेरा युवा भारत सेवक, पीआरडी जवान, भारत स्काउट एंड गाइड और जिला खेल कार्यालय के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पदयात्रा के सफल आयोजन में जिला युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग का विशेष योगदान रहा। समापन पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और युवाओं का आभार व्यक्त किया। रन फॉर यूनिटी में कुर्मी एवं पटेल समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

इसी क्रम में कलक्ट्रेट में भी स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डीएम महेंद्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा तथा प्रेम कुमार राय द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में स्वतंत्र भारत के वास्तुकार सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। डीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आइए हम मिलकर शपथ लेते हैं कि देश की एकता, अखंडता व आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने को अपना योगदान दें।

**क्रांति चौराहा** संवाद के अनुसार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के एसएनटीएनडीएन पब्लिक स्कूल देवतहां में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र कुमार त्रिपाठी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

**खड्डा संवाद** के अनुसार कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सपा नेता अमर जायसवाल ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने 562 देशी रियासतों का स्वतंत्र भारत में विलय कराकर वह ऐतिहासिक कार्य किया, जो तत्कालीन परिस्थितियों में असंभव प्रतीत हो रहा था। चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित कर लौह पुरुष को याद किया।

**बोदरवार संवाद** के अनुसार बोदरवार बाजार स्थित भगवंत पांडेय पीजी कॉलेज में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाई गई। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

**हाटा संवाद** के अनुसार नगर पालिका परिषद हाटा के वार्ड नंबर 16 सरोजनी नगर के मोतीपाकड़ श्रीकांत स्थित एएनवीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि हाटा वनाधिकारी अमृता चंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निलेश मिश्रा शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ौदा रहे। इस अवसर पर प्रबंधक संपूर्णद्विवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वन दरोगा अनिल कुमार गौतम, विनोद कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक प्रियांशु कुमार जौहरी, अंकुर पांडेय, अभिषेक सिंह, विजया पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**छितौनी संवाद** के अनुसार नगर पंचायत के आरएम इंटर कॉलेज में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कक्षा 9 की प्रीति प्रथम, श्रेया जायसवाल द्वितीय व गुड़िया कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 के युवराज कुशवाहा को प्रथम, हर्षित कक्षा 6 को द्वितीय तथा कक्षा आठ के गोलू गुप्ता को तृतीय स्थान मिला।

**पटहेरवा संवाद** के अनुसार पटहेरवा पुलिस ने शुक्रवार के दिन थाना परिसर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फार यूनिटी कार्यक्रम के तहत दो किलोमीटर की दौड़ लगाकर लोगों को शांति का संदेश दिया।

### एकता दिवस के रूप में मनाई पटेल की जयंती

**हाटा।** शुक्रवार को नगर के श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में प्रार्थना स्थल पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षकों व छात्रों ने उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। एनसीसी कैडेट्स ने पटेल की प्रतिमा के सामने परेड के साथ सलामी दी।



एएनवीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पौधरोपण करती वनाधिकारी अमृता चंद्र सिंह, प्रबंधक संपूर्णानंद द्विवेदी व अन्य।



सरदार पटेल के जयंती पर श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज हाटा के एनसीसी कैडेटों ने फ्लैग मार्च कर सलामी दी। • हिन्दुस्तान

### धूमधाम से मनी सरदार पटेल की जयंती

**ढाढ़ा।** राजकीय महाविद्यालय ढाढ़ा में प्राचार्य डॉ. चैतन्य कुमार के नेतृत्व में भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। रासेयो के तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। संचालन डॉ. अभिषेक कुमार मिश्र ने किया।

### पौधरोपण कर पटेल को किया नमन

**राजापाकड़।** सामाजिक वानिकी प्रभाग तमकुही रेंज के तत्वावधान मे धर्मपुर न्याय पंचायत के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर मे राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। पुलिस, पंचायतीराज व बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मियों सहित ग्रामवासी व छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण कर सरदार पटेल को नमन किया।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**तुर्कपट्टी।** सरदार पटेल की जयंती पर शुक्रवार को तुर्कपट्टी थाने की पुलिस की तरफ से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रिन्स कुमार के नेतृत्व मे तुर्कपट्टी थाने के समस्त उपनिरीक्षक एवं आरक्षियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम मे भाग लेकर इसे सफल बनाया।

# घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया

**पडरौना।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को उदित नारायण पीजी कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह ने घरेलू हिंसा एवं दहेज उत्पीड़न के प्रति जागरुक किया।

जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीती सिंह ने महिला कल्याण विभाग की तरफ से संचालित सभी लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अमृता कुमारी, योगिता कुशवाहा, बृजकिशोर, आदर्श यादव और कॉलेज परिवार के लोग मौजूद रहे।

# एलआईसी एजेंट से 40 हजार रुपये की छिनैती

**समउर बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** समउर-पटहेरिया मार्ग से निकलकर दीप राय जाने वाले मार्ग पर एक बाइक सवार एलआईसी एजेंट से छठ घाट के पास निर्जन स्थान पर एक बाइक सवार युवक धमका कर 40 हजार रूपये छीन कर फरार हो गया। बुजुर्ग के पुत्र की सूचना पर पहुंची पुलिस सड़क के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटना के पर्दाफाश में जुटी है।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार बुजुर्ग गांव के टोला दीप राय निवासी 64 वर्षीय वीरेंद्र राय एलआईसी में काम करते हैं। पीड़ित ने लोगों व पुलिस को बताया कि वह शनिवार को कसया ब्रांच में रूपये जमा करने व उसके घर अगले महीने होने वाले शादी का कार्ड बांटने के लिए बाइक से घर से निकले, लेकिन बारिश होने के चलते वह ब्रांच न जाकर कार्ड देने तुर्कपट्टी की तरफ रिश्तेदारी में चले गए। बारिश नहीं खुलने की वजह से वह शाम को वापस घर लौट रहे थे कि शाम पांच बजे अभी वह घर से एक किमी पहले छठ घाट के समीप पहुंचे थे कि पीछे से बाइक से पहुंचा एक युवक गाली गुप्ता देते हुए बाइक रोक लिया तथा धमका कर पास में रखे 40 हजार रूपये छीनकर फरार हो गया। पीड़ित बुजुर्ग घर पहुंच कर आपबीती बेटे को बताया, जिसके बाद बेटा नितेश राय ने डायल 112 को घटना कि सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची डायल 112 ने घटना कि सूचना थाने सहित उच्चाधिकारियों को बताया। इसके बाद घटना स्थल पर थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुनील कुमार वर्मा, चौकी इंचार्ज समउर सर्वेश कुमार राय, चौकी इंचार्ज तमकुही महेश मिश्रा मय फ़ोर्स मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ लिंक सड़क के सामने

# हादसे में मौत के मामले में एसआई पर केस

- 24 को हादसे में युवक की हुई थी मौत, घायल पत्नी का चल रहा इलाज
- चौराखास थाने के सुमही गांव के समीप हुआ था हादसा

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** चौराखास थाने के सुमही गांव के समीप पांच दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में पति की मौत और पत्नी के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के साले की तहरीर पर हादसे के लिए जिम्मेदार गाड़ी चला रहे उपनिरीक्षक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं हादसे में घायल शिक्षिका का गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पिछले 24 अक्तूबर को बिहार के गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के बगही निवासी सुरेश सिंह (52) अपनी शिक्षिका पत्नी को बाइक लेकर फाजिलनगर से बाजार कराने के बाद चौराखास थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी स्थित ससुराल जा रहे थे। अभी वह चौराखास थाने के सुमही गांव के सामने पहुंचने थे कि चौराखास थाने पर तैनात उपनिरीक्षक आकाशदीप शुक्ला की कार ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी।

घटना के समय गाड़ी स्वयं उपनिरीक्षक चला रहे थे। इससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाज कराने के लिए जाते समय सुरेश सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी इंदू देवी को गोरखपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर अभी भी उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस इस तरह की घटना अनभिज्ञता जाहिर करती रही। अब पुलिस ने मृतक के साले जीतेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपी कार चालक पर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चौराखास अजय कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**हाटा।** हाटा के बस स्टैंड के समीप फोरलेन के उत्तरी सर्विस रोड के किनारे स्थित अपनी बिरयानी की दुकान गुरूवार की देर शाम बंद कर वार्ड नंबर 21 निवासी प्रद्युम्न चतुर्वेदी उम्र 65 साल घर जा रहे थे कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनको ठोकर मार कर फरार हो गया। इससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी हाटा पहुंचायी, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बैठक में दुर्घटनाओं में कमी लाने पर जोर

**पडरौना।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक उपाय किए जाने का निर्देश दिया गया।

# प्रेमी युगल की आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कराई शादी

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद**। खड्डा क्षेत्र में प्रेमिका से मिलने पहुंचे महराजगंज जिला निवासी प्रेमी को पकड़ लोगों ने खड्डा के आम्बेडकर मार्केट स्थित डाक्टर भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा के सामने बौद्ध धर्म के रीति रिवाज से विवाह कराया गया।

महराजगंज जिले के सिंदुरिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी कृष्णा भारती का खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी खुशबू से प्यार हुआ।इसके बाद दोनों अक्सर मिलने जुलने लगे, जिसकी भनक परिवारीजनों सहित ग्रामीणों को लग गई। परिजन प्रेमी को पकड़ने के फिराक में लग गए। शुक्रवार को प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिवारीजनों ने पकड़ लिया और भुजौली खुर्द के ग्राम सुभाष गौतम को इसकी सूचना दी। इस पर ग्राम प्रधान दोनों प्रेमी प्रेमिका को लेकर खड्डा थाने पहुंचे, जहां पर प्रेमी ने प्रेमिका से शादी करने की इच्छा जताई।

# छात्रा को भगाने के मामले में केस दर्ज

**तरयासुजान।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा को पढ़ने के बाद छुट्टी होने पर एक युवक ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता के पिता ने तरयासुजान पुलिस को लिखित तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी है।एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने तरयासुजान पुलिस को लिखित तहरीर सौंप बताया है कि बेटी एक दिन पूर्व गुरुवार को इंटरमीडिएट कॉलेज में पढ़ने गई थी।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से प्रधान पति की मौत

**अहिरौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अगया स्थित नहर पर बने पुल को पार करते समय एक अज्ञात वाहन सवार ने दो बाइकों में ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से बाइक सवार हरपुर मछागर के पूर्व प्रधान व प्रधान पति बसंत निषाद उम्र 55 वर्ष की मौके पर मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

हरपुर मछागर के पूर्व प्रधान व प्रधान ज्ञांती देवी के प्रतिनिधि बसंत निषाद अगया चौराहे से घर जा रहे थे, लेकिन जैसे ही वह और एक अन्य बाइक सवार सत्यम सिंह उम्र 20 वर्ष मुजहना थाना अहिरौली बाजार आ गये और हरपुर मछागर की सीमा स्थित बड़ी नहर की पुल पर पहुंचे, जहां पर अंधा मोड़ है।वहीं पर एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बसंत निषाद और सत्यम सिंह की बाइक में ठोकर मार दिया। बसंत की बाइक पर पीछे बैठा उनके गांव के परीखन निषाद, जो हरपुर मछागर का रहने वाला था, जिसकी उम्र 60 वर्ष है। घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। परीखन ने बसंत निषाद के परिजन को सूचना दिया।उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।बसंत निषाद के परिजन उन्हें फिर राहुल नर्सिंग होम गोरखपुर ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। दूसरा बाइक सवार सत्यम सिंह भी घायल हो गया। उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।



बसंत निषाद (फाइल फोटो)।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

## भारत सरकार के खेल मंत्रालय व भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में रन फार यूनिटी का किया गया आयोजन, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ











### बुद्ध पार्क से कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने निकाली रैली

# डीएम व एसपी ने दिलाई देश की एकता की शपथ



सरगटिया करन पट्टी कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में विज्ञानी व कर्मचारियों को शपथ दिलाते डा. पुष्पेंद्र पी सिंह● जागरण



पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाते एसपी केशव कुमार। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं, पडरौना: स्वतंत्र भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एडीएम वैभव मिश्र, एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय की ओर से सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित रहना होगा। आजादी के समय देश की छोटी-बड़ी रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर सरदार पटेल अखंड भारत का निर्माण किए थे। इसी क्रम में एसपी केशव कुमार की ओर से पुलिस लाइन में कर्मियों को देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र सरगटिया और कृषि विज्ञान केंद्र में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी विज्ञानियों व कर्मचारियों ने डा. पुष्पेंद्र पी सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली। संबोधित करते हुए डा. पुष्पेंद्र ने कहा कि स्वतंत्र भारत के एकीकरण में सरदार पटेल का अतुलनीय योगदान रहा। मौसम विज्ञानी श्रुति वी सिंह ने कहा कि लौह पुरुष पटेल के दृढ़ निश्चय, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रप्रेम से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी क्रम में किसान इंटर कालेज पिपरा बाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य कार्यक्रम के तहत भारतरत्न सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता की शपथ दिलाई गई। शिक्षक विष्णु प्रताप चौबे, सतीश कुशवाहा, प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार पांडेय ने एकजुट रहने का आह्वान किया। संचालन कृष्ण कुमार मिश्र ने किया। नितिन कांबोज, शिवेंद्र कुमार चौबे, अरुंधति दूबे, रानी मिश्रा आदि उपस्थित रहे। जयनाथ राव इंटरमीडिएट कालेज बरवारतनपुर में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य धनंजय कुमार व हरिशंकर साहनी ने विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। शिक्षक जयप्रकाश सिंह, राजेश गुप्ता, अंबरीष सिंह, पंकज सिंह, रामदरश शर्मा, सर्वेश मालवीय, सुशील श्रीवास्तव, राकेश प्रजापति, त्रिलोकीनाथ आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में हाटा नगर के वार्ड नंबर 16 सरोजनी नगर स्थित एएनवीडी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अमृता चंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि निलेश मिश्रा, स्कूल की छात्रा रानी गुप्ता ने सरदार पटेल के योगदानों पर चर्चा की।



कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर। ● सौ. सूचना विभाग

# फोरलेन के किनारे जल निकासी की कराएं व्यवस्था

- ईओ से समन्वय बना त्वरित उठाएं आवश्यक कदम
- कट के स्थान परिवर्तन संबंधी प्रस्तुत की गई कार्य योजना

जागरण संवाददाता,पडरौना: फोरलेन के किनारे जलभराव की स्थिति ठीक नहीं है। जलनिकासी की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र सिंह तंवर दिए।

एसपी केशव कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक में डीएम ने कहा कि एनएचएआइ व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ईओ हाटा, तमकुहीराज, फाजिलनगर व सुकरौली के ईओ से समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई करें। पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में सहायक अभियंता एनएचएआइ व पीडब्ल्यूडी ने कट के स्थान परिवर्तन संबंधी कार्य योजना प्रस्तुत की। डीएम ने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन किए जाने व सड़क सुरक्षा संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का समय से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

डीएम ने निर्देशित किया कि अनफिट स्कूल वाहनों का संचालन हर हाल में रोकें। निर्देशित किया कि ऐसे वाहनों पर एआरटीओ व पुलिस विभाग कार्रवाई करे।

इस मौके पर सीओ सदर डा.अजय प्रताप सिंह,यात्रीकर अधिकारी बलवंत सिंह, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) आरडी वर्मा, मुख्तारूल हसन, आरपी सिंह समेत संबंधित विभाग के अधिकारी व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर साथ में एसपी केशव कुमार। • जागरण

डीएम ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा : पडरौना: कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व एसपी केशव कुमार की उपस्थिति में हुई। जिसमें उप्र रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की समीक्षा के दौरान पाक्सो एक्ट के कुल पांच मामले समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिसमें समिति द्वारा दो मामले में क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया।

जबकि तीन मामलों में शासनादेश के क्रम अपात्र पाया गया। छह मामलों में फाइनल रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि पाक्सो एक्ट के मामलो में पीड़िताओं को मेडिकल जांच में सहयोग करें, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति को देखते हुए पीड़िता को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा सके।

इस क्रम में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर चर्चा में डीएम ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा. एसएन त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी समेत सभी संबंधित सदस्य व नोडल अधिकारी शामिल रहे।

# मार पीटकर बंधक बनाने का आरोप, एसपी से शिकायत

नेवुआ नौरंगिया : क्षेत्र के अकबरपुर गांव के अब्दुल कुदुस ने मारपीट कर बंधक बना जबरन स्टांप पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया है। एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि, पिता अब्दुल रशीद का निधन 27 सितंबर को हुआ था। लगभग एक महीने बाद 29 अक्टूबर की सुबह गांव के कुछ लोग घर पहुंचे। गालियां देने लगे। विरोध करने पर मुझे पीटा और ले जाकर कमरे में बंद कर दिए। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई इंसाफ अली और चाची फैशुन निशा को भी पीटा। आरोप है कि अगले दिन एक सादे स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए।

# नाथापट्टी के दो लोगों को डीएम ने किया जिला बदर

संसू, फाजिलनगर : पटहेरवा के नाथापट्टी के रहने वाले शहीद व रियासत को अवांछित गतिविधियों के चलते डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने छह माह के जिलाबदर किया है। आरोप है कि इनकी दबंगाई के चलते दर्ज मुकदमे की जांच में बाधा आ रही है। इससे संबंधित आदेश थाने को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि आदेश के अनुसार कार्रवाई होगी।

# सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान की मृत्यु

- टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया
- कप्तानगंज पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी

संवादसूत्र, मंसूरगंजः चौराहे से घर वापस लौट रहे हरपुर मछागर के पूर्व प्रधान वसंत निषाद की अगया के समीप शुक्रवार की शाम पांच बजे मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। दुर्घटना दो अन्य बाइक सवार भी घायल हो गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। कप्तानगंज थाना पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है।

बाइक सवार हरपुर मछागर के पूर्व प्रधान 55 वर्षीय वसंत निषाद जो वर्तमान प्रधान ज्ञांती देवी के पति भी थे, अगया चौराहे से अपने घार वापस जा रहे थे।

इस बीच मुजहना के रहन वाले बाइक सवार सत्यम सिंह हरपुर मछागर की सीमा पर स्थित बड़ी नहर की पुलिया पर आ पहुंचे। यहां अंध मोड है, बाइक सवार अभी कुछ समझ पाते कि एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने दोनों की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बसंत को गंभीर चोट आई।

उनकी बाइक पर पीछे बैठा उनके ही गांव के 60 वर्षीय परीखन निषाद घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। परीखन ने बसंत निषाद के स्वजन को सूचना दी। स्वास्थ्य केंद्र परतावल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। स्वजन वहां न जाकर राहुल नर्सिंग होम गोरखपुर ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परीखन मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती हैं। सत्यम भी घायल हैं और निजी अस्पताल ले गए हैं।



रोते बिलखते मृतक वसंत निषाद के स्वजन। ● जागरण

## खड्डा कस्बा से किशोर गायब

खड्डाः कस्बा के वार्ड नंबर 11 नेहरूनगर स्थित स्टेट बैंक चौराहे से शुक्रवार की शाम 12 वर्षीय बालक चंचल वर्मा गायब हो गया। शनिवार को भी उसका पता नहीं चल सका। स्वजन संभावित जगहों पर तलाश किए, लेकिन सुराग नहीं मिला। पिता अरविंद वर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर मदद की गुहार लगाई है। एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# लग्जरी गाड़ियों पर लगा पहरा बाइक से बिहार भेज रहे शराब

जागरण संवाददाता, सेवरही : तमकुहीराज सर्किल क्षेत्र के पटहेरवा, तमकुहीराज व तरयासुजान थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण रास्तों से बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से पड़ोसी प्रांत बिहार में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर जारी है। बीते दिनों अलग-अलग थानों में बाइक व नाव से देसी शराब के पाउच ले जाते समय पुलिस ने लगभग पांच लोगों को पकड़ा था। तस्करों व पुलिस की सांठ-गांठ से हो रहे इस धंधे की दबी जुबान से चर्चा हो रही है।

करीब आठ साल पूर्व बिहार राज्य में शराब बंदी होने के चलते शराब के शौकीन बिहार के लोगों का गला तर करने के लिए यूपी से कच्ची से लेकर हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की तस्करी बदस्तूर जारी है। हाईवे के रास्ते लग्जरी गाड़ियों में जा रही शराब की खेप पर पुलिसिया पहरा के चलते शराब माफियाओं ने बिहार बार्डर पर

## नित नए तरीके अपना रहे तस्कर गांव की पगडंडियां भी बनीं तस्करी का जरिया

यह मामला संज्ञान में नहीं है। फिलहाल पता करवा रहा हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

–राकेश प्रताप सिंह, सीओ तमकुहीराज

स्थित पुलिस चौकी व थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रभाव में लेकर अब बाइक सवार करियरों के माध्यम से शराब की खेप बिहार पहुंचा रहे हैं। सूत्रों की माने तो बाइक की डिक्की में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की बोतले पटहेरवा थाना क्षेत्र के कई जगहों से भरी जा रही है और उसे बाइक सवार माफियाओं द्वारा बताई जगह पर पहुंचा देते हैं। बाइक सवार को एक हजार रुपये मेहनताना मिल जाता है।

# लौह पुरुष को याद कर देश की एकता का लिया संकल्प

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, हुए विविध आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कलक्ट्रेट सभागार समेत पूरे जिले में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई की पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डीएम ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पार्चन कर अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान पटेल की जयंती के मौके पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि सभी की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित रहना होगा। स्वतंत्र भारत के वास्तुकार के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को मान्यता देने और राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का दिन है। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय आदि मौजूद रहे।

मेरा युवा भारत की तरफ उदित नारायण पीजी कॉलेज परिसर से बावली चौक स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के पर 'सरदार@150' पदयात्रा का आयोजन हुआ। पदयात्रा को रवाना करते हुए राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना सरदार पटेल ने की थी। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सदर विधायक मनीष जायसवाल, बीज विकास निगम उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग सदस्य फूलबदन कुशवाहा आदि मौजूद रहे। वन विभाग की तरफ से राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर वन विभाग की तरफ से जगह-जगह पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

इसी तरह नगर पालिका परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की 562 रियासतों का एकीकरण किया, वह भारतीय इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय है।



पडरौना में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह व अन्य। स्रोत-संवाद मीडिया

### कसया में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कसया। नगर पालिका परिषद कुशीनगर में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन से हुआ। ईओ अंकिता शुक्ला ने मौजूद सभी कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। नपा के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान प्रधान लिपिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, ठाकुर, हरेंद्र यादव मौजूद रहे। संवाद

कप्तानगंज कस्बा के एमजी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सरदार पटेल की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विजय बहादुर शर्मा, नवीन सिंह, जगदीश कुशवाहा, राकेश यादव, जगजीत प्रसाद, अजय सिंह, सचिया खातून, अंशु सिंह आदि मौजूद रहे।

मथौली प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाई गई। चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर लोगों को देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान मनीष सिंह, अदालत प्रसाद, प्रिंस कुमार मद्धेशिया, दिनेश राय, रविंद्र कुमार सैनी, अमरेंद्र, मानवेंद्र प्रताप सिंह, प्रिंस जायसवाल आदि मौजूद रहे।

कप्तानगंज प्रतिनिधि के अनुसार राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत कप्तानगंज थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभूषण प्रजापति की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। इसमें पुलिस कर्मियों ने कस्बा के बंदेलीगंज, डीसीएफ चौक, सुभाष चौक तक दौड़ लगाकर लोगों को राष्ट्रीय एकता के बारे में संदेश दिया।

इस दौरान विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, संदीप सरोज, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

सीताराम चौराहा प्रतिनिधि के अनुसार वानिकी प्रभाग तमकुही रेंज की तरफ से कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय परिसर में फलदार, छायादार और शोभादार पौधे लगाए गए।

पकड़ियार बाजार प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के सौरहा खुर्द में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान सर्वजीत गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, पुष्पेंद्र पांडेय, गोरख अवधराज,सुरेश, सुरेंद्र कुशवाहा नागेंद्र मोहन, रोहन आदि मौजूद रहे।

तमकुहीरोड प्रतिनिधि के अनुसार भारत रत्न से सम्मानित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर सेवरही पुलिस की तरफ से शुक्रवार को सुबह रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया।



सरदार पटेल की जयंती मनाते विधायक व अन्य। स्रोत संवाद मीडिया

### रक्तदान शिविर का किया गया आयोजनग

पडरौना। रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 22 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सह संरक्षक साहिद अली, अध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सदस्य सतेन्द्र राय, रक्तदान संयोजक राजीव तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

# हादसे में बुजुर्ग की मौत, मची चीख-पुकार

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। बस स्टेशन के पास हाईवे पार करते समय एक वाहन की चपेट में आकर एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौजूद लोग उन्हें हाटा सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके मौत की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गया।

नगर पालिका परिषद हाटा के वार्ड संख्या 21 गांधीनगर निवासी 65 वर्षीय प्रद्युम्न चतुर्वेदी बृहस्पतिवार की रात करीब 10:30 बजे अपने वार्ड में चौकीदारी कर रहे थे।

वे किसी कार्य से हाटा बस स्टेशन के सामने एनएच पार कर रहे थे। उसी दौरान तेज गति से आ रहे किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौजूद लोग उन्हें हाटा सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गया।

# तमाम इंतजाम नाकाम...तस्करों पर नहीं लग सकी लगाम

## बिहार चुनाव के मद्देनजर बनी थी कार्ययोजना, पगडंडियों के सहारे बिहार पहुंच रही शराब की खेप

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। बिहार में विधानसभा का चुनाव के जोर पकड़ने के बाद कुशीनगर के दुकानों पर शराब की खपत बढ़ गई है। दो माह पूर्व तक लाइसेंसधारकों को दुकान के तय लक्ष्य के अनुसार शराब की बिक्री करने के लिए आबकारी विभाग का दबाव रहता था, लेकिन जिले के बार्डर क्षेत्रों की अधिकतर दुकानें अपने शराब बिक्री पूरा करने के लक्ष्य के करीब पहुंच गई हैं।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस की सख्ती के बाद भी बिहार में शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। यही नहीं शराब की तस्करी रोकने के लिए दोनों राज्यों के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की टीम भी गठित हुई थी, लेकिन इसके बावजूद तस्करी नहीं रुक नहीं है। बार्डर के थाना क्षेत्रों में इन दिनों लगातार अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचे जा रहे हैं। कुशीनगर के अलावा देवरिया जिले में भी शराब की दुकानों का बिक्री का लक्ष्य पूरा है।

दोनों जिलों से शराब तस्करी का खेल पर पूर्ण रूप से पुलिस विराम नहीं लगा पा रहा है। हालांकि एसपी क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्षों को शराब तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए सख्त निर्देश दिया है।

जिले में में 240 देसी 125 कंपोजिट एवं छह मॉडल शाप की दुकान हैं। प्रत्येक देसी की छोटी और बड़ी दुकानों पर प्रतिदिन लगभग 20 से 45 गत्ता शराब की खपत यानी 950 से लेकर 2000 तक शराब के शीशी की खपत थी इसी प्रकार अंग्रेजी शराब एवं बीयर की खपत भी औसतन प्रति दुकान 12 से लेकर 25 गत्ता यानी 150 बोतलों से लेकर 275 बोतल तक खपत है। इन दिनों शराब की दुकानों की बिक्री बेहद चौंकाने वाली है। वर्तमान में खड्डा, हनुमानगंज, बरवापट्टी, विशुनपुरा, सेवरही, तमकुही, तरयासुजान, पटहेरवा थाना क्षेत्रों देशी एवं कंपोजिट शराब की दुकानों की खपत सीधे दोगुने से भी अधिक हो गई है। शराब की खपत 15 अक्तूबर से बढ़ी है।

**केस 1** 27 अक्तूबर को बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल लुअठाहा कचहरी टोला गांव के पास नदी के किनारे पुलिस ने 62 शीशी शराब बरामद किया था। इसके साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तस्कर पश्चिम चंपारण का था।

**केस 2** 12 अक्तूबर को रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज की ओर से गठित टीम ने खड्डा में फुट ओवरब्रिज के नीचे एक जूट की बोरी में 196 पैक शराब पकड़ी। शराब की कुल कीमत 23,520 रुपये बताई गई।

**केस 3** 16 अक्तूबर कोपडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी से होकर शराब की बड़ी खेप गुजर गई और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को एक ट्रक से 4320 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की।

शराब की दुकानों से होने वाली बिक्री पर नजर रखा जाता है। शराब की तस्करी रोकने के लिए पुलिस कार्य करती है। विभागीय सहयोग किया जाता है, अवैध शराब बनाने वालों पर कार्रवाई अभियान चलाकर किया जाता है। -सुभाष चंद, जिला आबकारी अधिकारी, कुशीनगर

शराब तस्करी किसी भी कीमत पर जिले के रास्ते नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। जिसकी भूमिका संदिग्ध मिलेगी, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। गोपनीय तरीके से नजर रखी जा रही है। -केशव कुमार, एसपी कुशीनगर

# फरियाद नहीं सुनने वाले थानेदार होंगे तलब

## अधिक शिकायतें वाले थानों के प्रभारियों की तय होगी जवाबदेही

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कुशीनगर।** थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों को टालने वाले थानाध्यक्ष की अब जवाबदेही तय होगी। एसपी कार्यालय तक आने वाली शिकायतों की सूची बनाई जा रही है, जिस थाने से अधिक शिकायतें आएंगी, वे थानाध्यक्ष एसपी कार्यालय में आकर समस्या का निस्तारण करेंगे।

शिकायकर्ताओं से ली गई फीडबैक में पता चला है कि अधिकतर थानाध्यक्ष शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरत रहे हैं। इसके बाद एसपी ने यह आदेश जारी किया है। जिले के अधिकतर थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनने और निस्तारण करने में थानाध्यक्ष रुचि नहीं ले रहे हैं और असंतुष्ट होकर फरियादी एसपी के पास पहुंच रहे हैं।

ऐसे थानों से पहुंचे वाली शिकायतों की संख्या रजिस्टर में दर्ज एसपी कार्यालय में हो रहा है। जिस थानों से अधिक शिकायत एसपी कार्यालय तक पहुंच रही है। उन थानाध्यक्ष को एसपी कार्यालय में बुलाकर निस्तारण कराएंगे। इसकी जानकारी थानाध्यक्षों को भी दे दिया गया है।

कार्यालय में फरियादियों की संख्या बढ़ते और फीडबैक लेने के बाद एसपी ने यह निर्देश दिया है।

अधिकतर शिकायतकर्ता थाने पहुंच रहे हैं। वहां निस्तारण नहीं होने पर कार्यालय तक आ रहे हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि संबंधित थानाध्यक्ष सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इसलिए जिस थाने की अधिक शिकायत आएगी। उन थानाध्यक्षों को एसपी कार्यालय में आकर सुनवाई कर निस्तारण करना होगा।
**-केशव कुमार**, एसपी

एसपी की गोपनीय तरीके से कराए गए जांच में पता चला कि अधिकांश थानों पर आने वाले फरियादियों को सुनने के बजाए सिपाहियों के पास भेज दिया जा रहा है, जो फरियादियों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं।

# हादसे में हुई मौत के मामले में चौराखास के दरोगा पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**फाजिलनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के सुमही गांव के सामने मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के साले की तहरीर पर गाड़ी चालक दरोगा के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

बिहार के गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के बगही निवासी सुरेश सिंह (52) 24 अक्तूबर को अपनी शिक्षक पत्नी को फाजिलनगर से बाजार कराने के बाद चौराखास थाना क्षेत्र के नारायनपुर कोठी अपने ससुराल जा रहे थे।

सुमही गांव के सामने चौराखास थाने पर तैनात दरोगा आकाश दीप शुक्ला की कार ने ठोकर मार दिया। घटना के समय गाड़ी दरोगा खुद चला रहे थे।

## दरोगा की कार ने बाइक सवार दंपती को मारी थी टक्कर पति की हो गई थी मौत

हादसे में पति, पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद अस्पताल जाते समय सुरेश सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी इंदू देवी को गोरखपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां अब भी उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस इस तरह के घटना की अनभिज्ञता जाहिर करती रही। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने मृतक के साले जीतेंद्र सिंह के तहरीर पर आरोपी कार चालक पर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-01-11-2025

हिन्दुस्तान

# शिक्षकों-विद्यार्थियों को दी गई नए कानून की जानकारी

**महराजगंज, हिटी।** जिले के कई स्कूलों में पुलिस ने शुक्रवार को एक अभियान चलाया। अभियान के तहत शिक्षकों को विद्यार्थियों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**निचलौल संवाद** के अनुसार निचलौल क्षेत्र के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बाली में शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए कानून के बारे में बताया गया। सीओ शिवप्रताप सिंह ने नए कानून बीएनएस के बारे में छात्र और छात्राओं जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने इसकी बारीकियों के बारे में बताया। इस मौके पर एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने मिशन शक्ति अभियान और महिला सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार जताया।



राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बाली में नए कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

**झनझनपुर संवाद** के अनुसार नगर पंचायत चौक स्थित दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को भारत न्याय संहिता, भारत नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारत साक्ष्य अधिनियम से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष चौक ओमप्रकाश गुप्ता ने अभियान से संबंधित जारी बैनर का उपयोग कर नए कानूनों के महत्वपूर्ण बिंदुओं जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, महिला एवं बाल संरक्षण प्रावधान, तकनीकी एवं फॉरेंसिक जांच की भूमिका आदि पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**भिटौली संवाद** के अनुसार दुर्गावती देवी इंटर कालेज भैसा में नए कानून के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक शिवांशु पांडेय व कृष्णा नन्द तिवारी ने विद्यार्थियों को नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**खनुआ संवाद** के अनुसार सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदी डाली पंचायत भवन में सोनौली पुलिस ने नए आपराधिक कानून जागरुकता अभियान चला कर ग्रामीणों को जागरूक किया। खनुआ चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी, एसएसआई रामचंद्र राय, एसआई अरविंद कुमार व महिला उपनिरीक्षक ने नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

[redacted]

हिन्दुस्तान

# सीमा पर उज्बेकिस्तानी महिला गिरफ्तार

## कार्रवाई

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत नेपाल सीमा सोनौली पर बिना वीजा के डिपार्चर कराने आव्रजन कार्यालय पहुची एक उज्बेकिस्तान की महिला को जांच के दौरान आव्रजन विभाग ने हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद अग्रिम कार्यवाही के लिए सोनौली पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस आव्रजन विभाग की तहरीर पर कार्रवाई में जुट गई है।

शुक्रवार की शाम एक विदेशी महिला भारत से नेपाल जाने के दौरान सोनौली स्थित आव्रजन कार्यालय पहुंची और पासपोर्ट दिया। अन्य प्रपत्र की मांग पर उसके पास कोई वैध कागजात नहीं मिले। इस पर आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसके पासपोर्ट पर उसका नाम उमीदा जुरेवा निवासी तासकेंट उज्बेकिस्तान पाया गया। आव्रजन अधिकारियों ने अग्रिम कार्यवाही के लिए सोनौली पुलिस को सौंप दिया है। कोतवाल सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आव्रजन अधिकारियों की तहरीर पर पकड़ी गई उज्बेकिस्तान कि महिला के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उक्त महिला के पास वीजा नहीं है।

## अवैध पासपोर्ट संग पकड़ी गई उज्बेकिस्तानी महिला को सजा

**महराजगंज।** अवैध पासपोर्ट वीजा के साथ नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश के दौरान पकड़े गए उज्बेकिस्तान की महिला को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सजा सुनाई है। इस मामले में उज्बेकिस्तान के उरगेंज शहर निवासी दिलवर राखी मोवा पुत्री कुर्बान बेवाना को दस माह दस दिन के साधारण कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड न देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार 14 अगस्त-23 को आरोपी महिला अवैध पासपोर्ट वीजा के साथ नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने के दौरान पकड़ी गई थी। इस मामले में सोनौली कोतवाली में 14 विदेशी अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ। 15 सितंबर को पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। तत्कालीन विवेचक एसआई गंगाराम यादव रहे। पीओ प्रवेन्द्र कुमार दिवाकर, कोर्ट मुहर्रिर हेड कांस्टेबिल गुलाब गुप्ता व पैरोकार कांस्टेबिल छोटेलाल ने सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई।

[redacted]

# ऑटो की चपेट से घायल शख्स की इलाज के दौरान हुई मौत

**लक्ष्मीपुर।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र लक्ष्मीपुर बाजार में रविवार को साप्ताहिक व छठ बाजार लगा था। लगभग दोपहर 3.30 बजे दुर्गा मंदिर की तरफ से एक आटो अनियंत्रित होकर गलत साइड से एक व्यक्ति को ठोकर मार दिया। घायल को इलाज के लिए लक्ष्मीपुर सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। लक्ष्मीपुर निवासी मृतक के पुत्र मनीष कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मृतक के पुत्र ने पुलिस के दिये तहरीर में दर्शाया है कि उसके पिता बृजबिहारी अग्रहरि पुत्र जगनरायन अपनी दुकान के सामने खड़े थे। तभी दुर्गा मंदिर की तरफ से अचानक तेज गति से आ रही आटो ने ठोकर मार दिया। इससे उसके पिता जी घायल हो गये। आनन-फानन में लक्ष्मीपुर सीएचसी पर इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

ग
जनसाधारण
आवासीय / वा
किया गया है:-

[redacted]

हिन्दुस्तान

# डीजी और डीआईजी जेल ने दिए सतर्क दृष्टि के निर्देश

**जिला कारागार**

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** डीजी जेल, डीआईजी जेल व एसपी ने शुक्रवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। बैरकों को गहनता से चेक किया गया। सबकुछ सामान्य मिला। जेल में किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। अधिकारियों ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।

जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। डीजी जेल ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें व आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार में निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें।



डीजी जेल व डीआईजी जेल ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। ● हिन्दुस्तान

## सचिव ने किया औचक निरीक्षण

**महराजगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार नागर ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव ने निरूद्ध बन्दियों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को पूछ कर निदान को लेकर जिला कारागार के अधीक्षक को निर्देशित किया।

सचिव ने कहा कि जिस भी बन्दी को अपने मुकदमें की पैरवी में अधिवक्ता की जरूरत है। वह अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना-पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित कर सकते हैं।

हिन्दुस्त

# अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर कर दिया वायरल

## केस दर्ज

**भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। महिला ने गांव के ही एक नाबालिग पर वीडियो वायरल करने और मारने-पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 19 अक्टूबर की दोपहर में वह स्नान कर रही थी कि तभी गांव निवासी एक नाबालिग ने चोरी से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो को बनाकर शोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब पीड़िता को वायरल वीडिओ की जानकारी हुई तो आनन-फानन में थाना पर पहुंच कर तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लेकर धारा 67, 351(3), 77 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है।

[redacted]

हिन्दुस्तान

# पुलिस और युवाओं ने दिया एकता का संदेश

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर जिले के सभी थानों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। पुलिसकर्मियों, एसएसबी जवानों, शिक्षकों, छात्रों और आम नागरिकों ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। एएसपी सिद्धार्थ, इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह व कोतवाली पुलिस के साथ शहर के कॉलेज रोड पर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश लेकर दौड़ लगाई।

ठूठीबारी संवाद के अनुसार कोतवाली पुलिस और एसएसबी की संयुक्त पहल पर एकता दौड़ इंडो-नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड से शुरू होकर झरही नदी बाईपास होते हुए कोतवाली तक निकाली गई। प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा, एसएसआई प्रणव कुमार ओझा और एसएसबी इंस्पेक्टर अभय यादव के नेतृत्व में लोगों ने हिस्सा लिया। चौक संवाद के अनुसार थाना चौक में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजन हुआ। उपनिरीक्षक पंकज सिंह, रेखा वर्मा, परशुराम सिंह आदि मौजूद रहे। खनुआ संवाद के अनुसार सोनौली में थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी ने स्कूली बच्चों के साथ दौड़ लगाई। घुघली संवाद के अनुसार क्षेत्र के थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह की अगुवाई में चौकी प्रभारी जखीरा की टीम ने कस्बे में दौड़ लगाई गई। श्यामदेउरवा संवाद के अनुसार थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में श्यामदेउरवा पुलिस ने एकता दौड़ लगाई। सिन्दुरिया व भिटौली संवाद के अनुसार सिंदुरिया में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह व विद्यालय छात्रों के साथ एकता दौड़ निकाली गई। भिटौली में थानाध्यक्ष मदनमोहन मिश्र के नेतृत्व में पुलिसकर्मी व दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बृजमनगंज संवाद के अनुसार थानाध्यक्ष की मौजूदगी में आयोजित दौड़ में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



शहर के कॉलेज रोड पर एडिशनल एसपी सिद्धार्थ ने पुलिस कर्मियों के साथ रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। ● हिन्दुस्तान

[redacted]

# सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करों के हौसले बुलंद

- अवैध गोदामों पर छापेमारी न होने से तस्करों में बढ़ी बेखौफी
- सीमावर्ती गांवों के घरों को तस्करों ने बनाया अवैध गोदाम

संवाद सूत्र, परसामलिक: भारत-नेपाल सीमा पर सक्रिय तस्कर गिरोह उर्वरक, खाद्यान्न और दुधारू पशुओं की तस्करी कर अवैध कमाई कर रहे हैं। गिरोह के सदस्य सीमा से सटे गांवों के कुछ घरों को अवैध गोदाम में तब्दील कर चुके हैं, जहां रखे गए सामानों को रात के अंधेरे में चोरी-छिपे सीमा पार भेजा जा रहा है। अवैध गोदामों पर छापेमारी न होने के कारण तस्करों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

**तस्करों के लिए सुरक्षित पगडंडी:** तस्कर गिरोह अवैध सामानों और दुधारू पशुओं को सीमा पार भेजने के लिए मुख्य मार्गों की बजाय पगडंडी रास्तों और चोर नाकों का सहारा लेते हैं। यहां सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी कम ही देखने को मिलती है।

**तस्करी के लिए सुरक्षित नाका:** बरगदवा थानाक्षेत्र के पिपरा, अशोगवां, कनरी-चकरार और परसामलिक थानाक्षेत्र के रेहरा-अहिरौली, शिवतरी, झिंगटी, खैरहवा दुबे गांवों के रास्ते सामानों को नेपाल सीमा में भेजा जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र की गतिविधियों पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर है और अवैध धंधे में शामिल लोगों के पकड़े जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

## दुधारू पशुओं की बढ़ती तस्करी

नेपाल के बाजारों में भारतीय दुधारू पशुओं की बढ़ती मांग को देखते हुए तस्करों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। गिरोह के सदस्य गोरखपुर और संतकबीरनगर क्षेत्र के बाजारों से पिकअप वाहनों में भरकर लाए गए दुधारू पशुओं (भैंस) को परसामलिक थाना क्षेत्र के दोगहरा, असुरैना, छितवनिया, खैरहवा दुबे, विशुनपुरा और झिंगटी गांवों के सुरक्षित स्थानों पर उतार देते हैं। यहां से मौका देखकर तस्कर पशुओं को चराते हुए नेपाल सीमा में पहुंचा देते हैं, जहां तस्करों को प्रति पशु 10 से 15 हजार रुपये का मुनाफा हो रहा है।

# तीन पर गैंगसटर एक्ट में हुई कार्रवाई

दूढीबारी : नशीली दवाइयों की तस्करी में संलिप्त तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगसटर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि अवध बिहारी, गौरी यादव (लक्ष्मीपुर, थाना बरगदवा) और आकाश (डगरूपुर, थाना बरगदवा) पर आरोप है कि ये एक संगठित गिरोह का संचालन करते हैं। ये अपने सदस्यों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाइयों, नशीले इंजेक्शनों और टेबलेट्स की तस्करी करते हैं, जिसका वितरण सीमावर्ती क्षेत्र और नेपाल में किया जाता है।

# इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु

लक्ष्मीपुर : ग्राम पंचायत एकमा लक्ष्मीपुर निवासी बृज विहारी 26 अक्टूबर को आटो की टक्कर से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल महराजगंज में ईलाज के दौरान गुरुवार की रात में उनकी मृत्यु हो गई। उनके पुत्र मनीष कुमार अग्रहरि ने थाने में दिए गए तहरीर में बताया कि उनके पिता बृज विहारी ग्राम एकमा कस्बा लक्ष्मीपुर सड़क के किनारे खड़े थे ।तभी अचानक तेज रफ्तार से ऑटो रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे सीएचसी लक्ष्मीपुर भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# शातिर बंदियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता : डीजी जेल



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते महानिदेशक जेल पीसी मीना • जागरण

- डीजी जेल, डीआइजी और एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण
- नियमित निरीक्षण जारी रखने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, महराजगंजः महानिदेशक (डीजी) जेल पीसी मीना, उप महानिरीक्षक (डीआइजी) जेल शैलेंद्र मैत्रेय और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में बैरक और अन्य हिस्सों का दौरा कर बंदियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और सुधारात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बंदियों से बातचीत भी की। डीजी जेल ने शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

जेल अधीक्षक बीके गौतम ने बताया कि नियमित रूप से उनके और जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। डीजी जेल ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें और शातिर बंदियों पर विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि जो बंदी निजी अधिवक्ता रखने में असमर्थ हैं, उन्हें डीएलएसए (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) के माध्यम से शासकीय अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनके मामलों की सुनवाई सुचारु रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। इस अवसर पर जेल अधीक्षक और पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद रहे।











# राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़े लोग, देशभक्ति के नारों की गूंज

## केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी बोले लौह पुरुष ने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से भारत को एक राष्ट्र में पिरोने का किया कार्य







### राष्ट्रीय एकजुटता, अखंडता एवं सुरक्षा का लिया गया संकल्प विधायक, अधिकारी और पुलिसकर्मी हुए शामिल



# नए आपराधिक कानूनों और साइबर अपराध को लेकर किया गया जागरूक

जागरण संवाददाता, नौतनवा: भारत के नए आपराधिक कानूनों और साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम एवं साइबर टीम ने राजीव गांधी कालेज आफ फार्मेसी, नौतनवा में छात्राओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला संबंधी अपराधों, ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, शॉप लिफ्टिंग, मॉब लिंचिंग, साइबर अपराध आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव, कालेज के डायरेक्टर शोभाराम साहू, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार एवं महिला कांस्टेबल अनुराधा चौहान ने छात्राओं को कानून की बारीकियों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए हर छात्रा को जागरूक रहना चाहिए और किसी भी अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए। थानाध्यक्ष ने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन या साइबर सेल से संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सहजता से उत्तर दिया।

## सोनौली पुलिस ने चलाया आपराधिक कानून पर अभियान

संवाद सूत्र, सोनौली: सोनौली क्षेत्र के ग्राम हरदी डाली में शुक्रवार को सोनौली पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को मिशन शक्ति टीम और साइबर टीम की भूमिका से अवगत कराया। एसएसआइ रामचंद्र राय, एसआई अरविंद कुमार, महिला उप निरीक्षक प्रिया तिवारी एवं खनुआ चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों को भारत के नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# अवैध रूप से आने वाली उज्बेकिस्तानी महिला को सजा

- नेपाल के रास्ते प्रवेश करने पर 10 माह 10 दिन की सजा
- गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सुनाया फैसला

जागरण संवाददाता, महराजगंज: अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के मामले में अगस्त 2023 में सोनौली सीमा से गिरफ्तार हुई उज्बेकिस्तान निवासी दिलवर राखी मोवा को महराजगंज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश यादव ने दोषी ठहराते हुए 10 माह 10 दिन के साधारण कारावास और 5000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यदि वह अर्थदंड का भुगतान नहीं करती है, तो उसे अतिरिक्त दो माह की सजा भुगतनी होगी।



14 अगस्त 2023 को दिलवर राखी मोवा को फर्जी पासपोर्ट और वीजा के साथ भारत में प्रवेश करते हुए पकड़ा गया था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उसने बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया, जो विदेशी अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस मामले में सोनौली पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सहायक अभियोजन अधिकारी प्रवेन्द्र कुमार दिवाकर ने अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों और साक्ष्यों को पेश करते हुए आरोपिता को सजा सुनाए जाने की मांग की। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपित को दोषी करार दिया।



# रन फॉर यूनिटी में दिखा उत्साह, एकता का लिया संकल्प

## राष्ट्रगान के साथ शुरु हुआ कार्यक्रम, वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, एक भारत, श्रेष्ठ भारत के गूंजे नारे

संवाद न्यूज एजेंसी



सदर ब्लॉक के पास रन फार यूनिटी में तिरंगे के साथ छात्राएं। संवाद



रन फॉर यूनिटी के तहत निकाली गई रैली। स्रोत आयोजक

महराजगंज। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, जिलाधिकारी संतोष शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना सहित सैकड़ों अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रनायक को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। शहर की मुख्य सड़कों से होकर निकली यह एकता दौड़ "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से गूंज उठी। जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, चौधरी शिवेंद्र सिंह, प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, राम हरख गुप्ता, ओम प्रकाश जायसवाल, विवेक गुप्ता, अमरनाथ पटेल, मधुर सिंह, बबलू यादव, ओम प्रकाश पटेल, आशुतोष शुक्ला, गौतम तिवारी, वंदना त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में "संकल्प एवं राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. राम नारायण चौरसिया ने किया। इस दौरान फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि उक्त दोनों महापुरुषों का व्यक्तित्व एवं कृतित्व युगों-युगों तक याद किया जाएगा। इंदिरा गांधी ने बैंकों एवं कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया तो सरदार पटेल ने आजादी के बाद 562 रियासतों को भारत में विलय कराया। कार्यक्रम में आलोक प्रसाद, शरद सिंह बबलू, मदमोहन उपाध्याय गोविंद मिश्र, कपिल देव शुक्ला, नूर आलम, इंजीनियर शिवपूजन, गंगा जल चौरसिया, विधि नारायण वर्मा, राम नारायण प्रसाद, गोपाल शाहपूर्व चेयरमैन चंद्र जीत भारती, हृदय नारायण पांडे व अन्य उपस्थित रहे।

भारतीय कुर्मी महासभा की ओर से शहर के पटेल धर्मशाला में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राधेश्याम सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक पनियरा ज्ञानेन्द्र सिंह, नवनीत पटेल ने लौहपुरुष पटेल के देश के प्रति किये गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में राघवेंद्र सिंह, अरुण पटेल, अजीत कुमार चौधरी, राम बचन पटेल, प्रद्युम्न पटेल, डॉ. सचिन कुमार चौधरी, शिवाकांत गुप्ता, कृष्णा पटेल, बैजनाथ पटेल समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भिटौली प्रतिनिधि के अनुसार, दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज प्रयाग नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।



सदर ब्लॉक के पास केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी हुए शामिल। संवाद

### सपा कार्यालय में मनाई गई जयंती

समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव की जयंती जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान इनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाया गया। वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। सरदार पटेल को देशी रियासतों के विलय कराने एवं अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के प्रति नमन किया गया। इस अवसर पर श्रवण पटेल, डॉ. एस एस पटेल, विजय यादव, यज्ञदत्त पासवान, नौशाद आलम, अमरनाथ यादव व अन्य उपस्थित रहे।

इस दौरान पुलिस के नेतृत्व में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र और पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व के बारे में जागरूक किया। पंडित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पकड़ी दीक्षित में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इकाई के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

चौक बाजार प्रतिनिधि के अनुसार, थाना परिसर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष चौक ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में दौड़ निकाली गई। दौड़ थाना परिसर से प्रारंभ होकर ठेकी चौराहे तक पहुंची। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल के अदम्य साहस और दूरदर्शिता ने देश को अखंड रूप में जोड़ा गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज सिंह, रेखा वर्मा, अनुराधा विश्वकर्मा मौजूद रहे।

परसामलिक प्रतिनिधि के अनुसार, नौतनवा के रतनपुर में एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। क्षेत्र के विभिन्न सरकारी संस्थानों व गैर सरकारी संस्थानों में जयंती मनाई गई है।

नौतनवा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सेखुआनी में प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है। महरी घोड़हवा विद्यालय, लुठहवा प्राथमिक विद्यालय, निपनिया कम्पोजिट विद्यालय, बिचखोप उच्च प्राथमिक विद्यालय, रतनपुर कंपोजिट विद्यालय पर बड़े ही धूमधाम से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एपीओ शशिकांत, शिक्षक यशोदा नंद भारती, राजेन्द्र चौधरी, जगदीश, महेन्द्र यादव, चंद्रभान प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

ठूठीबारी प्रतिनिधि के अनुसार, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात ठूठीबारी कोतवाली पुलिस एवं 22वीं बटालियन एसएसबी जवानों ने संयुक्त रूप से "रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। एसएसबी बीओपी कैंप परिसर से प्रारंभ हुई रन फॉर यूनिटी रैली ठूठीबारी मुख्य मार्गों से होते हुए नो मैंस तक निकाली गई। इस दौरान पुलिसकर्मी, एसएसबी जवान एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए हमें एकता और समरसता के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

खनुआ प्रतिनिधि के अनुसार, सोनौली पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर सोनौली थाना क्षेत्र के कुनसेरवा स्थित एक विद्यालय के रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया।

### एकता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती

फरेंदा। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। क्षेत्र के परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार भारतीय व अन्य शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनसीसी कैडेट्स व बीएड विभाग द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय ने कहा कि सरदार पटेल ने बिखरी रियासतों को एकसूत्र में पिरोने का काम किया। भारत के लौह पुरुष के रूप एकता के प्रतीक बने। इस दौरान रामनगीना सिंह, मुरलीधर जायसवाल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. यशवंत सिंह, डॉ. श्रीदयाल वर्मा, सत्यप्रकाश मौर्य व अरुण कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# डीएलएसए सचिव ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, सुनीं समस्याएं

## जांच में नहीं मिली कमियां, जिम्मेदारों को दिए दिशा-निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सुनील कुमार नागर ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। सचिव ने बंदियों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं और यथोचित निदान के लिए अधीक्षक को तत्काल निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ बंदी अधीक्षक के माध्यम से डीएलएसए को प्रार्थना पत्र भेज सकते हैं। निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैरकों की साफ-सफाई का सूक्ष्म निरीक्षण करने पर बैरक स्वच्छ मिले। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सतत सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश अधीक्षक को दिए गए। बंदियों से भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में जानकारी ली गई। कारागार चिकित्सक से अस्वस्थ बंदियों की स्थिति जानी और समुचित उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। सिद्धदोष बंदियों की लंबित जेल अपीलों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित अपील वाले बंदी, जेल अधिकार मित्र या अधीक्षक के माध्यम से आवेदन भेजें।



जिला कारागार का निरीक्षण कर निकलते डीआईजी जेल। स्रोत-पुलिस विभाग

### बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली

**महराजगंज।** डीजी जेल पीसी मीणा, डीआईजी जेल मैत्रेय व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जेल अधीक्षक बीके गौतम ने बताया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोष जनक मिली। डीजी नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए।

# पासपोर्ट में नाम व जन्मतिथि बदलकर धोखाधड़ी

## पुलिस की जांच में प्रथमदृष्टया कूटरचित दस्तावेज का मामला पाया गया, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के इमिलिया निवासी इशमोहम्मद खान पर पासपोर्ट बनवाने के लिए नाम की स्पेलिंग और जन्मतिथि में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया यह कूटरचित दस्तावेज का मामला पाया गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, इशमोहम्मद खान ने पहला पासपोर्ट बनवाते समय पहचान पत्र पर नाम इएस मोहम्मद खान, पुत्र रियाजुद्दीन खान, पता इमिलिया, थाना कोतवाली, महराजगंज और जन्मतिथि 01.01.1978 दर्ज कराई थी। लेकिन मौलवी एक्जामीनेशन-2016 सर्टिफिकेट में उनकी जन्मतिथि 24.06.1990 अंकित है जिसका इस्तेमाल दूसरे पासपोर्ट के लिए किया गया।

इसके अलावा, ड्राइविंग लाइसेंस पर नाम इश मोहम्मद, पुत्र रियाजुद्दीन, पता इमिलिया और जन्मतिथि 01.01.1978 है। वहीं आधार कार्ड पर नाम इश मोहम्मद खान पता इमिलिया और जन्मतिथि 24.06.1990 दर्ज है। आपातकालीन पासपोर्ट में नाम इश मोहम्मद खान, पता ईमिलिया और जन्मतिथि 01.01.1978 अंकित पाया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने पासपोर्ट बनवाने के लिए जानबूझकर नाम की स्पेलिंग और जन्मतिथि में बदलाव कर दिया। जो धोखाधड़ी और दस्तावेजों में कूटरचित का मामला है। जांच अधिकारी ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने की संस्तुति की, जिस पर केस दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर 1.36 लाख हड़पे

## किर्गिस्तान भेजने का झांसा देकर हड़पी रकम, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है। यहां के थाना सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी किशन वर्मा ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उन्हें किर्गिस्तान भेजने का झांसा देकर एक लाख 36 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अब केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

किशन वर्मा ग्राम रुधौली भावचक के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई अंकित वर्मा को विदेश में नौकरी दिलाने के लिए उन्होंने आरोपी राकेश भारती निवासी ग्राम बरवां राजा को पैसे दिए थे। किशन के अनुसार हमने पूरी रकम सौंप दी, लेकिन राकेश ने कोई व्यवस्था नहीं की और धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित ने इस संबंध में दो बार थाने में शिकायती पत्र दिया। पहली कार्रवाई के बाद आरोपी ने सात मई 2025 को मात्र 20 हजार रुपये लौटाए, लेकिन बाकी राशि का कोई अता-पता नहीं।

किशन ने कई बार प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन सुनवाई न होने पर उन्होंने 27 अक्तूबर 2025 को फिर से आवेदन किया। प्रार्थनापत्र में उन्होंने शेष रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सोनौली सीमा पर संदिग्ध उज्बेकी महिला पकड़ी गई

## वीजा डिपार्चर की कोशिश में थी आव्रजन अधिकारियों ने पकड़ा



गिरफ्तार उज्बेकिस्तान की महिला।

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनौली।** भारत से नेपाल जाने की कोशिश में सोनौली में आव्रजन अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर उज्बेकिस्तान की एक महिला को हिरासत में ले लिया।

अधिकारियों के अनुसार, ताशकंद की रहने वाली उमीदा जुरेवा पासपोर्ट पर डिपार्चर कराने पहुंची थी पर उसके पास भारतीय वीजा या अन्य कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। इस पर आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ के बाद आव्रजन अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई के लिए सोनौली पुलिस को सौंप दिया।

सोनौली कोतवाल अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आव्रजन अधिकारियों की तहरीर पर पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की महिला के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उससे पूछताछ कर उसके भारत आने के मकसद और अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

## मारपीट के आरोपी बेटे व बहू पर केस

**शिकारपुर/भिटौली।** क्षेत्र के लक्ष्मीपुर देउरवा गांव में बंटवारे के विवाद में मारपीट हो गई। इस मामले में पीड़ित मां की तहरीर पर आरोपी बेटे सनोज व बहू अनूपा पर केस दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता गीता देवी ने बेटे और बहू पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बेटा सनोज व बहू अनूपा गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। मना किया तो बहू और बेटे ने मारा-पीटा।

इसी दौरान पति रामजीत छुड़ाने आए तो उन्हें भी मारा-पीटा। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि आरोपी बेटे सनोज और बहू अनूपा पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

## गैंगस्टर एक्ट में तीन पर हुई कार्रवाई

**ठूठीबारी।** नशीली दवाइयों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस की कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मचा है।

कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि अवध बिहारी (28), गौरी यादव निवासी लक्ष्मीपुर थाना बरगदवा व आकाश निवासी डगरूपुर थाना बरगदवा जनपद महराजगंज के निवासी है। इनका एक सुसंगिठत सक्रिय गिरोह है। जो अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाइयां, नशीले इंजेक्शन और टेबलेट की तस्करी कर सीमावर्ती क्षेत्र व नेपाल में नशीली दवा की सप्लाई करते है। इन तीनों की विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। संवाद

# अवैध पासपोर्ट-वीजा के साथ पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की महिला को जेल

## 10 माह की सजा, पांच हजार अर्थदंड भी लगाया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध पासपोर्ट और वीजा के साथ पकड़ी गई उज्बेकिस्तान की महिला नागरिक को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

**अदालत से**

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान विदेशी महिला दिलवर राखी मोवा जोराजम रिजीन व्लोयाती उरगेज शहर, उज्बेकिस्तान राष्ट्र की नागरिक को 10 माह 10 दिन के साधारण कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार, यह मामला वर्ष 2023 का है। अभियोजन के अनुसार, सोनौली थाने की पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक विदेशी महिला नागरिक को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा था। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम दिलवर राखी मोवा बताया। जब पुलिस ने उससे यात्रा दस्तावेज मांगे तो उसके पास मौजूद पासपोर्ट और वीजा संदिग्ध पाए गए। दस्तावेज की जांच में यह पुष्टि हुई कि उसके पास भारत में प्रवेश के लिए वैध वीजा नहीं था। सोनौली पुलिस ने इस संबंध में विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत केस दर्ज किया था। विवेचक ने साक्ष्य संकलन के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने माना कि बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर रही थी जो विदेशी अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। जिसके आधार पर न्यायालय ने सजा सुनाई है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-11-2025

# रन फार यूनिटी का पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया शुभारंभ

**बस्ती (एसएनबी)।** डीआईजी बस्ती द्वारा रन फार यूनिटी कार्यक्रम के तहत हरी झंडी दिखाकर दौड़ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी द्वारा कंपनी बाग चौराहे पर रन फारयूनिटी कार्यक्रम के तहत हरी झण्डी दिखा कर शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन के साथ प्रतिभाग करते हुए दौड़ लगायी गयी एवं आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रन फार यूनिटी का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व एमएलसी विनोद पाण्डेय ने अमहट घाट स्थित सरदार पटेल पार्क से किया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शास्त्री चौक के लिए रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता रही। विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि बस्ती जनपद की सभी पांच विधानसभाओं में 8 से 10 किमी की पदयात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह यात्रा चार



पड़ावों में पूरी होगी। कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, पवन कसौधन, ब्लाक प्रमुख बस्ती सदर राकेश श्रीवास्तव, भाजयुमोके पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, गोपेश्वर त्रिपाठी, सुशील सिंह, दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, यशकांत सिंह, अनिल दुबे, भानु प्रकाश मिश्र, आशा सिंह, प्रत्युष सिंह, वैभव पाण्डेय, गिल्लम चौधरी, दिवाकर मिश्र, अभिषेक कुमार, दुष्यंत सिंह, दिलीप पाण्डेय, अखण्ड सिंह, सतेन्द्र सिंह भोलू, अंकुर वर्मा, गजेन्द्र मणि त्रिपाठी, अमृत कुमार वर्मा, अभिनव उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह, विनय यादव, अमरेश पाण्डेय, रोली सिंह बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

### अमहट स्थित पटेल की प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण, जगह-जगह हुई दौड़, विभिन्न संगठनों ने शहर में निकाली शोभायात्रा

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर दौड़े जिलेवासी

**आयोजन**

**बस्ती, निज संवाददाता।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ। इस मौके पर समूचा जनपद दौड़ लगता दिखा। पटेल को याद करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। भाजपा, सरदार सेना, रालद व विभिन्न संगठनों ने पदयात्रा, माल्यार्पण, संगोष्ठी आदि का आयोजन किया।

भाजपा के रन फॉर यूनिटी का का शुभारंभ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री और पूर्व एमएलसी विनोद पाण्डेय ने किया। वे अमहट घाट स्थित सरदार पटेल पार्क से माल्यार्पण बाद एकता दौड़ को रवाना किया। हरी झंडी के बाद यह एकता दौड़ शास्त्री चौक पहुंची। जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विनोद पाण्डेय ने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य युवाओं में एकता की भावना को प्रबल करना है।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि बस्ती जनपद की सभी पांच विधानसभाओं में 8 से 10 किमी की पदयात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। 12 नवम्बर को कप्तानगंज, 15 नवम्बर को बस्ती सदर, 17 नवम्बर को महादेवा, 19 नवम्बर को रुधौली तथा 20 नवम्बर को हर्रैया विधानसभा में यात्रा प्रस्तावित है। एकता दौड़ का संयोजन राजकुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, पवन कसौधन, गोपेश्वर त्रिपाठी, सुशील सिंह, दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, यशकांत सिंह, राकेश श्रीवास्तव, प्रमोद पाण्डेय, भानु प्रकाश मिश्र, प्रत्युष सिंह, वैभव पाण्डेय, गिल्लम चौधरी, दिवाकर मिश्र, अभिषेक कुमार, दुष्यंत सिंह, दिलीप पाण्डेय, अखण्ड सिंह, सतेन्द्र सिंह भोलू, अंकुर वर्मा, गजेन्द्र मणि त्रिपाठी, अमृत कुमार वर्मा, अभिनव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

**अखंड भारत के निर्माण में दिया योगदान :** सपा कार्यालय में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार पटेल को उनकी जयंती पर याद किया गया। सदर विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष महेंद्रनाथ यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन वृत्त, योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक राजमणि पांडेय, विधायक अतुल चौधरी कविंद्र, राजेंद्र चौधरी, दयाशंकर मिश्र आदि ने अपने विचार रखे। अरविंद सोनकर, गीता भारती, गुलाब सोनकर आदि उपस्थित रहे।

**यूनिटी दौड़ में प्रतिभाग किए 110 खिलाड़ी :** पटेल जयंती पर शुक्रवार को स्टेडियम में यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन पटेल पार्क अमहट से मुख्य अतिथि भाजपा नेता विनोद पाण्डेय ने सुबह आठ बजे हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया गया। इस यूनिटी दौड़ में 110 बालक व बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिला क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार ने यूनिटी दौड़ में आये हुए सभी आए हुए अतिथियों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।



कलक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।



विधायक हर्रैया के नेतृत्व में रजवापुर से निकली एकता यात्रा।

## शिवहर्ष पीजी कॉलेज में हुई निबंध प्रतियोगिता

बस्ती। शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों व नेहरू युवा केन्द्र ने संयुक्त रूप से यह आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. रीना पाठक ने किया। प्रो. रघुवंश मणि त्रिपाठी ने सरदार पटेल के योगदान पर एक व्याख्यान दिया। निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. राजेश सिंह, डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय और डॉ. गजेंद्र बिष्ट ने निभाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिलोकी नाथ ने प्रतिभाग किया। साथ ही कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के सहायक प्रवक्ता अभिषेक मिश्र ने किया।

# डीआईजी-एसपी संग पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर जिले में शुक्रवार को शहर से लेकर सभी थानाक्षेत्रों में "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया गया। शहर के कम्पनी बाग चौराहे पर डीआईजी संजीव त्यागी और एसपी अभिनंदन ने 'रन फॉर यूनिटी' के तहत आयोजित दौड़ कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खुद भी इसमें शामिल हुए। एएसपी श्यामकांत, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के साथ ही निरीक्षक, उप निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल हुए। महिला पुलिस अफसरों व कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

डीआईजी व एसपी ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को इस आयोजन के माध्यम से दोहराया जा रहा है। डीआईजी कार्यालय और पुलिस लाइन में आयोजन किया गया। छावनी, लालगंज, कलवारी, पुरानी बस्ती, कोतवाली, वाल्टरगंज, रुधौली, मुंडेरवा, परशुरामपुर, हर्रैया, गौर, पैकोलिया, दुबौलिया समेत सभी थानाक्षेत्रों में आयोजन किया गया।

## डीएम ने दिलाई एकता-अखंडता की शपथ

बस्ती। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम कृतिका ज्योत्सना ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस का संकल्प दिलाया। डीएम ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को देश सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, एसडीएम उमाकान्त तिवारी, रश्मि यादव आदि उपस्थित रहे।

## विधायक के नेतृत्व में निकली एकता यात्रा

बस्ती। सरदार पटेल जयंती पर विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में एकता यात्रा निकाली गई। यह यात्रा हर्रैया के रजवापुर से शुरू होकर चार किलोमीटर की दूरी तय की। यात्रा के दौरान हाथ में तिरंगा लिए हर कोई नारे लगाता हुआ नजर आया। इस दौरान कृष्ण कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख विक्रमजीत, शिरीष पाण्डेय, अनन्त कृष्ण पाण्डेय, श्रवण तिवारी, राजदत्त शुक्ला, शिवकेसरी वर्मा, पटवारी चौधरी, सरोज मिश्र आदि रहे।

## आज हरैया में समाधान दिवस

**बस्ती (एसएनबी)।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 1 नवम्बर 2025 शनिवार को 10 बजे से हरैया तहसील में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने दी है। उन्होने बताया कि सम्पूर्ण समाान दिवस में सभी जिला स्तरीय अकिारी भाग लेंगे।

## सुबह टहलने निकली बृद्ध महिला की वाहन की ठोकर से मृत्यु

**रुधौली (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के रूधौली कस्बे की रहने वाली पैसठ वर्षीय महिला के सुबह टहलने के दौरान अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर उसे घायल हो गई। मौके पर पहुंचे परिजानो ने उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं परिवार में रोना पीटना पड़ा हुआ है। रूधौली कस्बे की मैना देवी पत्नी स्वर्गीय सुपारी सुबह टहलने के लिए निकली हुई थी। कि बैंक चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे पर परिजनों ने उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए । जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं परिवार में उनके मौत को लेकर परिवार में रोना पीटना पड़ा हुआ है ।मृतका के एक पुत्र तथा तीन पुत्रियां हैं सभी की शादी हो चुकी है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार महिला घायल

**हरैया(एसएनबी)।** लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थानीय थानांतर्गत आमा पाण-डेय गांव के सामने साइकिल से घर जा रही महिला अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जगदीशपुर निवासी फूलचंद की 48 वर्षीया पत्नी श्याम कला तेनुआ गांव में एक दुकान पर धागा व सूत का कार्य करती थी। शुक्रवार की सायं वह कार्य समाप्त करने के बाद साइकिल से घर वापस जा रही थी। बस्ती से अयोध्या- लेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क पर वाहनों की लंबी लाइन लगने से आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख बस्ती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। चिकित्सक डा. विपिन ने बताया कि हेड इंजरी के चलते हालत नाजुक होने के कारण रेफर किया गया है।

## पैसे देने के लिए बलाकर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** विपक्षीगणो द्वारा एक युवक को पैसे देने के बहाने बुलाया जहां उसकी जमकर पिटाई की गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र अन्तर्गत हथियागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर हर्षित शुक्ला द्वारा महुड़र निवासी युवराज शुक्ला को पैसे देने के लिए बुलाया गया था। जहां पर युवराज के पहुचने पर हर्षित के साथ पहले से ही मौजूद चार पांच लोगो द्वारा एकराय होकर गालियां देते हुए लाठी व डण्डे से मारकर सिर फोड़ दिया साथ ही शरीर पर कई जगहो पर गम्भीर चोट आयी। मामले में पीड़ित के पिता दिवाकर चौधरी पुत्र हजारी लाल निवासी महुडर थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## स्कूली बस में ठोकर लग जाने पर बच्चे घायल, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार एक बस के चालक ने एक दूसरी स्कूली बस में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बस के अन्दर बैठे कई बच्चे घायल हो गये और बस क्षतिग्रस्त हो गयी। इस सम्बन्ध में कलवारी थाने में बस के अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कलवारी थानाक्षेत्र अन्तर्गत चकदहा स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल की बस सड़क के बायी तरह खड़ी करके एक बच्चे को उतार रहा था। इस दौरान गायघाट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य बस संख्या यूपी 51 एटी / 2518 के चालक द्वारा ओवर टेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर स्कूल बस संख्या यूपी 51 एटी/ 3277 मे पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गयी तथा उसमें बैठे बच्चे सलोनी , तेजल , अनामिका , आशा , अजय यादव , सपना वर्मा , अंश , सृष्टि घायल हो गये। मामले में वीरेन्द्र उपाध्याय पुत्र राम दुलारे उपाध्याय निवासी फेटवा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने बस के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 324 (4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

**रुधौली (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बस्ती बांसी मार्ग के पुरैना बैंक के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की ठोकर से एक बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बस्ती लेकर जाया गया हैं। जहां पर दोनों युवक की हालत गंभीर बनी हुई हैं।वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सिसवारी के 35 वर्षीय मो खालिक पुत्र सत्तार व गांव के ही 32 वर्षिय अशोक उर्फ लम्पू पुत्र राम प्रसाद एक बाइक पर सवार होकर बस्ती की तरफ जा रहेथे। अभी ये दोनों पुरैना बैंक के पास पहुचे ही थे कि रुधौली से बस्ती की तरफ जा रहीं अज्ञात चार पहिया बाहन ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। जिसमें मोहम्मद खालिक के बाएं पैर की दो अंगुली कट कर गायब हो गई और इनका सिर फट गया और शरीर में गंभीर चोटें आ गई हैं। वहीं अशोक उर्फलंपू का बाया पैर टूट कर फै र हो गया। पुरैना चौराहे के लोगों की मदद से परिजनों द्वारा दोनों को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लेकर जाया गया हैं। जहा पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई हैं।

## नाली विवाद में मारपीट, आधा दर्जन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** नाली विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो द्वारा एकराय होकर एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। सोमा गांव में नाली के विवाद को लेकर राम प्रताप को विपक्षी अरूण, लालमोहन, बृजेश साहित आधा दर्जन लोगो द्वारा एकराय होकर गालियां देते हुए ईट, गुम्मा से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान राम प्रताप को काफी चोट आयी। मामले में पीड़ित रामप्रताप पुत्र मेहीलाल निवासी सोमा थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अरुण पुत्र राममोहन, लालमोहन पुत्र भीखी प्रसाद, बृजेश पुत्र रामपाल, अक्षय कुमार उर्फ राजा पुत्र रामलौट, ईश्वर प्रसाद, अजय पुत्र दिल्ली निवासीगण सोमा तथा आठ-दस अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**मिशन शक्ति** | विभिन्न स्कूलों में मिशन शक्ति टीम ने साइबर जागरूकता की जगाई अलख, महिलाओं को उनके अधिकारों की दी गई जानकारी

# महिलाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिलेभर में शुक्रवार को साइबर सुरक्षा और महिला जागरूकता को लेकर मिशन शक्ति की टीम ने अभियान चलाया गया। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी की अगुवाई में बरौचा कटया गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें आमजन को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए फिशिंग, ओटीपी, यूपीआई, क्यूआर कोड स्कैन, अज्ञात लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन लॉटरी स्कैम आदि के बारे में जागरूक किया गया। चौपाल में प्रभारी चौकी अस्पताल पवन कुमार मौर्या, महिला एसआई रानी पांडेय मौजूद रहीं।

प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह के साथ कांस्टेबल प्रियंका, सुमन यादव व श्यामा पाठक की टीम ने कोतवाली के गरथा में जन चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं एवं बालिकाओं ने इसमें प्रतिभाग किया। सीओ हर्रैया संजय सिंह की अगुवाई में श्रीमती सावित्री सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में साइबर अपराध व नए आपराधिक कानूनों को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताने के साथ ही सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसएचओ तहसीलदार सिंह व अन्य मौजूद रहे।



कोतवाली के बरौचा कटया में शुक्रवार को जन चौपाल में लोगों को जागरूक करती प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह।

## त्रिवेणी राम इंटर कॉलेज में लगी क्लास

**बस्ती।** थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के चौधरी त्रिवेणी राम बालिका इण्टर कालेज कुसौरा मे साइबर जागरूकता व नए कानूनों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।



शुक्रवार को शहर में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में प्रतिभाग करते डीआईजी, एसपी, एएसपी व अन्य लोग।




शुक्रवार को विकास खंड गौर मुख्यालय पर कार्य बहिष्कार कर धरना देते ग्राम सचिव।

## साऊंघाट की सचिव प्रियंका के अकारण निलंबन का लगाया आरोप

# जनपद के सभी ब्लॉकों पर गरजे सचिव, दिया धरना

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के सभी 14 ब्लॉक मुख्यालयों पर ग्राम प्रचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों की समन्वय समिति ने शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। यह धरना विकास खंड साऊंघाट की सचिव प्रियंका यादव के निलंबन के विरोध में जा रहा है। सचिवों ने आरोप लगाया कि प्रियंका यादव का निलंबन अकारण किया गया गया है। इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। निलंबन वापसी तक समन्वय समिति के बैनर तले धरना व कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस संबंध में समन्वय समिति ने एक दिन पहले सीडीओ को पत्र देकर जानकारी दिया था।

परसुरामपुर संवाद के अनुसार शुक्रवार सुबह दस बजे से विकास खंड मुख्यालय पर बैठे सचिवों ने धरना देना शुरू किया। आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी साऊंघाट ने सचिव प्रियंका यादव को बिना उनका पक्ष सुने मनमाने तरीके निलंबित कर दिया। धरना देने वालों में सचिव राजमंगल दुबे, अर्चना वर्मा, महेश पांडेय, गिरजेश वर्मा, अविनाश पांडेय, अभिषेक सोनी, अजीत सिंह, बिजेंद्र गौतम, आलोक, दिवाकर, संजीव कुमार, प्रवीन गौड़, सोमनाथ वर्मा आदि शामिल रहे।

सल्टौआ संवाद के अनुसार ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति बस्ती के कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल के नेतृव में सचिवों ने धरना, प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया और प्रभारी बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मंत्री अमरनाथ गौतम, अनुरोध श्रीवास्तव, विनोद, किशन, चंद्रशेखर, रिंगभान, मो. शकील, सिराज अहमद, अंकुर, तनवीर अशरफ शामिल रहे।

कप्तानगंज संवाद के अनुसार विकास खंड मुख्यालय पर ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी कार्य बहिष्कार कर धरने पर रहे। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सेक्रेटरी अरविंद चौधरी ने बताया कि खंड विकास अधिकारी साऊंघाट ने ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका यादव को अकारण निलंबित किया है। निलंबन वापसी तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी प्रकार साऊंघाट, विक्रमजोत ब्लॉक परिसर में सचिवों ने धरना दिया और बीडीओ पत्र सौंप कर कार्य, कार्यक्रम व चौपाल आदि में भागीदारी नहीं करने की सूचना दी है।



विकास खंड सल्टौआ में कार्य बहिष्कार कर प्रभारी बीडीओ को सचिवों ने सौंपा ज्ञापन।

## निलम्बन को लेकर गौर ब्लॉक के सचिव हुए लामबंद

**बभनान/छावनी।** साऊंघाट ब्लॉक में तैनात सचिव के निलम्बन को लेकर गौर ब्लॉक के सचिव लामबंद हुए। ब्लॉक सभागार के सामने सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। सचिव प्रशान्त पाण्डेय, प्रमोद कुमार, श्रीप्रकाश, सूरज पाण्डेय, अनिल कुमार, देवकीनंदन, बृजेश यादव आदि धरने में शामिल रहे। वहीं, विक्रमजोत ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन हुआ। फारूक, आशीष श्रीवास्तव, रामदरस आदि रहे।

# बल्ब लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**दुखद**

- घर का इकलौता बेटा था राम सुंदर, आठ माह पहले हुई थी उसकी शादी
- इकलौता चिराग बुझने से परिजनों व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाददाता ।** होल्डर में बल्ब लगाते समय करंट की चपेट में आकर गौर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बभनान के महागौरी नगर वार्ड निवासी राम सुंदर कश्यप (24) पुत्र श्याम बिहारी कश्यप की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात हुई। राम सुंदर इकलौता बेटा था और उसकी आठ माह पहले शादी हुई थी। परिजनों ने शक्तिनगर वार्ड स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की गई।

परिजनों का कहना है कि राम सुंदर रात 11 बजे घर के पीछे होल्डर में बल्ब लगा रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घर के इकलौते चिराग के बुझ जाने से परिजनों व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है।



राम सुंदर कश्यप (फाइल फोटो)।

# मुकदमा दर्ज नहीं होने से भारतीय किसान यूनियन नाराज

- दुबौलिया थाना पुलिस पर लगाया मनमानी करने का आरोप
- घर में आग लगाने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती: भाकियू ब्लाक उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र ने दुबौलिया पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस के इस रवैए से नाराज भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार से थाने का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया है।

पीड़ित हरिवंशपुर बुजुर्ग गांव निवासी रमेश चन्द्र ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर शाम सात बजे गांव में ही चार व्यक्तियों ने उनके घर के बगल में मुर्गा, मछली खा-पीकर उनके छप्पर में आग लगा दी थी। घर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। घर पर केवल उनकी पत्नी मीरा देवी व छोटे बच्चे ही थे।

वह एक निमंत्रण में गए थे। पीड़ित ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन कर आरोपित अरविन्द उर्फ राम गोपाल को लेकर थाने पर ले जाकर छोड़ दिया। भाकियू तहसील उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश दुबे ने बताया कि कुछ मनबढ़ों ने उनके ब्लाक पदाधिकारी का घर फूंक दिया। लेकिन दुबौलिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस दस दिन से हीलाहवाली कर रही है। कहा कि सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ वह दुबौलिया थाने घेराव करेंगे। स्थानीय पुलिस की मनमानी से क्षेत्र के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। दुबौलिया एसएचओ कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि थाने पर धरना देने के लोग स्वतंत्र हैं। फिलहाल जांच-पड़ताल में रमेश की बात असत्य मिली है।

# मिशन शक्ति फेज पांच के तहत 150 महिलाओं को किया जागरूक

## हेल्प लाइन नंबरों पर परेशानी होने पर काल करने की दी गई सलाह

जागरण संवाददाता, बस्तीः प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति के पांचवें चरण (फेज-5) के तहत कोतवाली के गरवा गांव में शुक्रवार को बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आस-पास के क्षेत्रों से आईं 150 महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की थीम पर आधारित इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक डा. शालिनी सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर बेटी और बहू को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता से जोड़ने का एक संकल्प है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 1076), महिला हेल्प डेस्क और एंटी-रोमियो स्क्वाड की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया, ताकि विषम परिस्थितियों में वे तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें।



कोतवाली के गरवा गांव में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करतीं महिला थाने की एसएचओ डा. शालिनी सिंह • जागरण

आनलाइन फ्राड, इंटर मीडिया पर उत्पीड़न और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बताईं। मौजूद महिला पुलिसकर्मियों रश्मि, प्रियंका वर्मा, श्यामा पाठक, सुमन यादव, अनुष्का व कंचन द्वारा आत्मरक्षा के साधारण मगर प्रभावी तरीके (सेल्फ-डिफेंस टेक्निक्स) का प्रदर्शन किया गया, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित रख सकें। साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट आनलाइन धोखाधड़ी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इससे बचने की सलाह दी गई।

# अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल का रहा अतुलनीय योगदान

## डीआइजी वस्ती रेंज ने रन फार यूनिटी को दिखाई हरी झंडी सैकड़ों पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता की दौड़ में लिया भाग

राष्ट्रीय एकता दिवस

जागरण संवाददाता, वस्ती: देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार की सुबह सात बजे जिला मुख्यालय पर रन फार यूनिटी (एकता के लिए दौड़) का भव्य आयोजन किया गया। इस दौड़ को बस्ती रेंज के उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) संजीव त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वह स्वयं, एसपी अभिनन्दन, एएसपी श्यामकांत व सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के साथ दौड़ में पुलिस कर्मियों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जिला मुख्यालय के अलावा जनपद के सभी 16 थाना क्षेत्रों में भी रन फार यूनिटी के तहत दौड़ आयोजित की गई, जिसमें शहर कोतवाल दिनेश चन्द्र चौधरी, एसओ पुरानी बस्ती महेश सिंह, लालगंज संजय कुमार, कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह, नगर विश्वमोहन राय, मुंडेरवा प्रदीप सिंह, वाल्टरगंज उमाशंकर त्रिपाठी, रुधौली विजय कुमार दुबे, सोनहा चंदन कुमार, कप्तानगंज आलोक श्रीवास्तव, छावनी जनार्दन प्रसाद व परसरामपुर में एसओ भानुप्रताप सिंह, महिला थाने की एसएचओ डा. शालिनी सिंह, यूपी 112 के प्रभारी राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह व उनकी टीम ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को चरितार्थ किया।



गांधीनगर में रन फार यूनिटी में शामिल वाए से डीआइजी संजीव त्यागी व अन्य • जागरण

**एकता का संदेश लेकर दौड़ी खाकी वर्दी:** पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दौड़ शुरू करने से पहले उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की 560 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण सरदार पटेल ने किया था। डीआइजी ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। रन फार यूनिटी सिविल लाइन के कंपनीबाग चौराहा से शुरू होकर गांधीनगर चौक तक गई, जहां प्रतिभागियों ने एकता का संदेश दिया।

विपरीत मौसम व वर्षा के बाद भी इस दौरान प्रतिभागियों के चेहरे पर जोश और उत्साह झलक रहा था। उन्होंने देशभक्ति के नारों के साथ दौड़ पूरी की। इस आयोजन में पुलिस और यातायात विभाग ने दौड़ के मार्ग पर सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की, ताकि किसी भी प्रतिभागी को कोई असुविधा न हो। दौड़ के समापन पर डीआइजी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और राष्ट्रीय एकता के लिए संकल्प लिया।

**जगह जगह मनाई गई पटेल जयंती**

भानपुर, बस्ती: आधुनिक भारत के शिल्पी व भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जगह-जगह धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर लोगों ने देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ भी ली। भानपुर तहसील में उपजिलाधिकारी हिमांशु कुमार ने शपथ दिलाई। तहसीलदार पंकज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव सहित सुभाष चंद्र चौबे, संतोष चौधरी, वीरेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे। रामनगर विकास खंड में भी पटेल जयंती मनाई गई।

सोनहा थाने पर प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई व रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। खराब मौसम के बावजूद विद्यालयों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गनेशपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय आरआर मेमोरियल ब्राइट चिल्ड्रेन एकेडमी में मुख्य अतिथि जे.डी. विश्वकर्मा ने बच्चों को सरदार पटेल की तरह अनुशासन में रहने और कठोर निर्णय लेने का प्रयास करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंधक पंकज विश्वकर्मा ने लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे कठोर निर्णय लेने से कभी नहीं घबराते थे और उन्होंने बिखरे भारत को एकजुट करने के लिए देश विरोधी ताकतों का डटकर सामना किया।

## जयंती पर दिलाई गई एकता एवं अखंडता की शपथ

जासं, बस्ती: सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने रेंज कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। इस कड़ी में पुलिस लाइन में एसपी अभिनन्दन ने 150वें राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता की शपथ दिलाई।

उप महानिरीक्षक बस्ती रेंज के कार्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम, लोगों ने किया पटेल के चित्र पर माल्यार्पण

**वामा सारथी ने कराई निबंध प्रतियोगिता:** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर वामा सारथी की अध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक की पत्नी एकता सिंह की अध्यक्षता व क्षेत्राधिकारी लाइन स्वर्णिमा तथा प्रतिसार निरीक्षक की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में छात्र-छात्राओं की वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता कराई गई। वामा सारथी अध्यक्ष ने बताया कि वाद-विवाद, चित्रकला एवं निबंध लेखन सहित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय सरदार पटेल का राष्ट्र निर्माण में योगदान रखा गया था। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" व निबंध लेखन प्रतियोगिता: विषय "राष्ट्रीय एकता की शपथ: सरदार पटेल की प्रेरणा" रखा गया था। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी व पुरस्कार वितरित किए गए।

# बाइक सवार घायल

रुधौली, वस्ती: पुरैना बैंक के पास अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वाल्टरगंज के सिसवारी निवासी 35 वर्षीय मो. खालिक व गांव के ही 32 वर्षीय अशोक ऊर्फ लंपू बाइक पर सवार होकर बस्ती की तरफ जा रहे थे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

जागरण संवाददाता, वभनान, वस्ती: महागौरी नगर वार्ड में करंट की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। गुरुवार की देर रात सुंदर कश्यप के घर की बिजली गुल हो गई।

बाद में वह विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए घर में लगे मेन बोर्ड को खोलकर लाइट सही करने की कोशिश करने लगे। इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गए।

स्वजन उसे आनन-फानन में एक प्राइवेट चिकित्सालय ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिवंगत न सिर्फ अपने माता-पिता का इकलौती संतान थे। शादी बीते फरवरी माह में हुई थी।

वह एक मोबाइल की दुकान पर नौकरी करते थे। अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार पर केस

संवाद सूत्र, सांथा : भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार की रात मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पीड़ित सोनू राय की तहरीर पर गांव के ही चंद्रभूषण पुत्र परमात्मा, इंद्रभूषण पुत्र परमात्मा, राजभूषण पुत्र परमात्मा और आदित्य राय पुत्र नंद भूषणके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटेल जयंती पर थानों में आयोजित की गई रन फार यूनिटी



राम जानकी तिराहे से लेकर छावनी कस्बे तक रन फार यूनिटी में शामिल थानाध्यक्ष, पुलिस कर्मी व स्थानीय लोग ● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: जनपद के सभी थानों में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ ही स्थानीय लोग भी दौड़ में शामिल हुए। लोगों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ ली। बनकटी संवादसूत्र के अनुसार भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती को लालगंज पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। थाना परिसर से शुरू होकर ग्राम पंखोबरी तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी तक निकाली गई।

बेलसड़ संवादसूत्र के अनुसार कप्तानगंज थाना द्वारा सरदार पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव की अगुवाई में पुलिस व क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

छावनी संवादसूत्र के अनुसार थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों ने राम जानकी तिराहे से शहीद स्थल तक रन फार यूनिटी के आयोजन में प्रतिभागिता की।

बच्चों को उनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया गया। मुंडेरवा संवादसूत्र के अनुसार थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह मुंडेरवा थाने से शहीद किसान प्रतिमा स्थल तक रन फार यूनिटी के तहत स्थानीय लोगों एवं स्कूली छात्रों के साथ दौड़ का आयोजन किया।इस दौरान लोगों ने जयकारे लगाए।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

जासं, बस्ती: विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विनोद कुमार ने 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को 10 वर्ष कठोर कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई है। सोनहा क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने थाने में सूचना देकर कहा कि 20 जून 2017 को उनकी बेटी नित्यक्रिया के लिए गई थी। वहीं से सेखुइया गांव का अनुज कुमार उर्फ लाला बहला-फुसलाकर भगा ले गया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अनुज के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। न्यायाधीश ने पक्षों की सुनने के बाद सबूतों के आधार पर अनुज को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। अभियोजन की पैरवी विशेष शासकीय अधिवक्ता अरविंद पांडेय ने की।

# शहर से लेकर गांव तक चली जागरुकता की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जिलेभर में शुक्रवार को साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग की मिशन शक्ति टीम ने शहर से लेकर गांवों तक लोगों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए और महिलाओं-बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी के नेतृत्व में बरौचा कटया गांव में जन चौपाल आयोजित हुई, जिसमें फिशिंग, ओटीपी, यूपीआई, क्यूआर कोड, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे मामलों से बचाव की जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर 1930 और आधिकारिक वेबसाइट का भी प्रचार किया गया।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह की टीम ने गरवा में चौपाल लगाकर महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत संचालित योजनाओं और साइबर सुरक्षा उपायों से अवगत कराया।

वहीं सीओ हर्रैया संजय सिंह की अगुवाई में श्रीमती सावित्री सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में और थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कुसौरा इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यशालाओं में छात्रों को नए आपराधिक कानूनों, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय एवं फोरेंसिक प्रावधानों की जानकारी दी गई।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े 110 धावक...विजेता पुरस्कृत

## सरदार पटेल की जयंती पर एकता बनाए रखने के संदेश के साथ धावकों ने लगाई दौड़

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 110 धावक शामिल हुए और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए। रन फॉर यूनिटी में डीआईजी-एसपी भी शामिल हुए।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 110 खिलाड़ियों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यूनिटी दौड़ सुबह आठ बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क (अमहट) से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक से कंपनीबाग चौराहा से तहसील गेट के सामने बस्ती स्टेडियम गेट संख्या दो पर समाप्त हुई।

दौड़ को पूर्व एमएलसी व पूर्व राष्ट्रीय मंत्री भाजपा विनोद पांडेय ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने धावकों का हौसला बढ़ाया और एकता का संदेश दिया। दौड़ में एएसपी श्यामकांत, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, विधायक हर्रैया अजय सिंह, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, पं. सरोज मिश्रा, कृष्ण चंद्र सिंह, पप्पू शुक्ल, सत्येंद्र विश्वकर्मा, अमित गुप्ता, शिवानी सिंह, सतीश सोनकर, रोली सिंह, आशुतोष पांडेय, दीप पटेल खेलो इण्डिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक, विकास कुमार अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक आदि मौजूद रहे। वहीं कीड़ाधिकारी ने यूनिटी दौड में आये हुए सभी गणमान्य एवं खिलाड़ियों का आभार जताया।



रन फॉर यूनिटी : दौड़ लगाते डीआईजी संजीव त्यागी, एसपी अभिनंदन व अन्य अधिकारी। स्रोत पुलिस

**'रन फॉर यूनिटी' में उमड़ा जनसैलाब, सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि** : बस्ती। भारत रत्न सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा की ओर से शुक्रवार को आयोजित रन फॉर यूनिटी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व एमएलसी विनोद पांडेय ने अमहट घाट स्थित सरदार पटेल पार्क से किया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने की। संयोजक राजकुमार शुक्ल रहे।

### याद किए गए पटेल और इंदिरा गांधी

हर्रैया। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों व स्कूलों में देश की दो महान विभूतियों को उनके जन्मदिन व पुण्यतिथि पर याद किया गया। देश के पहले गृह व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में व पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए देशहित में किए गए कार्यों के लिए लोगों ने नमन किया शुक्रवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने नेशनल इंटर कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों के साथ कस्बे में एकता रैली निकाली। खराब मौसम के बावजूद रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आजादी के बाद देशी रियासतों का भारत में विलय कराने में सरदार पटेल के योगदान की चर्चा करते हुए नमन किया। संवाद

# फोरलेन पर डायवर्जन खत्म चार को फिर होगा लागू

## कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के चलते अयोध्या की तरफ नहीं जा पएंगे भारी वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आने वाली कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर फोरलेन पर फिर से चार नवंबर से 24 घंटे के लिए भारी वाहनों का डायवर्जन रहेगा।

चार अक्तूबर की रात 12 बजे से अयोध्या की तरफ भारी माल वाहक वाहन नहीं जाने दिए जाएंगे। पांच नवंबर को रात 11 बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। सीओ ट्रैफिक सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुताबिक प्रबंध अभी से किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस ने बताया कि बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते संभावित जाम व असुविधा को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इससे पहले 29 अक्तूबर की शाम छह बजे से भव्य श्रद्धालु यात्रा व परिक्रमा के चलते देशी और भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया था। शुक्रवार को सुबह डायवर्जन हटा लिया गया। हालांकि डायवर्जन खत्म होने के बाद फुटहिया समेत कई जगह जाम लग गया। शाम पांच बजे भी फुटहिया डायवर्जन प्वाइंट के पास वाहनों का जाम रहा।

टीएसआई अवधेश तिवारी ने बताया कि टीम लगाकर तुरंत यातायात बहाल करा दिया गया। अब पुनः 4 नवंबर की रात से 5 नवंबर तक रूट डायवर्ट रहेगा। मुख्य रूप से भारी मालवाहक वाहनों को फोरलेन के बजाय वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। भारी वाहनों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आदि वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा।

# ओवरटेक के चक्कर में स्कूल बस से टकराई थी सहारा बस, चालक पर केस

**बस्ती।** रामजानकी मार्ग पर कलवारी थाना क्षेत्र के चकदहा के पास बृहस्पतिवार सुबह हुए स्कूल बस हादसे की जांच में नया खुलासा हुआ है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह हादसा ओवरटेक में लापरवाही के कारण हुआ।

गायघाट की दिशा से आ रही सहारा ट्रेवल्स की दो बसें तेज रफ्तार में एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थीं, तभी उनमें से एक बस ने स्कूल बस को पीछे से टक्कर मार दी।

मामले में फेंटवा निवासी वीरेंद्र उपाध्याय ने थाने में तहरीर दी, जिसमें बताया कि स्कूल से करीब 200 मीटर पूरब स्कूल बस सड़क के किनारे खड़ी थी और चालक बच्चों को बैठा रहा था। इस दौरान सहारा बस के चालक ने नियंत्रण खो दिया और पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। संवाद

# नौकरी के नाम पर ठगी के दोषी को चार वर्ष की सजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अदालत से

बस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय जेबा की अदालत ने नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के मामले में विक्की निवासी पुरानी बस्ती कस्बा को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की एक महिला ने 12 मार्च 2021 को तहरीर देकर बताया था कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। अभियुक्त विक्की ने उसे धोखे में रखकर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उससे 30 हजार रुपये व कुछ आभूषण ले लिए। शिकायत के अनुसार, जब नौकरी नहीं मिली और महिला ने अपने पैसे वापस मांगे तो अभियुक्त ने इनकार करते हुए धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच के दौरान गवाहों के बयान, साक्ष्य तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। विवेचना पूर्ण होने के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिन्हें अदालत ने विश्वसनीय माना। न्यायाधीश ने विक्की को धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं में दोष सिद्ध करते हुए चार वर्ष की सजा सुनाई और अर्थदंड जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास का आदेश दिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल से जा रही महिला घायल

## गंभीर हालत में पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, जिला अस्पताल रेफर

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** हाईवे पर आमा पांडेय गांव के सामने शुक्रवार की देर सायं साइकिल से घर जा रही महिला अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग जुट गए। अयोध्या की तरफ जाने वाली लेन में सैकड़ों वाहनों की लाइन लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी फूलचंद की पत्नी श्याम कला (48) तेनुआ गांव में हाईवे के किनारे एक दुकान पर धागा व सूत का कार्य करती थी। शुक्रवार सायं करीब पौने छः बजे वह कार्य समाप्त करने के बाद साइकिल से घर जा रही थी। अयोध्या जाने वाली लेन में बस्ती की तरफ से आए अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क पर वाहनों की लंबी लाइन लगने से आवागमन प्रभावित हो गया।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख बस्ती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सक डॉक्टर विपिन ने बताया कि हेड इंजरी के चलते हालत नाजुक होने पर रेफर किया गया है।



हर्रैया में हाईवे पर दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़। संवाद

### हादसे के मामले में ट्रेलर चालक पर केस

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में पीड़ित की तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है। एसओ बखिरा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पनियरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खजुरिया निवासी जगरनाथ यादव ने तहरीर में बताया कि 30 अक्तूबर को दोपहर दो बजे उनके पिता चिकानू, चाचा रामचंद्र यादव, चचेरा भाई रघुनाथ यादव व चचेरे चाचा धर्मेंद्र यादव ने कलामुद्दीन निवासी कंदापुर थाना पनियरा की चार पहिया गाड़ी को बुक करके ड्राइवर बलिराम गिरि के साथ बंधवा अस्पताल से दवा कराकर घर जा रहे थे। ग्राम तिघरा के पास एक ट्रेलर का चालक नाम पता अज्ञात लापरवाही पूर्वक गाड़ी तेज रफ्तार से चलाते हुए आकर कार में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर पिता चिकानू की मृत्यु हो गई और कार में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और हालत काफी नाजुक है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-11-2025

# ट्रक ने भेड़ों के हुजूम को रौंदा, कार को मारी टक्कर

**बढ़नी (एसएनबी)।** बढ़नी ढेबरुआ मार्ग पर स्थित भरौली गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक द्वारा सड़क किनारे जा रही भेड़ों के काफिले को रौद दिया,जिससे करीब 50 भेड़ें मर गई और तमाम जख्मी है।ट्रक ने एक मैजिक गाड़ी को भी ठोकर मारा जिससे चालक घायल हो गया है।पुलिस मौके पर पहुंची है। एनएच 730 पर ढेबरुआ थानांतर्गत के ग्राम भरौली के निकट सायंकाल करीब 6 बजे एक अनियंत्रित रफ्तार वाले ट्रक ने सड़क पार कर रही भेड़ों के झुंड को कुचल दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी चालक गाड़ी को संभाल नहीं पाया और सीधे भेड़ों पर चढ़ा दिया।भीषण दुर्घटना से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।काफिबभेड़ें मौके पर ही तड़पकर मर गई।ट्रक की चपेट मे एक मैजिक गाड़ी (संख्या डभ्04 स्फ 5961) भी आकर क्षतिग्रस्त हो गई।ट्रक के ठोकर से मैजिक चालक घायल हो गया।लोगों ने बताया कि कुछ सेकंड पहले ग्रामीण भी सड़क पर कर रहे थे,संयोग ही था कि मानवीय क्षति नहीं हुई।घटना की सूचना मिलते ही ढेबरुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# विवि के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**सिद्धार्थनगर, निसं।** मिशन शक्ति फेज-पांच अंतर्गत शुक्रवार को सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु में राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला अध्ययन केंद्र एवं मिशन शक्ति की संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकली गई। रैली को कुलपति प्रो. कविता शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ लैंगिक समानता के विकास को बढ़ावा देने के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत सिद्धार्थ विवि में समतामूलक समाज में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. नीता यादव ने की। नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने वर्तमान परिदृश्य में लैंगिक समानता के संदर्भ में सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों की प्रासंगिकता के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया। डॉ. रविकांत शुक्ला, डॉ. अरविंद रावत, डॉ.सरिता सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिला-पुरुष समानता के साथ-साथ समाज में समरसता , एकता व अखंडता की स्थापना करना है। डॉ. यशवंत यादव ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता और महिला सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरित किया। कार्यक्रम में रूपाली, सानिया कुशल, शाहीन, साक्षी पांडेय, निकिता दुबे छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



शुक्रवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं कुलपति प्रो . कविता शाह। • हिन्दुस्तान

## महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया

**बांसी।** कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत गौरा अशोगवा में शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उप निरीक्षक राजनाथ सिंह,बीरबल यादव,प्रियंका आदि रहीं।

# नए कानूनों के बारें में दी गई जानकारी

**बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर शुक्रवार को चौकी प्रभारी वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल प्रीति ने छात्राओं व महिलाओं को नारी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उप निरीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि अब घर बैठे ई-एफआईआर दर्ज कराना संभव है, जिससे पीड़ितों को त्वरित राहत मिलेगी। दीवान इंद्रजीत सिंह, कांस्टेबल अजय व अन्य कर्मी मौजूद रहे।



एसपी कार्यालय पर कर्मियों को शपथ दिलाते पुलिस अधीक्षक डॉ . अभिषेक महाजन।




शुक्रवार को जिला स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद जगदंबिका पाल। ● हिन्दुस्तान



शुक्रवार को पटेल जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ लगाते एसपी डॉ. अभिषेक महाजन व अन्य। ● हिन्दुस्तान

## रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए पुलिस के जवान और विद्यालयों के छात्र, सरकारी दफ्तरों में पुष्पार्चन कर दी गई श्रद्धांजलि

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण



जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, डीएम, एसपी। ● हिन्दुस्तान

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** जिला जज, डीएम, एसपी, सीएमओ ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सारी व्यवस्थाएं चाकचौबंद पाई गईं। इस दौरान भोजनालय, बैरकों व बंदियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेलस्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं।

जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कारागार में आने वाले प्रत्येक नए कैदियों का जेल के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया।

# पूर्व विधायक पर केस करने के लिए सपाइयों ने दी तहरीर



एसपी से मिलकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने डुमरियागंज के पूर्व विधायक के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी। ● हिन्दुस्तान

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को एसपी डॉ अभिषेक महाजन से मिलकर डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी। तहरीर के साथ विवादित विडियो क्लिप को दी। एसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सपाइयों ने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो धरना, प्रदर्शन करेंगे। कुछ दिन पूर्व डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह का एक विवादित वीडियो वायरल हुआ था जिसमें समुदाय विशेष की लड़कियों को लाने पर नौकरी पक्की होने की बात कही गई थी।

# पति पर केरोसिन तेल डालकर जलाने वाली पत्नी गिरफ्तार

**फॉलोअप**

- डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव में बुधवार की रात हुई थी घटना
- पीड़ित के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने महिला पर की कार्रवाई

**डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव में केरोसिन तेल डालकर पति को जलाने के आरोप में पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में पति का इलाज अभी चल रहा है।

कूड़ी गांव निवासी कमलेश गौतम उर्फ चिनकू पुत्र रामसंवारे ने थानेदार को दी तहरीर दी है। इसमें कहा है कि 29 अक्तूबर की रात में घरेलू विवाद को लेकर उसकी मां पूनम देवी ने पिता रामसंवारे (60) पर केरोसिन तेल छिड़ककर जान से मारने की नीयत से माचिस से आग लगा दी थी। गंभीर हालत में वह उन्हें बेंवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया। वहां से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बेटे ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

उक्त मामल में प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एसपी से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल



पुलिस अधीक्षक डा.अभिषेक महाजन को ज्ञापन देते सपा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव दाएं से दूसरे और अन्य समर्थक • जागरण

जासं, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन से शुक्रवार को सपा जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह के बयान पर पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्रवाई करने की मांग की। मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह कई अवसरों पर विवादित भाषण देते रहते हैं। इससे अल्पसंख्यक समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। 16 अक्टूबर को भवानीगंज थाना के धनखरपुर में हुई सभा में भी उन्होंने एक आपत्तिजनक भाषण दिया था। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डा.अभिषेक महाजन को पत्र सौंपकर उनसे कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व कपिलवस्तु विधायक विजय पासवान, कमरुज्जमा खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद जमील सिद्दीकी, फरहान खान, जोखन चौधरी, चंद्रभान पहलवान, सतीश चौधरी, रिंधू पासवान, विभा शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला जज के साथ किया जेल का निरीक्षण



जिला का निरीक्षण करते बाएं से पहले जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव, डीएम शिवशरणप्पा जीएन साथ में एसपी डा.अभिषेक महाजन • सौ. डीआरओ सेल

जासं, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और नये बंदियों के प्रवेश से पहले उनका चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भोजनालय, बैरकों और बंदियों की स्थिति की जांच की गई। जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने बताया कि नियमित रूप से निरीक्षण होता है और वर्तमान व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जेल परिसर में किसी भी प्रतिबंधित वस्तु का प्रवेश वर्जित रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने कहा कि कारागार का नियमित निरीक्षण किया जाए और बंदियों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रजत कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना फिटनेस दौड़ रहीं गाड़ियां, नोटिस देने के बावजूद बेखौफ हैं वाहन स्वामी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिले की सड़कों पर करीब 300 वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के दौड़ रहे हैं। इनमें 51 एंबुलेंस (32 सरकारी और 19 निजी) शामिल हैं, जबकि शेष वाहन स्कूली बसें और निजी मालवाहक हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाते इन वाहन स्वामियों पर न तो विभाग का खौफ दिख रहा है और न ही पुलिस का डर।

कई वाहन रोजाना बच्चों को स्कूल और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाते हैं, जिनकी फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है। एआरटीओ विभाग के अनुसार, अक्टूबर में 161 वाहनों को नोटिस जारी किए गए, जिनमें 100 मालवाहक, 10 स्कूली बस और 51 एंबुलेंस शामिल हैं। इससे पहले सितंबर माह में 137 वाहनों को नोटिस भेजा गया था। बावजूद इसके वाहन स्वामी अब तक फिटनेस प्रमाणपत्र नवीनीकृत नहीं करा रहे हैं। फिटनेस समाप्त होने के बावजूद सड़क पर दौड़ रहे ये वाहन किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की तो बड़ा हादसा हो सकता है। प्रियंवदा सिंह, एआरटीओ ने बताया कि बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रहे वाहनों को नोटिस भेजा जा चुका है। अब विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




**विभाग ने सितंबर में 137 व अक्टूबर में 161 वाहन स्वामियों को भेजा नोटिस लगातार लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खतरा, अब होगी सख्त कार्रवाई**

## 59 स्कूली बसों की आरसी निलंबित

सिद्धार्थनगर : बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद फिटनेस प्रमाणपत्र न नवीनीकृत कराने पर एआरटीओ विभाग ने 59 स्कूली बसों का रजिस्ट्रेशन पेपर तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। विभाग ने साफ किया है कि निलंबन अवधि में ये वाहन किसी भी दशा में सड़क पर नहीं चल सकेंगे। विभाग अब ऐसे वाहनों पर पैनी नजर रखेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।






[illegible]

# लौह पुरुष की जयंती पर एकता के संकल्प संग दौड़ा जनपद

रन फार यूनिटी में उमड़े लोग, हर गली में गूंजा सरदार पटेल अमर रहें 562 रियासतों को मिलाने वाले लौह पुरुष को सबने किया नमन



[illegible]



[illegible]




[illegible]



[illegible]



[illegible]



[illegible]

## इटवा में युवाओं ने रिमझिम वर्षा में लगाई एकता की दौड़

[illegible]

## बच्चों ने जाना लौह पुरुष का जीवन दर्शन

[illegible]

## जोगिया में कोतवाली परिसर से निकाली रैली

[illegible]

# अनियंत्रित कार नहर में गिरने से तीन घायल

## ग्रामीणों की तत्परता से बची जान, अंधे मोड़ पर हुआ हादसा सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल





झहरांव पुल के पास नहर में गिरी कार व शहर के हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने बने डिवाइडर पर चढ़ी डीसीएम • जागरण

संवाद सूत्र, पथरा : बांसी–डुमरियागंज मार्ग पर झहरांव पुल के पास गुरुवार रात एक कार अचानक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए, जबकि तीन वर्षीय बच्ची दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत बांसी के संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रमवापुर कली निवासी विकास अपनी बहन संगीता, भांजी दिव्या और गांव के बसंत लाल के साथ इटवा थाना क्षेत्र में एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। जैसे ही वे पथरा थाना क्षेत्र के झहरांव नहर पुल के समीप पहुंचे, कार अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। अचानक हुई दुर्घटना से चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की तत्परता से तीनों की जान बच गई, हालांकि बच्ची के मुंह से काफी खून निकल रहा था।

सूचना पाकर थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत पीएचसी बांसी भिजवाया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के पास अंधा मोड़ और फिसलनभरा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर चेतावनी बोर्ड और रेलिंग लगाने की मांग की है।

### डिवाइडर पर चढ़ी डीसीएम, टूटा बिजली का खंभा

सिद्धार्थनगर : गुरुवार रात हनुमानगढ़ी मंदिर के पास हुई वर्षा के दौरान एक मालवाहक डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई। इस टक्कर से स्ट्रीट लाइट का खंभा टूट गया, जिससे अफरातफरी मच गई और मार्ग पर जाम लग गया। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और किसी तरह डीसीएम को डिवाइडर से नीचे उतारा। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। बताया गया कि चालक ने फिसलनभरी सड़क पर वाहन का नियंत्रण खो दिया था। बिजली आपूर्ति प्रभावित रही, जिसे सुधारने में नगर पालिका के कर्मचारी जुटे रहे।




मिशन शक्ति

जोगिया कोतवाली पर मिशन शक्ति अभियान के तहत शामिल छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर के जरिये लोगों को जागरूक किया। स्रोत-पुलिस







# जयंती पर याद किए गए लौह पुरुष...एकता के लिए दौड़ा शहर

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती, जिला स्टेडियम समेत अन्य स्थानों पर हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन





नगर पंचायतों में मनाया गया एकता दिवस

GEETA®
WHOLESALE MART
GORAKHPUR | CHAURI-CHAURA | DEORIA

## सपाइयों ने भी लौह पुरुष को किया याद



### तहसील, ब्लॉक व थानों पर आयोजित हुई दौड़

## कॉलेज में क्विज, गोष्ठी के बाद पदयात्रा निकाली गई

## जयंती पर सरदार पटेल को किया गया याद

# ट्रक से कुचलकर 60 भेड़ों की मौत, बाल-बाल बचा पशुपालक

## ढेबरुआ क्षेत्र के भरौली के पास हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**ढेबरुआ।** क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर भरौली के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने करीब 60 भेड़ों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं साथ चल रहा पशुपालक बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने की फिराक में था, लेकिन शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क पार कर रहे भेड़ों के झुंड पर चालक ने ट्रक चढ़ा दी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कई भेड़ों ने मौके पर ही तड़पकर दम तोड़ दिया। इसी बीच ट्रक की चपेट में आने से एक मैजिक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें सवार चालक घायल हो गया। सूचना मिलते ही ढेबरुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के समय सड़क पर कई लोग गुजर रहे थे। अगर कुछ सेकंड का भी अंतर होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

इस संबंध में शोहरतगढ़ प्रभारी निरीक्षक नवीन ने बताया कि पुलिस ने चालक और ट्रक को पकड़ लिया है। चालक सोनौली के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में था।



ढेबरुआ क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित ट्रक से हुए हादसे के बाद जुटे लोग। संवाद

# 304 बोरी डीएपी बरामद, मुनाफाखोरी के लिए की गई थी डंप

## नेपाल पुलिस की टीम ने सीमावर्ती इलाके में छापा मारकर पकड़ा, नेपाल की समितियों से खाद की होनी थी बिक्री

संवाद न्यूज एजेंसी



नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के कब्जे में डीएपी।

### भारत की तरह से नेपाल में भी खाद की जमाखोरी शुरू

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट तय करेगी जांच की दिशा

## बांसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नवजात का शव मिलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी



31 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### विधवा महिला ने प्रेमी पर इलाज के बहाने बच्चे की हत्या करने का लगाया है आरोप

# मां पर दर्ज कराया पिता की हत्या की कोशिश का केस

## डुमरियागंज के कूड़ी गांव में पति पर केरोसिन डालकर जिंदा जलाने की कोशिश के मामले में बेटे ने तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी।



डुमरियागंज क्षेत्र के कूड़ी गांव में घटना स्थल पर लगी भीड़। संवाद



कूड़ी गांव में पीड़ित राम संवारे के घर में लगा ताला। संवाद

### गांव की महिलाओं में नाराजगी



31 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

# खाई में गिरी बेकाबू कार, सवारों में बच्ची की हालत गंभीर



पथरा क्षेत्र के नहर में गिरी कार। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–01–11–2025

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को मगहर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह ने बताया कि 18.03.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादी की नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के संबंध में तहरीर मिलने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने मामले में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढ़ोत्तरी कर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की। मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अगम कुमार दूबे उर्फ पिंटू दूबे पुत्र अष्टभुजा प्रसाद दूबे निवासी फेरुसा थाना कोतवाली खलीलाबाद को शुक्रवार को मगहर चौराहे के पास मगहर चौकी प्रभारी उ.नि. मनीष कुमार जायसवाल ने कां. कृष्णा नारायण गोंड के साथ गिरफ्तार किया है।

# दुष्कर्म कर पीड़िता का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**धनघटा ।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ बीते दिनों दुष्कर्म करने के बाद पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 16 अक्टूबर को धनघटा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह फोन पर स्ट्राग्राम चलाती थी उसी बीच गोरखपुर जिले के चिलुआताल थानान्तर्गत चिउतीजाम गांव निवासी देवीशरण शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा से संपर्क हो गया और उससे विभिन्न नम्बरों पर बातचीत भी होने लगी। उक्त देवीशरण शर्मा उसके पास गन्दी-गन्दी फोटो भेजने लगा। उसने मनाे किया तो वह मानने को राजी नहीं हुआ और उसे लगातार ब्लैक मेल करने लगा। उसकी शादी तय हुई तो वह फोटो वीडियो भेजकर उसकी शादी भी कटवा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवीशरण शर्मा के विरूद्ध 67 (1), आई टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी । इस दौरान पुलिस ने जब पीड़िता का बयान दर्ज किया तो पता चला कि आरोपी द्वारा पीड़िता को डरा-धमका कर उसके साध दुष्कर्म भी किया गया और उसके बाद पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर उसे भी वायरल कर दिया गया तो पुलिस ने दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (1), 308 (2) और 351 (2) की धारा को जोड़कर वांछित देवीशरण शर्मा की तलाश सरगर्मी से कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी देवीशरण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# रन-फार यूनिटी निकालकर सरदार बल्लभ भाई को किया याद

धनघटा (एसएनबी)। सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को धनघटा थाने के प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे की अगुआई में सभी पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के सथ रन-फार यूनिटी निकालकर लोगों को एकता की सूत्र में बांधा। यह दौड़ धनघटा थाने से शुरू होकर धनघटा स्थित स्वामी विवेकानन्द इंटर कालेज पर पहुंचकर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी धनघटा जयप्रकाश दूबे ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल अखंड भारत के शिल्पकार लौह पुरूष भारत रत्न सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया जात है। भारत की स्वतंत्रता और एकता-अखंडता के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी अधिक इच्छा शक्ति अटूट साहस एवं दूरदर्शी नेतृत्व ने देश को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण नियम रखी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डा.मनोज कुमार शुक्ला ने कहा कि सरदार पटेल की दृढ इच्छा शक्ति के कारण देश की 565 से अधिक देशी रियासतों को भारत में मिलने में महत्वपूर्ण योगदान किया। सरदार पटेल देश की स्वतंत्रता संग्राम योगदान दिया।

सरदार पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल भारत में प्रशासनिक ढांचा को शुद्ध करने में महत्वपूर्ण योगंदान किया। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रबंधक उत्तमचन्द चौधरी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए गोष्ठी का समापन किया। इस मौके पर थाने के समस्त स्टाफ और विद्यालय के प्रधानाचार्य वेदनरायन चौधरी,राजेश यादव, बृजेश,दिलीम् मिश्रा,विजय गुप्ता,उमेशचन्द यादव, उमेश यादव, हरकेश,संदीप चतुर्वेदी,हरिराम शर्मा, जितेन्द्र सिंह, अरूण सिंह, विजय लक्ष्मी,राधिका, सुमन श्रीवास्तव,अवधेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**नाथनगर प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के दिशानिर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन-फार यूनिटी शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय के नेतृत्व में थाने में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कस्बा,चौराहा तक दौड़ लगाकर त्वरिता एकता का जनता में संदेश दिया तत्पश्चात थाना परिसर में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महुली पुलिस रन-फार यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जवानों ने थाना गेट से चौराहे तक थानाध्यक्ष महुली के नेतृत्व में दौड़ लगाई तथा जनता में एकता का संदेश दिया। इसके अलावा सड़कों पर मिशन शक्ति का झंडा बैनर लेकर कस्बा, राहगीरों,आमजनता को जागरूक करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में शुक्रवार को यह कार्यक्रम महुली थाने में आयोजित किया गया है जिसमें थाने के सुरक्षाकर्मियों ने एकता एकता का परिचय दिया है। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से जन सहयोग पर बल देने के अलावा असामाजिक तत्वों,लफंगों,शोहदों पर कड़ी निगाह रखते हुए उन्हें भी समाज के मुख्य धारा सें जोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वाहन किया ताकि समाज में फैलने वाले आपसी द्वेश को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है जिसकी जिम्मेदारी समस्त पुलिसकर्मियों की है। पुलिसकर्मी अपने फर्ज को ईमानदारी और निष्पक्ष पूर्वक निभाए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक परवेज खान, उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह, सोमनाथ मिश्रा, प्रकाश गुप्ता,अशोक सिंह के अलावा सिपाही अभिषेक सिंह,ऋशभ शुक्ला, अजीत गुप्ता, तबरेज आलम,अजीत कुमार दीवान आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहन चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

धनघटा । धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग पर बीते 25 अक्टूबर की शाम को अपने पति के साथ मायके से बाइक पर पीछे बैठकर ससुराल जा रही महिला की बाइक को पीछे से टक्कर मारकर घायल कर देने वाले वाहन के चालक के विरूद्ध मृतका के देवर की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन के चालक के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में धनघटा पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी गोपाल पुत्र स्व.रामजतन ने बताया कि बीते 25 अक्टूबर की शाम को उसकी भाभी दुर्गावतीं पत्नी विष्णु बाइक नम्बर यू.पी.58 ए.के.3836 पर पीछे बैठकर घर आ रही थी। वह धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग पर परसा गांव के समीप पहुंची थी तभी पीछे से तेंज रफ्तार पहुंचे वाहन नम्बर यू.पी. 58 ए.जे,1159 का चालक रामदरश पुत्र हरीराम निवासी अज्ञात ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे भाभी दुर्गावती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन के चालक रामदरश के विरूद्ध बीएनएस की धारा 106 (1), 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक को गिरफ्त में लेते हुए कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# गलत साइड व नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का जांच कर करें चालान : एडीएम

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जय प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठकों में दिए गए निर्देशों की विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या एवं कृत कार्रवाई की समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने एनएचएआई मार्ग के किनारे झाड़ियों की साफ-सफाई, पटरी मरम्मत, नाली मरम्मत, अवैध कट्स आदि के संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए मार्ग के किनारों पर झाड़ियों के साफ सफाई के संबंध में एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया। साथ ही एनएचएआई प्रतिनिधि को जनपद में क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सड़कों पर गलत साइड एवं नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का नियमित तौर पर जांच कर चालान करने तथा चालान किए गए वाहनों की संख्या को भी दर्शाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने परिवहन एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफलेक्टर रेडियम पट्टी लगायी जाय। एडीएम ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त स्कूली वाहनों का शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाय। वाहनों की परमिट एवं फिटनेस की जांच एक निश्चित समय अंतराल पर की जाती रहे। समस्त अनफिट वाहनों का चालान कर बंद कराया जाय और इसको गंभीरता से लिया जाय किसी भी विद्यालय में एक भी अनफिट वाहन नहीं चलने चाहिए। बैठक में सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पांडेय, सीओ मेंहदावल सर्वदमन सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग आरके पांडेय, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, तहसीलदार धनघटा राम जी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विमल कुमार, प्रतिनिधि एनएचएआई, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

# महिला पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के आरोप में दो नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव निवासी एक महिला के उपर धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर देने के आरोप में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर धनघटा पुलिस ने दो हमलावरों के विरूद्ध शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव का है मामला**

घटना के संबंध में एसपी को दिए गए प्रार्थनापत्र में धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव निवासी विद्या देवी पत्नी टिकोरी ने बताया कि उसके गांव निवासी अनिल पुत्र रामललित और रामललित पुत्र मूरत मनबढ और दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। उक्त दोनों उसकी जायजात को हड़पने की फिराक में हमेशा लगे रहते है इसी कारण को लेकर उसे और उसके परिवार को हमेशा हैरान और परेशान करते रहते हैं। बीते 28 अक्टूबर की दोपहर में वह अपने खेत में मूंगफली की खुदाई कर रही थी उसी दौरान उक्त दोनों खेत में पहुंच गए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पटक-पटक कर लात-मूका से मारने लगे। इस दौरान हमलावर अनिल उसके सीने पर बैठ गया और धारदार हथियार से उसके चेहरे पर वार कर दिया जिससे उसके गले के उपर घाव बन गया और वह लहूलुहान हो गई। शोर सुनकर उसकी बेटी राजपती और बेटा भालचन्द सहित आसपास के लोग पहुंचे और बीचबचाव कराया तब जाकर उसकी जान बच सकी।

हमलावर जान से मारकर उसकी जायजात हड़प लेने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद वह पुलिस चौकी और थाने पहुंचकर प्रार्थनापत्र दी लेकिन हमलावरों की राजनैतिक पहुंच के कारण कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रार्थनापत्र के आधार पर एसपी के निर्देश के अनुपालन में पुलिस ने हमलावर अनिल और रामललित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2),351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# श्रद्धालुओं से भरी आटो पलटी आधा दर्जन घायल, तीन गंभीर

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली-नाथनगर मार्ग पर महुली थाना गेट के समीप उत्तर चौराहे पर गुरूवार को देर शाम श्रद्धालुओं से भरी एक आटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे आटो में सवार मासूम समेत 6 लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए तत्काल सीएचसी नाथनगर ले जाया गया जहां तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया बाकी अन्य आटो सवार एवं आटो चालक मामूली रूप से चुटहिल हो गए थे जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

**अयोध्या से दर्शन कर आटो से वापस घर लौट रहे थे श्रद्धालु**

**महुली थाने के समीप उत्तर चौराहे पर हुई दुर्घटना**

**महुली थाना क्षेत्र के बरौली गांव के रहने वाले हैं सभी घायल श्रद्धालु**

**तीन की हालत गंभीर,जिला अस्पताल रेफर**

जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली गांव के श्रद्धालुओं एक जत्था अयोध्या धाम गया हुआ था जहां दर्शन-पूजन करने के बाद आटो से श्रद्धालुओं का जत्था घर वापस लौट रहा था। गुरूवार की देर शाम करीब 7 बजे सभी श्रद्धालु महुली थाना गेट के समीप कस्बे के उत्तर चौराहा पर पहुंचे थे कि अचानक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे आटो सवार श्रद्धालु पूनम पत्नी रमेश उम्र 35 वर्ष, शीला पत्नी सोहन उम्र 45 वर्ष,ज्ञानमती पत्नी विरेन्द्र उम्र 28 वर्ष,मासूम वीरचन्द पुत्र विरेन्द्र उम्र डेढ वर्ष,शिवचन्द पुत्र रामबहाल उम्र 40 वर्ष व आशा देवी पत्नी मुन्नालाल उम्र 45 वर्ष घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए तत्काल सीएचसी नाथनगर ले जाया गया जिसमें शिवचन्द,आशा व पूनम की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया बाकी घायलों का इलाज सीएचसी नाथनगर पर चल रहा है।

आटो का चालक समेत कुछ अन्य लोग मामूली रूप से जख्मी हुए थे जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। दुर्घटना के बाद श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुन कर कोई बचाव के लिए दौड़ पड़ा था। आटो में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बाहर निकाला गया। थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय मयफोर्स अस्पताल पहुंचकर घायलों के उपचार संबंधित जानकारी लिय।

# जागरूकता के लिए प्रशिक्षण हुआ शुरू

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइन में नए आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिसमें ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक मानीटरिंग सेल व प्रभारी निरीक्षण एएचटी थाना के जरिए 30 अक्तूबर से 01 नवंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। जिसमें जनपद के सभी थानों के एक तिहाई निरीक्षक, उपनिरीक्षक, हेड मुहर्रिर, मुख्य आरक्षी को नए आपराधिक कानूनों को विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

# पराली जलाने वालों पर लगेगा अर्थदंड

**बैठक**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन/फसल अवशेष को खेतो में न जलाये जाने से सम्बंधित बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उप कृषि निदेशक ने धान की कटाई एवं गेहूं की बुवाई के मध्य कम समय मिलने के कारण किसान जल्दी खेत खाली करने के उद्देश्य से कंबाइन मशीन अथवा धान की कटाई के उपरांत मड़ाई के उपरांत धान की पराली को जला देते हैं। जिससे न सिर्फ पर्यावरण को क्षति पहुंचती है बल्कि मृदा स्वास्थ्य भी खराब होता है।

पराली जलाने से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां हो जाती है एवं सड़क इत्यादि पर घने धुएं के कारण दुर्घटना की भी स्थिति बनती है। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत में धान- गेहूं फसल चक्र अपनाये जाने एवं किसानों द्वारा गोवंश पशुपालन में कमी के कारण यह समस्या के रूप में उभर कर आई है। बैठक में उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया की सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अभिकरण द्वारा पराली जलाए जाने पर रोक लगाई गई है। यदि कोई पराली जलाता है तो दो एकड़ से कम क्षेत्रफल पर रुपए 5000 रुपए 02 से 05 एकड़ क्षेत्रफल पर रुपए 10 हजार रुपए, 05 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल पर रुपए 30 हजार रुपए पर्यावरण क्षति के रूप में वसूल किया जाएगा। किसान एवं कंबाइन हार्वेस्टर संचालक पुनः पराली जलाए जाने की घटना में लिप्त पाए जाते हैं उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उप कृषि निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि पराली प्रबंधन के लिए जनपद में अब तक 184 कृषि यंत्र वितरित किए गए हैं। इस वर्ष 40 कृषि यंत्र एवं एक फार्म मशीनरी बैंक वितरित किया गया है, जबकि 10 कस्टम हायरिंग सेंटर की ई-लॉटरी निकाला जाना अभी शेष है।

# एकता के लिए दौड़ा मेंहदावल, गूंजे देशभक्ति के नारे

मेंहदावल। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मेंहदावल में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के इस प्रतीक कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष सतीश सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से किया। युवा समाजसेवी अनुराग त्रिपाठी, लक्ष्मण निषाद, अमित सिंह सहित युवाओं ने दौड़ में हिस्सा लिया।



शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डीएम आलोक कुमार। • हिन्दुस्तान



कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों को देश के एकता और अखण्डता की शपथ दिलाते डीएम आलोक कुमार। • हिन्दुस्तान



पुलिस लाइन में कर्मचारियों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाते एसपी संदीप कुमार मीना।

### सरदार पटेल की जयंती पर डीएम ने कलक्ट्रेट में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की दिलाई शपथ, जनपदवासियों को दीं शुभकामनाएं

# एकता के लिए आम-ओ खास ने लगाई दौड़

**रन फॉर यूनिटी**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) पंदेश कुमार सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकों को शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूं।



शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी में शामिल अधिकारी और कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

जिलाधिकारी ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शों एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मेहदावल रमाकांत चौबे, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) धनघटा हृदय राम तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी बद्री प्रसाद, योगेश कुमार चौधरी, ओएसडी राकेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव, ईडीएम राकेश कुमार सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित कलक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने पुलिस लाइन में दिलाई शपथ

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात अभय नाथ मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, यातायात प्रभारी परमहंस, पुलिस अधीक्षक पीआरओ दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## गंगा देवी कपिल देव तिवारी पीजी में मनाई पटेल जयंती

संतकबीरनगर। गंगा देवी कपिल देव तिवारी पीजी कॉलेज भुजैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत अखंड भारत के शिल्पकार भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. रमानाथ तिवारी ने भी संबोधित किया।

# जिले भर में एकता के लिए लगाई गई दौड़

- डीएम की अध्यक्षता में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट व छात्रों ने किया प्रतिभाग

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले भर में एकता के लिए दौड़ लगाई गई। मुख्य कार्यक्रम समय माता मन्दिर चौराहे पर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। डीएम व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत हुई। समय माता मंदिर चौराहे से शुरू हुई रन फॉर यूनिटी मेहदावल बाईपास हुई। दौड़ में अधिकारियों, कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट व छात्रों ने प्रतिभाग किया।

डीएम आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सुबह 07:30 बजे से हरी झण्डी दिखाते हुए पुलिस व राजस्व के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, डीपीआरओ मनोज यादव, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह, क्षेत्राधिकारी मेहदावल सर्व दमन सिंह, क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स अभय नाथ मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज पाण्डेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय, पीके गुप्ता, पुलिस विभाग के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी, एचआर इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत, एकता में ही शक्ति है, जैसे नारों के साथ देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि एवं राष्ट्रनिष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को अखंडता को सशक्त किया। जनपद के सभी पुलिस थानों पर भी रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों, स्कूली बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# ऑफिस ब्वॉय ने डीआईओएस से किया दुर्व्यवहार, केस दर्ज

**हंगामा**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** डीआईओएस कार्यालय में राजकीय पुस्तकालय के कार्यों की समीक्षा के दौरान आउट सोर्सिंग के ऑफिस ब्वाय ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि कार्य के प्रति सजगता बरतने की हिदायत देने पर भड़क गया और डीआईओएस से अमर्यादित व्यवहार किया। गुरुवार की देर शाम डीआईओएस ने कोतवाली में तहरीर देकर ऑफिस ब्वाय के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया।



- दायित्व के प्रति सचेत करने से भड़के ऑफिस ब्वॉय ने किया हंगामा
- हाथापाई करने की कोशिश की और जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ का आरोप है कि वह गुरुवार की शाम साढ़े चार बजे अपने कार्यालय कक्ष में राजकीय जिला पुस्तकालय के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उसी दौरान राजकीय जिला पुस्तकालय में आउट सोर्स के माध्यम से ऑफिस ब्वाय के पद पर कार्यरत पंकज कुमार पांडेय निवासी बुदहट घोठवा थाना हरपुर बुदहट जिला गोरखपुर को अपने दायित्व का निर्वहन ठीक से करने का निर्देश दिया। जिस पर पंकज कुमार पांडेय अनावश्यक रूप से उससे बहस करने लगे तथा हाथापाई करने की कोशिश की। धमकी भरे शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि मैं जैसे कार्य करता हूं, वैसे ही करूंगा। आरोप है कि उसे जातिसूचक एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कमरे से बाहर निकल गया। उसने कार्यालय में ही करीब 30 मिनट तक हंगामा किया। आरोप है कि शासकीय कार्य में बाधा भी उत्पन्न किया। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर के आधार पर ऑफिस ब्वाय पंकज कुमार पांडेय के खिलाफ एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

# धीमी गति से हो रही फार्मर रजिस्ट्री, एडीएम ने चेताया

**समीक्षा**



शुक्रवार को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते एडीएम जयप्रकाश। • हिन्दुस्तान

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश की अध्यक्षता में जिले में किसानों के भूलेख विवरण को पंजीकृत कर फॉर्मर रजिस्ट्री करते हुए गोल्डन कार्ड वितरण किए जाने की समीक्षा की। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में धीमी गति से हो रही फार्मर रजिस्ट्री पर चिंता जताई गई।

बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि अब तक पीएम किसान सम्मान के लाभार्थी दो लाख 79 हजार 50 हैं। इसके सापेक्ष एक लाख 31 हजार 765 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराया जा चुका है। प्रदेश में जनपद की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिसके लिए 16 अक्टूबर से 15 नवंबर तक अभियान चलाते हुए छूटे हुए किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री कराया जाना है। तीनों तहसील स्तर से राजस्व लेखपाल, जन सुविधा केंद्र एवं वालंटियर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री अभियान के रूप में कराई जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने से किसानों की अलग-अलग स्थान पर भूमि खतौनी विवरण एक अभिलेख के रूप में गोल्डन कार्ड के रूप में तैयार हो जाता है, जिसका प्रयोग किसान अपनी जमीन विवरण के रूप में प्रयोग कर किसान क्रेडिट कार्ड, लेवी पर अनाज की बिक्री एवं अन्य सरकारी योजनाओं में प्राप्त कर सकता है।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस अभियान में ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान, राशन कोटेदार, प्रगतिशील कृषक, जन सुविधा केंद्र एवं अन्य वालंटियर के सहयोग से राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारी अनिवार्य रूप से छूटे हुए पीएम किसान लाभार्थी का फॉर्मर रजिस्ट्री 15 नवंबर तक पूर्ण कर लें। उप कृषि निदेशक ने बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने हेतु किसान का आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर एवं खतौनी की आवश्यकता होती है। खतौनी एवं आधार में नाम की एकरूपता होनी चाहिए। 15 से 80% नाम मैच होने पर लेखपाल के स्तर पर सत्यापन उपरांत उसकी फॉर्मर रजिस्ट्री हो जाती है एवं 80% से अधिक नाम मैच होने पर फार्मर रजिस्ट्री हो जाती है। 15% से कम नाम मैच होने पर किसान को अपने त्रुटि पूर्ण अभिलेख में सुधार कराए जाने की आवश्यकता होती है इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गायब मोबाइल पाकर खुश हुए लोग

- सर्विलांस टीम ने 140 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर सुपुर्द किया
- पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली और मुंबई से भी 10 मोबाइल बरामद

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** सर्विलांस टीम ने गुमशुदा 140 मोबाइल बरामद किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई। शुक्रवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में एएसपी सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में उपभोक्ताओं में मोबाइल का वितरण किया गया। नाउम्मीद हो चुके उपभोक्ताओं ने अपने खोए मोबाइल को पाकर प्रसन्नता जाहिए की।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सर्विलांस सेल प्रभारी अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रामललित, कांस्टेबल ज्ञानप्रकाश सिंह, कांस्टेबल अमरजीत मौर्य, कांस्टेबल नितीश कुमार ने अथक प्रयास करके जनपद के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों से पीड़ितों के गुमशुदा हुए 140 मोबाइलों को बरामद किया। बरामद एंड्रायड सेट भिन्न-भिन्न कम्पनियों के हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। संतकबीरनगर के अलावा दूसरे जनपदों और दूसरे राज्यों से भी मोबाइल बरामद हुआ है। इसमें गोरखपुर से छह, बस्ती से दो, प्रयागराज, जौनपुर, सिद्धार्थनगर और कानपुर से एक-एक मोबाइल बरामद हुआ है। इसके अलावा वेस्ट बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली और मुंबई से 10 मोबाइल बरामद हुआ है।

## नाउम्मीदी को सर्विलांस टीम ने उम्मीद में बदला

उपभोक्ता बगहिया की रहने वाली पिंकी गुप्ता ने बताया कि मई में मोबाइल गुम हुआ था। उन्हें उम्मीद नहीं था कि मोबाइल वापस मिल जाएगा, लेकिन सर्विलांस टीम की मेहनत से उसकी मोबाइल मिल गई। कुछ ऐसा है कि रेशमपुर की मोहिनी, खलीलाबाद की वर्षा चौहान, कुसम्हा के आदित्य ने भी कहा। इन सभी की मोबाइल वापस मिली तो सर्विलांस टीम को धन्यवाद दिया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रदी प्रसाद यादव भी मोबाइल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके भाई विंदु प्रसाद यादव की मोबाइल 25 सितंबर को गायब हो गई थी, जिसे काफी कम समय से सर्विलांस टीम ने ढूंढ कर लौटा दिया।

# दुष्कर्म कर पीड़िता का वीडियो वायरल करने का आरोपी दबोचा

**धनघटा, हिसं।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ बीते दिनों दुष्कर्म करने के बाद पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया।

धनघटा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 16 अक्टूबर को धनघटा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह फोन पर स्ट्राग्राम चलाती थी उसी बीच गोरखपुर जिले के चिलुआताल थानान्तर्गत चिउतीजाम गांव निवासी देवीशरण शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा से संपर्क हो गया और उससे विभिन्न नम्बरों पर बातचीत भी होने लगी। उक्त देवीशरण शर्मा उसके पास गन्दी गन्दी फोटो भेजने लगा। उसकी शादी तय हुई तो वह फोटो वीडियो भेजकर उसकी शादी भी कटवा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपी देवीशरण शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जब पीड़िता का बयान दर्ज किया तो पता चला कि आरोपी द्वारा पीड़िता को डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया और उसके बाद पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर उसे भी वायरल कर दिया गया। पुलिस वांछित देवीशरण शर्मा की तलाश सरगर्मी से कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी देवीशरण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# रेप के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**अदालत से**

- एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने की सुनवाई
- आरोपी फिरोज पर 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का है आरोप

**संतकबीरनगर, विधि संवाददाता।** ट्रक में दलित अवयस्क किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी ट्रक चालक का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात निरस्त कर दिया। आरोपी फिरोज पर शौच के लिए निकली 13 वर्षीय अवयस्क दलित किशोरी का मुंह दबाकर ट्रक में ले जा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।

मामला जिले के कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अभिमन्यु पाल व अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता की मां ने अभियोग पंजीकृत कराया है। उसका आरोप है कि दिनांक 22 सितम्बर 2025 को रात लगभग 10 बजे उसकी 13 वर्षीय अवयस्क पुत्री शौच के लिए जा रही थी। उसी समय आरोपी ट्रक चालक फिरोज पुत्र अब्दुल्लाह उसकी अवयस्क पुत्री का मुंह दबाकर ट्रक में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी पुत्री बेहोश हो गई थी। काफी देर तक पुत्री के वापस न आने पर खोजबीन किया तो पुत्री ट्रक में बेसुध मिली। पुलिस ने दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट व दलित उत्पीड़न एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया। विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षिक अभिलेख के अनुसार पीड़िता की उम्र 13 वर्ष 6 माह 21 दिन है। पीड़िता ने अपने बयान में कथन किया है कि आरोपी ने मुंह बंद करके ट्रक में धक्का दे दिया। ट्रक में दो बार दुष्कर्म किया। जिससे वह बेहोश हो गई। एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# साइबर अपराधियों से बचाव की दी जानकारी

**जासं, संतकबीरनगर:** भारतीय स्टेट बैंक खलीलाबाद में साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित छात्रों, बैंक कर्मियों व आम नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बताया गया कि अज्ञात लिंक, काल, ईमेल, लाटरी या क्यूआर कोड स्कैन करने जैसे प्रलोभनों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या आनलाइन अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को भी आनलाइन सुरक्षा और उनकी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया गया।

# गैंगरेप के मुख्य आरोपी की पीड़ित किशोरी ने की शिनाख्त

**फॉलोअप**

■ शोभित कुमार पांडेय

■ 17 मार्च को पिता की डॉट से नाराज होकर घर से निकल गई थी किशोरी

■ काम दिलाने के बहाने ले जाकर तीन आरोपियों ने की थी हैवानियत

**संतकबीरनगर**। घटना हुए सात महीने से अधिक का समय भले गुजर गया था, लेकिन नज़र फेरते ही पकड़े गए गैंगरेप के मुख्य आरोपी को कोतवाली खलीलाबाद पहुंची पीड़ित किशोरी ने पहचान लिया। पीड़ित मां-बाप का यही अल्फाज था बेटी संग हैवानियत करने वालों को जब कड़ी सजा मिलेगी, तब कलेजे को ठंडक पहुंचेगी।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़ित 14 वर्षीय किशोरी कक्षा दसवीं तक पढ़ी है। 17 मार्च 2025 को किसी बात को लेकर उसकी छाटी बहन से कहासुनी हो गई थी। पिता ने किशोरी को डॉट दिया था। जिससे नाराज होकर किशोरी बिना बताए घर से निकल गई और खलीलाबाद दुर्गा मंदिर के पास पहुंच कर बैठी थी। वहीं पर मुख्य आरोपी की किशोरी से मुलाकात हो गई। किशोरी को कमरा और काम दिलाने की बात कह कर मुख्य आरोपी ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में मुख्य आरोपी के दो अन्य दोस्तों ने भी किशोरी संग हैवानियत की। इधर पीड़ित पिता ने 18 मार्च 2025 को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बेटी के बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना के आधार पर किशोरी पुलिस को मिली तो घटना की हकीकत बताई। पुलिस ने विवेचना और किशोरी के बयान से साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और एससीएसटी एक्ट की धारा बढाई। दो आरोपियों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। मगहर चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल और कांस्टेबल कृष्णा नारायण गोंड ने शुक्रवार को मुख्य आरोपी को मगहर के पास से गिरफ्तार किया। पीड़ित पिता ने बताया कि कोतवाली में जैसे ही मुख्य आरोपी का चेहरा पीड़ित बेटी देखी, वैसे ही बोली कि यही है मुख्य आरोपी। पीड़ित मां-बाप ने बताया कि आरोपियों को जब कड़ी सजा मिलेगी तभी कलेजे को ठंडक पहुंचेगी। विवेचक सीओ सदर अजय सिंह ने बताया कि गैंगरेप मामले का मुख्य आरोपी वांछित चल रहा था। सूचना पर मुख्य आरोपी पकड़ कर पूछताछ की तो जुर्म स्वीकार किया। कानूनी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# एमवी एक्ट के तहत 81 वाहनों का चालान

**संतकबीरनगर।** एसपी संदीप कुमार मीना के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने वाहनों चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 81 वाहनों का चालान किया। इसके साथ ही 81,000 रुपये जुर्माना वसूल किया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**संतकबीरनगर।** वन विभाग कार्यालय के समाने पुरानी कहासुनी को लेकर कुछ मनबढ़ो ने एक युवक की पिटाई कर दी। बड़गों के रहने वाले सूरज पुत्र गिरजेश का आरोप है कि वह शुक्रवार को रेलवे स्टेशन खलीलाबाद पर अपनी बुआ को रिसीव करने गए थे। एआरटीओ ऑफिस के पास वन विभाग कार्यालय के समाने पुरानी कहासुनी के विवाद को लेकर परवीन व छोटू सिंह निवासी ऊनखास अपने 2 अज्ञात साथियो के साथ उसे मारापीटा।

# पराली कहीं न जले, पुलिस-कृषि व राजस्व कर्मी रहें सतर्क : एडीएम

जासं,संतकबीर नगर: एडीएम वित्त व राजस्व जय प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को बैठक हुई। एडीएम के पूछने पर उप निदेशक कृषि डा.राकेश कुमार सिंह ने कहा कि किसान जल्दी खेत खाली करने के लिए कंबाइन धान फसल कटवा लेते हैं।

कटाई के बाद पराली को खेत में जला देते हैं। इससे न सिर्फ पर्यावरण को क्षति पहुंचती है बल्कि मृदा स्वास्थ्य भी खराब होता है। सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) द्वारा पराली जलाने पर रोक लगाई गई है।

दो एकड़ से कम क्षेत्रफल पर पांच हजार रुपये, दो से पांच एकड़ पर 10 हजार रुपये व पांच एकड़ से अधिक क्षेत्रफल पर 30 हजार रुपये पर्यावरण क्षति के रूप में वसूले जाने के लिए एक्ट पारित है। जो किसान एवं कंबाइन संचालक पराली जलाने में लिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी न्याय पंचायत में पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान, स्कूल करिकुलम माध्यम से जागरूकता चलाया जाना है। पिछले वर्ष सेटेलाइट के माध्यम से कुल 48 आग जलाए जाने की घटनाएं संज्ञान में आई थी। जिसमें 24 घटनाओं में पराली जलाए जाने की पुष्टि हुई थी।

एडीएम ने सभी राजस्व कर्मी, पुलिस विभाग के हल्का सिपाही, कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों को भ्रमणशील रहते हुए किसानों को जागरूक करने व पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने के निर्देश दिए।

# हादसे में मृत पूर्व प्रधान के पुत्र ने अज्ञात चालक पर कराया केस

संवाद सूत्र, बखिरा: बखिरा थाना क्षेत्र के कोपिया में गुरुवार दोपहर हुए सड़क हादसे में महाराजगंज जनपद के खजुरिया गांव के पूर्व प्रधान की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगरनाथ यादव ने तहरीर में बताया कि 30 अक्टूबर को दोपहर ढाई बजे उनके पिता चिकानु यादव, चाचा रामचन्द्र यादव, चचेरा भाई रघुनाथ यादव और चचेरा चाचा धर्मेन्द्र यादव कलामुद्दीन अंसारी निवासी कन्दापुर थाना पनियरा जिला महाराजगंज की स्विफ्ट डिजायर कार को बुक कर बधवा शम्भूनाथ मेमोरियल हॉस्पिटल, खलीलाबाद से दवा कराकर घर लौट रहे थे।

रास्ते में कोपिया के पास एक अज्ञात ट्रेलर चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही चिकानु यादव की मौत हो गई। अन्य तीनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल खलीलाबाद ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



- बखिरा–खलीलाबाद मार्ग पर कोपिया के पास ट्रेलर से भिड़ी थी कार
- हादसे में पूर्व प्रधान की हुई थी मौत, कार में सवार तीन अन्य हुए थे घायल

# डीएम, एसपी ने जिला कारागार का लिया जायजा



जिला कारागार स्थित हास्पिटल में भर्ती कैदी के सेहत के बारे में जानकारी लेते डीएम आलोक कुमार( बाएं से दूसरे )व एसपी संदीप कुमार मीना( बाएं ) • जागरण

**जासं,संतकबीर नगर:** डीएम आलोक कुमार व एसपी संदीप कुमार मीना शुक्रवार को जिला कारागार में जांच के लिए पहुंचे। इन्होंने यहां पर हास्पिटल, बैरक, रसोई कक्ष, जेल परिसर आदि की जांच की। कैदियों से बातचीत कर यहां पर मिलने वाले नाश्ता, भोजन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। हास्पिटल में भर्ती कैदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। रसोई कक्ष में बन रहे भोजन की गुणवत्ता देखी। यहां के अधिकारियों को नियमित बैरकों की तलाशी लेने के निर्देश दिए।

जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाएं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनायी गई सरदार पटेल की जयंती

## डीएम, एसपी के नेतृत्व में प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी लगाई दौड़ राष्ट्रभक्ति का लगाया नारा

- प्रदेश उपाध्यक्ष संग विधायकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने एकता दौड़ में भाग लिया
- सरदार पटेल ने अदम्य साहस, राष्ट्रनिष्ठा से भारत को एक सूत्र में पिरोया : प्रदेश उपाध्यक्ष




राष्ट्रीय एकता दिवस पर हाथ में तिरंगा लिए खड़े रिक्रूट आरक्षी • जागरण

जागरण टीम, संतकबीर नगर: लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में शुक्रवार को भव्य ढंग से मनायी गयी। इसमें जन प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, रिक्रूट आरक्षी, होमगार्ड्स, युवा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। "एकता दौड़" करके आम जनमानस को राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया।

भाजपाइयों ने शुक्रवार को 'रन फार यूनिटी' का भव्य आयोजन किया। राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता का संदेश देने वाली यह दौड़ सुबह आठ बजे जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से आरंभ होकर मुखलिसपुर पेट्रोल पंप पर संपन्न हुई। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष त्रियंबक पाठक, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम व भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'सरदार पटेल अमर रहें' जैसे राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, राष्ट्रनिष्ठा से भारत को एक सूत्र में पिरोया।

भाजपा उनके आदर्शों पर चलते हुए देश को और मजबूत, एकजुट बनाने में लगी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रन फार यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं बल्कि यह देश की एकता और संगठन की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विधायक गणेश चंद्र चौहान, अंकुर राज तिवारी व अनिल कुमार त्रिपाठी, डैम्पी राय, गौरव निषाद, गणेश पांडेय, अनिरुद्ध निषाद, टीपू सिंह, विनोद पांडेय, नवनीत मिश्र, अशोक यादव, अंजेश श्रीवास्तव, नीलमणि, ज्ञानेंद्र मिश्र, अमर राय, जगदंबा लाल श्रीवास्तव, उषा पांडेय, आदित्य यादव, किरण प्रजापति, नित्यानंद, श्रवण अग्रहरि, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

**प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी लगाई एकता दौड़ :** डीएम आलोक कुमार व एसपी संदीप कुमार मीना के नेतृत्व में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने खलीलाबाद शहर के समय माता मंदिर से खलीलाबाद बाईपास तक "एकता दौड़" लगाई। इसमें रिक्रूट आरक्षी, होमगार्ड्स, हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद के एनसीसी कैडेट्स के अलावा अन्य लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। डीएम ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि व राष्ट्रनिष्ठा से रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सशक्त किया। एसपी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है।

**एचआरआइसी में भी भव्य ढंग से मनी जयंती :** हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद में भी भव्य ढंग से जयंती मनायी गयी। प्रधानाचार्य अरुण कुमार ओझा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और भाईचारे को सुदृढ़ बनाना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता उदयभान सिंह, डा. आरके सिंह, पुनीत त्रिपाठी, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

**अपना दल एस. ने भी निकाली पदयात्रा :** अपना दल (एस) के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रोहित पटेल के आह्वान पर एचआरपीजी कालेज परिसर से खलीलाबाद बाईपास तक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान तिरंगा और सरदार पटेल के चित्र लेकर प्रतिभागियों ने "जय जय सरदार, भारत माता की जय, लौह पुरुष अमर रहें" नारे लगाए। इस अवसर पर रामजनक चौधरी, राजेश चौधरी, गिरजेश चौधरी, विशाल चौधरी, गोलू पटेल, अभिषेक चौधरी, जितेंद्र चौधरी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

**जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम :** जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को शहादत दिवस व लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती मनाई गयी। जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। देश के मान-सम्मान से कभी समझौता नहीं किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ मिलकर देश की रियासतों का विलय कर एक अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस अवसर पर सुनील कुमार पांडेय, अरुण पांडेय, दिलशाद अक्सर, शांति देवी, अजय सिंह, मो. नजीर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**धनघटा तहसील क्षेत्र में देश की एकता का लिया संकल्प :** धनघटा तहसील क्षेत्र के सभी थानों, ब्लाक मुख्यालयों, नगरीय निकायों में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। धनघटा थाने के प्रभारी निरीक्षक जेपी दुबे के नेतृत्व में पुलिस कर्मी थाना परिसर से स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज तक दौड़ लगायी। भारत मां के जयकारे के बीच एकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक मनोज कुमार शुक्ल, उत्तम चंद्र चौधरी, दीप नारायण चौधरी, पुलिस कर्मी आदि शामिल रहे।

**सेमरियावां में लौह पुरुष के दिखाए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प :** सेमरियावां ब्लाक कार्यालय पर बीडीओ धर्मेश चंद्र पाण्डेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डा. सुरेश चंद्र, पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्साधिकारी डा. अखिलेश यादव, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ सरोज यादव ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं थाना प्रभारी दुधारा अरविंद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने दुधारा थाना परिसर से सेमरियावां कस्बे तक दौड़ लगायी।

**बखिरा क्षेत्र में भव्य ढंग से मनी जयंती :** रन फार यूनिटी के तहत बखिरा में बाबा भोलेश्वरनाथ मंदिर से बेणीमाधव गोपीनाथ इंटर कालेज तक दौड़ लगाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि आज का यह दिन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित है। उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

चेयरमैन मो. आमिर अंसारी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति से देश को एकता के सूत्र में पिरोया था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर ईओ आदित्य प्रकाश, चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मेंहदावल तहसील क्षेत्र में भव्य ढंग से मनी जयंती

मेंहदावल तहसील क्षेत्र में सरदार पटेल की जयंती भव्य ढंग से मनायी गयी। मेंहदावल थाने पर प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, धर्मसिंहवा थाने पर अभिमन्यु सिंह, बेलहर थाने पर अनिल कुमार के नेतृत्व में रन फार यूनिटी के तहत पुलिसकर्मियों ने दौड़ लगाई। मेंहदावल, बेलहर व सांथा ब्लाक पर लोगों ने राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। मेंहदावल कस्बे में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस विल्डन एकेडमी में भी भव्य कार्यक्रम हुआ। मेंहदावल नगर पंचायत पर ईओ पंकज कुमार, धर्मसिंहवा पर ईओ आशुतोष ओझा, बेलहर पर ईओ अमित सिंह ने कर्मियों को शपथ दिलाई। बेलहर में खंड विकास अधिकारी उमेश कुमार ओझा ने उपस्थित लोगों को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। एडीओ पंचायत पंकज सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें एकता, समर्पण, कर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

### महुली थानाध्यक्ष के नेतृत्व में दौड़े पुलिस कर्मी

महुली के थानाध्यक्ष रजनीश राय के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने एकता की दौड़ लगाई। आम जनमानस को एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक परवेज खां, उप निरीक्षक अरविंद सिंह, सोमनाथ मिश्र, प्रकाश गुप्ता, अशोक सिंह, अभिषेक सिंह, ऋषभ शुक्ला, अजीत गुप्ता, तबरेज आलम, अजीत कुमार आदि शामिल रहे।




खलीलाबाद में दौड़ लगाते डीएम आलोक कुमार, बाएं से तीसरे, एसपी संदीप कुमार मीना बाएं से दूसरे, व अन्य अधिकारी • जागरण



सेमरियावां कस्बे में हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ लगाते पुलिस कर्मी • जागरण



[illegible] • जागरण

'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनायी गई सरदार पटेल की जयंती

डीएम, एसपी के नेतृत्व में प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी लगाई दौड़ राष्ट्रभक्ति का लगाया नारा

- प्रदेश उपाध्यक्ष संग विधायकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने एकता दौड़ में भाग लिया
- सरदार पटेल ने अदम्य साहस, राष्ट्रनिष्ठा से भारत को एक सूत्र में पिरोया : प्रदेश उपाध्यक्ष

मेंहदावल तहसील क्षेत्र में भव्य ढंग से मनी जयंती

महुली थानाध्यक्ष के नेतृत्व में दौड़े पुलिस कर्मी



राष्ट्रीय एकता दिवस पर हाथ में तिरंगा लिए खड़े रिक्रूट आरक्षी • जागरण







# बिना कार्य कराए सरकारी धन हड़पने का आरोप, ग्राम प्रधान पर केस

संवाद सूत्र, दुधारा : पचपोखरी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पर बिना सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य कराए सरकारी धन की निकासी का आरोप लगा है। न्यायालय के आदेश पर दुधारा पुलिस ने प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत पचपोखरी निवासी अबरार खान ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि ग्राम प्रधान अब्दुल कयूम ने अलग-अलग तिथियों में वित्तीय अनियमितताएं कीं। वर्ष 2022 में मजदूरी के नाम पर लगभग 50 हजार रुपये अपने खाते में लेकर गबन कर लिया गया।

इसी तरह जनवरी 2023 में इंटरलॉकिंग का कार्य न कराकर लगभग 40 हजार रुपये निकाल लिए। नाली निर्माण कार्य में भी लगभग एक लाख रुपये निकालकर धन का दुरुपयोग किया गया। पीड़ित ने इस संबंध में दुधारा पुलिस समेत अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

थकहार कर वह कोर्ट में चले गए। प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान अब्दुल कयूम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 135 स्थानों पर 2,253 लोगों की हुई जांच, एक को भेजा जेल

- 63 पर शांतिभंग में की कार्रवाई, 139 से भरवाया माफीनामा
- गत गुरुवार की देर रात तक एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: मिशन शक्ति के तहत विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम ने गत गुरुवार को देर रात तक अभियान चलाया। 135 स्थानों पर 2,253 लोगों की जांच की। एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया। बिना किसी काम के घूम रहे 139 शोहदों से माफीनामा भरवाकर चेतावनी देते हुए छोड़ा। 63 शोहदों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गयी।

कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र में 12 स्थानों पर जांच के दौरान एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेजा, 13 पर शांतिभंग में कार्रवाई की, 18 शोहदों से माफीनामा भरवाया। दुधारा थाना क्षेत्र में पांच स्थानों पर जांच के दौरान सात शोहदों से माफीनामा भरवाया। महिला थाना पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में नौ स्थानों पर जांच के दौरान 15 शोहदों से माफीनामा भरवाया। धनघटा पुलिस ने 26 स्थानों पर जांच के दौरान 11 पर शांति भंग में कार्रवाई की, 16 शोहदों से माफीनामा भरवाया।



खलीलाबाद शहर में युवक का माफीनामा भरती पुलिस कर्मी • जागरण

महुली थाना क्षेत्र में 25 स्थानों पर जांच के दौरान 28 पर शांति भंग में कार्रवाई की, 27 शोहदों से माफीनामा भरवाया। मेंहदावल थाना क्षेत्र में नौ स्थानों पर जांच के दौरान 10 शोहदों से माफीनामा भरवाया।

बखिरा थाना क्षेत्र में 24 स्थानों पर जांच के दौरान पांच पर शांति भंग में कार्रवाई की गई, 15 शोहदों से माफीनामा भरवाया।

बेलहरकला थाना क्षेत्र में 21 स्थानों पर जांच के दौरान छह पर शांति भंग में कार्रवाई की, 13 शोहदों से माफीनामा भरवाया। एंटी रोमियो टीम ने धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में चार स्थानों पर जांच के दौरान 18 शोहदों से माफीनामा भरवाया।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाया जागरूकता अभियान

संतकबीर नगर : मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए गत गुरुवार को एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के एकमा, बारिगांव, लेडुआ गांव, दुधारा थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक सेमरियावां, स्टेट बैंक लोहरौली, बेलहरकला थाना क्षेत्र में अजीजुल्लाह इंटर कालेज साड़ा और इंडियन पब्लिक स्कूल गोइठहा, बखिरा थाना क्षेत्र के बखिरा कस्बा, धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में बढ़या, सिकरी, मंझरिया लाला, सेवाइचपार, धर्मसिंहवा कस्बा, हाकिमराई, महुली थाना क्षेत्र में अंबा केपीएस इंटर कालेज हरिहरपुर, और धनघटा थाना क्षेत्र के आदर्श इंटर कालेज उमरिया बाजार में आयोजित किया गया। महिला थाने की पुलिस ने बड़गो और बनकटिया में महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों और मिशन शक्ति की टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल और रैली के माध्यम से संवाद सत्र आयोजित किए, जिसमें महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# तैयारी के साथ बैठक में पहुंचे बीडीसी के हाथ लगी निराशा

## सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध न होने के चलते स्थगित की गई बैठक जबकि ब्लाक में कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे

संवाद सूत्र, सेमरियावां: खराब मौसम के बीच समस्याओं का पुलिंदा लेकर पूरी तैयारी के साथ बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्यों के चेहरे की रंगत उस समय बदल गई जब ऐनवक्त उन्हें बैठक स्थगित किए जाने की जानकारी दी गई। इस निर्णय की वजह खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने सुरक्षा व्यवस्था न होने का हवाला दिया जबकि ब्लाक सभागार पर पुलिस कर्मियों की अच्छी खासी संख्या मौजूद रही। नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ सुर मिलाते हुए ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा और उनके प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने बीडीओ के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए विश्वास में न लेने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को निर्धारित एजेंडा के अनुसार सुबह 11 बजे से ब्लाक सभागार में बैठक होनी थी लेकिन 9:30 बजे से ही क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचने लगे थे। सभागार में कुर्सी पर 64 सदस्य आसीन हो चुके थे। बैठक में पूछने और दिए जाने वाले मांग पत्र के पन्ने वह बार-बार पलट रहे थे और घड़ी में 11 बजने का इंतजार कर रहे थे। मंच पर प्रमुख और उनके प्रतिनिधि मुमताज अहमद मौजूद थे।

इसी दौरान लेखाकार रामबिलास ने प्रमुख प्रतिनिधि के मोबाइल पर बैठक स्थगित होने की सूचना भेज दी। दोपहर 12:10 बजे प्रमुख को बैठक स्थगित किए जाने संबंधी पत्र रिसीव कराया गया। बैठक स्थगित होने की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सभागार खाली करने का आग्रह किया। इस पर प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि बैठक स्थगित करनी थी, तो पहले सूचित किया जाना चाहिए था। खराब मौसम के चलते क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती।



ब्लाक सभागार में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान • जागरण

### क्षेत्र पंचायत की बैठक : एक नजर में

- 27 जुलाई 2021- शपथ ग्रहण एवं बैठक प्रथम
- 14 अक्टूबर 2022- कोरम के अभाव में बैठक नहीं हो पाई।
- 14 फरवरी 2023 - हाईकोर्ट के आदेश पर बैठक कराई गई।
- 11 सितम्बर 2024- बैठक स्थगित
- 30 सितम्बर 2024- बैठक स्थगित
- 5 नवंबर 2024 - बैठक स्थगित
- 21 नवंबर 2024 - सामान्य बैठक संपन्न हुई।
- 25 अगस्त 2025- बैठक स्थगित
- 09 सितम्बर 2025 - बैठक स्थगित
- 25 सितम्बर 2025- बैठक स्थगित
- 09 अक्टूबर 2025- बैठक स्थगित
- 17 अक्टूबर 2025- बैठक स्थगित
- 31 अक्टूबर 2025- बैठक स्थगित।

उन्होंने एक जनप्रतिनिधि पर निशाना साधते हुए 30 प्रतिशत कमीशन मांगने और प्रशासन पर दबाव बनाकर विकास कार्य बाधित करने का आरोप लगाया। यह भी कहा कि वह शीघ्र ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे और पूरे मामले से अवगत कराएंगे।

**बैठक स्थगित करने का यह बताया गया कारण** : खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) धर्मेश चंद्र पांडेय द्वारा प्रमुख को भेजे गए पत्र में बताया गया कि थाना प्रभारी दुधारा ने अपने पत्र दिनांक 28 अक्टूबर को यह अवगत कराया है कि वर्तमान समय में ला एंड आर्डर, वीआईपी ड्यूटी तथा अन्य अभियानों के चलते पुलिस बल की व्यवस्था कराना संभव नहीं है। 29 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, लेकिन कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

ऐसी स्थिति में बैठक को संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा बल के अभाव में उसे स्थगित करना उचित समझा गया। प्रमुख के दिशा-निर्देश पर अगली बैठक की तिथि तय की जाएगी।

**सेमरियावां में चार साल से ठप पड़ा है विकास कार्य** : जहां एक तरफ जिले के आठ ब्लाकों में क्षेत्र पंचायत निधि से 10 से 15 करोड़ रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं वहीं दूसरी तरफ सेमरियावां एक ऐसा ब्लाक है, जहां न तो नियमित क्षेत्र पंचायत की बैठक हो पा रही है और न ही विकास कार्य। क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल समाप्ति की ओर है लेकिन 20 करोड़ रुपये की उपलब्धता के बाद भी एक पैसे का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। प्रमुख और क्षेत्र पंचायत इसको लेकर डीएम, कमिश्नर से लेकर प्रमुख सचिव और यहां तक मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। इस बारे में विभिन्न स्तरों से निर्देश जारी किए गए लेकिन विकास का पहिया नहीं घूमने पाया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान तहसीलदार आनंद ओझा, प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविंद शर्मा, थाना प्रभारी बखिरा राकेश सिंह, एसआइ अनिल मिश्र, आजम अंसारी, अभय कुमार पांडेय, राजीव कुमार सिंह, वीर बहादुर यादव, राम कुशल सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव, लक्ष्मी प्रसाद, शमा अदनान, अफसाना खातून, मेराजुन्निशा, प्रधान रामजी चौधरी, धीरज पांडेय, इरशाद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

- खराब मौसम के बीच सेमरियावां ब्लाक पर पहुंच गए थे 64 सदस्य
- बैठक स्थगित होने की सूचना पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जताई नाराजगी



बैठक स्थगित किए जाने पर पुलिस कर्मियों के समक्ष नाराजगी व्यक्त करते प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद • जागरण

# पुलिसकर्मियों को दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ



दुधारा में पटेल जयंती पर एकता यात्रा निकालते पुलिसकर्मी। स्रोत - पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को एसपी संदीप कुमार मीना ने पुलिस कर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का शपथ दिलाई।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान सीओ यातायात अभय नाथ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, यातायात प्रभारी परमहंस, पीआरओ दुर्गेश पांडेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता की राह पर दौड़ी कबीरनगरी

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, हुए विविध कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। देश के पहले गृहमंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जिले में समारोह पूर्वक राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह राष्ट्रीय एकता के संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय एकता दौड़ लगाई तथा उनको नमन किया। इस दौरान डीएम आलोक कुमार व एसपी संदीप कुमार मीना ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शहर में दौड़ लगाई और राष्ट्रीय एकता का संकल्प दिलाया।

डीएम आलोक कुमार ने कहाकि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि एवं राष्ट्रनिष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सशक्त किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम सभी देश की एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को सदैव बनाए रखें। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। हमें समाज में सौहार्द, एकजुटता और साम्प्रदायिक सद्भाव को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी, डीपीआरओ मनोज कुमार यादव, सीओ अजय सिंह, सीओ मेंहदावल सर्व दवन सिंह, सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पांडेय, सीओ लाइन अभय नाथ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, कोतवाल पंकज कुमार पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

**शहर में निकाली गई पदयात्रा :** खलीलाबाद शहर में पदयात्रा एवं भव्य झांकी का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। आयोजन अपना दल (एस) के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित पटेल के आह्वान पर हुआ, जिसमें सर्वसमाज के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, छात्र और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद तिरंगा झंडा और सरदार पटेल के चित्र लेकर लोगों ने जैसे देशभक्ति के नारों के साथ शहर का भ्रमण किया।

पदयात्रा शुगर मिल रोड, मोती तिराहा, बैंक चौराहा, गोला बाजार और मुखलिसपुर चौराहा होते हुए मेंहदावल बाईपास चौक पहुंची, जहां एक संक्षिप्त सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राम जनक चौधरी, राजेश चौधरी, गिरजेश चौधरी, विशाल चौधरी, कृष्णा चौधरी, आशुतोष कुमार, गोलू पटेल, अभिषेक चौधरी, जितेंद्र चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

**नशा मुक्ति की लोगों को दिलाई गई शपथ : बेलहर।** विकास खंड बेलहर कला के खण्ड विकास अधिकारी उमेश प्रसाद ओझा एडीओ पंचायत पंकज सिंह द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से एडीओ आईएसबी सुनीता मिश्रा ,एकाउंटेंट प्रवीण कुमार यादव, आपरेटर अनुज सिंह ,एपीओ अनन्त कुमार, सचिव सर्वेश कुमार सिंह ,सौरभ चौधरी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं रन फॉर यूनिटी के तहत धर्मसिंहवा थाने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।


रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ लगाते डीएम और एसपी। स्रोत-सूचना विभाग


समय माता चौक पर हाथो में झंडे लेकर खड़े पुलिसकर्मी। संवाद


एचआर इंटर कॉलेज में शपथ लेते विद्यार्थी।। संवाद


बेलहर ब्लॉक परिसर में पटेल जयंती पर शपथ लेते कर्मचारी। संवाद






इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह द्वारा मय पुलिस बल व जनता इंटर कॉलेज धर्मसिंहवा के अध्यापकगण गुलाम वारिश, किरन वर्मा और विद्यार्थियों के साथ नगर पंचायत धर्मसिंहवा के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की दौड़ लगाई।

**महुली कस्बे में निकाली गई एकता यात्रा : महुली।** महुली थानाध्यक्ष रजनीश राय ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी के तहत रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद दौड़ में शामिल हुए। रन फार यूनिटी कार्यक्रम थाने से शुरू होकर महुली टैक्सी स्टैंड चौराहा से होते हुए कस्बा में अन्य जगह पहुंचा। सुबह में ही पुलिस कर्मियों के एकता संदेश का लोगो द्वारा उत्साहित किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सोमनाथ मिश्र, हेड कांस्टेबल तबरेज आलम, सुनील सिंह, ऋषभ कुमार शुक्ला, अनुज राय सहित अन्य पुलिस कर्मी व ग्रामीण शामिल रहे।

वहीं लोहरौली थाना प्रभारी दुधारा अरविंद शर्मा के निर्देशन में इस्लामाबाद पेट्रोल पंप से ब्लॉक मुख्यालय तक दौड़ लगाई गई। उक्त कार्यक्रम में दारोगा राजीव सिंह, अनिल मिश्रा, बीरबहादुर, अभय कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, राम कुशल सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ समाजसेवी मुनीरुलहसन चौधरी, एनआईसी के प्रिंसिपल मुजीबुल्ला, एआरसी पीजी कॉलेज के प्रबंधक शमशेर अहमद, क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। संवाद



सरदार पटेल की जयंती पर धर्मसिंहवा थाने में एकता व अखंडता का संकल्प लेते पुलिसकर्मी व आमजन। संवाद


रन फॉर यूनिटी में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक। स्रोत-पार्टी

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन : मेंहदावल।** क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। मेंहदावल नगर पंचायत कार्यालय उनके चित्र पर अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार ने पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। तहसील परिसर में एसडीएम संजीव कुमार राय की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों को संबोधित किया और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। संवाद

**क्षत्रिय-कुर्मी महासभा के तत्वावधान में अर्पित किया श्रद्धासुमन : नाथनगर।** क्षत्रिय-कुर्मी महासभा के तत्वाधान में शुक्रवार को नाथनगर ब्लाक के परशुरामपुर में स्थित माटी फाउंडेशन पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में दलीय सीमा तोड़कर सपा, कांग्रेस और भाजपा के नेता शामिल होकर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयकरन वर्मा अमूल्य धरोहर है। विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक गणेश चंद चौहान, पूर्व विधायक अलगू चौहान, जिला पंचायत सदस्य अंकिता बाबी, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी सुबोध यादव, देवेंद्र पटेल, सूर्यनाथ आदि शामिल रहे। संवाद

# छप्पर में आग लगने से सामान जला



आग लगने से मिश्रौलिया गांव में जली हुई झोपड़ी। स्रोत-ग्रामीण

महुली। थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव में रिहायशी छप्पर में शुक्रवार को आग लग गया।जानकारी के अनुसार मिश्रौलिया गांव निवासी बलिराम पांडेय के गैर आवासीय झोपड़ी में अज्ञात कारण से आग लग गया। जिससे बर्तन, राशन, कपड़ा आदि अन्य सामान जलकर राख हो गया। संवाद

# हादसे के मामले में ट्रेलर चालक पर केस

## तिघरा के पास हुआ था हादसा, एक व्यक्ति की हो गई थी मौत

संतकबीरनगर। बखिरा थाना पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में पीड़ित की तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है।

एसओ बखिरा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खजुरिया निवासी जगरनाथ यादव ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 30 अक्तूबर को दोपहर दो बजे उनके पिता पिता चिकानू, चाचा रामचंद्र यादव, चचेरा भाई रघुनाथ यादव व चचेरे चाचा धर्मेंद्र यादव ने कलामुद्दीन निवासी कंदापुर थाना पनियरा की चार पहिया गाड़ी को बुक करके ड्राइवर बलिराम गिरि के साथ बंधवा अस्पताल से दवा कराकर घर जा रहे थे।

ग्राम तिघरा के पास एक ट्रेलर का चालक नाम पता अज्ञात लापरवाही पूर्वक गाड़ी तेज रफ्तार से चलाते हुए आकर कार में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर पिता चिकानू की मृत्यु हो गई और कार में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और हालत काफी नाजुक है। संवाद

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई पटेल की जयंती

**डीएम ने कलेक्ट्रेट और एसपी ने पुलिस लाइन में अधिकारियों-कर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गयी। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आलोक ने श्री पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संभ्रांत नागरिकों को शपथ दिलाई। वहीं जिले के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती का आयोजन करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ ली गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के सिद्धान्तों, आदर्शों एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके पूर्व खलीलाबाद के समय माता मंदिर से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मेंहदावल बाईपास तक दौड़ लगाकर आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मेंहदावल रमाकांत चौबे, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) धनघटा हृदय राम तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी बद्री प्रसाद, योगेश कुमार चौधरी, ओएसडी राकेश कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव, ईडीएम राकेश कुमार सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, सीओ खलीलाबाद अजय सिंह, सीओ मेंहदावल सर्व दवन सिंह, सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय, सीओ लाइन अभय नाथ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार पाण्डेय, पीके गुप्ता, पुलिस विभाग के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी, होमगार्ड्स, एचआरआईसी के एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं एसपी संदीप कुमार मीना रिजर्व पुलिस लाइन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके पुलिसकर्मियों को



खलीलाबाद शहर में रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम-एसपी।

राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात अभय नाथ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, यातायात प्रभारी परमहंस सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में जनपद के सभी पुलिस थानों पर भी रन फॉर यूनिट कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों, स्कूली बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# अस्पताल में नहीं मिला कोई डॉक्टर, संचालक को नोटिस



उमरिया बाजार स्थित हॉस्पिटल। स्रोत-स्वास्थ्य विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीएचसी अधीक्षक ने उमरिया बाजार में निजी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**धनघटा।** उमरिया बाजार में स्थित चंद्रिका हॉस्पिटल का शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली के अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। जबकि दो मरीजों का ऑपरेशन किया गया था। उन मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली में लाकर भर्ती किया गया है।

धनघटा क्षेत्र के उमरिया बाजार प्राइवेट अस्पतालों का हब बन चुका है। यहां के अस्पताल अधिकतर प्रसव पीड़ा से पीड़ित मरीजों का इलाज करते हैं। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली के अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र चौधरी रुटिन चेकिंग अभियान के तहत उमरिया बाजार के चंद्रिका अस्पताल में पहुंचे। डॉ. जितेंद्र चौधरी ने बताया कि वहां पर दो मरीजों का ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल के डॉक्टर के संबंध में जब जानकारी मांगी गई तो पता चला कि अस्पताल में डॉक्टर कोई नहीं है। मरीजों का देखभाल करने वाला भी कोई नहीं था।

जच्चा और बच्चा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती किया गया। जहां उनका इलाज और देखभाल किया जा रहा है। अस्पताल संचालक से जब अन्य कागजात की मांग की गई तो वह कोई कागज नहीं दिखा सके। जिसके लिए उनको कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का सही जवाब नहीं मिलने पर अस्पताल के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा।

# शांतिभंग में पांच आरोपियों का चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में पांच आरोपी का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद, धनघटा व महुली एक-एक और मेंहदावल थाना पुलिस ने दो आरोपियों को संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां से सभी को जमानत पर रिहाकर दिया गया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

## 22 सितंबर को हुई थी वारदात, ट्रक चालक है आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत ने ट्रक में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी चालक फिरोज की जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के उपरांत निरस्त कर दिए। पीड़िता की मां ने 23 सितंबर को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर दी थी।

आरोप लगाया कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की 22 सितंबर की रात लगभग 10 बजे घर से शौच के लिए जा रही थी, तभी आरोपी ट्रक चालक उसकी बेटी का मुंह दबाकर जबरन रोड के किनारे खड़ी ट्रक में ले जाकर दुष्कर्म किया। काफी देर हो जाने के बाद तलाश करने पर उसकी लड़की ट्रक में बेसुध मिली। थाना कोतवाली खलीलाबाद में केस दर्ज हुआ। विवेचक के विवेचना में आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट का आरोप पाया।

आरोपी ने अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया और कहा कि स्थानीय पुलिस ने घर से पकड़ कर झूठी गिरफ्तारी दिखाते हुए उसे जेल भेज दिया है। उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म नहीं किया है और न ही शादी के लिए दबाव बनाया है।

24 सितंबर 2025 से जिला कारागार में निरुद्ध है। अदालत ने पक्षों की बहस सुनने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व अपराध की गंभीरता मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम के आरोपी ट्रक चालक फिरोज की जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी पति ने फंदा लगाकर दी जान

संवाद न्यूज एजेंसी

## धनघटा के तुर्कवलिया नायक गांव का मामला, दो वर्ष से मायके में है पत्नी

**धनघटा।** क्षेत्र के तुर्कवलिया नायक गांव निवासी युवक बृहस्पतिवार की रात छत की कुंडी से साड़ी के फंदे में लटक कर जान दे दी। मृतक की पत्नी मायके में रह रही थी और देर रात तक फोन पर उससे कहा सुनी हुई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल कर रही है।



सूरज। (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार तुर्कवलिया नायक गांव निवासी सूरज (25) पुत्र लाल बिहारी निषाद की शादी चार वर्ष पूर्व आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के बासडीह गांव में हुई थी। सूरज की पत्नी दो वर्ष पूर्व एक बच्ची को जन्म देने के बाद से अपने मायके में ही रह रही थी। लाल बिहारी का कहना है कि सूरज की पत्नी चाह रही थी कि उसका पति भी ससुराल में आकर निवास करें। इसके लिए सूरज तैयार नहीं था।

बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे पति और पत्नी के बीच मोबाइल फोन पर देर तक कहां सुनी हुई। इसके बाद परिवार के अन्य लोग अपने-अपने स्थान पर सोने चले गए। सूरज भी अपने कमरे में गया और छत की कुंडी में साड़ी का फंदा बांध कर गले में लगाकर जान दे दी।

इसकी जानकारी परिवार के लोगों को सुबह हुई तो चीखने-चिल्लाने लगे और सुनकर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश दुबे ने बताया कि सूरज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पड़ताल की जा रही है।

# पराली जलाने से मिट्टी की सेहत को नुकसान

## एडीएम ने बैठक में अधिकारियों को पराली प्रबंधन कराने के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एडीएम जय प्रकाश की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन, फसल अवशेष को खेतों में न जलाए जाने से संबंधित बैठक हुई। बैठक में पराली न जलाए जाने पर जोर दिया गया।

उप कृषि निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि धान की कटाई एवं गेहूं की बुवाई के मध्य कम समय मिलने के कारण किसान जल्दी खेत खाली करने के उद्देश्य से कंबाइन मशीन अथवा धान की कटाई के उपरांत मड़ाई के उपरांत धान की पराली को जला देते हैं।

इससे न सिर्फ पर्यावरण को क्षति पहुंचती है बल्कि मृदा स्वास्थ्य भी खराब होता है। पराली जलाने से उसमें संचित ऑर्गेनिक कार्बन एवं पोषक तत्व जल जाते हैं, जो की मिट्टी में पुनः जाने चाहिए थे, पराली जलाने से पर्यावरण दूषित होता है। जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है।

एडीएम जय प्रकाश ने कहा कि समस्त राजस्व कर्मी, पुलिस विभाग के बीट कांस्टेबल एवं कृषि विभाग के कार्मिक क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए किसानों को जागरूक करें एवं पराली जलाए जाने की घटनाओं में कमी लाई जाए।

इस अवसर पर जनपद स्तरीय समिति के सदस्य एवं कंबाइन हार्वेस्टर मशीन के संचालक, फार्म मशीनरी बैंक के संचालक एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के संचालक आदि मौजूद रहे।

### हाईवे के किनारे झाड़ियों की सफाई कराएं

संतकबीरनगर। एडीएम जय प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सड़कों की मरम्मत समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। एडीएम ने एनएचएआई मार्ग के किनारे झाड़ियों की साफ-सफाई, पटरी मरम्मत, नाली मरम्मत, अवैध कट्स आदि के संबंध में सड़क सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। मार्ग के किनारों पर झाड़ियों के साफ सफाई के संबंध में एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया। एडीएम ने कहाकि एनएचएआई मार्ग पर दुर्घटना आदि की स्थिति में एंबुलेंस एवं क्रेन को हर समय उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने कहाकि सड़कों पर गलत साइड एवं नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का नियमित तौर पर जांच कर चालान किया जाए तथा चालान किए गए वाहनों की संख्या को भी दर्शाया जाए। उन्होंने परिवहन एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफलेक्टर रेडियम पट्टी लगाया जाए। एडीएम ने कहाकि शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही संकेतक भी लगा दिए जाए। बैठक में सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पांडेय, सीओ मेंहदावल सर्वदमन सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग आरके पांडेय, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, डीआईओएस हरिश्चंद्र नाथ, तहसीलदार धनघटा राम जी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग विमल कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# हाईवे पर बहाल हुआ मालवाहक वाहनों का आवागमन

## अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा के चलते 29 अक्तूबर की शाम से किया गया था डायवर्जन



हाईवे खुलने के बाद बस स्टैंड पर बसों का इंतजार करते लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा को लेकर 29 अक्तूबर की देर शाम से हाईवे पर रूट डायवर्जन हो गया था। जिस पर बड़े मालवाहक वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह 8 बजे के बाद हाईवे पर वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया।

जिले की सीमा में अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा को देखते हुए मगहर दुर्गा मंदिर से वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दिया गया था।



हाईवे पर शुरु हुआ आवागमन। संवाद

वाहनों को घघसरा से बखिरा नंदौर बांसी डुमरियागंज के रास्ते लखनऊ भेजा जा रहा था। इसके साथ ही कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे टेमा रहमत से वाहनों को पूर्ण प्रतिबंधित किया गया है। अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा समाप्त होने के बाद शुक्रवार को वाहनों के आवागमन पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया।

इसके बाद वाहन बस्ती, अयोध्या होकर निकलना शुरू कर दिए। सीओ यातायात अभयनाथ मित्र ने बताया कि अयोध्या में भीड़ कम होने व उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद हाईवे पर वाहनों के आवागमन में लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है। शुक्रवार की सुबह आवागमन बहाल हो गया। इससे वाहन चालकों को काफी राहत मिली।

# बाइक पर लिफ्ट देकर युवती से दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

## खलीलाबाद के बयारा का है एक आरोपी, दूसरा राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला

### ग्राम बयारा के पास हुई वारदात, न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे गए आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बयारा गांव के पास बृहस्पतिवार की रात युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोप है कि दोनों युवक बाइक पर लिफ्ट देकर साथ ले गए और दुष्कर्म किया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार दुधारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि वह खलीलाबाद में रहकर मेहनत मजदूरी करती है। 30 अक्तूबर को रात लगभग 8:30 बजे वह नेदुला चौराहे की तरफ पैदल ही जा रही थी। उसी दौरान दो युवक बाइक से आए, उनमें से एक को वह पहचानती थी। दोनों उसे बाइक पर बैठाकर बयारा लेकर चले गए। वहां पर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाइक पर बैठाकर वापस लाकर डीघा छोड़ दिए।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि युवती की तहरीर पर मामले में आरोपी मोनू उर्फ कौशल चौरसिया निवासी बयारा थाना कोतवाली खलीलाबाद और सुनील लोधी निवासी सैंत थाना कुम्हेर जनपद भरतपुर राज्य राजस्थान के खिलाफ केस दर्जकर लिया गया है।

आरोपियों को मगहर क्षेत्र के कुईं गांव नेशनल हाईवे मार्ग गोरखपुर मजार के निकट से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके खिलाफ समस्त विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय में पेश किया। वहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने युवती से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी देवीशरन शर्मा निवासी चिउटाडाड थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पीड़िता ने 16 अक्तूबर को थाना धनघटा पर उक्त अभियुक्त के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने साक्ष्य संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल रवाना कर दिया गया। संवाद

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीसरे आरोपी अगम कुमार उर्फ पिंटू निवासी फोरुसा को मगहर चौराहे के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है।

पीड़ित ने 18 मार्च 2025 को अपनी नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी अमन वर्मा व शादाब निवासी कांशीराम आवास को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद से ही उक्त आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने 31 अक्तूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर समस्त विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया। वहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार पीड़िता को नौकरी की तलाश थी। इसकी जानकारी होने पर आरोपी अगम कुमार उर्फ पिंटू उसे लेकर कांशीराम आवास पर आया था। जहां पर तीनों ने बारी-बारी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था।

# 81 वाहन चालकों के काटे चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 81 वाहन के चालकों का चालान काटा। इस दौरान 81,000 रुपये जुर्माना वसूल किया। संवाद

# मदरसे के अभिलेख कब्जे में लिए कंप्यूटर का डाटा भी खंगाला

## मोतीनगर मोहल्ले में ब्रिटिश मौलाना के मदरसे की जांच करने पहुंचे एसडीएम और सीओ

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के मोतीनगर मोहल्ले में स्थित ब्रिटिश मौलाना शमसुल हुदा खान के मदरसा कुलियातुल बनातिर रजविया की जांच करने अधिकारियों की टीम शुक्रवार को देर शाम पहुंची। टीम ने मदरसा प्रबंधक से मदरसे की वैधता से संबंधित अभिलेख तलब किया है।

एसडीएम खलीलाबाद अरुण कुमार, प्रशिक्षु सीओ अमित कुमार के साथ शहर के मोतीनगर स्थित मदरसा कुलियातुल बनातिर रजविया पहुंचे। मदरसे के मौलाना तौसीफ रजा खान से मान्यता से संबंधित अभिलेख की मांग किया। अधिकारियों की टीम लगभग दो घंटा तक मदरसे के बारे में जानकारी लिया। कंप्यूटर आदि के डाटा की भी जानकारी लिया। दफ्तर में जाकर कुछ अभिलेख भी जांच टीम के अधिकारियों ने अपने कब्जे में लिया। साथ ही अन्य कागजात की मांग किया।

जांच टीम के समक्ष मदरसा प्रबंधक ने कोर्ट से स्टे के बारे में भी जानकारी दी। जिस पर उनसे संबंधित अभिलेख तलब किया गया। एसडीएम अरुण कुमार ने बताया कि ब्रिटिश मौलाना के मदरसे की जांच किया जा रहा है। मान्यता से संबंधित कागजात मांगे गए है। मदरसे के वैधता की भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद सही जानकारी दी जाएगी।



मदरसे की जांच करके बाहर निकलते एसडीएम व क्षेत्राधिकारी। संवाद


ब्रिटिश मौलाना के मदरसे का निरस्त हुआ रजिस्ट्रेशन, समाप्त होगी मान्यता

27 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### ये है मामला

ब्रिटिश मौलाना शमशुल हुदा खान के मदरसे को प्रशासन ने सील कर दिया था। इसके बाद भी मदरसे के पश्चिमी दीवाल तोड़कर उसका संचालन का आरोप लगा। शिकायत कर्ता अब्दुल हकीम खान ने मदरसे के रजिस्ट्रेशन की वैद्यता पर सवाल उठाते हुए शिकायत पत्र भी एसपी को दिया था। जिस पर एसडीएम और सीओ खलीलाबाद का संयुक्त जांच टीम गठित कर एसपी संदीप कुमार मीना ने आख्या तलब किया है। जिससे आगे की कार्रवाई किया जा सके।

# सितम्बर की रैंकिंग में प्रदेश में संयुक्त रूप से मिला प्रथम रैंक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** माह सितम्बर 2025 की रैंकिंग में जनपद संतकबीरनगर को प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। साथ ही जोन गोरखपुर व रेंज बस्ती में भी प्रथम स्थान मिला है। वहीं सीसीटीएनएस योजना में प्रथम आने पर अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें मुख्यालय लखनऊ ने एसपी, एएसपी को प्रशस्ति पत्र दिया है।

विदित हो कि पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी सुशील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर अहमद रजा के अथक प्रयास से सीसीटीएनएस योजना प्रगति डैशबोर्ड में तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सीसीटीएनएस पोर्टल के माह सितम्बर 2025 की डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में जनपद संत कबीर नगर को उत्तर प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। जोन गोरखपुर व रेंज बस्ती में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही क्ष्क्ख्ब्‍ पोर्टल पर भी जनपद को क्ष्क्ख्ब्‍ लागिन और यूजेज में भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद संतकबीरनगर को संयुक्त रूप से प्रथम रैंक प्राप्त होने पर अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें मुख्यालय लखनऊ ने पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, सीसीटीएनएस के जिला कोआर्डिनेटर अहमद रजा की प्रशंसा की और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

एसपी ने बताया कि सीसीटीएनएस के परफॉर्मेंस के संबंध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। जिसकी मॉनीटरिंग केंद्रीय स्तर पर की जाती है। पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस रैंकिंग में सुधार हेतु कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# बरामद 140 मोबाइल धारकों में वितरित

**संतकबीरनगर** । जिले की सर्विलांस टीम एवं थानों के सीईआईआर पोर्टल पर नियुक्ति पुलिसकर्मियों की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने गुमशुदा हुए 140 मोबाइलों को बरामद किया है। जिसकी अनुमानित ₹40 लाख कीमत की हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक धारकों को मोबाइलों को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने सुपुर्द किया। इस सराहनीय कार्य के लिए एएसपी ने टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी धनघटा/सर्विलांस सेल प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद के सर्विलांस सेल के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम हे.कां. रामललित, कां. ज्ञान प्रकाश सिंह, कां. अमरजीत मौर्य, कां. नीतिश कुमार तथा जिले के समस्त थानों पर सीईआईआर पर नियुक्त पुलिसकर्मियों की कड़ी मेहनत से जनपद संतकबीरनगर सहित अन्य गैर जनपदों में गुमशुदा कुल 140 मोबाइलों को बरामद किया गया है। एएसपी ने बताया कि बरामद किए गए 140 मोबाइलों की अनुमानित कीमत ₹40 लाख है। उन्होंने उपस्थित मोबाइलों धारकों को एक-एक करके सभी को वास्तविक धारकों को उनकी मोबाइलों को सुपुर्द करते करते हुए कहा कि चोरी/गुम मोबाइल की शिकायत सीईआईआर की वेवसाइट पर दर्ज करके आईएमईआई ब्लाक/ट्रेस किया जा सकता है। शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल धारक का आधार कार्ड, मोबाइल का बिल व संबंधित थानों पर दर्ज गुमशुदगी की कापी व मोबाइल धारका का विवरण, गुम हुए मोबाइल सिम नम्बर, आईएमईआई नम्बर व मॉडल नम्बर की आवश्यकता होती है।

# नये कानूनों पर दिया प्रशिक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइन में नये अपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 के अंतर्गत जनपद के सभी थानों पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारीगण को प्रशिक्षण दिया गया। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत सिंह ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी थानों के एक तिहाई निरीक्षकों/उ.नि, हे.मु.मु. आरक्षी/आरक्षीगंण को नये आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया और विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-11-2025

# एसडीएम ने खत्म कराया अनशन

**गोण्डा**। कूटरचित अभिलेखों के जरिए भूमि हड़पने के मामले में पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल कार्यक्रम में शुक्रवार को सिटी मजिस्टेट व एसडीएम पंकज वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और समुचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। पीड़ित हीरा देवी ने बताया कि इसके बाद धरना कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने इस मौके पर उनकी पीड़ा को साझा करने वाले सियासी दलों व संगठनों के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। बताया गया है कि कूटरचित अभिलेखों की जांच कराते हुए अवैध रूप से कूटरचित कागजातों के आधार पर काबिज व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह 15 दिनों में किया जाना है। बाद में पीड़िता हीरा देवी, अजय मिश्र अज्जू व दशरथ नेता को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया गया।

# अनियमितता पर पूर्व बीएएम बर्खास्त

**रुपईडीह।** 65 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता और अनुशासनहीनता में संलिप्त पाए जाने पर रुपईडीह ब्लॉक के पूर्व बीएएम कुलदीप त्रिपाठी की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दी गई है।

विकासखंड रुपईडीह में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गरीब परिवार परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त करना तथा गरीब उन्मूलन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में समूह का गठन किया गया। जिसमें लोनावा दरगाह व बालही जोत के ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक सहित 17 लोगों द्वारा लाखों रुपये सरकारी धन का गबन करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया। अधिकारियों के जांच में पूर्व ब्लाक मिशन प्रबंधक की अनुशासनहीनता और वित्तीय अनियमितता में संलिप्त की पुष्टि हुई।

# लोगों को नए कानूनों के बारे में जागरूक किया

**कार्यक्रम**

**गोण्डा**। जिलेभर में पुलिस ने शुक्रवार को जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नए कानूनों की जानकारी दी। पुलिस कार्यालय के मीटिंग हॉल में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की।

एएसपी ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों एवं उनके व्यावहारिक महत्व से अवगत कराया। एएसपी ने बताया गया कि अब किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को न्याय के लिए थाना क्षेत्र की सीमा का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वहीं डिजिटल माध्यम से अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराने की सुविधा, जिससे शिकायत प्रक्रिया होगी अधिक सुलभ और पारदर्शी। लैंगिक अपराधों के मामलों में कठोर दंड और त्वरित न्याय की व्यवस्था की गई है।

वहीं हर गंभीर अपराध की जांच में फोरेंसिक प्रमाण को अनिवार्य कर जांच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है। अभियोजन, सुनवाई और न्याय प्रक्रिया के हर चरण को निश्चित समयसीमा में पूरा करने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सीओ नगर आनंद कुमार राय, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी रहे। उधर, नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी की अगुवाई में शहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़

## आयोजन




शुक्रवार को नवाबगंज में रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेते पुलिसकर्मी।

**गोण्डा, संवाददाता।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईजी अमित पाठक व एसपी विनीत जायसवाल ने आम्बेडकर चौराहा से हरी झंडी दिखाकर किया। पुलिस के 600 महिला व पुरुष जवानों ने देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत होकर दौड़ में प्रतिभाग किया।

पुलिस लाइन के राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देश्यीय हॉल में आईजी व एसपी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आईजी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा स्वतंत्र भारत के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान दिया गया, वह सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। एसपी ने भी सभी को एकता और देशसेवा की शपथ दिलाई। इस दौरान एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ लाइन शिल्पा वर्मा, सीओ नगर आनन्द कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

वजीरगंज में प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने पुलिस कर्मियों व छात्रों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके पहले उन्होंने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। सीएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रमेश कुमार मौर्य, करुणा मौर्या, विकास मौर्या, अरुण कुमार, छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हुई। मोतीगंज में विद्यानगर किसान इंटर कॉलेज में थानाध्यक्ष अरविंद यादव व प्रधानाचार्य राधा मोहन पांडे ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस मौके पर वाल्मीकि प्रसाद, कृष्ण गोपाल पांडे, उमेश पांडे, प्रिया शंकर मिश्रा रहे।

मनकापुर में रन फार यूनिटी का आयोजन कोतवाल निर्भय नारायण सिंह की अगुवाई में किया गया। मेहनौन संवाददाता के मुताबिक कोतवाली इटियाथोक के थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर रन फार यूनिटी दौड़ की हरी झंडी दिखाकर शुरुवात की। जिसमें 80 महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस अवसर पर उपनिरीक्षक पूजा कुमारी, उपनिरीक्षक राजेन्द्र कन्नौजिया सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस का पैदल मार्च

कोतवाल देहात संजय सिंह की अगुवाई मे शुक्रवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के मौके पर हाईवे पर पैदल मार्च किया गया। इंस्पेक्टर क्राइम संतोष कुमार यादव, एसएसआई कमल शंकर चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह, दर्जीकुआं प्रभारी सुनील पाल, सरायजरगर प्रधान प्रतिनिधि मुईद अहमद रहे। वही खरगूपुर में रन फॉर यूनिटी मे थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, सत्य नरायण यादव आदि मौजूद रहे।

# पांच किलोमीटर की दौड़ लगाई

नवाबगंज। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। थाना परिसर में सुबह थानाध्यक्ष अभय सिंह के अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने सरदार पटेल के चित्र पर फूलमाला अर्पित श्रद्धांजलि दी। इसके बाद 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों ने 5 किमी तक दौड़ लगाई।

रैली में एसएसआई विश्वास चतुर्वेदी, एसआई विभव सिंह, दूधनाथ चतुर्वेदी, अशोक जायसवाल, पंकज यादव, रियाज खान, तथा महिला एसआई अंतिमा सिंह सहित सैकड़ों महिला और पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

जनपद में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम

# सरदार पटेल के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

**श्रद्धांजलि**

- रन फॉर यूनिटी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले छात्र सम्मानित
- लौह पुरुष की जयंती पर मूर्ति स्थापना स्थल का हुआ शिलान्यास

गोण्डा, हिटी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी तथा मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों सहित लगभग 1200 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंतनगर चौराहे से रन फॉर यूनिटी दौड़ के साथ हुआ। अम्बेडकर चौराहे पहुंचने पर मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र व डीएम प्रियंका निरंजन ने विजेता प्रतिभागियों [illegible]



शहर में आयुक्त आवास के पास सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन करते जनप्रतिनिधि और अफसर।

आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की। उन्होंने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में भी डीएम सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय [illegible] एकता, अखंडता तथा सुरक्षा को बनाए रखने का और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

**योगदान को नमन, पदचिन्हों पर चलने का संकल्प :** पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट, सोनीगुमटी में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर [illegible]

कमिश्नर आवास के बगल में मूर्ति स्थापना स्थल का शिलान्यास विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, डीएम प्रियंका निरंजन ने विधि-विधान के पूजा पाठ करके किया।

इस दौरान एडीएम आलोक कुमार, एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार मनीष कुमार, [illegible] प्रतिनिधि राजेश सिंह, रमाशंकर मिश्र, डॉ. ओएन पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि [illegible] सूर्य नारायण तिवारी, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, मनीष सिंह, विद्या भूषण द्विवेदी, नीरज मौर्या, मनीष द्विवेदी, [illegible]



भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का स्वागत करते विधायक प्रभात वर्मा व अन्य।

## बेलसर में लौह पुरुष को किया नमन

बेलसर। अंबिका प्रसाद उपाध्याय इंटर कॉलेज बरसड़ा मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डलीय अध्यक्ष अजीत सिह रहे। कार्यक्रम को वरिष्ट शिक्षक लाल बहादुर सिंह, तेज बहादुर सिंह, अशोक कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अवध किशोर उपाध्याय, अजय किशोर उपाध्याय, मनोज कुमार पांडेय, सुनील तिवारी, गुरुदत सिंह, अजय, अशोक पटवा आदि रहे।

# कोषागार में खंगाली जा रहीं पेंशनरों की फाइलें, आडिट शुरू

संसू, जागरण • गोंडा : चित्रकूट कोषागार में पेंशनरों के भुगतान में हुए घोटाले के बाद जांच की आंच गोंडा समेत अन्य जिलों में भी पहुंच गई है। कोषागार में पेंशनरों की फाइलें खंगालने के साथ ही अभिलेखों की आडिट की जा रही है। कोषागार निदेशक ने गोंडा समेत सभी जिलों के मुख्य कोषाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

चित्रकूट के कोषागार में 43.13 करोड़ रुपये का घोटाला प्रकाश में आया है। विभागीय सूत्र के मुताबिक जांच में पाया गया कि चार पेंशनरों की मृत्यु वर्ष 2018 में हो चुकी थी और उनके खाते मृत प्रमाण पत्र के आधार पर बंद कर दिए गए थे।



मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय • जागरण

मगर, तीन माह बाद उन्हीं खातों को पुनः सक्रिय कर प्रत्येक खाते में तीन करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी की गई। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने 17 अक्टूबर को कर्वी कोतवाली में 93 लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया था। कोषागारों का कामकाज वर्ष 2014 में आनलाइन हुआ है।

मुख्य कोषाधिकारी श्यामलाल जायसवाल ने बताया कि जिले में करीब 12 हजार पेंशनधारक हैं। सभी की फाइलें खंगालने के साथ ही अभिलेखों की आडिट की गई है। अभी तक कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

मुख्य कोषाधिकारी के मुताबिक पेंशनर को वर्ष में एक बार जीवित होने का प्रमाण पत्र देना होता है। यह बैंक से आनलाइन या फिर कोषागार में आकर आफलाइन जीवित प्रमाण पत्र दे सकता है।

# नशे में धुत बाइक सवार दो बार हुए सड़क दुर्घटना का शिकार, गंभीर

संसू, जागरण • शिवदयालगंज (गोंडा): बाइक सवार दो युवक दो बार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

अगमपुर निवासी फूलचंद बाइक से साथी विनय सिंह के साथ दुर्जनपुर घाट से नवाबगंज जा रहे थे। लौव्वावीरपुर चौराहे पर उनकी बाइक एक अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने घर भेज दिया लेकिन, दोनों युवक घर नहीं गए। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक शराब के नशे में धुत दोनों युवक बाइक लहराते हुए थाना चौराहे की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों दोबारा गंभीर रूप से घायल हो गए। अधीक्षक डा. राम मोहन सिंह ने बताया कि फूलचंद की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है जबकि विनय का इलाज सीएचसी पर ही चल रहा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घायलों के परिवारीजन को सूचना भेज दी गई है।

# एसडीएम के तबादले की मांग पर अड़े अधिवक्ता, बहिष्कार जारी

कर्नलगंज : एसडीएम की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी है। तहसील बार अध्यक्ष श्याम धर शुक्ल व महामंत्री पवन कुमार शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ता संघ भवन पर एकत्र हुए और जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने कहा कि जबतक एसडीएम का तबादला नहीं हो जाता विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बात अधिवक्ताओं के सम्मान की है। आंदोलन तेज करने की जरूरत होगी तो वह भी किया जाएगा। संजय मिश्र, रमारमण तिवारी, सुशील सिंह, प्रतापबलि सिंह, राज किशोर सिंह, हरिशंकर मिश्र, पवन मिश्र, सूर्यकांत तिवारी उपस्थित रहे। (संसू)

# बाइक की टक्कर से निजी विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मी की मौत

संसू, जागरण • इटियाथोक (गोंडा) : गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित सरयू नहर पुल के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान श्याम नारायण पांडेय निवासी इमलिया राम नाथ मोहनपुर असिधा के रूप में हुई है। वह इटियाथोक कस्बा स्थित प्राइवेट स्कूल में चपरासी की नौकरी करता था। चालक दुर्घटना के बाद बाइक छोड़कर फरार हो गया।

# फारेक्स के नाम पर धोखाधड़ी की होगी जांच

जासं • गोंडा : सात राज्यों में फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले का केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जयमहल स्थित कार्यालय पर वर्चुअल रूप से पत्रकारों से वार्ता की। एक फारेक्स ट्रेडिंग को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में राज्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकरण को लेकर सुबह मेरी वार्ता हुई है। पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

संबंधित अधिकारियों से सोमवार को वार्ता की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास कोई और जानकारी हो तो वे उनतक पहुंचाएं। गोंडा हम सब लोगों की शान



कीर्तिवर्धन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री

- केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री ने प्रकरण का लिया संज्ञान
- सोमवार को अधिकारियों से करेंगे वार्ता

और गौरव है। बिना किसी का नाम लिए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि जब गोंडा की बदनामी होती है तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ये पता लगाया जाएगा कि पैसा कहां से आ रहा है, हम इसकी गहराई तक जाएंगे। जब दिल्ली से जांच होगी तो एक-एक बिंदु और हर स्तर पर जांच होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने मेडिकल कालेज में सीटीस्कैन व अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने की जानकारी मिलने पर समस्या के समाधान को लेकर डिप्टी सीएम से वार्ता करने का आश्वासन दिया। गोंडा-लखनऊ पैसेंजर के संचालन को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सोमवार को मिलने का आश्वासन दिया। मंडल मुख्यालय पर दो बच्चों की इलाज में लापरवाही से हुई मौत के मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री ने आयुक्त देवीपाटन मंडल से वार्ता करके कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

कर्नलगंज के कादीपुर में मानसिक मंदित व्यक्ति से बिना डीएम की अनुमति के 60 बीघा भूमि बैनामा कराने के मामले में भी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पीएम मोदी उनके सपनों को पूरा कर रहे हैं।



अंबेडकर चौराहे पर रन फार यूनिटी को हरी झंडी दिखाते आइजी व एसपी • जागरण

## आइजी ने किया शुभारंभ

रन फार यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक व एसपी विनीत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। आइजी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ शिल्पा वर्मा, सीओ क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिलेभर में एकता का संदेश लेकर दौड़ें लोग, कार्यक्रमों की रही धूम

जागरण टीम • गोंडा : भारत रत्न व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई। रन फार यूनिटी व मानव शृंखला के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत, स्कूल, ब्लाक, तहसील, थाना व जिला स्तरीय सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में भी जयंती मनाई गई।

पंतनगर चौराहे से भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन ने रन फार यूनिटी का शुभारंभ किया, जो अम्बेडकर चौराहे पर संपन्न हुई। अंबेडकर चौराहे से गांधीपार्क तक मानव शृंखला बनाई गई, जिसमें 200 लोगों ने प्रतिभाग किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। दीवानी कचहरी के समीप सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापना के लिए शिलान्यास किया गया। कार्यालय सभागार में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने अधिकारियों व कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई।

पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट सोनीगुमटी में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में आयोजित कार्यक्रम में लौह पुरुष के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी • जागरण



कार्यालय में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते आयुक्त देवी पाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील • सौ. सूचना विभाग



वजीरगंज में रन फार यूनिटी के तहत दौड़ लगाते पुलिस कर्मी • जागरण



गांधीपार्क में एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एससीपीएम ग्रुप के चेयरमैन डा. ओएन पांडेय • जागरण



पटेल सेवा संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करती डीएम प्रियंका निरंजन • जागरण

## कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भी मनाई सरदार पटेल की जयंती

महराजगंज स्थित कांग्रेस भवन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। मीडिया प्रभारी शिवकुमार दुबे ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इरशाद अहमद, ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, बंसीधर वर्मा, डा. जफर असफाक, राजू सेवादल, सलीम कुरैशी उपस्थित रहे। सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में सरदार पटेल की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते गौरा विधायक प्रभात वर्मा • जागरण

## रन फार यूनिटी में ये रहे शामिल

एससीपीएम ग्रुप के चेयरमैन डा. ओएन पांडेय, एडीएम आलोक कुमार, एसडीएम सदर अशोक गुप्ता, डीआइओएस डा. राम चंद्र, केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश सिंह, रमाशंकर मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सूर्य नारायण तिवारी, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राजेश तिवारी, मनीष सिंह, विद्या भूषण द्विवेदी, नीरज मौर्या, एससीपीएम कालेज के निदेशक अजिताभ दुबे, प्रशासक धीरज दुबे उपस्थित रहे।




अंबेडकर चौराहे पर रन फार यूनिटी को हरी झंडी दिखाते आइजी व एसपी • जागरण

## आइजी ने किया शुभारंभ

रन फार यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक व एसपी विनीत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। आइजी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ शिल्पा वर्मा, सीओ क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय उपस्थित रहे।



सनबीम स्कूल में नए कानून को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बनाई गई रंगोली के साथ अतिथि • जागरण

# 'किसी भी थाने में दर्ज करा सकते हैं एफआइआर, नए कानूनों का महत्व समझें'

संसू, जागरण • गोंडा : तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस कार्यालय के साथ ही स्कूल, कालेजों, चौराहों नए कानून के तहत जीरो एफआइआर, इलेक्ट्रानिक रिकार्ड को साक्ष्य मानना और माब लिंचिंग जैसे अपराधों के लिए सख्त सजा जैसे प्रावधान के बारे में बताया गया। एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने पुलिस कार्यालय में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ गोष्ठी की।

पुलिस कार्यालय के साथ ही जिले के अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों के बारे में जानकारी दी गई है। इन कानूनों में नये अपराधों की परिभाषाएं व स्पष्ट दंडात्मक प्रावधान समाहित हैं।

– विनीत जायसवाल, एसपी

# ग्राम प्रधान व प्रत्याशी में मारपीट, सात पर केस

संसू, जागरण • वजीरगंज (गोंडा) : प्रधान व ग्राम प्रधान प्रत्याशी में बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात आरोपितों पर मुकदमा किया है।

भरहापारा निवासी प्रवेश गोस्वामी ने दी गई तहरीर में कहा कि गुरुवार की रात में गांव के कंपोजिट विद्यालय के द्वार पर कुछ लोगों के शराब पीने की जानकारी हुई हैं। वह अपने बड़े भाई ग्राम प्रधान अवधेश गोस्वामी के साथ मौके पर गए तो वहां उपस्थित राजदेव मिश्र उर्फ राजू, पवन सिंह, अवधेश सिंह व विजय बहादुर सिंह उर्फ पप्पू निवासी कोदई बगिया बंधवा ने मारापीटा। दूसरे पक्ष के भरहापारा निवासी राजदेव मिश्र ने दी गई तहरीर में कहा कि वह प्रधान पद के प्रत्याशी हैं। वह गुरुवार की रात में खाना खाकर घर के आस रोड पर टहल रहे थे। ग्राम प्रधान अवधेश गोस्वामी अपने भाई रमेश, सुदेश व प्रवेश के साथ आए और उसकी पिटाई की। बचाने आए पवन सिंह निवासी बंधवा को भी मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों का मुकदमा किया गया है।

पुरानी रंजिश में की फायरिंग- पंडरी कृपाल : लक्ष्मणपुर हरिवंश के रहने वाले विष्णु गिरी ने दी गई तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश में उनके बेटे करन पर विपक्षी ने गोली चला दी। चौकी प्रभारी सुभाष विश्वकर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है। करन का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

# किशोर के अपहरण और पिटाई के आरोपित पकड़े

संसू, जागरण • गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर किशोर की पिटाई करने के दो आरोपितों को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि बेटा युवराज पांडेय बाजार गया था। रास्ते में बड़गांव चौकी के पास से तरुण दुबे, साहिल व चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसका अपहरण कर मिश्रौलिया पुल के पास सुनसान जगह पर ले जाकर मारापीटा। घायल अवस्था में घोसियाना के पास छोड़कर फरार हो गए।

आरोपित साहिल निवासी महारानीगंज घोसियाना व तरुण दुबे निवासी बरियार पुरवा को गिरफ्तार किया गया है। उधर कटराबाजार पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोपित राजेश कुमार चौहान उर्फ नानमुन्ना निवासी धरमपुर थाना कौड़िया को खुर्रमनगर लखनऊ से गिरफ्तार किया गया।

## नाली का कराएं निर्माण

आर्यनगर : रुपईडीह की ग्राम पंचायत झूरी कुइयां में स्थापित राजकीय नलकूप की नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। किसानों को फसल सिंचाई में दिक्कत होती है। ग्राम प्रधान भगवान दीन वर्मा ने नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता से नाली का निर्माण कराने की मांग की है। (संसू)

## फ्लैग मार्च कर साइबर अपराध की दी जानकारी

आर्यनगर : कस्बा आर्य नगर के विभिन्न मार्गों पर कौड़िया पुलिस के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च कर कस्बावासियों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। चौकी प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी व उपनिरीक्षक श्री कृष्ण उपस्थिति रहे। (संसू)

# रिमझिम बारिश के बीच एकता के लिए लगाई दौड़

## रन फॉर यूनिटी : राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, शहर से लेकर गांव तक आयोजन



अंबेडकर चौराहे पर रन फॉर यूनिटी मैराथन में दौड़ती छात्राएं। स्रोत: सोशल मीडिया



शिलान्यास करते भाजपा नेता कमलेश मिश्र व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन। स्रोत: सूचना



रन फॉर यूनिटी मैराथन में भाग लेते जनप्रतिनिधि एवं अफसर। स्रोत: सोशल मीडिया

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। रिमझिम बारिश के बीच शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय एकता के लिए स्कूली बच्चों से लेकर नेताओं व अफसरों ने दौड़ लगाई। हर किसी ने देश की एकता का संकल्प लिया। रन फॉर यूनिटी में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अंबेडकर चौराहे पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व डीएम प्रियंका निरंजन ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांधी पार्क तक दौड़ में अव्वल आए छात्रों को सम्मानित किया गया। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायन तिवारी, डॉ. ओएन पांडेय, विद्या भूषण द्विवेदी, मनीष श्रीवास्तव, नीरज मौर्य आदि मौजूद रहे।

पंतनगर चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। अंबेडकर चौराहे पर मानव शृंखला बनाई गई। इसमें फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी, श्री गांधी विद्यालय रेलवे कॉलोनी बड़गांव, भैया राघव राम पांडेय स्मारक श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सीडीओ अंकिता जैन व जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खाना खिलाया।

इससे पहले अंबेडकर चौराहे से आईजी अमित पाठक, एसपी विनीत जायसवाल, एएसपी (पूर्वी) मनोज रावत सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने दौड़ लगाई। मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने अपने कार्यालय सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ

### मंडलायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

दिलाई। वहीं, आयुक्त आवास के बगल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्थापना के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष व डीएम के साथ ही गौरा विधायक प्रभात वर्मा व तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने पूजन के बाद शिलान्यास किया।

**सरदार पटेल के आदर्शों का लें संकल्प:** टाउन हॉल में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, अटूट राष्ट्रभक्ति और लौह संकल्प से 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी। वह सच्चे अर्थों में भारत के एकता पुरुष थे। विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि जब राष्ट्र सर्वोपरि होता है, तो कोई भी विभाजन, कोई भी बाधा स्थायी नहीं रह सकती। कार्यक्रम में तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, केके श्रीवास्तव, रामतीरथ वर्मा, सियाराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल, आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**सरदार पटेल को किया याद :** सरदार पटेल सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डीएम प्रियंका निरंजन व मुख्य ट्रस्टी कमलेश निरंजन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डीएम ने महिला समूह के गठन पर जोर दिया। कार्यक्रम में एडीएम आलोक कुमार, सीआरओ महेश प्रकाश, एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा के साथ ही महेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, मुकेश, मंशाराम वर्मा, विश्वनाथ, चंद्र प्रकाश, विनोद कुमार, महेश्वरी प्रसाद, बबलू वर्मा, विजय वर्मा मौजूद रहे।



सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। स्रोत: सोशल मीडिया

### सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा

गोंडा। कांग्रेस भवन में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लौह पुरुष व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने सरदार पटेल की जीवनी एवं देश के लिए योगदान की चर्चा की। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी शिवकुमार दुबे, इरशाद अहमद, ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, बंसीधर वर्मा, डॉ. जफर अशफाक, राजू सेवादल, सलीम कुरैशी, शहजादे सेवाती, जितेश शर्मा, मुकेश सोनी सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सभासद शाहिद अली कुरैशी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न इंदिरा गांधी के शहादत दिवस की याद में स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। (संवाद)

**ग्रामीण इलाकों में भी दिखा उत्साह :** मोतीगंज। इंस्पेक्टर अरविंद यादव के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। विद्यानगर पहुंचने पर किसान इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य राधा मोहन पांडेय ने भी इसमें भाग लिया। देहात कोतवाल संजय सिंह ने चौकी प्रभारी खोरहंसा वीरपाल सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर खोरहंसा कस्बे से पांडेय पुरवा तक रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। इस दौरान गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।

नवाबगंज संवाद के मुताबिक, थाने के पुलिसकर्मियों तथा महाविद्यालय के कर्मचारियों ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह तथा नगर पालिका के ईओ सर्वेश शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

मसकनवा संवाद के मुताबिक, छपिया के प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी और चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्त के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस मौके पर व्यापारियों तथा कस्बे के लोगों को नए आपराधिक कानून के प्रति जागरूक किया गया।

परसपुर संवाद के मुताबिक, थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर से रगड़गंज मार्ग पर रन फॉर यूनिटी मार्च निकाला, जो पुनः थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ।

खरगूपुर संवाद के मुताबिक, रन फॉर यूनिटी में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, एसएसआई पंकज कुमार, सत्य नारायण यादव, संतोष यादव, विजय शंकर राय, पवन यादव आदि शामिल हुए।

वजीरगंज संवाद के मुताबिक, प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। तिरंगे के साथ पुलिसकर्मियों ने कस्बे में दौड़ लगाई।

माधौपुर संवाद के मुताबिक, कटरा बाजार पुलिस ने इंस्पेक्टर [illegible] सिंह की अगुवाई में पीपल चौराहा [illegible] शंकर तिराहा होते हुए रन फॉर यूनि[illegible] निकाली।

कौड़िया थाना प्रभारी गोविंद [illegible] कस्बे में रैली निकालकर लोगों [illegible] एकता के महत्व से अवगत कराया।

### बच्चों ने दिया एकता व राष्ट्रप्रेम का संदेश



उच्च प्राथमिक विद्यालय रानीपुरवा में शुक्रवार को शतरंज खेलते छात्र। स्रोत: शिक्षक

गोंडा। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बृहस्पतिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर व उच्च प्राथमिक रानीपुरवा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रानीपुरवा परिसर में आयोजित टेबल टेनिस, फुटबॉल और शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता नव्या, महक, अंशी, अंशिका, शिवानी, विधि, रुपेश, शिवा, निखिल व अभिषेक को नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल शिक्षक संजय सिंह ने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। (संवाद)

### भाषण व निबंध में सिमरन, पोस्टर में श्रद्धा अव्वल

गोंडा। सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता से हुई, जिसमें पांच छात्राओं ने भाग लिया। इसमें श्रद्धा ने प्रथम, निशा यादव ने द्वितीय तथा नीलू शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें सिमरन प्रथम, पूर्णिमा शुक्ला द्वितीय तथा निशा यादव तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें सिमरन ने प्रथम, अभिलाषा दुबे ने द्वितीय तथा अंशिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आनंदिता रजत ने सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# 22 साल में 7.22 लाख वोटर बढ़े, घर-घर बंटेंगे गणना प्रपत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले में 22 साल बाद होने जा रही मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 7.22 लाख अधिक मतदाता शामिल होंगे। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की देखरेख में विधानसभावार गणना प्रपत्रों की डाउनलोडिंग का काम तेजी से चल रहा है। चार नवंबर से एसआईआर शुरू हो जाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो. रजी ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद अब एसआईआर कराया जा रहा है। तब 18.30 लाख मतदाता थे। मगर करीब 22 सालों में 7.22 लाख मतदाता पंजीकृत हुए हैं। एसआईआर के तहत इन्हें मिलाकर इस बार कुल 25.52 लाख मतदाता शामिल किए जाएंगे। बीएलओ, सुपरवाइजर समेत अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। चार नवंबर से सत्यापन कार्य शुरू हो जाएगा। बीएलओ घर-घर सभी मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचाएंगे। गणना प्रपत्रों की विधानसभावार डाउनलोडिंग का काम शुरू कर दिया गया है।

तीन नवंबर तक सभी गणना प्रपत्र डाउनलोड करने के बाद बीएलओ व सुपरवाइजर को सौंप दिए जाएंगे। इसके बाद मतदाताओं तक प्रपत्र पहुंचाना सुनिश्चित होगा। मतदाता से संबंधित जानकारी होगी। साथ ही कुछ जानकारी संबंधित मतदाता स्तर से भरा जाएगा। साथ ही बीएलओ को सौंपने के बाद सत्यापन हो सकेगा। इसके लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

**विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए गणना प्रपत्र का तेजी से चल रहा डाउनलोडिंग का काम**

## वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले वर्ष 2003 में एसआईआर कराई गई थी। ऐसे में अब 2003 की सूची उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई। यहां से कोई भी मतदाता अपनी जानकारी हासिल कर सकेगा। वहीं बीएलओ के पास भी मतदाता सूची होगी। यहां से भी जानकारी हासिल करने में मदद ली जा सकेगा। इसके साथ ही गणना प्रपत्र में क्यूआर कोड भी होगा। सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को आयोग के नियमों की जानकारी दे दी गई है।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**करनैलगंज।** एसडीएम की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल ने कहा कि एसडीएम के स्थानांतरण तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम का रवैया तानाशाहीपूर्ण है। शनिवार को अधिवक्ता संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसके बाद सोमवार से क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में रामबाबू पांडेय, पवन शुक्ल, प्रतापबली सिंह, सुभाष तिवारी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अवधराज शुक्ल, संजय मिश्र आदि शामिल रहे। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि केवल अधिकारियों को दबाव में लेने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। शुक्रवार को इस संबंध में अधिवक्ताओं से वार्ता की गई है। (संवाद)

# वकीलों ने डीएम को सौंपा मांगपत्र

गोंडा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी के नेतृत्व में शुक्रवार को वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम प्रियंका निरंजन से मुलाकात की।

वकीलों ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के गेट से दीवानी न्यायालय के गेट संख्या दो तक क्षतिग्रस्त सड़क को दुरूस्त कराने और कलेक्ट्रेट परिसर के खराब सीसीटीवी कैमरों को अविलंब ठीक कराने के लिए मांगपत्र सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश के लिए अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को वाहन पास जारी करने की भी मांग की। (संवाद)

# हादसे में किसान की मौत

**इटियाथोक।** इमिलिया रामनाथ गांव निवासी किसान श्याम नारायण पांडेय (62) बृहस्पतिवार शाम साइकिल से जा रहे थे। बलरामपुर मार्ग पर सरयू नहर पुल के पास बाइक की टक्कर लगने से श्याम नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि हादसा करने वाली बाइक को कब्जे में लिया है। कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# संविधान पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज

**गोंडा।** देश के संविधान व बहुजन समाज के नेताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी नीरज सिंह उर्फ नील ठाकुर निवासी विशुपुर बैरिया के खिलाफ बेलसर निवासी शिवकुमार ने देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। शिवकुमार का आरोप है कि नील ठाकुर ने वीडियो जारी किया है। जिसमें भारत के संविधान को बेकार बताते हुए उसे फाड़कर फेंक देने की बात कही है। वहीं, बहुजन समाज के नेताओं बहन मायावती व चंद्रशेखर आजाद पर अभद्र टिप्पणी की है। देहात कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# 98.25 लाख की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़, मुकदमा दर्ज

रुपईडीह/माधोपुर। राज्य कर विभाग ने 98.25 लाख रुपये की जीएसटी चोरी का मामला पकड़ा है। मामले में फर्म के विरुद्ध कौड़िया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विभाग ने फर्म का जीएसटी पंजीकरण भी निलंबित कर दिया है।

राज्य कर विभाग खंड चार के उपायुक्त सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कस्बा आर्यनगर (छितौनी) में साहबराम पुत्र बृजलाल के परिसर को दिखाकर मनोज कुमार ने सर्वश्री कुमार इंटरप्राइजेज नाम से जीएसटी पंजीकरण कराया था। जांच में पाया गया कि यह फर्म कागजों पर खरीद-बिक्री का फर्जी लेनदेन दिखाकर टैक्स चोरी कर रही थी।

उपायुक्त ने बताया कि फर्म द्वारा बिना माल के केवल बिलों के माध्यम से लेनदेन दिखाया गया और करीब 98,25,190 रुपये की जीएसटी चोरी की गई। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि इस फर्म का लेनदेन उन फर्मों से किया गया था जो वास्तविक रूप से अस्तित्व में ही नहीं हैं।

राज्य कर विभाग की रिपोर्ट के आधार पर फर्म के खिलाफ कौड़िया थाने में केस दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर गोविंद कुमार ने बताया कि आर्यनगर चौकी प्रभारी अरुण द्विवेदी को विवेचना सौंपी गई है। (संवाद)

# फिरोज पप्पू हत्याकांड में तीन नवंबर को सुनाया जाएगा निर्णय

## पूर्व सांसद रिजवान जहीर के साथ बेटी व दामाद भी आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद उर्फ पप्पू हत्याकांड में शुक्रवार को एसपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसले का आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने अगली तिथि तीन नवंबर तय की है, इसी दिन फैसला सुनाया जाएगा।

चार जनवरी 2022 की रात करीब 10:20 बजे नगर के जरवा मार्ग पर पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की उनके घर के पास निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस



रिजवान जहीर, जेबा रिजवान, रमीज।

मामले में पुलिस ने पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर, उनकी पुत्री जेबा रिजवान और दामाद रमीज अहमद समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का टिकट पाने की होड़ में फिरोज पप्पू की बढ़ती लोकप्रियता और सक्रियता कुछ लोगों को नागवार गुजरी। इसी राजनीतिक रंजिश में हत्या की साजिश रची गई।

पुलिस जांच के दौरान जरवा मार्ग निवासी महफूज, हरैया के इमिलिया गनेशपुर निवासी मेराजुल हक उर्फ माना, और प्रतापगढ़ के शकील को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की पूरी साजिश और घटना की योजना कबूल की थी। पुलिस के अनुसार, इस हत्या की योजना एक माह पहले बनाई गई थी। तीन बार प्रयास असफल रहने के बाद आखिरकार चार जनवरी की रात हमला कर फिरोज पप्पू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड के राजफाश के लिए 250 सीसीटीवी कैमरे खंगाले और 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। अब जब अदालत ने फैसले की तारीख तय कर दी है, तो शहर में इस चर्चित मामले को लेकर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

अदालत से

गोंडा। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया। दोषी युवक को 10 साल के कारावास और 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। मोतीगंज क्षेत्र निवासी 19 साल की युवती ने 10 अगस्त 2022 को थाने में केस दर्ज कराया था। युवती ने बताया कि 14 मई 2022 को उसके पड़ोसी के यहां मनकापुर के ग्राम हरनाटापर के मजरा पुजारी पुरवा निवासी अंकित मिश्र आता था। वह बातचीत करने लगा और शादी का झांसा देकर रात में एक खंडहर मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता ने शादी तय की तो उसे भी तुड़वा दिया, लेकिन अब वह शादी से मना कर रहा है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। विवेचना में साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी अंकित मिश्र के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। ट्रायल के दौरान पीड़िता व गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अंकित मिश्र को दोषी करार देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) नित्या पांडेय ने दंडित किया। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। (संवाद)

# 1.65 लाख फर्जी प्रमाणपत्र बनाने में पांच गिरफ्तार



जन्म-मृत्यु के फर्जी प्रमाणपत्र बनाने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी। स्रोत: एसटीएफ

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। एसटीएफ ने बृहस्पतिवार रात मोतीगंज के पिपरा भिटौरा गांव में छापा मारकर फर्जीवाड़े के आरोपी दो सगे भाइयों व उनके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से जन्म व मृत्यु के फर्जी प्रमाणपत्र, नकदी व अन्य अभिलेख बरामद हुए हैं। एसटीएफ का दावा है कि आरोपी अब तक 1.40 लाख फर्जी जन्म प्रमाणपत्र व 25 हजार फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बना चुके हैं।

एसटीएफ की लखनऊ यूनिट के डिप्टी एसपी सुधांशु शेखर ने बताया कि फर्जी वेबसाइट, सॉफ्टवेयर एवं पोर्टल के माध्यम से फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनकर अनाधिकृत लाभ, फर्जी बैनामा व वसीयत में लगाने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम के उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम को लगाया था। टीम को शुक्रवार को सूचना मिली कि गिरोह का एक बदमाश हरदोई से कार से लखनऊ आ रहा है।

इसके बाद लखनऊ में दुबग्गा चौराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए लाल बिहारी पाल निवासी सुभाष नगर भोलाखेड़ा, मानसनगर थाना कृष्णा नगर लखनऊ ने पूछताछ में बताया कि वह हरदोई के अहिरौली में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर नियुक्त है।

वह गोंडा के पिपरा भिटौरा इमलिया विशुनपुर बैरिया थाना मोतीगंज निवासी रवि वर्मा के सहयोग से फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाता है। लाल बिहारी की निशानदेही पर टीम ने गोंडा के पिपरा भिटौरा में दबिश देकर रवि वर्मा, उसके भाई सोनू वर्मा, गांव के साथी बंशराज वर्मा व सत्यरोहन वर्मा गिरफ्तार कर लिया गया।

## फर्जी वेबसाइट से जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनाकर 600 से एक हजार रुपये तक वसूलते थे

पकड़े गए आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन, 14 आयुष्मान कार्ड, सात एटीएम कार्ड, 25 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र व पांच मृत्यु प्रमाणपत्र, 27,690 रुपये की नकदी, ड्राइविंग लाइसेंस, हार्ड डिस्क व कार बरामद हुई है।

एटीएफ की पूछताछ में रवि ने बताया कि उसने ऑनलाइन वेबसाइट में कूटरचना करके उसी साइट पर अपने साथियों से एकमुश्त रकम लेकर उन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिया था। इसी साइट पर वह सभी ऑनलाइन लॉगिन करके फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार करते थे। उसकी निर्धारित फीस लेते थे। उसके साथी 600 से 1000 रुपये तक प्रति प्रमाणपत्र के हिसाब से फीस लेते थे। वहीं, अपने साथियों से वह जन्म प्रमाणपत्र के 30 व मृत्यु प्रमाणपत्र के 70 रुपये यूपीआई के माध्यम से अपने पिता के खाते में लेता था।

# लविश चौधरी और उसके राजदारों पर विदेश मंत्रालय की नजर

अभिषेक राज

लखनऊ। फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले के मास्टरमाइंड लविश चौधरी और उसके राजदारों के खिलाफ अब विदेश मंत्रालय ने औपचारिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

खबर का असर

अमर उजाला की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद मंत्रालय ने पूरी रिपोर्ट मांगी है। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा कि ठगी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जानकारी दी कि इस पूरे मामले में हर पहलू की पड़ताल की जाएगी और

### विदेश राज्यमंत्री बोले- ठगी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

राजदारों की भूमिका भी जांच के दायरे में आएगी। विदेश राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार देश के भीतर ऐसे धोखेबाजों को मजबूत नहीं होने देगी। पूरी सतर्क दृष्टि से जांच कराई जा रही है।

### एमिग्रेशन डिपार्टमेंट से मांगी गई पूरी रिपोर्ट

उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय के एमिग्रेशन डिपार्टमेंट से सोमवार तक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इसमें लविश चौधरी के साथ-साथ उसके राजदारों, खासकर देवीपाटन मंडल में सक्रिय संपर्क सूत्रों का ब्योरा मांगा गया है। कहा कि मंत्रालय ने लविश के विदेश प्रस्थान, उसके पासपोर्ट के नवीनीकरण, वीजा आवेदन और उसके सहयोगियों के अंतरराष्ट्रीय संपर्कों से जुड़ी फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं।

### अमर उजाला की रिपोर्ट का असर

अमर उजाला ने सबसे पहले फॉरेक्स घोटाले से जुड़े राहुल नामक राजदार के ठिकाने और नेटवर्क पर खबर प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट के बाद मंत्रालय और एजेंसियों के स्तर पर हलचल तेज हो गई। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि हम हर उस व्यक्ति तक पहुंचेंगे, जिसने निवेशकों के साथ धोखा किया है। किसी भी स्तर पर अपराधियों को संरक्षण नहीं मिलेगा।

### गोंडा में नहीं बनेगा अड्डा : कीर्तिवर्धन



विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट कहा कि गोंडा या आसपास के जिलों में लविश चौधरी या उसके सहयोगियों को पैर जमाने नहीं दिया जाएगा। कहा कि देश में ऐसे किसी भी नेटवर्क को नहीं चलने दिया जाएगा, जो आम लोगों को ठगने और फरेब से पैसा कमाने का काम कर रहे हैं।

### गोंडा व बलरामपुर के नेटवर्क पर भी नजर

मंत्रालय ने इस मामले में स्थानीय प्रशासन और खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। गोंडा, बलरामपुर और बहराइच जिले में लविश चौधरी से जुड़े लोगों के संभावित संपर्क सूत्रों की निगरानी शुरू कर दी गई है। कहा जा रहा है कि कुछ नामों पर पहले से नजर रखी जा रही थी, लेकिन अब उन्हें विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में भी शामिल किया जाएगा।

### अब निगाहें रिपोर्ट पर

- विदेश मंत्रालय के एमिग्रेशन विभाग से रिपोर्ट आने के बाद जांच का दायरा बढ़ने की संभावना है। इसके बाद गिरोह से जुड़े अन्य लोगों, जिनमें देवीपाटन मंडल में सक्रिय राहुल भी शामिल है, पर कार्रवाई की संभावना बढ़ जाएगी। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। बताया जा रहा है कि जांच में कई अहम खुलासे होंगे।

# सफाई कर्मियों ने दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

गोण्डा। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर दलितों के अपमान का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने शुक्रवार को कोतवाली नगर में तहरीर दी है। पत्र में आरोप लगाया है कि आशीष दूबे के नाम से सोशल मीडिया एकाउंट पर सार्वजनिक रुप से अपमानित किया गया है। मामले में रिपोर्ट उचित धाराओं में दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# अग्निकांड से बचाव पर किया जागरूक

गोंडा। जिला ग्राम्य विकास संस्थान में शुक्रवार को जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी की अगुवाई में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें बलरामपुर से पंचायत सचिव, सहायक अध्यापक, लेखपाल एवं स्वास्थ्य सखियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अग्नि आपदा के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जागरूक किया।

# तहसील में तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

करनैलगंज। तहसील में एसडीएम और अधिवक्ताओं के बीच चल रही तनातनी लगातार गहराती जा रही है। भ्रष्टाचार और एसडीएम की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ला ने कहा कि एसडीएम के स्थानांतरण तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम का तानाशाहीपूर्ण रवैया असहनीय है।



शुक्रवार को एमएफडी पब्लिक स्कूल बनकटवा साबरपुर में सरदार पटेल की जयंती मनाते प्रधानाचार्य और बच्चे।

# एमएफडी पब्लिक स्कूल में दी श्रद्धांजलि

बभनान। एमएफडी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राम पूजन तिवारी एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी रैली की शुरुआत की। इस अवसर पर छात्रों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ दौड़ में भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. राम पूजन तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन अनुशासन, निःस्वार्थ सेवा और देश की एकता के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–01–11–2025

# चाकू बरामद मामले में 1500 रुपए का जुर्माना

बलरामपुर। न्यायालय जेएम उतरौला ने आर्म्स एक्ट के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि के साथ 1500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मोहल्ला सुभाष नगर निवासी बबलू कश्यप के पास से पुलिस ने वर्ष 2001 में चाकू बरामद किया था। बबलू को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। विवेचना कार्यालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने बबलू को जेल में बिताई गई अवधि के साथ 15 सौ रुपए जमाने की सजा सुनाई है।

# पुल निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन



प्रदर्शन कर नाराजगी जताते भाकियू पदाधिकारी।

**हरैया सतघरवा, संवाददाता।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदईपुर खैरहनिया चौराहे पर स्थित मां दुर्गा माता मंदिर परिसर मे शुक्रवार दोपहर भारतीय किसान की मासिक पंचायत हुई। इसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद खरझार नाले पर पुल निर्माण न होने को लेकर पदाधिकारियों ने ग्रामीणों संग प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। कहा जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो भाकियू आंदोलन शुरू करेगी।

तुलसीपुर, हरैया सतघरवा संग जिला श्रावस्ती के सैकडो गांवों के लोगों का आवागमन बारिश के मौसम मे करीब चार माह तक बाधित रहता है। ब्लॉक मुख्यालय शिवपुरा से सम्पर्क कटा रहता है। नाले के उस पार से फसलों को वाहनों से लादकर लाने के लिए किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खरझार पहाड़ी नाला पार करने के लिए 50 से अधिक गांवों के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खैरहनिया, डेरवा, टेढीप्रास, लछुआपुर, चिरौंजीपुर, भुजेहरा, गंजडी, मैनहवा, नरायनपुर, उदईपुर गांव के लोगों को हरैया-बरदौलिया होकर जाना पडता है। ग्रामीण अजय कुमार सिंह, सोनू मिश्रा ने बताया कि पुल निर्माण कराए जाने के लिए जिले के जन प्रतिनिधि के समक्ष कई बार पुल निर्माण की मांग की गई है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है।

एकता का संदेश लेकर रन फॉर यूनिटी में शामिल हो हर उम्र के लोग, पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

# सरदार पटेल को हर वर्ग ने नमन किया

**जयंती**

**बलरामपुर, संवाददाता।** जिले भर में शुक्रवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डीएम विपिन कुमार जैन ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के सूत्रधार रहे। ऐसे महान सपूत को देश के लोग कभी नहीं भूल सकते हैं। रन फॉर यूनिटी में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सपनों का भारत बुनने की शपथ भी दिलाई गई।

जयंती पर कलेक्ट्रेट से एमएलके पीजी कॉलेज तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा रहे हैं। अध्यक्षता जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, सीडीओ हिमांशु गुप्ता ने किया है रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दुष्यंत चौधरी शामिल हुए हैं। देशभक्ति नारे के साथ एमएलकेपीजी कॉलेज तक एकता मार्च निकाला गया। एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रन फॉर यूनिटी जैसी पहल के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है। डीएम ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को साझा किया है जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का त्याग बलिदान एवं संघर्ष सदैव भारत देश का मार्गदर्शन करेगा। बीएसए कार्यालय में सरदार पटेल के चित्र पर बीएसए शुभम शुक्ला ने पुष्प अर्पित कर उनके आदर्श पर चलने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा तुलसीपुर व उतरौला में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। उतरौला में अधिवक्ता संघ भवन में सिविल जज योगेश चौधरी ने सरदार पटेल के कृतित्व व प्रकाश डाला।



रन फॉर यूनिटी में शामिल मुख्यअतिथि, जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी।

## रैली निकाल कर कानून व्यवस्था का दिया संदेश

बलरामपुर। एसपी के नेतृत्व में भी रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। एसपी विकास कुमारव एएसपी विशाल पाण्डेय व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को चरितार्थ करते हुए देश की एकता अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित व सशक्त करने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत रैली को हरी झण्डी दिखाते हुए संतोषी माँ तिराहा बलरामपुर से वीर-विनय चौराहा तक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



एकता का संदेश देने के लिए सड़क पर निकले पुलिस जवान।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, सम्मानित हुए

कंपोजिट विद्यालय नगर पालिका जूनियर हाई स्कूल मे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक अरुण मिश्रा उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। आदर्श कंपोजिट स्कूल की विद्यालय प्रधानाध्यापिका सलमा खान ने बच्चों को प्रतियोगिताओं में सफलता पर पुरस्कृत किया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय देवरिया मुबारकपुर मे प्रधानाध्यापक अरुण यादव, प्राथमिक विद्यालय रेहरा बाजार प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय नथईपुर कानूनगो, प्रधानाध्यापिका सीमा जायसवाल एवं सहायक अध्यापक रेशू पाण्डेय ने लौहपुरुष को याद किया है।

# अवैध तमंचा बरामदगी में 2000 रुपए जुर्माना

बलरामपुर। आर्म्स एक्ट के आरोपी को ए सीजीएम न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि के साथ 2000 रुपए जुर्माने कि सजा सुनाई है। थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर निवासी बाबादीन के पास से वर्ष 2001 में पुलिस ने एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया था। पुलिस ने बाबादीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके पशचात आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने बाबादीन को जेल में बिताई गई अवध के साथ 2000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# सेवानिवृत कर्मियों को उपहार भेंट कर दी बधाई

बलरामपुर। दो उप निरीक्षक व एक सह सहायक उर्दू अनुवादक के सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एसपी विशाल पांडे सेवानिवृत कर्मचारियों को उपहार प्रदान कर विदाई दी। उन्होंने बताया कि जिले में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र तिवारी व महिला उप निरीक्षक मनोरमा राय एवं सह वरिष्ठ सहायक (उर्दू अनुवादक) मो0 रफीक खाँ ने अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा से काम किया।

# क्षत्रिय महासभा पदाधिकारी नजरबंद

**निगरानी**

**तुलसीपुर, संवाददाता।** सेखुईया प्रकरण को लेकर गांव जा रहे अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों को शुक्रवार को पुलिस ने उनके घरों पर नजरबंद कर दिया। पुलिस के इस रवैए पर पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई। कहा कि एक पक्ष को जाने की छूट दी जा रही है, जबकि उन लोगों को असंवैधानिक तरीके से रोका जा रहा है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के सेखुइया गांव में हुई घटना के बाद पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। इसको लेकर क्षत्रिय महासभा लगातार विरोध कर रहा है। इसी मामले को लेकर महासभा पदाधिकारी गांव जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने देवीपाटन मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह को उनके गांव सिरसीहवा (थाना गैसड़ी) में तथा जिला अध्यक्ष अमर सिंह को उनके गांव सुखरामपुर (थाना तुलसीपुर) में पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया। राष्ट्रीय महामंत्री रणबीर सिंह ने कहा कि ग्राम सेखुईया के प्रकरण में पीड़ित परिवार की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए महासभा के पदाधिकारी शांतिपूर्ण ढंग से एसपी बलरामपुर से मिलने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने बिना कारण हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस प्रशासन की यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

## अनर्गल पोस्ट करने वालों के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

**बलरामपुर संवाददाता।** कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम सेखूईया गांव में हुए मारपीट के मामले में जातिगत संघर्ष फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोतवाली नगर में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है । एएसपी विशाल कुमार पांडे ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम सेखुईया में दो पक्षों के बीच में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है ।जिसमें तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करके कार्रवाई की गई है। अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कतिपय लोग इस मामले में जातिगत संघर्ष फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर अनर्गल पोस्ट कर रहे हैं ।पुलिस सोशल मीडिया के पोस्ट पर लगातार नजर बनाए हुए है । पोस्ट को एकत्रित करके ऐसे लोगों के खिलाफ कोतवाली नगर में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

# चालक की पिटाई में सात पुलिस कर्मियों पर केस

## आदेश

- थाने से न्याय न मिलने पर न्यायालय का खटखटाया दरवाजा
- मुकदमा दर्ज होने के बाद सकते में विभाग, डेढ़ साल बाद आया फैसला

**बलरामपुर संवाददाता।** वाहन चेकिंग के दौरान चालक से अभद्रता व मारपीट करना उप निरीक्षक समेत सात पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ गया। घटना के लगभग डेढ़ साल बाद न्यायालय के आदेश पर रेहरा बाजार थाने में सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की विवेचना पुलिस अधीक्षक की निगरानी में की जाएगी।

थाना अध्यक्ष रेहरा बाजार दुर्गेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के महिली मलंगडीह निवासी शहजाद ने 24 जून 2024 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर के न्यायालय पर 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र दिया। इसमें आरोप लगाया कि 13 मई 2024 को वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां जा रहा था। दिन में करीब 11 बजे जब वह पेहर पुलिस चौकी के पास पहुंचा तो वहां पर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, विवेक सिंह, अंकित मौर्य, वासदेव गौर, लाल बहादुर व अर्जुन यादव वाहन चेकिंग कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि जब वह वाहन चेकिंग करवाकर जाने लगा तो पुलिस कर्मियों ने वाहन से संबंधित कागजात मांगे जिस पर शहजाद ने मोबाइल में कागजात दिखाएं लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे नहीं माना पुलिस कर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसकी कार को सीज कर दिया तथा उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस कर्मियों ने शहजाद को शांतिभंग के आरोप में पाबंद किया। इस पर शहजाद ने उप जिलाधिकारी न्यायालय से अपनी जमानत कराई और घर वापस लौट के बाद अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। शहजाद का कहना है कि उसने 15 एव 27 मई 2024 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकिन कोई सुनवाई न होने पर 24 जून 2024 को न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

गैसड़ी मुख्य बाजार में चल रहा था अस्पताल, छापेमारी की सूचना मिलते ही भागे सभी, क्लीनिक पर नहीं मिला कोई भी

# बिना पंजीकरण के चल रही क्लीनिक सील हुई

**निरीक्षण**

**गैसड़ी संवाददाता।** मुख्य बाजार में अवैध रूप से संचालित हो रही क्लीनिक को शुक्रवार दोपहर सील कर दिया गया। मरीजों की सेहत से हो रहे खिलवाड़ पर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार चेते हैं। हालांकि छापेमारी की सूचना लीक हो जाने की वजह से क्लीनिक पर कोई भी नहीं मिला। जांच के बाद व आसपास लोगों से जानकारी के बाद सील किया गया है। वहीं दूसरी ओर अफसरों की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

गैसड़ी बाजार में लंबे समय से रूही क्लीनिक के नाम से झोलाछाप की ओर से मरीजों का इलाज किया जा रहा था। इलाज कराने वाले कई लोगों की जिंदगी दांव पर लगी। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों की ओर से लगातार की जा रही थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जा रहे थे।



बलरामपुर में शुक्रवार को अवैध क्लीनिक सील करते एसीएमओ व अन्य

मामला जब उच्चाधिकारियों के पटल पर पहुंचा तो आनन-फानन में दोपहर एसीएमओ डॉ संतोष कुमार ने छापेमारी की। इस दौरान क्लीनिक पर कोई भी मौजूद नहीं मिला। वहां कई तरह की दवाएं, इंजेक्शन व अन्य सामान पाए गए हैं। एसीएमओ ने आसपास के लोगों से पूछताछ किया, लेकिन किसी की ओर से कोई भी सटीक जानकारी साझा नहीं किया गया। हालांकि क्लीनिक को सील कर दिया गया है। एसीएमो ने बताया कि अवैध क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## पीएचसी पर नहीं है पेयजल की व्यवस्था

**सादुल्लाह नगर।** विकास खण्ड रेहराबाजार के ओबरीडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था न होने से मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी हो रही है। अस्पताल में न पेयजल की व्यवस्था न होने से मरीजों को बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ग्रामीण अकरम, इस्राइल, मोहम्मद फरहान, राम नरेश और मसीहुद्दीन आदि ने अधिकतर मरीजों एवं उनके तीमारदारों को बाहर लगे साधारण हैंडपंप का पानी पीना पड़ रहा है, जिससे उनकी सेहत और भी बिगड़ सकती है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पेयजल की व्यवस्था न होने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य कर्मियों ने भी पानी की समस्या से जूझने की बात कही है। अस्पताल में डॉ शिवम द्विवेदी, चीफ फार्मासिस्ट नफीस, फार्मासिस्ट जहीरूल हसन व सफाई कर्मी राम सजीवन कार्यरत हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ गिरधर चौहान ने कहा कि पेयजल व्यवस्था के लिए प्रयास किया जा रहा है

## मरीजों के उपचार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: सीएमओ



बलरामपुर में शुक्रवार को जिला मेमोरियल अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ

**बलरामपुर संवाददाता।** कामन रिव्यू मिशन के भ्रमण को लेकर सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने शुक्रवार को जिला मेमोरियल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी व्यवस्था, दवा वितरण प्रणाली, लैब सेवाओं, वार्डों की स्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को परखा।

सीएमओ ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य स्थल पर समय से उपस्थिति सुनिश्चित करें और अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। निरीक्षण के दौरान डॉ रस्तोगी ने विभिन्न विभागों के अभिलेखों की जांच की आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उ कहा कि रिव्यू मिशन टीम के भ्रमण के दौरान जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत होनी चाहिए।

# सेखुइया भया गांव जाने से रोके गए करणी सेना के लोग





गैसड़ी के सिरसिहवा मे पुलिस संग अखिल क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह शिवा व करणी सेना भारत के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को कलवारी गांव मे घर पर रोके पुलिस • जागरण

जासं • बलरामपुर: सेखुइया भया गांव प्रकरण गरमाता ही जा रहा है। प्रधान पति सियानंद वर्मा के समर्थन में सपा, कांग्रेस और भीम आर्मी ने मोर्चा खोला था। शुक्रवार को करणी सेना के पीड़ित क्षत्रिय परिवार के यहां जाने की घोषणा से पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने करणी सेना के साथ अन्य क्षत्रिय संगठनों के पदाधिकारियों को घर से बाहर नहीं निकलने दिया। पूरे दिन पुलिस घर पर पहरेदारी करती रही। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। गांव को जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग की। सियानंद वर्मा और सुमित सिंह के बीच पुआल रखने को लेकर विवाद हो गया था। इसको लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। सुमित सिंह पक्ष के लोगों ने 25 अक्टूबर को प्रधान के घर पर चढ़ाई करके मारपीट की थी। इसमें पुलिस ने एक पक्ष के चार आरोपितों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने 31 अक्टूबर को ग्राम सेखुइया भया पहुंचकर क्षत्रिय परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेंगे। इसी को लेकर जिला प्रशासन सतर्क रहा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र की शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक था। तुलसीपुर के रमवापुर में अखिल क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अमर सिंह को घर में ही कैद कर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि

क्षत्रिय परिवार की बहन बेटियां घर छोड़कर भागने को मजबूर हैं। जनसंख्या का दबाव दिखा कर पीडीए का समर्थक बताने वाले अल्पसंख्यक क्षत्रियों की जमीन कब्जा करना चाहते थे। विरोध करने पर क्षत्रिय परिवार को मारा-पीटा महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कई लोगों को चोटें आई, लेकिन प्रशासन एक तरफा कार्रवाई कर रही है। अखिल क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष शिवाजीत सिंह शिवा, करणी सेना भारत के मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह रूद्र, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह को काली थान बलरामपुर में, करणी सेना भारत के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह को कलवारी में ही पुलिस ने कैद रखा।

# एकता व अखंडता का संदेश देने को हर कोई दौड़ा

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फार यूनिटी को लेकर हुए विविध आयोजन

जागरण टीम • बलरामपुर: लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट से महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय तक एकता दौड़ निकाली गई। रन फार यूनिटी के माध्यम से राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया गया। साथ ही सभी तहसीलों में रन फार यूनिटी के साथ शपथ कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन आदर्शों एवं मूल्यों पर गोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कलेक्ट्रेट से रन फार यूनिटी को मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, सीडीओ हिमांशु गुप्त, नगर पालिका चेयरमैन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू एवं शिक्षक वर्ग मोर्चा अध्यक्ष सुशांत चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देशभक्ति के नारों के साथ एमएलके महाविद्यालय तक एकता मार्च निकाला गया। रन फार यूनिटी में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। एमएलके महाविद्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्य अतिथि एमएलसी ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

कहा कि सरदार पटेल ने अंग्रेजों की भारत को विभाजित करने की नीति को विफल करते हुए 565 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया और अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रन फार यूनिटी जैसी पहल के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है। सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान को स्टेच्यू आफ यूनिटी की स्थापना कर उन्हें युगों-युगों तक स्मरणीय बना दिया है। यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा न केवल सरदार पटेल के अदम्य साहस और दूरदृष्टि का प्रतीक है, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और गौरव का भी प्रतीक बन चुकी है। जिलाधिकारी ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। एडीएम ज्योति राय, डीआइओएस मृदुला आनंद, बीएसए शुभम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।





कर्नल लाल स्मारक इंटर कालेज बलरामपुर में शपथ लेते छात्र-छात्राएं और बलरामपुर बहराइच मार्ग पर रन फार यूनिटी में शामिल डीएम विपिन कुमार जैन व सदर विधायक पल्टूराम • जागरण



मेन मार्ग पर रन फार यूनिटी की अगुवाई करते पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व एएसपी विशाल पांडेय • जागरण



वीर विनय चौराहे पर रन फार यूनिटी में शपथ लेते पुलिसकर्मी • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**लौह पुरुष के फौलादी इरादों से प्रेरणा लेने का आह्वान :** नगर स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सरदार पटेल को समर्पित एक विशेष सभा का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम रूमी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। छात्रा सुनैना शुक्ला और मोहम्मद माज ने सरदार पटेल के जीवन वृतांत, उनके फौलादी फैसलों और इरादों पर प्रकाश डाला। संचालन शिवांशी सर्वोत्तम ने किया। शिक्षक सोहन शुक्ल, अमन जायसवाल और आकांक्षा मिश्रा का विशेष योगदान रहा। दूसरी तरफ कंपोजिट विद्यालय नगर पालिका में सरदार वल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव के जन्मदिवस पर प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने सरदार पटेल की पेंटिंग बनाने के साथ उनकी जीवनी पर निबंध लिखा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार मिश्र, शमा खान, रोशन आरा, आमना खातून, सलमा व जरीना उपस्थित रहीं।



सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे • जागरण



कंपोजिट विद्यालय नगर पालिका में सरदार पटेल की पेंटिंग दिखाते बच्चे • जागरण

# आर्म्स एक्ट में दो लोगों पर लगाया अर्थदंड

जासं • बलरामपुर: सिविल जज सीनियर डिवीजन ने अवैध तमंचा बरामदगी में अभियुक्त गौरा चौराहा, गोविंदपुर गांव निवासी बाबादीन को जेल में बिताई अवधि के साथ 2000 अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट उतरौला ने चाकू बरामद होने पर सुभाषनगर निवासी बब्लू कश्यप को 1500 अर्थदंड की सजा द है। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि बाबादीन के पास से अवैध तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद होने पर गौरा चौराहा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मिलावटी खाद्य पदार्थ वेचने वाले 17 कारोबारियों पर 37 लाख रुपये लगा अर्थदंड

जासं • बलरामपुर: मिलावटी खाद्य पदार्थ वेचने वालों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। बीते दिनों चले अभियान के बाद अनियमितता मिलने पर एडीएम वित्त एवं राजस्व न्यायालय ने 16 कारोबारियों पर कार्रवाई की है। एडीएम ने अधोमानक खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले दुकानदारों पर 37 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय जीके दुबे ने बताया कि बीते दिनों जिले से कुट्टू का आटा, खोवा, बर्फी, पेड़ा, दूध, बंधानी हींग, नमकीन, बिस्कुट, समोसा और पनीर आदि के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच में सभी खाद्य पदार्थ अधोमानक मिलने पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय ने लगभग 17 कारोबारियों पर 37 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माने की रकम जमा करने के लिए इन सभी कारोबारियों को एक महीने का समय दिया गया है। वहीं, एक माह बाद अर्थदंड जमा न करने वाले कारोबारियों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी।

# एसपी आज करेंगे यातायात माह का शुभारंभ

बलरामपुर : सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यातायात माह का शुभारंभ एक नवंबर को किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइंस में सुबह साढ़े 11 बजे मुख्य अतिथि एसपी विकास कुमार यातायात माह का शुभारंभ करेंगे। पूरे माह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। (जासं)

# अवैध रूप से संचालित रूही क्लीनिक सील

संसू, जागरण ● गैंसड़ी (बलरामपुर): अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम ने शुक्रवार को बाजार में अवैध रूप से संचालित रूही क्लीनिक में अनियमितताएं मिलने पर सील कर दिया है। एसीएमओ डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्लीनिक बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और अप्रशिक्षित डाक्टरों द्वारा चलाया जा रहा था, जो मरीजों के जीवन के लिए खतरनाक है।

स्पष्ट किया कि अवैध चिकित्सा व्यवसाय चलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिले भर में सभी संदिग्ध क्लीनिकों और नर्सिंग होम की जांच की जा रही है।



गैंसड़ी बाजार में अवैध रूप से संचालित रूही क्लीनिक को सील कराते एसीएमओ डा. संतोष कुमार व अन्य ● जागरण

# क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों को रोका

## सेखुईया में एक पक्ष से मुलाकात की थी योजना, प्रशासन ने किया नजरबंद

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुलसीपुर।** ग्राम सेखुईया प्रकरण को लेकर शुक्रवार को जिले का माहौल गरमा गया। पुलिस अधीक्षक से मिलने जा रहे अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों को पुलिस ने घरों में नजरबंद कर दिया। महासभा के कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक बताया और आंदोलन की चेतावनी दी।

देवीपाटन मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह को पुलिस ने उनके गांव सिरसीहवा (थाना गैसड़ी) में ही रोक लिया, वहीं जिला अध्यक्ष अमर सिंह को उनके गांव सुखरामपुर (थाना तुलसीपुर) में नजरबंद किया गया। दोनों नेताओं के घरों के बाहर सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। समर्थकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना किसी वैध कारण के उन्हें बाहर निकलने नहीं दिया।

महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रणबीर सिंह ने बताया कि ग्राम सेखुईया में हुए प्रकरण को लेकर पीड़ित परिवार की तहरीर पर अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इसी संबंध में संगठन के पदाधिकारी शांतिपूर्ण तरीके से एसपी बलरामपुर से मुलाकात करने जा रहे थे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग रखी जा सके।

# बारिश के बीच हुई रन फॉर यूनिटी

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** रिमझिम बारिश के बीच लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर से एमएलके पीजी कॉलेज तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी, अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई।

रन फॉर यूनिटी को विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, डीएम विपिन कुमार जैन, सीडीओ हिमांशु गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दुष्यंत चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय और एकता अमर रहे के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। एमएलके पीजी कॉलेज पहुंचने के बाद अतिथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



गोंडा रोड पर शुक्रवार को मार्च निकालते एसपी विकास कुमार और पुलिसकर्मी। -स्रोत: विभाग






कलेक्ट्रेट से रन फॉर यूनिटी में शामिल अधिकारी व जनप्रतिनिधि और सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पुलिसकर्मी। -स्रोत: विभाग

एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अटूट संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति से 565 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया और अखंड भारत का निर्माण किया। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता के सच्चे प्रतीक थे। उन्होंने दृढ़ निश्चय और नेतृत्व क्षमता के बल पर देश को एक सूत्र में बांधा। डीएम ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और प्रगति में उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम के दौरान रन फॉर यूनिटी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के विजेताओं को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। एसपी विकास कुमार ने वीर विनय चौराहा से रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, डीआईओएस मृदुला आनंद, बीएसए शुभम शुक्ला, डीडीओ कमलेश सोनी, परियोजना निदेशक राघवेंद्र तिवारी व डीसी मनरेगा सुशील कुमार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# खरझार नाले पर पुल बनाने की मांग

## बरसात में 50 गांवों का कट जाता है संपर्क, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया सतघरवा।** ग्राम पंचायत उदईपुर खैरहनिया चौराहे पर शुक्रवार को मां दुर्गा मंदिर परिसर में भारतीय किसान संघ की तरफ से चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने खरझार पहाड़ी नाले पर पुल और तटबंध निर्माण का मुद्दा उठाया। इसी मांग को लेकर किसानों ने खरझार नाले के पास प्रदर्शन भी किया। ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण न होने से 50 गांवों की करीब 60 हजार आबादी हर साल बरसात के दिनों में परेशान रहती है।

संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जगदंबिका प्रसाद मिश्र ने कहा कि खैरहनिया, डेरवा, टेढ़ीप्रास, लछुआपुर, चिरौंजीपुर, भुजेहरा, गंजडी, मैनहवा, नरायनपुर व उदईपुर खैरहनिया आदि गांव बरसात के मौसम में टापू बन जाते हैं। नाले में बाढ़ आने पर लोगों को ब्लॉक मुख्यालय शिवपुरा व बाजार जाने के लिए हरैया-बरदौलिया होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्र ने कहा कि पुल न होने से बरसात के दिनों में बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और गर्भवती महिलाओं को नदी पार कराने के लिए ग्रामीणों को नाव या ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ता है।

ग्रामीण अजय कुमार सिंह, सोनू मिश्रा और धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुल निर्माण को लेकर कई बार प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को प्रार्थनापत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के उपाध्यक्ष मदन गोपाल, अटल वर्मा, अजय कुमार, कृष्ण बिहारी गुप्ता, मीडिया प्रभारी देव कुमार, ग्राम प्रधान राम निवास यादव, चंद्र प्रकाश मिश्र, दयाराम गुप्ता व सोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।




खैरहनिया में प्रदर्शन करते किसान संघ के पदाधिकारी व ग्रामीण। -स्रोत: संघ

## पटरियों पर अतिक्रमण से लगता है जाम

**उतरौला।** नगर के मुख्य मार्ग की पटरियों पर अतिक्रमण व भारी वाहनों के प्रवेश से नागरिकों को प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क के बगल पटरियों पर अतिक्रमण से प्रतिदिन जाम लगता है। मुख्य मार्ग से ही पचपेड़वा के लिए भारी वाहन हाटन रोड तिराहे से होकर जाते हैं। इससे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने ई रिक्शा व दो पहिया वाहनों का जाम लग जाता है। स्थानीय नागरिक शाहिद, अजमत, सुभाष, पिंटू, सरोज आदि ने सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक भारी वाहनों के नगर में प्रवेश रोक लगाने व पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग प्रशासन से की है। (संवाद)

# चाकू रखने वाला दंडित

**बलरामपुर।** सिविल जज जूनियर डिविजन एसीजेएम उतरौला योगेश चौधरी ने चाकू रखने के दोषी दो सजा सुनाई है। एसीजेएम ने दोषी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई और 1500 रुपये अर्थदंड भी लगाया। उतरौला पुलिस ने सुभाष नगर निवासी बब्लू कश्यप को चाकू के साथ 18 अक्तूबर 2001 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बब्लू को जेल भेज दिया। पुलिस ने जांच के बाद बब्लू के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में बब्लू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एसीजेएम ने बब्लू को अवैध चाकू रखने का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। इस मामले में बब्लू तीन दिन जेल में रह चुका था। (संवाद)

**अदालत से**

# किशोरी को साथ ले जाने का आरोप, केस

**श्रीदत्तगंज।** एक गांव की किशोरी को एक युवक साथ लेकर चला गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने बताया कि 17 वर्षीय बेटी एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 वीं की छात्रा है। मोहल्ले का ही युवक नाजिम पिछले कुछ समय से उनकी पुत्री को परेशान कर रहा था। 29 अक्तूबर को किशोरी लापता हो गई, खोज करने पर नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक अविरल शुक्ला ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक गिरीजा शंकर पांडेय को सौंपी गई है। (संवाद)

# तमंचा रखने वाले को 32 साल बाद सजा

**बलरामपुर।** एसीजेएम बलरामपुर यशपाल वर्मा ने तमंचा व कारतूस रखने वाले को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई है। 2000 रुपये अर्थदंड भी लगाया है। थाना गौरा चौराहा की पुलिस ने गोविंदपुर निवासी बाबादीन को तमंचा व तीन कारतूस के साथ वर्ष 1993 में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बाबादीन को जेल भेज दिया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। एसीजेएम ने बाबादीन को तमंचा रखने का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। (संवाद)

# 16 कारोबारियों पर 37 लाख का अर्थदंड

**बलरामपुर।** खाद्य पदार्थों की जांच में अनियमितता मिलने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय द्वारा 16 कारोबारियों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की है। एडीएम ने अधोमानक खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले दुकानदारों पर 37 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय जीके दूबे ने बताया कि बीते दिनों जिले भर से कुट्टू का आटा, खोया, समोसा, दूध, नमकीन, बंधानी हींग, बिस्किट, बर्फी, पेड़ा व पनीर आदि का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था।

जांच में खाद्य पदार्थ अधोमानक पाए जाने पर एडीएम न्यायालय ने जायसवाल प्रोविजन स्टोर महमूद नगर, गायत्री स्वीट्स बलरामपुर, कुन्नू बलरामपुर, विजय कुमार यादव भगवानपुर तुलसीपुर, विनोद यादव बलरामपुर, शकील बलरामपुर नगर, गंगाराम महुवा बाजार, राजेश मोदनवाल सुभाषनगर उतरौला, विजय प्रताप भगवानपुर मिर्जापुर, संजय कुमार चौक बलरामपुर, हरिशंकर मधवापुर मथुरा बाजार, ओम प्रकाश जबदही, सुरेंद्र टेढ़ी बाजार बलरामपुर, बबलू यादव पहलवारा बलरामपुर, तौकीर अहमद गुलरिहा हिसामपुर महराजगंज तराई एवं अब्दुल रहमान भरपुर चेतिया पर 37 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

अर्थदंड जमा करने के लिए एक माह का समय दिया गया है। इसके बाद कारोबारियों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी। (संवाद)

# फिरोज 'पप्पू' हत्याकांड में तीन नवंबर को सुनाया जाएगा निर्णय

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद उर्फ पप्पू हत्याकांड में शुक्रवार को एसपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसले का आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने अगली तिथि तीन नवंबर तय की है, इसी दिन फैसला सुनाया जाएगा।

चार जनवरी 2022 की रात करीब 10:20 बजे नगर के जरवा मार्ग पर पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की उनके घर के पास निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर, उनकी पुत्री जेबा रिजवान और दामाद रमीज अहमद समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का टिकट पाने की होड़ में फिरोज पप्पू की बढ़ती लोकप्रियता और सक्रियता कुछ लोगों को नागवार गुजरी। इसी राजनीतिक रंजिश में हत्या की साजिश रची गई।

अदालत से



रिजवान जहीर, जेबा रिजवान, रमीज।

पुलिस जांच के दौरान जरवा मार्ग निवासी महफूज, हरैया के इमिलिया गनेशपुर निवासी मेराजुल हक उर्फ मामा, और प्रतापगढ़ के शकील को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की पूरी साजिश और घटना की योजना कबूल की थी। पुलिस के अनुसार, इस हत्या की योजना एक माह पहले बनाई गई थी। तीन बार प्रयास असफल रहने के बाद आखिरकार चार जनवरी की रात हमला कर फिरोज पप्पू की हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने इस हत्याकांड के राजफाश के लिए 250 सीसीटीवी कैमरे खंगाले और 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। अब जब अदालत ने फैसले की तारीख तय कर दी है, तो शहर में इस चर्चित मामले को लेकर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**गैसड़ी/ हरैया सतघरवा/ महराजगंज तराई।** मिशन शक्ति के तहत शुक्रवार को पचपेड़वा, हरैया व महराजगंज में परिचर्चा व गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता पर विस्तृत चर्चा हुई। छात्राओं को बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध व यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

पचपेड़वा के रामचरण आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल, लक्ष्मी नगर में भारत में बने नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान के तहत एक परिचर्चा का आयोजन हुआ। पचपेड़वा पुलिस ने छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों की रूपरेखा व उनके महत्व से अवगत कराया। हरैया में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज देश की बेटियां हवाई जहाज उड़ाने से लेकर रेलगाड़ी तक चला रही हैं। सेना सहित कई सरकारी विभागों में सेवा दे रही हैं। महराजगंज तराई पुलिस ने रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्राओं के संग गोष्ठी की।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–01–11–2025

हिन्दुस्तान

# भरथापुर गांव पहुंचे कारागार मंत्री ने बंधाया ढांढस

**बहराइच।** कारागार मंत्री सुरेश राही शुक्रवार को भरथापुर गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि सीएम के आदेश पर सभी लोगों के बीच आया हूं। सुरेश राही ने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। राही ने सभी प्रभावित परिवार के एक-एक सदस्य से भेंट कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हादसे में बचे हुए लोगों से बात की। जो लोग लापता हैं उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। जल्द रेस्क्यू करने की बात कही। ग्रामीणों ने गांव के विस्थापन को लेकर भी मंत्री से अनुरोध किया। बताया कि इस सम्बंध में पूर्व में गांव को विस्थापित करने का प्लान बन चुका था मगर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। राज्यमंत्री ने



शुक्रवार को भरथापुर गांव में ग्रामीणों से वार्ता करते कारागार मंत्री सुरेश राही

अपने बयान में कहा है कि भरथापुर के विस्थापन की प्रकिया 29 अक्तूबर को ही पूरी हो गई थी। इस बीच ये बड़ा हादसा हो गया। गांव के लोगों ने मंत्री के सामने रोते बिलखते हुए लापता लोगों को तलाशने व यहां से विस्थापित करने की अपील की है।

कारागार मंत्री ने लापता लोगों के रेस्क्यू के लिए संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसएसबी, पीएसी, जिला प्रशासन की आपदा राहत टीम तथा स्थानीय गोताखोरों एवं नागरिकों के सहयोग से निरन्तर रेस्क्यू आपरेशन संचालित किया जा रहा है। राज्य मंत्री राही ने जिलाधिकारी व डीएफओ कतर्नियाघाट सूरज को निर्देश दिया कि विस्थापन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करायी जाय।

## बसपा प्रतिनिधिमंडल ने भरथापुर के ग्रामीणों से भेंट की

**मिहीपुरवा।** बहुजन समाज पार्टी बहराइच का एक प्रतिनिधिमंडल भरथापुर गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने लापता हुए लोगों के परिवारों से मुलाकात की। उनसे भी मिले जो हादसे में बच गए। बसपा जिला सचिव उतम कुमार सिंह चौहान, प्रभारी पूर्व प्रत्याशी बलहा डॉ. आर.सी. प्रसाद सेक्टर अध्यक्ष मोतीपुर बलराम गौतम, सेक्टर अध्यक्ष उर्रा शिवनारायण भारती समेत अन्य बसपा पदाधिकारी मौजूद रहे। मांग की कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, रेस्क्यू अभियान निरंतर जारी रखा जाए।

हिन्दुस्त

# सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी को दी विदाई

**बहराइच।** उप निरीक्षक काशीनाथ सिंह पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर रामानन्द कुशवाहा ने श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया।

हिन्दुस्तान



हिन्दुस्तान

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनी लौह पुरुष की जयंती, स्कूल कॉलेजों में निबंध, पोस्टर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# गगन भेदी नारों के बीच रन फार यूनिटी दौड़ हुई

## राष्ट्रीय एकता दिवस

**बहराइच, टीम।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूम-धाम से मनाया गया। जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शहीद पार्क में स्थापित पटेल सहित अन्य प्रतिमाओं व शहीद स्तम्भ पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरु के नेतृत्व में शहीद पार्क से इन्दिरा गांधी स्टेडियम तक रन फार यूनिटी दौड़ हुई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चित्तौरा की वार्डेन इरफाना तस्नीम के नेतृत्व में दौड़ हुई। सोनी मौर्या, कायनात, माला श्रीवास्तव पूनम थीं।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार कर नये भारत का निर्माण करना है। आज केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महापुरुषों को सम्मान देते हुए उनके नाम से अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। लोगों का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के विजन 2047 के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें ताकि विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो सके। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, आलोक जिंदल, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, पार्टी पदाधिकारी नन्हेंलाल लोधी, गौरव वर्मा, राहुल राय, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र आदि रहे। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता छात्र सम्मानित : राजकीय हाईस्कूल टेंडवा सिरसटीपुर में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर छात्र - छात्राओं ने पोस्टर व बैनर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य बच्छराज ने सभी को शपथ दिलाई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने सम्मानित किया। शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, शिवकुमार, प्रमोद कुमार, नीरज चौधरी, वीरेंद्र तिवारी मौजूद रहें। फखरपुर के थानाध्यक्ष ब्रह्मा गौड़ ने चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृजेश शर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली। एसओ ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की एकता और अखंडता के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है।



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दौड़ लगाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## छात्रों ने पुलिस के संग दो किलोमीटर दौड़ लगाई

थाना रिसिया की पुलिस ने छात्रों संग रन फॉर यूनिटी पर रिसिया मोड़ से थाना परिसर तक दो किमी की दौड़ लगाई और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय की अगुवाई मे पुलिस बल और छात्रों ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है। इस अवसर पर उप निरीक्षक अमितेंद्र सिंह, बिहारी सिंह यादव, चौकी प्रभारी रिसिया, उप निरीक्षक किशन लाल आदि रहे। इस अवसर पर बद्री सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामदीन गौतम, कृजेश पांडे, शकील, शाकिर, कुलदीप, संदीप, आदि रहे।

## पयागपुर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ

पयागपुर मे रन फॉर यूनिटी का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्टीय एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना था। केबी इण्टर कालेज पयागपुर, राम नारायण सिंह इंटर कॉलेज खजुरी, थाना पयागपुर के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा सरकारी विभागों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक, अधिकारी एवं नागरिक इस दौड़ मे शामिल हुए। नानपारा सहित आसपास के इलाकों मे लौह पुरुष की जयंती श्रद्धाभाव, पुष्पांजलि तथा शपथ आदि के साथ मनाई गई। भाजपा कार्यालय मे नगर अध्यक्ष रेखा पांडे के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने कार्यक्रम मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कोतवाल राजनाथ सिंह ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। श्री शंकर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल के नेतृत्व मे बच्चों ने रैली, सआदत इंटर कॉलेज मे मानव श्रृंखला तथा तहसील परिसर मे उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा एकता शपथ, विचार गोष्ठी का आयोजन किया। नानपारा सीएचसी मे अधिक्षक डॉ चंद्रभान राम ने कार्यक्रम आयोजित किया। बीआरसी मे खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पालिका परिषद मे ईओ रंग बहादुर सिंह तथा अध्यक्ष अब्दुल वहीद ने कार्यक्रम आयोजित किए।

## एकता के लिए सभी दौड़े, अखंडता का लिया संकल्प

- सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम
- पटेल के जीवन चरित्र की जानकारी दी व अखंडता का संकल्प लिया

**श्रावस्ती, टीम।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें रन फार यूनिटी में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों तथा अन्य लोगों ने दौड़ लगाई। इसके साथ ही देश की अखंडता का संकल्प दोहराया गया। सरदार पटेल की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया कर श्रद्धांजलि दी गई। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद भिनगा के दहाना स्थित पटेल चौक से किया गया। इस दौरान सभापति उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक सहकारी विपणन संघ नवलेश प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद डा प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष डा मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया।

इसके बाद रन फार यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पटेल चौक दहाना से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट तक आयोजित की गई। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार हाल में डीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ सभी कर्मियों को दिलाई। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी की छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

हिन्दुस्त



छात्राओं के बीच बांटे गए जागरूकता पम्फलेट।

# छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया

**जरवलरोड**। आरपी एस इंटर कॉलेज जरवलरोड परिसर में महिलाओं व छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए जीरो एफआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सिपाही अनुराधा सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, प्रज्ञा श्रीवास्तव विभाष शुक्ला उपनिरीक्षक ज्योत्सना कांटेबल मंजू देवी अनुराधा सिंह शैलजा चौधरी आदि रहे।

# बीतते वक्त के साथ टूटती जा रही परिवारों की आस

## नदी में लापता आठ लोगों की खोज जारी

जैनुल आब्दीन • जागरण

विछिया(वहराइच) : कौड़ियाला नदी में नाव हादसे के बाद लापता हुए लोगों के परिवारजन की आस अब टूट रही है। नदी की तेज धारा में लापता हुए लोगों की तलाश में रेस्क्यू आपरेशन जारी है, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। समय बीतने के साथ ही पीड़ित परिवारों का धैर्य भी जवाब देता जा रहा है। जिनके स्वजन लापता हैं, उनके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

सुजौली इलाके के भरथापुर निवासी नाव पर सवार ग्रामीणों में बुधवार को हंसी-मजाक चल रही थी। किसी ने एक पल भी नहीं सोचा था कि कुछ ही देर बाद उनके साथ मौजूद उनके अपने बिछड़ जाएंगे। गांव के पास पहुंचने से पहले 30 लोगों से भरी नाव पानी के तेज बहाव में पेड़ से टकराकर पलट गई। 21 लोगों को तो सुरक्षित निकाला गया, लेकिन एक महिला की मौत हो गई थी। हादसे में



कौड़ियाला नदी के निकट रोते-बिलखते डूब कर लापता हुए लोगों के स्वजन • जागरण

नाविक समेत आठ लोग लापता हैं, जिनकी तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी व एसएसबी की 16 टीमें नदी में रेस्क्यू कर रही हैं। भरथापुर से लेकर चौधरी चरण सिंह सरयू बैराज के नौ किलोमीटर दायरे में रेस्क्यू जारी है, लेकिन 72 घंटे बीतने के बाद भी लापता लोगों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। गांव निवासी प्रमोद की मानें तो उनकी पत्नी सुमन व बेटी सुहानी भी इस नाव पर सवार थीं। तीन दिन बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं चला है। नाविक मिहीं लाल के पिता पुतई व शिवनंदन के परिवारजन सालिगराम भी अब अपनों के लौटने की उम्मीद खोते जा रहे हैं। पांच वर्षीय कोमल भी अपनी नानी सोनापती व मामा नरेश के साथ नाव पर सवार थी। कोमल भी नाव हादसे में लापता है। मामा नरेश व नानी सोनापती उसके लौटने का इंतजार तो कर रहे हैं, लेकिन समय बीतने के साथ-साथ उनकी आस टूट रही है। नाव हादसे में सात वर्षीय ओमप्रकाश व पांच साल की मीनू भी लापता है, जो अपनी दादी के साथ नानी के यहां गए थे।

## घनश्याम बोले...मेरी तो पूरी दुनिया ही उजड़ गई

जासं • बहराइच : सुजौली इलाके के नेपाल सीमा से सटे भारत के आखिरी गांव भरथापुर में हुए नाव हादसे में श्रावस्ती जिले के गिलौला निवासी घनश्याम की दुनिया ही उजड़ गई। हादसे में जहां उनकी मां रामजेई की मौत हो गई। वहीं, नाव पर सवार उसके दो बच्चे ओमप्रकाश व मीनू लापता हैं। बीमारी के चलते पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है और बच्चों का सहारा बना घनश्याम स्वयं बेसहारा हो गया। श्रावस्ती जिले के गिलौला निवासी घनश्याम के आंखों के आंसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। उनका कहना है कि ईश्वर ने उसके साथ बड़ा ही अन्याय किया है। पहले बीमारी के चलते पत्नी को छीन लिया और अब नाव हादसे में उसकी मां भी चल बसी। जिन बच्चों को उसने सीने से लगाकर किसी तरह पाला-पोसा वह भी दादी के साथ नाव पर सवार थे, अब लापता हैं। वह अपने सात वर्षीय बेटे ओमप्रकाश व पांच वर्षीय बेटी मीनू के आने के इंतजार में बेसुध हो गया है। नदी में मगरमच्छ व घड़ियालों की संख्या अधिक होने की चर्चा उसे और बेचैन कर रही है। रोते हुए घनश्याम कहते हैं कि अब वह किसके सहारे जिएंगे। पत्नी व मां की मौत के बाद जीने का सहारा बचे बेटा और बेटी भी नदी की गहराइयों में लापता हैं। पूरे परिवार को खोने का गम उनके चेहरे पर साफ झलक रहा है। उनकी व्यथा को देखकर ग्रामीणों की आंखें भी नम हो जा रही हैं। लोग उन्हें समझाने का भी प्रयास कर रहे हैं, लेकिन घनश्याम को तो लगता है कि जैसे उसकी दुनिया ही उजड़ गई है।

आई बैंक लिमिटेड
र्यालय: आईडीबीआई टॉवर,
कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005

# एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

## गगन भेदी नारों के बीच **आयोजित रन फार यूनिटी** शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की



कैसरगंज के कंचन कांवेंट स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती पर शपथ लेते बच्चे • जागरण



रन फार यूनिटी का नेतृत्व करते राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर व जनप्रतिनिधि • जागरण



श्रावस्ती में एकता व अखंडता की शपथ लेते जनप्रतिनिधि व अधिकारी • जागरण



श्रावस्ती में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर भिनगा नगर में आयोजित एकता दौड़ में शामिल स्कूली छात्र-छात्राएं • जागरण



शपथ लेते जनप्रतिनिधि • जागरण

जागरण टीम • बहराइच : लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में शुक्रवार को जिले में धूमधाम से मनी। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर ने राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या, सांसद बहराइच डा. आनंद कुमार गौंड व अन्य अधिकारियों के साथ शहीद पार्क में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल सहित अन्य प्रतिमाओं व शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यमंत्री के नेतृत्व में शहीद पार्क से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक आयोजित राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फार यूनिटी) में नवनियुक्त आरक्षी, एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इंदिरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का संकल्प है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने का साकार कर नए भारत का निर्माण करना है।

महिला आयोग की सदस्य, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। सीडीओ मुकेश चंद्र ने अतिथियों का आभार ज्ञापितकिया। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए पटेल द्वारा किए प्रयासों पर प्रकाश डाला। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। एमएलसी डा.प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा आदि मौजूद रहे।

महाराज इंटर कालेज पटेल जयंती पर प्रधानाचार्य संतोष चंद्र शुक्ल, वरिष्ठ प्रवक्ता अरविंद कुमार वर्मा, आनंद मोहन प्रधान, डा. एसपी गुप्त, अभय प्रताप सिंह, अजय मेहरोत्रा, श्यामानंद यादव, रामू यादव, अनीता पांडे आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प स्थापित कर उन्हें नमन किया। केडीसी में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। प्रोफेसर डा. ओमप्रकाश सोनी, डा. सत्यभूषण सिंह, डा. अभिषेक प्रताप सिंह, डा.राम बदन वर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, डा. सत्यम सिंह आदि रहे।

फखरपुर : थानाध्यक्ष ब्रह्मा गौड़ व चौधरी सियाराम इंटर कालेज प्रधानाचार्य के नेतृत्व में दो किलोमीटर की रैली निकाली गई। उप निरीक्षक विपिन मिश्र, श्याम सिंह यादव, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

## श्रावस्ती में भी उत्साह संग लौह पुरुष को किया याद

- रन फार यूनिटी में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस जवानों व स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा
- एकता व अखंडता की दिलाई गई शपथ, छात्राओं ने सांस्कृतिक व देशभक्ति गीतों पर दी प्रस्तुती

जागरण टीम • श्रावस्ती : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान जिलेभर में विविध कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद भिनगा के दक्षिना स्थित पटेल चौक से किया गया। रन फार यूनिटी में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी जवानों व स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई।

नगर पालिका परिषद भिनगा के दक्षिना स्थित पटेल चौक पर उप्र राज्य औद्योगिक सहकारी विपणन संघ के सभापति नवलेश प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, जिपं अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पांडेय, एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. मिश्रीलाल वर्मा, डीएम अश्वनी कुमार पांडेय व सीडीओ शाहिद अहमद ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। जनप्रतिनिधियों व डीएम ने रन फार यूनिटी कार्यक्रम के तहत 'यूनिटी मार्च' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट तथागत हाल में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी की छात्राओं ने सांस्कृतिक व देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुती दी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार शाहिद रजा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। सभापति ने कहा कि सरदार पटेल के कार्यों से प्रेरणा लेकर हम सामाज में एकता, समरसता और विकास को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने न केवल रियासतों का एकीकरण किया, बल्कि गरीबों, पिछड़ों और किसानों को सहकारिता से जोड़कर देश को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे। जिपं अध्यक्ष, विधायक, डीएम ने भी विचार व्यक्त किए। एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा मौजूद रहे। पुलिस लाइन भिनगा से एसपी राहुल भाटी ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। एसपी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। नगर पालिका परिषद भिनगा के कार्यालय में नपाप अध्यक्ष इरफान अहमद व अधिशासी अधिकारी डा. अनीता शुक्ला ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने व देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शपथ ली।



श्रावस्ती पुलिस लाइन से निकली एकता दौड़ में शामिल अधिकारी व कर्मचारी • जागरण

## वृद्धजन को वितरित किए फल, सीडीओ ने जाना हाल

जासं • बहराइच : सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सीडीओ मुकेश चंद्र वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर पहुंचे। वृद्धजनों से वार्ता कर उन्हें मिठाइयां वितरित की। उनका हालचाल जाना। सीडीओ ने आश्रम से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। रसोई घर, भोजन कक्ष, भंडार गृह, भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे, सहायक प्रबंधक समाज कल्याण देवव्रत शर्मा, अधीक्षक छात्रावास किशन लाल, सुलह अधिकारी महसी अनिल कुमार मिश्र, वृद्धाश्रम प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी, कर्मचारी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

कैसरगंज : कंचन कान्वेंट स्कूल में जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र-छात्राओ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षक एसके सिंह, विजय मिश्र, प्रदीप श्रीवास्तव, मालती सिंह, ज्योति सिंह उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवारों से मिले राज्यमंत्री, बोले–जल्द होगा लोगों का विस्थापन

**नाव दुर्घटना**

- कौड़ियाला में डूबी नाव में सवार आठ का अब तक पता नहीं, मंत्री ने पीड़ित परिवारों को मदद का दिया भरोसा



भरथापुर एक ऐसा गांव जहां जंगल और नदी से ही रास्ता

दैनिक जागरण में प्रकाशित समाचार • फाइल

**4 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक मंत्री ने मृत रमजेई के बेटे को सौंपा, 30 ग्रामीणों से भरी नाव कौड़ियाला नदी में पलटी थी**



भरथापुर में पीड़ित परिवारों से बात करते राज्य मंत्री सुरेश राही • जागरण

**जासं, बहराइच :** नाव हादसे में एक महिला की मौत तथा आठ लोगों के लापता होने से संतापग्रस्त पीड़ितों को कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्रामीणों के विस्थापन की कार्रवाई शुरू की जाएगी। मुसीबत की इस घड़ी में सरकार हर तरह से आपके साथ है। लापता लोगों की तलाश में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा हरसंभव सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने भरथापुर गांव के नाव हादसे के पीड़ित परिवारों से मिलकर कही। एक तरफ नदी और दूसरी तरफ जंगल के रास्ते आवागमन करने वाले 120 परिवारों की व्यथा दैनिक जागरण ने 31 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

मिहींपुरवा तहसील इलाके के भरथापुर के 30 ग्रामीणों से भरी नाव बुधवार शाम कौड़ियाला नदी में पलट गई थी। नाव में सवार 21 लोग स्वयं और साथियों के प्रयास से बच गए थे, लेकिन एक महिला की मौत हो गई थी। आठ लोग आज भी लापता हैं। शुक्रवार को कारागार राज्यमंत्री स्वयं भरथापुर गांव पहुंचे और हादसे में प्रभावित परिवारों के एक-एक सदस्य से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। नाव हादसे में मृत रमजेई के बेटे श्रावस्ती जिले के गिलौला निवासी घनश्याम को चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक मंत्री ने सौंपा। घनश्याम की बेटी व बेटा भी लापता हैं। उन्होंने घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी के दुःखी होने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस गांव के लोगों के विस्थापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इससे संबंधित बजट भी आ गया है। जल्द ही लोगों के खातों में पैसा भेजा जाएगा। राज्यमंत्री ने लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू कर रही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी व एसएसबी के जवानों से जानकारी ली। इस मौके पर डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी रामनयन सिंह, एसडीएम मिहींपुरवा रामदयाल, कैसरगंज एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, डीएफओ कतर्नियाघाट सूरज कुमार आदि लोग मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों के विस्थापन की कार्रवाई करें। आठ लोग अब भी लापता हैं। इनमें 28 वर्षीय सुमन, पांच वर्षीय कोमल, 11 वर्षीय शिवम, पांच वर्षीय मीनू, सात वर्षीय ओमप्रकाश, पांच वर्षीय सुहानी, नाविक मिहीं लाल व शिवनंदन हैं।

उपेक्षा का दंश » संपादकीय

# नाव हादसा : लापता आठ लोगों का तीसरे दिन भी पता नहीं

## खोज में जुटी रही एसडीआरएफ की टीम, नदी किनारे जुटे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिछिया।** भरथापुर गांव के पास बुधवार शाम हुए नाव हादसे के तीसरे दिन भी लापता आठ लोगों का पता नहीं चल सका है। शुक्रवार सुबह सात बजे एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू हुआ, शाम ढलते-ढलते उम्मीदें फिर टूट गईं। राहतकर्मी दिनभर नदी में तलाश करते रहे, पर सामान के अतिरिक्त कुछ हाथ नहीं लगा।

उपजिलाधिकारी रामदयाल ने बताया कि राहत कार्य में तेजी लाने के लिए एनडीआरएफ की एक अतिरिक्त टीम लखीमपुर से बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पूरी कोशिश है कि लापता लोगों का जल्द पता लगाया जा सके।

लोग अपने परिजनों की झलक पाने की आस में पूरे दिन तट पर बैठकर नदी की की ओर टकटकी लगाए रहे, लेकिन दिन बीतने के साथ ही उम्मीद टूट गई। बुधवार रात हुए हादसे के बाद बृहस्पतिवार को करीब 20 घंटे तक रेस्क्यू अभियान लगातार चला, लेकिन शाम चार बजे के बाद तेज बारिश और बढ़ते जलस्तर के कारण राहत कार्य रोकना पड़ा। शुक्रवार को सुबह होते ही अभियान दोबारा शुरू हुआ, लेकिन तीसरे दिन भी नदी से केवल कुछ सामान ही बरामद हो सका। इसमें खैरटिया बाजार से ग्रामीणों द्वारा खरीद कर लाया जा रहा खाने-पीने का सामान, कपड़े और रोजमर्रा की वस्तुएं शामिल रहीं। एनडीआरएफ टीम की अगुवाई कर रहे राजन सिंह ने बताया कि डूबे लोगों के कुछ सामान नदी से निकाले गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।



हादसे के शिकार नाव सवारों का बरामद सामान। -संवाद

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें वीडियो।

### भरथापुर पहुंचा बसपा का प्रतिनिधिमंडल

**मिहींपुरवा।** नौका हादसा के पीड़ितों से मिलने बसपा का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को भरथापुर गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिला सचिव उत्तम सिंह चौहान ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और संवेदना व्यक्त की। बसपा जिला सचिव चौहान ने बताया कि भरथापुर की स्थिति अत्यंत दयनीय है। प्रतिनिधिमंडल ने नाव से नदी को पार किया। लगभग सात किमी घने जंगल से पैदल होकर गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आरसी प्रसाद, बलराम गौतम, शिवनारायण भारती समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे। (संवाद)

### 22 लोग सवार थे नाव में

- गांव के लोगों ने बताया कि बुधवार दोपहर ग्रामीण नदी पार कर खैरटिया बाजार गए थे। सभी लोग शाम लगभग 5:30 बजे बाजार से लौटते समय खैरटियाघाट से नाव पर सवार हुए और भरथापुर की ओर चले। लगभग 6 बजे नाव भरथापुर घाट के पास पहुंची ही थी कि वह नदी में पड़े एक पेड़ से टकराकर पलट गई। नाव में सवार 22 लोग पानी में गिर गए, जिनमें से 13 को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि एक महिला का शव बरामद हुआ। अब भी पांच बच्चों समेत आठ लोग लापता हैं, जिनकी तलाश में टीमें जुटी हैं।

### दो मोटरबोट से होती रही खोज

- एसएसबी की 70वीं बटालियन के कमांडेंट राजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो दर्जन जवान और दो मोटरबोट ने शुक्रवार को पूरे दिन कौड़ियाला नदी को भरथाघाट से बैराज तक खंगाला लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि अंधेरा होने और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू कार्य अब सुबह सात बजे फिर शुरू होगा।

## नाव हादसे के पीड़ित घनश्याम को मिले चार लाख

**बहराइच।** घाघरा नदी में हुए नाव हादसे में घटना के दिन ही गिलौला निवासी एक महिला का शव मिला था। शुक्रवार को गांव पहुंचे राज्यमंत्री ने मृतका के बेटे को मुआवजे के तौर पर तत्काल राहत के रूप में चार लाख का चेक प्रदान किया।

गिलौला के भिखारीपुर मसढ़ी गांव निवासी रमजेई अपने दो पौत्र ओमप्रकाश और नीशू के साथ अपनी बहन सोनापती के घर बीते शनिवार को आई थीं। बुधवार को हुए नाव हादसे में सभी खैरटिया बाजार से टहल कर लौट रहे थे।

हादसे के दिन ही रमजेई का शव मिल गया था लेकिन दोनों बच्चों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। हादसे में मां रमजेई के निधन पर घनश्याम को सहायता राशि की चेक दी गई है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि तहसील प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर सभी कागजी कार्यवाहियां पूरी कर राहत राशि प्रदान की है।

अधिकारियों ने बताया कि अन्य पीड़ित परिवारों की सहायता राशि की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी की जा रही है ताकि सभी प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक मदद मिल सके। (संवाद)



बेटे घनश्याम को मिला राहत चेक। -संवाद

## सांसद व विधायक ने जताया दुख दिलाया मदद का भरोसा

**बहराइच।** कौड़ियाला नदी में नाव दुर्घटना पर बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मेरे पिता पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड और मैंने स्वयं भरथापुर गांव के विस्थापन की पुरजोर कोशिश की थी। यह विस्थापन समय पर हो गया होता तो आज यह दुखद घटना शायद नहीं होती। केंद्र और राज्य सरकार भरथापुर वासियों के साथ हैं और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विस्थापन पर भी काम तेज होगा। वहीं, बलहा विधायक सरोज सोनकर ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मैं पीड़ितों के साथ हूं। मुख्यमंत्री और सरकार की पूरी संवेदना पीड़ितों के प्रति है। हर संभव मदद और आर्थिक सहायता दी जाएगी। (संवाद)



सांसद डॉ. आनंद गोंड। -संवाद



बलहा विधायक सरोज सोनकर। -संवाद

# भरथापुर गांव विस्थापन के लिए बजट स्वीकृत



मिहींपुरवा में हुए हादसे के बाद लोगों का हाल जानने पहुंचे कारागार मंत्री सुरेश राही। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ित परिवारों से मिले राज्यमंत्री सुरेश राही, कहा-साथ है सरकार

**बहराइच/बिछिया।** भरथापुर गांव में हुए दर्दनाक नाव हादसे के बाद अब शासन-प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हुआ है। शुक्रवार दोपहर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही भरथापुर गांव पहुंचे और हादसे में पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भरथापुर गांव के विस्थापन की फाइल शासन से पास हो गई है। इसके लिए 21.56 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह गांव लंबे समय से नदी कटान और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है, जिसे अब स्थायी रूप से हल किया जाएगा। विडंबना है कि फाइल पास होने के एक दिन पहले ही गांव के लोग हादसे का शिकार हो गए।

राज्य मंत्री दोपहर करीब दो बजे भरथापुर पहुंचे। उनके साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों से बातचीत की और कहा कि यह हादसा अत्यंत दर्दनाक है। उन्होंने बताया कि भरथापुर के विस्थापन की प्रक्रिया 29 अक्तूबर को शासन स्तर पर पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसी बीच यह बड़ा हादसा हो गया।

मंत्री राही ने कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि लापता लोगों की खोज में तेजी लाई जाए और राहत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के खाते में शीघ्र विस्थापन की धनराशि पहुंचेगी। नए साल से पहले विस्थापन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

हादसे से दुखी ग्रामीणों ने मंत्री के सामने रोते हुए अपने लापता परिजनों की खोज और गांव के शीघ्र विस्थापन की मांग की। मंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार हर संभव मदद करेगी और किसी परिवार को उपेक्षित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके बाद वे सीतापुर के लिए रवाना हो गए।

### तो पैदल गांव पहुंचे राज्यमंत्री

राज्यमंत्री को भरथापुर गांव पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर जंगल में पैदल चलना पड़ा। डीएम, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राज्यमंत्री ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों के प्रतिदिन जिंदगी के संघर्ष को देखा। इसके अलावा घने जंगलों के बीच से टीमों की आवाजाही के लिए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक चारपहिया वाहन की व्यवस्था की गई थी। बोट संचालन की जिम्मेदारी रदीश टी, सिंघम, जितेंद्र नाथ सिंघा और अब्दुल सलाम निभा रहे हैं।

- **अंतिम ग्रामीण के मिलने तक चलेगा रेस्क्यू अभियान :** कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि नाव हादसे में डूबे अंतिम ग्रामीण के मिलने तक रेस्क्यू अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर ग्रामीणों की भावनाएं और उम्मीदों को टूटने नहीं दिया जाएगा।

# पूर्व विधायक पर चल रहा एक मुकदमा समाप्त

संवाद न्यूज एजेंसी

## अपर मुख्य न्यायाधीश ने खारिज किया मुकदमा

**बहराइच।** पयागपुर के पूर्व सपा विधायक के खिलाफ पयागपुर थाने पर वर्ष 2023 में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ के आदेश बाद शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए मुकदमा खारिज करने का आदेश पारित किया।

पयागपुर थाने के तत्कालीन एसआई नागेंद्र तिवारी ने बीते 29 अप्रैल 2023 को पयागपुर थाने में तहरीर दी थी। कहा था कि वह अपनी टीम के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान सपा के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव एक काफिले के साथ नारेबाजी करते हुए जा रहे थे। मामले में एसआई ने थाने के एसओ को साक्ष्यों के साथ घटनाक्रम को अवगत कराया था। एसआई की तहरीर पर थाने की पुलिस ने 37 नामजद व 150 अज्ञात के खिलाफ आदर्श आचार संहिता व कोविड-19 नियमों का उल्लंघन और चुनाव में नियमों से अधिक खर्च करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।

मामले में पूर्व विधायक ने लखनऊ हाईकोर्ट की इलाहाबाद खंडपीठ की कोर्ट पर मुकदमा वापस लेने के लिए प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। पूर्व विधायक के प्रार्थनापत्र को स्वीकार करते हुए इलाहाबाद खंडपीठ की कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे को खारिज करने के लिए अपर मुख्य न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार का निर्देश दिया था। शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायाधीश ने इलाहाबाद खंडपीठ की कोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत मुकदमे में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पूर्व विधायक के खिलाफ दर्ज मुकदमे को समाप्त करने का आदेश पारित किया है।

# पीआरडी जवानों ने चलाया जागरूकता अभियान

**विशेश्वरगंज।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी के निर्देशन में मिशन शक्ति को सफल बनाने के लिए पीआरडी के जवानों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नारियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर रहा।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रांतीय रक्षक दल की ओर से जवान सूर्यमणि वर्मा, मनोज कुमार सिंह, और कुंजबिहारी चौहान ने सक्रिय भूमिका निभाई और छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की ओर से शिक्षिका संध्या मिश्रा, नीलम देवी, अकाउंटेंट गायत्री देवी, और विद्यालय की वार्डेन उपस्थित रहीं। जवानों ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों को जानने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# पड़ोसी ने महिला के बैंक खाते से उड़ाए दो लाख रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र की एक महिला के बैंक खाते से पड़ोसी ने साजिश रचकर दो लाख रुपये से अधिक की रकम उड़ा ली। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। बहदुरिया गांव निवासी निशा शर्मा ने बताया कि उनकी शादी सीतापुर जनपद के प्रदीप कुमार से हुई थी। दोनों के बीच तलाक का मामला न्यायालय में चल रहा है, जिसके समझौते में तय राशि पति द्वारा बैंक खाते में भेजी जानी थी। निशा शर्मा ने बताया कि उनके पास कोई बैंक खाता नहीं था, इसलिए उन्होंने अपने पड़ोसी मुड़खलिया बकैना गांव निवासी राम सहारे पुत्र कन्हैया लाल से मदद मांगी।

राम सहारे ने महाराजगंज बैंक में उनका खाता खुलवाया और उसमें जिस मोबाइल नंबर को लिंक कराया। वह

## सिम कार्ड बदलकर खाते से किया ट्रांजेक्शन, जांच में जुटी पुलिस

मोबाइल नंबर कुछ दिनों बाद बंद हो गया इसका उसने ध्यान नहीं दिया। महिला का कहना है कि जब उसने बैंक में जाकर खाता जांचा, तो उसमें जमा 2,02,347 रुपये गायब मिले। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार, खाते से के द्वारा ट्रांजेक्शन कर रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की गई थी।

निशा ने आरोप लगाया कि राम सहारे ने वही मोबाइल नंबर दोबारा निकलवाकर खाते से रकम उड़ा ली। पूछताछ में राम सहारे ने बताया कि यह सिम उन्होंने अपने गांव के लवकुश से लिया था। लवकुश ने भी स्वीकार किया कि उसने कुछ महीने पहले यह सिम राम सहारे को दिया था। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े, दिया एकता का संदेश

## जयंती पर गूंजे सरदार पटेल अमर रहें के नारे, स्कूली बच्चों में दिखा गजब का उत्साह, प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार पूरे जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान रन फॉर यूनिटी में अधिकारी, पुलिसकर्मी, स्कूली बच्चे और आम नागरिकों ने भाग लेकर एकता और अखंडता का संदेश दिया। इसके अलावा कई जगह रैली और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी हुईं।

शहर के शहीद पार्क से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नगर निकाय, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के राज्य मंत्री राकेश कुमार राठौर रहे। उन्होंने उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्य, सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय के साथ शहीद पार्क में सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यमंत्री ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और छात्र शामिल हुए। शहीद पार्क से शुरू होकर डीएम चौराहा, पानी टंकी चौराहा होते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम में दौड़ का समापन हुआ। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

फखरपुर में थाना प्रभारी बरमा गौड़ और चौधरी चरण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बृजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में दो किलोमीटर लंबी रैली निकाली गई। इस दौरान एसआई विपिन मिश्रा, श्याम सिंह यादव, अनिल यादव, विकास यादव, प्रदीप मौर्य, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मृत्युंजय त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



रुपईडीहा में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते चेयरमैन व अन्य। संवाद




रन फॉर यूनिटी में शामिल मुख्य अतिथि व अन्य। संवाद



खैरा बाजार स्थित विद्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाते बच्चे। संवाद



पटेल जयंती पर निकाली गई रन फॉर यूनिटी में शामिल छात्राएं। -संवाद



बहराइच के इंदिरा स्टेडियम में शपथ दिलाते सांसद। -स्रोत : सूचना विभाग



पटेल जयंती पर निकाली गई रन फॉर यूनिटी में शामिल छात्राएं। संवाद

राजकीय हाईस्कूल टेडवा सिरसीपुर में सरदार पटेल की जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन प्रसंगों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। प्राचार्य बच्चाराज ने विजेताओं को सम्मानित किया।

रिसिया थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। चंद्रशेखर आजाद बालिका इंटर कॉलेज सहित बंगला चक, गुरचाही, नंदापुरवा प्राथमिक विद्यालयों में भी लौह पुरुष की जयंती मनाई गई।

नगर पंचायत रुपईडीहा में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य की अध्यक्षता में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी रतन अग्रवाल, संयोजक संतोष वर्मा, कन्हैया वर्मा, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, मनोज प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। नवाबगंज में थाना प्रभारी रमाशंकर यादव के निर्देशन में एकता परेड का आयोजन हुआ। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मिठाई वितरित की गई।

कार्यक्रमों में शिक्षक रशीद अहमद, ज्ञानवती, सलमा बेगम और रेनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### सरदार पटेल व इंदिरागांधी को नमन

बहराइच। आजाद भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन के सभागार में शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा श्रीमती गांधी को 31 अक्तूबर 1984 को उनके निजी अंगरक्षकों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का उदय हुआ। हरित क्रांति के साथ देश के विकास में उनका योगदान अमिट है। पार्टी के महासचिव हमजा सफीक, अनिल सिंह,चौधरी अब्दुल मुईद खान, रवि कुमार श्रीवास्तव, साहिद जमील खान, शेख जकाउल्ला शेखू, मुस्तकीम सलमानी, मोहम्मद शाहनवाज सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (संवाद)

### महिला पीजी कॉलेज में भी आयोजन

बहराइच। महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्या प्रो. शिप्रा मुखर्जी ने किया। आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन परिषद (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात व्याख्यान सत्र आयोजित हुआ, शिक्षिका ज्योति त्रिपाठी एवं डॉ. रीना शुक्ला ने सरदार पटेल के जीवन, कार्य एवं राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–01–11–2025

## दोषी को कारावास

श्रावस्ती : अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार द्विवेदी ने बताया कि चोरी की योजना बनाने व चाकू रखने के दोषी सोनवा क्षेत्र के धैसरा निवासी मेराज अली को न्यायिक मजिस्ट्रेट अरविंद मदेशिया ने जेल में बिताई अवधि के कारावास व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। (वि.)

## सेवानिवृत्त निरीक्षक व मुख्य आरक्षी को दी विदाई

श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक सुधीर सिंह व मुख्य आरक्षी मोहन राम को बिदाई दी गई। एसपी राहुल भाटी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट की। पुलिस जवानों ने माल्यार्पण कर दोनों अधिकारियों के स्वस्थ जीवन की कामना की। (संसू)

# अभियुक्त को 4000 रुपये जुर्माने की सजा

**श्रावस्ती।** सोनवा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दामूपुरवा के मजरा धैसरा निवासी मेराज अली को वर्ष 2018 में सोनवा पुलिस ने चोरी की योजना बनाते समय चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को मेराज को सिविल जज अवर खंड अरविंद मदेशिया के कोर्ट पर पेश किया गया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मेराज को दोषी करार दिया और 4000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। (संवाद)

# जागरूकता चौपाल का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की डीएमसी सरिता मिश्रा ने छात्राओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जेंडर स्पेशलिस्ट कुसुम व संजय कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की जानकारी दी। (संवाद)

# एकता दिवस के रूप में मनाई लौह पुरुष की जयंती

## विभिन्न स्थानों पर रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन, बच्चों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी







जमुनहा में सरदार की पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग, रन फॉर यूनिटी में प्रतिभाग करतीं छात्राएं व भिनगा में पुलिसकर्मियों के साथ एकता की दौड़ लगाते एसपी। -संवाद

**श्रावस्ती।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। भिनगा स्थित पटेल चौक पर राज्य औद्योगिक सहकारी विपणन संघ के सभापति नवलेश प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

सभापति, पूर्व कैबिनेट मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पांडेय, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व सीडीओ शाहिद अहमद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पटेल चौक से ईदगाह तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तथागत सभागार में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभापति नवलेश ने कहा कि सरदार पटेल के कार्यों से प्रेरणा लेकर हम समाज में एकता, समरसता और विकास को आगे बढ़ाएंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत में एकता की मजबूत नींव रखी है। इकौना, कटरा, गिलौला, तुलसीपुर, गिरंट बाजार, जुमनहा प्रतिनिधि के अनुसार उनके इलाकों में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को अंगवस्त्र पहनाते एसपी। - पुलिस

**श्रावस्ती।** सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक सुक्षीर सिंह व मुख्य आरक्षी मोहन राम के सम्मान में शुक्रवार को एसपी कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें एसपी राहुल भाटी व एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने दोनों सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को स्मृतिचिह्न भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसपी ने कहा कि सेवानिवृत्ति दीर्घकालिक समर्पण, अनुशासन और निष्ठा का उदाहरण है। आप दोनों ने अपने कर्तव्य पथ पर जो ईमानदारी, साहस और सेवा भावना का परिचय दिया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। (संवाद)